

पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु
रायपुर, मंगलवार, 1 अगस्त 2023 । वर्ष - 65 । अंक -107 । पृष्ठ -12 । मूल्य - 4.00 रु प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23



दशकों से निर्मित अनुसंधान संस्थानों को सरकार कर रही नष्ट : कांग्रेस पृष्ठ 2
■ मणिपुर खुद जल नहीं रहा है, जलाया जा रहा है!
■ मोदी सरकार का असली इरादा है कांग्रेस पर नकेल कसना पृष्ठ 6
■ पाकिस्तान में विस्फोट से मरने वालों की संख्या बढ़कर 44 हुई
■ अनाज सौदा फिर से शुरू करने के लिए प्रयासरत तुर्की पृष्ठ 7
आयरलैंड दौरे पर बतौर कप्तान वापसी करेंगे बुमराह पृष्ठ 8

## मणिपुर मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से पूछा
# पुलिस को मामला दर्ज करने में 14 दिन क्यों लगे



- चीफ जस्टिस ने महिलाओं के खिलाफ हिंसा को रोकने के लिए मजबूत प्रक्रिया बनाने दिए निर्देश
- 18 मई तक पुलिस क्या कर रही थी
- आज फिर होगी सुनवाई

**नई दिल्ली**, 31 जुलाई (एजेंसियां)। मणिपुर वायरल वीडियो मामले में सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में फिर सुनवाई हुई। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि वीडियो के सामने आने के बाद यह मामला सामने आया, लेकिन यह एकमात्र घटना नहीं है, जहां महिलाओं के साथ मारपीट या उत्पीड़न किया गया है। अन्य घटनाएं भी हैं। सीजेआई ने कहा कि हमें महिलाओं के खिलाफ हिंसा के व्यापक मुद्दे को देखने के लिए एक व्यवस्था भी बनानी होगी। इस व्यवस्था को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि ऐसे सभी मामलों का ध्यान रखा जाए। उन्होंने पूछा कि तीन मई के बाद से, जब मणिपुर में हिंसा शुरू हुई थी, ऐसी कितनी एफआईआर दर्ज की गई हैं। सुप्रीम कोर्ट ने सवाल किया कि जब घटना चार मई को हुई तो एफआईआर 18 मई को क्यों दर्ज की गई? चार मई से 18 मई तक पुलिस क्या कर रही थी? यह घटना जब सामने आई कि महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाया गया और कम से कम दो के साथ दुष्कर्म किया गया, तब पुलिस क्या कर रही थी?

**सीबीआई जांच के खिलाफ हैं महिलाएं**

मणिपुर की दो पीड़ित महिलाओं की ओर से पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि महिलाएं मामले की सीबीआई जांच और मामले को असम स्थानांतरित करने के खिलाफ हैं। इस पर सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि हमने कभी भी मुकदमे को असम स्थानांतरित करने का अनुरोध नहीं किया है। तुषार मेहता ने कहा कि हमने यह कहा है कि इस मामले को मणिपुर से बाहर स्थानांतरित किया जाए। हमने कभी असम नहीं कहा।

**हिंसा में शामिल लोगों का सहयोग कर रही थी पुलिस**

दो पीड़ित महिलाओं की ओर से पेश हुए कपिल सिब्बल ने कहा कि यह स्पष्ट है कि पुलिस उन लोगों के साथ सहयोग कर रही थी, जिन्होंने दोनों महिलाओं के खिलाफ हिंसा को अंजाम दिया।

पुलिस ने इन महिलाओं को भीड़ में ले जाकर छोड़ दिया और भीड़ ने वही किया, जो वे करते थे। सिब्बल ने कहा, पीड़ित महिलाओं में से एक के पिता और भाई की हत्या कर दी गई थी। हमारे पास अभी भी शव नहीं हैं। 18 मई को जीरो एफआईआर दर्ज की गई। जब कोर्ट ने संज्ञान लिया, तब कुछ हुआ। तो फिर हम कैसे भरोसा करें? ऐसी कई घटनाएं होंगी। इसलिए हम एक ऐसी एजेंसी चाहते हैं, जो मामले की जांच करने के लिए स्वतंत्र हो।

**कोर्ट की निगरानी पर केंद्र को कोई आपत्ति नहीं**

सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता का कहना है कि अगर सुप्रीम कोर्ट मामले की निगरानी करेगा तो केंद्र को कोई आपत्ति नहीं है।

वहीं, वरिष्ठ वकील इंदिरा जयसिंह ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि केंद्र की स्टेटस रिपोर्ट के मुताबिक, 595 एफआईआर दर्ज की गई हैं। इनमें से कितने यौन हिंसा से संबंधित हैं, और कितने आगजनी, हत्या से संबंधित हैं। इस पर कोई स्पष्टता नहीं है।

# संसद में मणिपुर पर 8वें दिन भी हंगामा

- मणिपुर पर संसद में चर्चा हो, मोदी मांगे माफी : कांग्रेस
- मंत्रियों और खड़गे से मिले धनखड़

**नई दिल्ली**। संसद के मानसून सत्र का सोमवार को 8वां दिन था। दोनों सदनों में मणिपुर मुद्दे पर हंगामा हुआ। राज्यसभा में सभापति जगदीप धनखड़ ने मुद्दे पर अल्पचर्चा की मंजूरी दे दी, लेकिन सदन में हंगामा जारी रहा। धनखड़ ने अपने ऑफिस में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और कुछ मंत्रियों से भी बात की, ताकि सदन में गतिरोध दूर किया जा सके। राज्यसभा में सुबह मणिपुर मुद्दा उठा तो सरकार ने कहा कि हम इस पर आज ही चर्चा को तैयार हैं। दोपहर 2 बजे इस पर चर्चा हो। राज्यसभा सांसद पीयूष गोयल ने कहा- विपक्ष चर्चा से भाग रहा है, वो सच को सामने नहीं आने दे रहा। विपक्षी सांसद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान पर अड़ गए। 2 बजे जब सदन शुरू हुआ तो सभापति ने मणिपुर पर अल्पचर्चा को मंजूरी दे दी, लेकिन हंगामा जारी रहा। इसके बाद सदन की कार्यवाही पहले 2.30 बजे और फिर 3.30 बजे तक स्थगित कर दी गई। 3.30 के बाद जब राज्यसभा शुरू हुई तो भी हंगामा जारी रहा, इसके बाद अगले दिन (1 अगस्त) 11 बजे तक सदन स्थगित हो गया।

**लोकसभा में भी मणिपुर मुद्दे पर गतिरोध**- लोकसभा में भी आज मणिपुर मुद्दे पर हंगामा हुआ। 11 बजे जब सदन की कार्यवाही शुरू हुई तो स्पीकर ओम बिड़ला ने कहा कि मलावी का डेलिगेशन भारत आया है। वे सदन की कार्यवाही देखने आए हुए हैं। हम उनका स्वागत करते हैं। जैसे ही बिड़ला की स्पीच खत्म हुई, विपक्षी सांसदों ने मणिपुर मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सदन में बयान देने की मांग की। विपक्षी सांसदों ने वेल में आकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। हालांकि इन सबके बावजूद प्रश्नकाल जारी रहा। इस दौरान 15 मिनट ही कार्यवाही चली और हंगामे के चलते बिड़ला ने 2 बजे तक सदन स्थगित कर दिया। 2 बजे लोकसभा की कार्यवाही शुरू होने पर फिल्म पाइरेसी रोकने के लिए लाया गया सिनेमैटोग्राफ अमेंडमेंट बिल पास हो गया। ये बिल राज्यसभा में पहले ही पास हो गया था। इसके बाद हंगामे के चलते लोकसभा की कार्यवाही पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई। कांग्रेस ने कहा है कि मणिपुर को लेकर सरकार का रवैया देखकर लगता है कि उसे मणिपुर शब्द से ही नफरत हो गई है इसलिए वह इस बारे में कुछ सुनना और बोलना नहीं चाहती है लेकिन इंडिया गठबंधन की मांग है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इस मुद्दे पर संसद में जवाब दें तथा मणिपुर के लोगों से माफी मांगे। इंडिया गठबंधन के मणिपुर का जायजा लेने गये प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने संसद की कार्यवाही शुरु होने से पहले संसद भवन आज बैठक की और सदन में अपने अपने दल के नेताओं को मणिपुर के ताजा हालात से अवगत कराया।

# बेरोजगारी भत्ते की चौथी किश्त 32 करोड़ बैंक खातों में डाली गई



- युवाओं को रोजगार से जोड़ना हमारी प्राथमिकता : भूपेश

**रायपुर**, 31 जुलाई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि यह खुशी की बात है कि प्रदेश में युवाओं को कौशल विकास का प्रशिक्षण दिया जा रहा है और लगातार युवाओं को नौकरियां भी मिल रही है। आज जिन युवाओं को नियुक्ति पत्र मिले हैं। उन्हें शुभकामनाएं देता हूं। यह निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। जैसे-जैसे युवा प्रशिक्षित होंगे, उन्हें कौशल अनुरूप रोजगार से जोड़ने का कार्य भी चलता रहेगा। मुख्यमंत्री बेरोजगारी भत्ता की चौथी किश्त के ऑनलाईन अंतरण कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज यहां अपने निवास कार्यालय में बेरोजगारी भत्ता योजना के तहत चौथी किश्त के रूप में प्रदेश के 01 लाख 22 हजार 625 हितग्राहियों को 31 करोड़ 71 लाख रूपए की राशि सीधे उनके खाते में अंतरित की। बेरोजगारी भत्ता की अप्रैल, मई, जून और जुलाई माह की चार किश्तों को मिलाकर हितग्राहियों के खाते में अब तक 112 करोड़ 43 लाख 30 हजार रूपए की राशि का भुगतान किया जा चुका है। आज अंतरित की गई राशि में अप्रैल माह के शेष 147 लाभार्थियों को चार माह तथा मई माह के शेष 373 लाभार्थियों को तीन माह का और जून माह के शेष 3028 लाभार्थियों को दो माह का बेरोजगारी भत्ता जारी किया गया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान प्रतीक स्वरूप बेरोजगारी भत्ता के प्रशिक्षित हितग्राहियों को नौकरी का ऑफर लेटर प्रदान किया।

मुख्यमंत्री बघेल ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि युवाओं को रोजगार से जोड़ना हमारी प्राथमिकता है और इसके लिए हम लगातार प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के 36 आईटीआई के आधुनिकरण के लिए 1188.36 करोड़ परियोजना के लिए एमओयू भी किया गया है। जिससे युवाओं को 06 नवीन तकनीकी ट्रेड के साथ ही 23 शॉट टर्म कोर्स में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इससे लगभग प्रति वर्ष 10 हजार युवाओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इन युवाओं को विभिन्न उद्योगों में नियोजित कराया जाएगा। युवाओं को अपनी तरक्की के राह में आर्थिक परेशानियों का सामना न करना पड़े, इसलिए हमने बेरोजगारी भत्ता देने और पीएससी व व्यापम की प्रतियोगी परीक्षाओं में शुल्क माफ कर उन्हें बड़ी राहत देने का काम किया है।

मुख्यमंत्री बघेल ने आगे कहा कि पहले गरीब व निम्न मध्यम वर्गीय युवा इसी सोच में कई परीक्षाओं का फार्म नहीं भर पाते थे कि आवेदन के लिए शुल्क जमा करना पड़ेगा, लेकिन अब उनकी यह चिंता दूर हो गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने देश के युवाओं से सीधे संवाद करने की शुरूआत की है। प्रदेश की प्रगति और विकास के लिए युवाओं का साथ जरूरी है। युवा अपने प्रदेश को आगे बढ़ाने को लेकर क्या सोच रखते हैं, इस पहल से उनके विचारों को जानने का मौका मिल रहा है। मुख्यमंत्री बघेल ने आगे कहा कि युवाओं को ज्यादा से ज्यादा रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 41 हजार शासकीय पदों पर भर्तियां चल रही है। हमने युवाओं से जो बात कही थी उसे पूरा किया है। भर्तियों पर लगी रोक हटते ही हमने सरकारी नौकरियों के लिए विज्ञापन निकाल दिए हैं। इसके साथ ही साथ युवाओं को रोजगार और स्व-रोजगार के लिए तैयार करने के उद्देश्य से कौशल विकास का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

## सार संक्षेप

### ज्ञानवापी को मस्जिद कहेंगे तो फिर विवाद होगा : योगी

**लखनऊ**। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक न्यूज एजेंसी के पॉडकास्ट में ज्ञानवापी मस्जिद मामले के संबंध में पूछे गए सवाल पर कहा हम उसे मस्जिद कहेंगे तो फिर विवाद होगा। भगवान ने जिसे दृष्टि दी है, वह देखे। मस्जिद के अंदर त्रिशूल क्या कर रहा है। हमने तो नहीं रखे हैं न। ज्योतिर्लिंग हैं, देव प्रतिमाएं हैं। पूरी दीवारें चिल्ला-चिल्लाकर क्या कह रही हैं। मुझे लगता है कि ये प्रस्ताव मुस्लिम समाज की तरफ से आना चाहिए कि ऐतिहासिक गलती हुई है। उस गलती के लिए हम चाहते हैं कि उसका समाधान हो।

### 6.40 करोड़ से अधिक आयकर रिटर्न दाखिल

**नई दिल्ली**। आयकर आंकलन वर्ष 223-24 के लिए आयकर रिटर्न दाखिल करने के अंतिम दिन सोमवार शाम चार बजे तक 6.4 करोड से अधिक रिटर्न दाखिल किए जा चुके हैं। इसमें से 3.84 लाख रिटर्न पिछले एक घंटे में दाखिल हुए हैं। कल तक कुल मिलाकर 6.13 करोड़ रिटर्न दाखिल किए गए थे। इस तरह से कुल मिलाकर 6.4 करोड़ रिटर्न दाखिल हो चुके हैं।

### कांग्रेस 9 अगस्त को मनाएगी 'आदिवासी गौरव पर्व'

नई दिल्ली। कांग्रेस ने अपनी सभी राज्य इकाइयों को विश?व के मूल निवासियों के अंतरराष्ट्रीय दिवस के अवसर पर 9 अगस्त को 'आदिवासी गौरव पर्व' आयोजित करने के लिए कहा है। सूत्र के मुताबिक, कांग्रेस महासचिव प्रभारी (संगठन) के.सी. वेणुगोपाल ने इस संबंध में सभी प्रदेश कांग्रेस समितियों (पीसीसी) को पत्र लिखा है।

### हैदराबाद के आखिरी निज़ाम के पोते शहामत जाह का निधन

**हैदराबाद**। हैदराबाद राज्य के आखिरी निज़ाम मीर उस्मान अली खान के पोते प्रिंस शहामत जाह का संक्षिप्त बीमारी के बाद निधन हो गया। वह 68 वर्ष के थे। उन्होंने हैदराबाद के एक अस्पताल में अंतिम सांस ली।

# जस्टिस दीपक कुमार तिवारी बने बिलासपुर हाई कोर्ट के स्थाई जज

**चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने दिलायी शपथ**



**रायपुर**, 31 जुलाई (देशबन्धु)। मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने आज छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के कोर्ट हाल नम्बर 1 में आयोजित एक गरिमामय कार्यक्रम में न्यायमूर्ति दीपक कुमार तिवारी को स्थायी जज के रूप में शपथ दिलाई। उल्लेखनीय है कि न्यायमूर्ति दीपक कुमार तिवारी की नियुक्ति 8 अक्टूबर 2021 को एडिशनल जज छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में हुई थी। विधि एवं विधायी कार्य विभाग, नई दिल्ली द्वारा 28 जुलाई को न्यायमूर्ति दीपक कुमार तिवारी को स्थायी जज में नियुक्ति संबंधी अधिसूचना जारी की गयी थी। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने न्यायमूर्ति तिवारी को स्थाई जज के रूप में शपथ दिलायी। शपथ ग्रहण कार्यक्रम में समस्त न्यायमूर्तिगण रजिस्ट्री व ज्यूडिशियल एकेडमी के न्यायिक अधिकारीगण, प्रमुख सचिव, अधिवक्तागण एवं न्यायमूर्ति दीपक कुमार तिवारी के परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

# जांजगीर-चांपा से कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे करेंगे चुनावी अभियान की शुरूआत



- 11 अगस्त को मिनीमाता की पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में होंगे शामिल

**रायपुर**, 31 जुलाई (देशबन्धु)। प्रदेश में विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। प्रदेश में लगातार भाजपा के राष्ट्रीय नेताओं का दौरा हो रहा है। इसे देखते हुए कांग्रेस के नेताओं का भी दौरा शुरू होने जा रहा है। इसी सिलसिले में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे 11अगस्त को जांजगीर-चांपा आ रहे है। यहां से चुनावी अभियान की शुरूआत करेंगे।

कांग्रेस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक 11 अगस्त को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का दौरा होने वाला है। इसी दिन मिनीमाता की पुण्यतिथि है और इसी कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष शामिल हो सकते हैं। बताया जा रहा है कि कार्यक्रम का आयोजन जांजगीर-चांपा जिले में होगा। यहां से कांग्रेस के विधानसभा चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत भी करेंगे। इससे पहले खड़गे पाटन में आयोजित होने वाले भरोसे के सम्मेलन में शामिल होने वाले थे लेकिन दौरा टल गया था।

जांजगीर-चांपा जिले की ज्यादातर सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। यहां अविभाजित जांजगीर जिले की छह में सिर्फ दो सीट पर कांग्रेस विधायक हैं। बाकी दो सीट पर भाजपा और दो सीटों पर बसपा के विधायक हैं। माना जा रहा है की अनुसूचित जाति वर्ग का समर्थन हासिल करने के लिए मल्लिकार्जुन खड़गे की बड़ी सभा आयोजित करने की तैयारी यहां चल रही है। मल्लिकार्जुन खड़गे 21 मई को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के विधानसभा क्षेत्र पाटन में आयोजित भरोसे का सम्मेलन में शामिल होने छत्तीसगढ़ आने वाले थे लेकिन किन्ही कारणों से उनका दौरा टल गया था। तबसे कयास लगाए जा रहे थे कि खड़गे का दौरा कार्यक्रम जल्द ही तैयार किया जा सकता है और अब संकेत यही मिल रहे हैं कि जांजगीर-चांपा जिले से ही कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनाव प्रचार का आगाज करेंगे।

# नूंह में शोभायात्रा के दौरान बवाल गाड़ियों में की गई तोड़फोड़

**इंटरनेट बंद, धारा 144 लागू, एक होमगार्ड की हुई मौत**



**नूंह**, 31 जुलाई (एजेंसियां)। हरियाणा के नूंह में सोमवार को विश्व हिंदू परिषद और मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी की तरफ से निकाली जा रही ब्रजमंडल यात्रा के दौरान बवाल हो गया। दो गुटों में हुए टकराव के बाद 40 से ज्यादा गाड़ियों को आग लगा दी गई। पुलिस पर भी पथराव किया गया। भीड़ की तरफ से चली गोली में होमगार्ड के एक जवान की मौत हो गई है। हिंसा में कई लोग और पुलिसवाले घायल हो गए। उपद्रवियों ने नूंह के साइबर थाना पर भी हमला कर दिया। उपद्रवियों ने पथराव किया और बाहर खड़ी गाड़ियों में आग लगा दी। हंगामे को देख पुलिसकर्मियों को जान बचाकर भागना पड़ा। मेवात के कस्बे नगीना और फिरोजपुर-झिरका में भी कई जगह आगजनी की गई। इससे पहले उपद्रवियों ने स्कूल बस में भी तोड़फोड़ की थी। बस को उपद्रवी लूट ले गए और थाने को तोड़ने के लिए ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

# प्रीतमसिंह और मीनाक्षी को कांग्रेस ने छग का बनाया चुनाव ऑब्जर्वर



**रायपुर**, 31 जुलाई (देशबन्धु)। कांग्रेस ने पांच राज्यों में चुनाव के मद्देनजर सीनियर ऑब्जर्वर की नियुक्ति की है। इसमें छत्तीसगढ़ के लिए प्रीतम सिंह और मीनाक्षी नटराजन को सीनियर ऑब्जर्वर बनाया गया है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने राज्यों में आगामी विधानसभा चुनाव-2023 की चुनावी तैयारियों की निगरानी के लिए चुनाव पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है. कांग्रेस महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने आदेश जारी किया है। प्रदेश में इस साल के अंत में विधानसभा का चुनाव होना है।

# आरपीएफ जवान ने प्रभारी समेत 4 को मारी गोली



- जयपुर-मुंबई एक्सप्रेस की है घटना
- कांस्टेबल व प्रभारी में हो गई थी बहस

**मुंबई**, 31 जुलाई (एजेंसियां)। चलती ट्रेन में रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के एक कांस्टेबल ने जयपुर-मुंबई सुपरफास्ट एक्सप्रेस (नंबर 12956) में अपने प्रभारी और तीन अन्य यात्रियों की गोली मारकर हत्या कर दी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। ट्रेन विरार (पालघर) और मीरा रोड (ठाणे) के बीच तेज गति से चल रही थी, जहां ऑन-ड्यूटी कांस्टेबल चेतन कुमार और उनके प्रभारी, सहायक उप-निरीक्षक टीकम राम के बीच बहस हुई। यह घटना सुबह करीब 5.23 बजे बी5 कोच में हुई, जब कुमार ने अपने स्वचालित हथियार से एएसआई राम और एक पेंट्री-कार कर्मचारी सहित चार लोगों की हत्या कर दी। बाद में, कुमार ने अलार्म चेन खींच ली व दहिसर स्टेशन के पास कूदकर भागने का प्रयास किया, लेकिन जीआरपी ने उसे पकड़ लिया। उसे मीरा रोड स्टेशन ले जाया गया, जबकि आरपीएफ, जीआरपी और अन्य अधिकारी घटना की जांच के लिए मौके पर पहुंचे। अधिकारियों के अनुसार कुमार ने कुछ क्षणों के लिए बंदूक की नोक पर यात्रियों को बंधक बनाने की भी कोशिश की। ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

# भाटापारा, दुर्ग, बिलासपुर, मरवाही डिप्टी कलेक्टर बने आरटीओ

**रायपुर**, 31 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों का तबादला किया गया है. 23 अधिकारियों का ट्रांसफर सूची सामान्य प्रशासन विभाग ने जारी की है। यह आदेश सोमवार को जारी किया गया है। रायपुर आरटीओ सैलाभ साहू को दुर्ग आरटीओ की जिम्मेदारी दी गई है। दुर्ग आरटीओ अनुभव शर्मा को बिलासपुर का आरटीओ बनाया गया है। इसी तरह वीरेंद्र सिंह संयुक्त कलेक्टर मरवाही को राजनांदगांव आरटीओ की जिम्मेदारी दी गई है। भूपेंद्र कुमार गावरे कोंडागांव डिप्टी कलेक्टर को बलोदाबाजार भाटापारा का आरटीओ बनाया गया है। बृजेश सिंह संयुक्त कलेक्टर रायपुर को बिरगाव नगर निगम का मुख्य कार्यपालन अधिकारी बनाया गया है।

**आत्मनिर्भरता** समूह की 501 महिलाएं उत्पादित धागे से 1 करोड़ 95 लाख 40 हजार रुपए का लाभ अर्जित किया

# रेशमी धागों से जीवन के ताने-बाने बुन रही हैं ये परिश्रमी महिलाएं

**रायपुर, 31 जुलाई (देशबन्धु)। स्व-सहायता समूह की महिलाएं अब कोसा से धागा निकालने की कला सीखकर अपने जीवन के ताने-बाने बुन रही हैं। इसी कड़ी में जशपुर जिले के कुनकुरी, फरसाबाहर, पत्थलगांव और कांसाबेल विकासखण्ड में 07 महिला स्व-सहायता समूह गठन किया गया। महिला समूह के द्वारा टसर धागाकरण कार्य कर धागा उत्पादन किया जा रहा हैं। उत्पादित धागे का समूह के द्वारा बेचकर 1 करोड़ 95 लाख 40 हजार 383 रूपए का लाभ अर्जित किया गया।**

*स्व-सहायता समूह की महिलाएं अपनी आमदनी को बढ़ाते हुए जीवन स्तर को बेहतर बना रही हैं। पूर्व में आय के स्रोत के रूप में सिर्फ खेती, घर के बाड़ी व वन उत्पादों से जीविकोपार्जन कर रही थीं। स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने शासकीय कोसा बीज केन्द्र कुनकुरी में चल रहे टसर धागाकरण योजनान्तर्गत संचालित टसर मशीनों को देखने आई एवं धागाकरण कार्य को देखकर स्व-प्रेरित होकर स्वयं भी इस कार्य को करने के लिए इच्छा प्रकट की। विभाग द्वारा इन महिलाओं को समूह बनाकर*



*टसर धागाकरण प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के उपरांत स्व-सहायता समूह की महिलाएं कोसा से धागा निकालने की कला को निखारते हुए निरंतर इस कार्य को कर रही हैं। वर्ष-2022-23 में टसर धागाकरण 7 समूह की 501 महिलाओं के द्वारा 33,55,279 किलोग्राम रिलींग धागा, 2315.273 किलोग्राम घींचा धागा एवं वेस्ट सामग्री से 547.148 किलाग्राम धागा का उत्पादन किया गया हैं। उपरोक्त टसर धागारकण कार्य में महिलाओं को स्व-रोजगार से जोड़ने हेतु डीएमएफ एवं आईटीडीपी तथा विभागीय योजना से महिलाओं को मशीन प्रदाय किया गया। समूह की महिलाओं को प्रशिक्षण हेतु राशि जिला प्रशासन के द्वारा उपलब्ध कराया गया, जिसके द्वारा 501 महिलाएं टसर धागाकरण कार्य कर स्वावलंम्बी हो चुकी हैं।*

*छत्तीसगढ़ में कोसा से धागा निकालने का कार्य कुछ चुनिंदा जगहों पर ही किया जाता है। एक बार धागा निकालने की कला सीखने के बाद कमाई का जरिया पारंपरिक रूप से यह कला पीढ़ी दर पीढ़ी स्थानांतरित होती* ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

## राकेश मिश्रा का गाना 'जहरवा पियाले ना' रिलीज

**मुंबई।** भोजपुरी सिनेमा के जानेमाने अभिनेता-गायक राकेश मिश्रा का गाना 'जहरवा पियाले ना' रिलीज हो गया है। जहरवा पियाले ना गाना भगवान शिव के सृष्टि के कल्याण के लिये विषपान की कहानी की महिमा का बखान करती है। यह गाना राकेश मिश्रा के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल से रिलीज हुआ है। गाना 'जहरवा पियाले ना' को लेकर राकेश मिश्रा ने कहा कि बाबा के महीने में एक से बढ़ कर एक सावन की गाने आ रहे हैं। हमारा गाना उन सब में से अलग है। यह गाना भोले बाबा के कार्यों से प्रेरित करता है। हमने इस गाने को बड़े मेहनत से बनाया है। इसलिए उम्मीद है कि सबों को पसंद भी आएगी। बाबा सबका कल्याण करते हैं, इसलिए उनके गाने को गाकर एक अलग ही अनुभूति होती है।

ऑस्ट्रेलियाई अंतरिक्ष एजेंसी का दावा

# समुद्र तट पर रहस्यमय वस्तु संभवतः भारतीय रॉकेट का मलबा

**चेन्नई,** 31 जुलाई (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलियाई अंतरिक्ष एजेंसी ने सोमवार को दावा किया कि कुछ दिन पहले उसके समुद्र तट पर जो रहस्यमय वस्तु मिली थी, वह संभवतः भारतीय प्रक्षेपण यान पीएसएलवी का मलबा है।

ऑस्ट्रेलियाई अंतरिक्ष एजेंसी ने ट्वीट किया कि हमने निष्कर्ष निकाला है कि पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया में ज्यूरियन खाड़ी के पास एक समुद्र तट पर स्थित वस्तु के ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (पीएसएलवी) के तीसरे चरण में उपयोग किया गया मलबा होने की सबसे अधिक संभावना है। पीएसएलवी इसरो (भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन) का एक मध्यम-लिफ्ट प्रक्षेपण यान है। अंतरिक्ष एजेंसी ने यह नहीं बताया कि वह इस निष्कर्ष पर कैसे पहुंची।



**पीएसएलवी के तीसरे चरण में उपयोग किया गया मलबा होने की सबसे अधिक संभावना**

ऑस्ट्रेलियाई अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि मलबा भंडारण में है और ऑस्ट्रेलियाई अंतरिक्ष एजेंसी इसरो के साथ काम कर रही है, जो संयुक्त राष्ट्र अंतरिक्ष संधियों के तहत दायित्वों पर विचार करने सहित अगले कदमों को निर्धारित करने के लिए पुष्टि प्रदान करेगा।

इससे पहले, इसरो ने कहा था कि वह इस बात की पुष्टि या खंडन नहीं कर सकता कि ऑस्ट्रेलिया में समुद्र तट पर पाई गई विशाल वस्तु उसके पीएसएलवी रॉकेट का हिस्सा थी या नहीं।

इसरो के एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया था, 'हम वस्तु को व्यक्तिगत रूप से देखे बिना और उसकी जांच किये बिना उसके बारे में किसी भी बात की पुष्टि या खंडन नहीं कर सकते। सबसे पहले ऑस्ट्रेलियाई अंतरिक्ष एजेंसी को वस्तु का एक वीडियो भेजना होगा। हमें यह देखना होगा कि उस पर कोई निशान तो नहीं है। उन्हें वस्तु को एक अलग स्थान पर ले जाना होगा। अगर जरूरत पड़ी तो इसरो के अधिकारी यह पुष्टि करने के लिए वहां जा सकते हैं कि यह भारतीय रॉकेट का हिस्सा है या नहीं।

इसरो अधिकारी ने पुष्टि की कि ऑस्ट्रेलियाई अंतरिक्ष एजेंसी ने इस संबंध में भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी से संपर्क किया है।

ऑस्ट्रेलियाई अंतरिक्ष एजेंसी ने पहले ट्वीट किया था, हम वर्तमान में पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया में ज्यूरियन खाड़ी के पास एक समुद्र तट पर स्थित इस वस्तु से संबंधित पूछताछ कर रहे हैं। वस्तु किसी विदेशी अंतरिक्ष प्रक्षेपण यान से हो सकती है और हम वैश्विक समकक्षों के साथ संपर्क कर रहे हैं जो अधिक जानकारी प्रदान करने में सक्षम हो सकते हैं।

तस्वीर को करीब से देखने पर धातु की वस्तु पर बहुत सारे बार्नेकल दिखाई देते हैं, जो एक तरह से साबित करता है कि यह बहुत पुराना रहा होगा और हाल ही में लॉन्च किए गए किसी भी रॉकेट का हिस्सा नहीं है।

# मुजफ्फरपुर में विदेशी मूल के फल लौंगन की खेती

- किसानों को होगी अच्छी कमाई
- मुजफ्फरफुर देश-दुनिया में लीची के लिए मशहूर
- लौंगन लीची प्रजाति का ही फल
- थाईलैंड और वियतनाम का मशहूर फल



मुजफ्फरपुर, 31 जुलाई (एजेंसियां)। बिहार का मुजफ्फरपुर देश-दुनिया में लीची के लिए मशहूर है। अब लीची प्रजाति के विदेशी फल लौंगन की खेती के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

दरअसल, लौंगन लीची प्रजाति का ही फल है, जिसकी सफल खेती राष्ट्रीय लीची अनुसंधान केंद्र ने की है। यह फल थाईलैंड और वियतनाम में मशहूर है। बताया जाता है कि लौंगन लीची की सीजन के बाद तैयार होता है, जिससे यह समय को लेकर किसानों के लिए सही है। लीची की तरह इसका रंग लाल नहीं होता है। कहा जाता है कि इसमें एंटी पेन और एंटी कैंसर तत्व पाए जाते हैं। इसमें पाए जाने वाले तत्व शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाते हैं।

मुजफ्फरपुर स्थित लीची अनुसंधान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. विकास दास की मानें तो लौंगन थाईलैंड और वियतनाम का मशहूर फल है। इसे फिलहाल शोध के लिए राष्ट्रीय लीची अनुसंधान केंद्र मुजफ्फरपुर में लगाया गया है। इसके जर्म प्लांट बंगाल के 24 परगना से मंगाए गए थे। उन्होंने कहा कि किसानों को लौंगन का पौधा लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। अभी जो फल लगे हैं, वह इस सप्ताह से खाने के लिए उपलब्ध होंगे।

उन्होंने बताया कि इसके पेड़ में अप्रैल में फूल लगते हैं और जुलाई के अंत में फल पक कर तैयार हो जाता है। अगस्त के पहले सप्ताह में यह खत्म भी हो जाता है। लौंगन लीची जैसा ही होता है। एक तरह से कह सकते हैं कि यह लीची जैसा ही फल है, जो खाने में मीठा होता है। लीची की तरह इसके पत्ते भी होते हैं, पेड़ भी वैसा ही होता है, बस यह लीची की तरह लाल और अंडाकार नहीं होता है। इसकी सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसमें लीची की तरह कीड़े नहीं लगते। लीची का सीजन समाप्त होने के एक माह बाद तक यह उपलब्ध होता है।

# डेटिंग की खबरों के बीच हाथों में हाथ डालकर घूमते दिखे तमन्ना भाटिया और विजय वर्मा



**मुंबई,** 31 जुलाई (एजेंसियां)। तमन्ना भाटिया और विजय वर्मा की डेटिंग की खबरों के बीच स्टार कपल को मुंबई में हाथों में हाथ डाले घूमते देखा गया।

सेलिब्रिटी पैपराजी योगेन शाह द्वारा इंस्टाग्राम पर शेयर की गई तस्वीर और वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो रही है, जिसमें कपल मुस्कुराते हुए एक-दूसरे का हाथ पकड़कर चलते हुए देखे जा सकते हैं। दोनों को एक ही कार में घर वापस जाते भी देखा गया। आउटिंग के दौरान तमन्ना और विजय कैजुअल ड्रेस में दिखे। एक्ट्रेस ने ब्लैक जींस के साथ वाइट टी-शर्ट पहनी थी। जबकि, विजय स्वेटशर्ट, स्नीकर्स के साथ ब्लू जींस में नजर आए। इस कपल ने 'लस्ट स्टोरीज 2' के सेट पर मुलाकात के बाद डेटिंग शुरू की। उन्होंने फिल्म निर्माता सुजॉय घोष की शॉर्ट फिल्म में एकसाथ काम किया। विजय एक्ट्रेस के साथ अपने रिश्ते के बारे में बात करने से नहीं कतराते। एक मैगजीन को दिए इंटरव्यू में एक्टर ने साझा किया कि वह उनके प्यार में 'पागल' हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो, विजय की लेटेस्ट रिलीज श्वेता त्रिपाठी के साथ 'कालकूट' है। एक्टर जल्द ही 'द डिवोशन ऑफ सस्पेक्ट एक्स' बुक पर आधारित करीना कपूर खान स्टारर थ्रिलर में दिखाई देंगे। जो होमी अदजानिया की 'मर्डर मुबारक' होगी। तमन्ना रजनीकांत अभिनीत फिल्म 'जेलर' और 'वेदा' में नजर आएंगी।

तमिलनाडु के तिरुपत्तूर जिले का लक्ष्य

# 30 दिनों में 1556 तालाब खोदकर विश्व रिकॉर्ड है बनाना

**चेन्नई,** 31 जुलाई (एजेंसियां)। तमिलनाडु के तिरुप्पत्तूर जिले का लक्ष्य 30 दिन में 1556 खेत तालाब खोदने का विश्व रिकॉर्ड बनाना है। वर्तमान रिकॉर्ड तमिलनाडु के एक और जिले - तिरुवन्नामलाई के नाम है, जिसने 2021 में 1,121 तालाब खोदे थे। तिरुप्पूर जिले ने जिले के भूजल स्तर को बढ़ाने के लिए 1556 तालाबों की खुदाई के लिए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) श्रमिकों की सेवाओं का उपयोग किया। प्रत्येक तालाब की क्षमता 2 लाख लीटर वर्षा जल धारण करने की है।

**पहल का उद्देश्य क्षेत्र के भूजल स्तर को बढ़ाना**



जिलाधिकारी एम. भास्कर पांडियन ने मीडियाकर्मियों को बताया कि इस पहल का उद्देश्य क्षेत्र के भूजल स्तर को बढ़ाना है। इस पहल ने ग्रामीण लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा करने में भी मदद की है और इससे उनकी कमाई भी बढ़ी है। बरसात के मौसम के दौरान, ये तालाब जलाशयों में बदल जाएंगे, इससे किसानों को गर्मी के मौसम के लिए पानी जमा करने में मदद मिलेगी। खेत के तालाब किसानों को मछली पालन में भी मदद करते हैं।

जिला प्रशासन के सूत्रों ने बताया कि अमेरिका स्थित एलीट वर्ल्ड रिकॉर्ड्स, यूएई स्थित एशियन रिकॉर्ड्स अकादमी, इंडियन रिकॉर्ड्स अकादमी और थमिज़ान बुक ऑफ रिकॉर्ड्स की टीमें जल्द ही जिले का दौरा करेंगी। और विश्व रिकॉर्ड की घोषणा के लिए खेत तालाबों का निरीक्षण करेंगी।

जिला प्रशासन ने भूजल स्तर को बढ़ाने के लिए खेत तालाब खोदने के लिए कदम उठाए थे और इसके लिए घर-घर जागरूकता अभियान चलाया गया था। जिला प्रशासन द्वारा शामिल किए गए स्वयंसेवकों ने पर्यावरण और वर्षा जल, पौधों और अन्य प्रजातियों के संरक्षण के लिए खेत तालाबों के लाभों पर जानकारी दी।

तिरुप्पत्तूर जिला प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि तालाबों की खुदाई के लिए व्यक्तिगत और सामुदायिक दोनों भूमि का उपयोग किया गया । इन तालाबों की खुदाई में मनरेगा के अकुशल मजदूरों का इस्तेमाल किया गया। मनरेगा ने प्रत्येक खेत तालाब के लिए 2 लाख रुपए की राशि आवंटित की है और प्रत्येक मजदूर को 294 रुपए की दैनिक मजदूरी का भुगतान किया गया है।

# 'शक्ति' के लिए निक्की शर्मा निजी जीवन में भी इस्तेमाल कर रही वाराणसी की बोली

**नई दिल्ली,** 31 जुलाई (एजेंसियां)। शो 'प्यार का पहला अध्याय शिवशक्ति' में शक्ति का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस निक्की शर्मा ने वाराणसी की स्थानीय बोली को बेहद खास बताया और सही उच्चारण के लिए नियमित रूप से की जाने वाली प्रैक्टिस को लेकर बात की। निक्की का 'शक्ति' का किरदार वाराणसी की एक युवा और भावुक लड़की का है। सीन में मंत्रों का उचित उच्चारण करने के लिए निक्की ने वाराणसी की स्थानीय बोली में बात की। किरदार में ढलने की उनकी यात्रा आसान नहीं रही, लेकिन उन्हें लगता है कि इससे उन्हें एक अभिनेता के रूप में विकसित होने में मदद मिली है। निक्की ने कहा कि शक्ति का किरदार जब से मेरे पास आया है, तब से यह मेरे लिए वरदान है। और इस किरदार को अपना 100 प्रतिशत देने के लिए, मैं शो के लिए इस्तेमाल की जाने वाली सही बोली और उच्चारण सीख रही हूं। निक्की ने कहा कि मेरा हमेशा से मानना रहा है कि हर किरदार के साथ एक अभिनेता को बहुत सी चीजें सीखने को मिलती हैं और यह उन्हें बेहतर प्रोफेशनल बनने में मदद करता है। भले ही हम अपनी बातचीत के लिए हिंदी को एक भाषा के रूप में उपयोग कर रहे हैं, लेकिन कुछ ऐसे शब्द और मंत्र हैं जिन्हें सही ढंग से बोलने की आवश्यकता है। निक्की ने आगे कहा कि उन्हें नई चीजें सीखना पसंद है, पूरी टीम उन्हें बारीकियों को सही ढंग से सीखने में मदद कर रही है। उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि मैं इस बोली के माध्यम से शक्ति के अपने किरदार को और अच्छे के साथ निभा पाऊंगी, मैंने इस बोली को अपने दैनिक जीवन में शामिल कर लिया है।

यह शो स्टूडियो एलएसडी प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित है। इसमें अर्जुन बिजलानी ने शिव और निक्की ने शक्ति की भूमिका निभाई है। अपकमिंग एपिसोड में दर्शक देखेंगे कि शक्ति अपने ताऊजी के लिए दवा लेने बाहर निकलती है, कि तभी उसे गुंडे घेर लेते हैं।

# चार दशक से सिनेमा पर राज करने वाली अभिनेत्री 'उर्वशी' की 'अप्पाथा' 700वीं फिल्म

**तिरुवनंतपुरम,** 31 जुलाई (एजेंसियां)। चार दशक बाद भी अनुभवी अभिनेत्री उर्वशी फिल्म निर्माता प्रियदर्शन के साथ एक तमिल फिल्म 'अप्पाथा' के लिए काम कर रही हैं। वह फिल्म जगत में लगातार मजबूत बनी हुई हैं। तमिल रिलीज 'अप्पाथा' उनकी 700वीं फिल्म है। जब उनसे उनकी उपलब्धि के बारे में पूछा गया तो उनकी विनम्र प्रतिक्रिया थी, 'मुझे इसका एहसास कभी नहीं हुआ और मुझे मीडिया से इसके बारे में पता चला।' अपनी नवीनतम रिलीज 'अप्पाथा' के बारे में उन्होंने कहा कि जब निर्देशक प्रियदर्शन ने फिल्म की भूमिका के बारे में बताया तो मैं थोड़ी शंका में थी, क्योंकि वह कह रहे थे कि यह एक परिपक्व चरित्र के बारे में है। लेकिन, जब कहानी सुनाई गई, तो मुझे लगा कि मैं कर पाऊंगी। अपने चार



दशक लंबे अभिनय करियर में ज्यादातर मलयालम-तमिल के अलावा अन्य दक्षिण भारतीय भाषाओं और हिंदी फिल्मों में भी उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने निर्देशकों को दिया है।

उर्वशी ने कहा कि भले ही मैं नाटक देखकर और सुनकर बड़ी हुई हूं, मेरे पिता एक नाटक अभिनेता थे। लेकिन, फिल्मों में मेरी सफलता काफी हद तक उन निर्देशकों के कारण है, जिन्होंने मुझे ढाला और मैं उन सभी की आभारी हूं।

ममूटी, मोहनलाल और सुरेश गोपी जैसे सभी सुपरस्टार्स के साथ अभिनय करने के बाद वह अस्सी के दशक में सबसे अधिक मांग वाली अभिनेत्री रहीं। 2000 के दशक में उनका करियर एक शुरुआती पड़ाव पर रहा। लोकप्रिय अभिनेता मनोज के.जायन के साथ उनकी शादी कुछ साल तक चली। बाद में उन्होंने एक बिजनेसमैन से शादी कर ली। अपने अभिनय करियर में, उन्होंने एक राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार, पांच केरल राज्य फिल्म पुरस्कार, तीन तमिलनाडु राज्य फिल्म पुरस्कार और दो फिल्मफेयर पुरस्कार (दक्षिण) जीते हैं।

# एक्स ने एंड्रॉइड व आईओएस पर ट्विटर बर्ड की ली जगह




**सैन फ्रांसिस्को,** 31 जुलाई (एजेंसियां)। ट्विटर के ब्लू बर्ड लोगो को अब एंड्रॉइड और आईओएस डिवाइसों पर 'एक्स' लोगो से बदल दिया गया है। यह बदलाव प्लेटफॉर्म के मालिक एलन मस्क के आदेश पर आया है। मस्क ने ट्वीट किया था, 'जल्द ही कुछ खास आने वाला है।' 23 जुलाई को, मस्क ने ट्वीट्स की एक सीरीज के साथ ट्विटर की रीब्रांडिंग का संकेत दिया था, जिसमें से एक में कहा गया था, 'जल्द ही हम ट्विटर ब्रांड और धीरे-धीरे सभी बर्ड्स को अलविदा कहेंगे।'

अगले दिन, प्लेटफॉर्म के वेब वर्जन पर एक्स लोगों ने ट्विटर ब्लू बर्ड की जगह ले ली।

मस्क द्वारा संचालित कंपनी ने पिछले हफ्ते अपने मुख्यालय पर एक बड़ा 'एक्स' लोगो भी लगाया था, जो पूरी रात तेज रोशनी से जगमगाता है। कार्यकर्ताओं को मुख्यालय में प्रतिष्ठित 'ट्विटर' वर्टिकल साइन से लेटर्स हटाते हुए भी देखा गया।

इसके अलावा, एक्स ने अपने वेब वर्जन पर अपने ट्वीट बटन को संक्षेप में 'पोस्ट' में बदल दिया था, यह सुझाव देते हुए कि जल्द ही ब्लू बर्ड और उससे जुड़े ट्विटर अकाउंट के सभी निशान गायब हो जाएंगे। इस संक्षिप्त बदलाव को एक यूजर ने देखा, जिसने प्लेटफॉर्म पर नए पोस्ट बटन का स्क्रीनशॉट पोस्ट किया था।

28 जुलाई को, टेक अरबपति ने प्लेटफॉर्म की वृद्धि को दर्शाने वाला एक ग्राफ़ पोस्ट किया था। उन्होंने लिखा, 'एक्स मंथली यूजर्स 2023 में नई ऊंचाई पर पहुंच जाएंगे।' चार्ट के अंत में संख्या 541,562,214 थी।

# जेवर का युवक बॉलीवुड की फिल्म अर्थी में बना हीरो

**जेवर,** 31 जुलाई (देशबन्धु)। क्षेत्र के गांव चौरोली निवासी रोहित को बॉलीवुड में अर्थी फिल्म में हीरो का रोल मिला है। इस फिल्म को नावाजुद्दीन के भाई फैजुद्दीन सिद्दीकी बना रहे हैं। जिससे क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

इस फिल्म की शूटिंग फिलहाल मुजफ्फरनगर के गांव सफीपुर मे चल रही है। रोहित (25) इससे पहले भी सिटी ऑफ नाईट मूवी में भी काम कर चुके हैं। रोहित के पिता मनोज कुमार यूपी पुलिस में मथुरा न्यायलय सुरक्षा पुलिस चौकी प्रभारी है। उन्होंने बताया कि रोहित को शुरू से ही एक्टिंग का शौक रहा है। रोहित ने दिल्ली यूनिवर्सटी में पढ़ाई करते हुए ही दिल्ली और गुरुगांव में एक्टिंग की क्लास ली। तीन साल पहले रोहित बॉलीवुड में काम करने के लिए मुंबई चले गए थे। तभी से ही वह वहां फिल्मो के लिए ऑडीशन दे रहे थे। जिसके बाद रोहित को नवाजुद्दीन सिद्दीकी के भाई फैजुद्दीन सिद्दीकी द्वारा बनाई जा रही फिल्म अर्थी में मुख्य भूमिका मिली और वह इसमें बतौर हीरो का रोल कर रहे हैं। इस फिल्म में मुख्य भूमिका में मुरसलीन कुरैशी, अनूप पांडे, नईम राना आदि अन्य कई कलाकर काम कर रहे है। इस फिल्म में पहले फैजुद्दीन ने खुद हीरो का रोल किया था, लेकिन किन्ही कारणों से तब फिल्म रिलीज नहीं हो पाई थी। अब फिर से इस फिल्म को नए सिरे से बनाया जा रहा है। अब रोहित की एक्टिंग से प्रभावित होकर उनके अभिनय को देखते हुए उनको इस फिल्म में बतौर हीरो लिया गया। इस फिल्म की शूटिंग देश भर में कई अलग अलग स्थानों पर हुई है और आज ही रविवार को फिल्म की शूटिंग

**नवाजुद्दीन के भाई द्वारा बनाई जा रही फिल्म**



मुजफ्फरनगर में समाप्त हुई है। फिल्म जल्द ही दो तीन महीने में रिलीज होगी। वह बॉलीवुड की किसी फिल्म में काम करने वाले क्षेत्र से पहले हीरो बने हैं।

इससे जिला गौतम बुद्ध नगर व जेवर क्षेत्र का नाम रोशन हुआ है। गांव चौरोली में खुशी का माहौल है। लोग उनके पास बधाई देने के लिए कॉल कर रहे हैं।

**दादा ने बढ़ाया था मनोबल**-रोहित के पिता मनोज कुमार ने बताया कि रोहित अपने दादा समंदर कुमार से बहुत प्रेम करता है और आज भी वह उनको याद करता है। समंदर कुमार गांव चौरोली के पूर्व प्रधान थे और 2019 में उनका स्वर्गवास हो गया था। वह रोहित के एक्टिंग के जूनून को देखकर उसका मनोबल बढ़ाते थे और कहते थे कि एक दिन रोहित हीरो बनेगा। दादा के जाने के बाद रोहित ने हीरो बनने का अपने दादा का सपना पूरा करने के लिए मुंबई का रुख किया और आज वह अपने दादा का सपना पूरा करने जा रहे हैं। रोहित कहते हैं कि वह आज यहां तक अपने दादा के आदर्शों के करण पहुंचे है और वह अपने जिले क्षेत्र और देश का नाम रोशन करेंगे।

# नागेश्वर महादेव की है धार्मिक प्राचीन गुफा, श्रद्धालुओं को करती है आकर्षित

**शिमला,** 31 जुलाई (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश मंडी जिला के जोगिंदर नगर उपमंडल के तहत ग्राम पंचायत लडभड़ोल के अंतर्गत कुड्ड गांव में एक प्राचीन गुफा है जहां पर प्राकृतिक तौर पर अनेकों शिवलिंग का निर्माण होता रहता है। वर्तमान में इस प्राकृतिक गुफा में ऐसे अनेकों शिवलिंग निर्मित हो चुके हैं तथा यह प्रक्रिया अभी भी निरन्तर जारी है।

**श्री राम गिरि, ब्रह्मलीन बाबा कालू, महंत प्रेमगिरि तथा महंत इन्द्र गिरि प्रमुख**



इस प्राचीन गुफा में प्राकृतिक तौर पर पानी की बूंदें निरंतर गिरती रहती हैं तथा यह प्रक्रिया सैंकड़ों वर्षों से निरंतर जारी है जिसके कारण यहां पर अनेकों प्राकृतिक तौर पर शिवलिंग निर्मित हुए हैं। एक बड़ी पहाड़ी के नीचे स्थापित यह प्राकृतिक गुफा महादेव के प्रति आस्था रखने वालों को बरबस ही आर्किषत करती है। श्रद्धालु इस गुफा के दर्शन करते हुए इसे एक छोर से दूसरे छोर तक आसानी से पार करते हैं। इस बीच प्राकृतिक तौर पर गिरती पानी की बूंदें जहां श्रद्धालुओं में महादेव के प्रति आस्था को मजबूत करती है तो वहीं प्रकृति का एक अनुपम अनुभव भी मिलता है। बाहर से देखने पर इस प्राचीन गुफा में कई तरह की आकृतियां देखने को मिलती हैं जो प्राकृतिक तौर पर स्वयं निर्मित हुई हैं। कहते हैं कि यह गुफा सदियों पुरानी है।

लोगों का कहना है कि इस प्राचीन गुफा से प्राकृतिक तौर पर निर्मित दो रास्ते जाते हैं जिनमें से एक प्रसिद्ध त्रिवेणी महादेव मंदिर घटोड के दाहिनी ओर जबकि दूसरा रास्ता ग्राम पंचायत तुल्लाह के प्रसिद्ध धार्मिक स्थान टोण भ्रराडी चुल्ला के नीचे ब्यास नदी के किनारे निकलता है। वर्तमान में इन प्राचीन रास्तों के माध्यम से जाना लगभग असंभव है। इसी प्राकृतिक गुफा के सामने एक विशाल चट्टान का छत्र है जिसके नीचे भी भगवान शिव, महाकाली तथा हनुमान जी के मंदिरों के साथ नवग्रहों की भी स्थापना की गई है। यह एक ऐसा स्थान है जहां पर बारिश की एक भी बूंद नहीं गिरती है तथा प्राकृतिक तौर पर निर्मित यह छत्र भी श्रद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षित करता है। इस प्रसिद्ध धार्मिक स्थान का यहां पर समय-समय पर निवास करते रहे साधु महात्माओं ने जीर्णोद्धार किया है। जिनमें श्री राम गिरि, ब्रह्मलीन बाबा कालू, महंत प्रेमगिरि तथा महंत इन्द्र गिरि प्रमुख हैं। मंदिर परिसर का विकास निरंतर जारी है तथा मंदिर संचालन के लिए एक समिति भी गठित की गई है। इस प्राचीन धार्मिक स्थान की एक विशेषता यह है कि जब कभी लंबे समय तक वर्षा न हो तथा सूखा पड़े तो आसपास क्षेत्रों के लोग यहां एकत्रित होते हैं। इस दौरान प्राचीन गुफा में निर्मित शिवलिंगों का जलाभिषेक किया जाता है तथा यह प्रक्रिया तब तक जारी रखते हैं जब तक जलाभिषेक का पानी प्राकृतिक गुफा के नीचे बह रही सरिता (खड्ड) में न पहुंच जाए। कहते हैं कि ऐसा करने से भगवान शिव प्रसन्न होते हैं तथा वर्षा होती है।

रायपुर, मंगलवार 1 अगस्त 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# मानव तस्करी पर चिंताजनक रिपोर्ट

मानव तस्करी निषेध दिवस पर वर्ष 2016 से 2022 तक की जारी रिपोर्ट न केवल चिंताजनक है वरन वह विकास की पोल खोलती हुई भी नज़र आती है। यह रिपोर्ट रविवार को नोबेल पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी द्वारा उन्हीं के नाम से स्थापित चिल्ड्रेंस फाउंडेशन एवं एनजीओ गेम्स 24 गुणा 7 की ओर से जारी की गयी। इसे 'चाइल्ड ट्रेफिकिंग इन इंडिया: इनसाइट्स फ्रॉम सिचुएशनल डाटा एनालिसिस एंड दी नीड फॉर टेक ड्रिवन इंटरवेंशन स्ट्रेटेजी' के नाम से प्रकाशित किया गया है। इसमें 2016-22 के दौरान हुई मानव तस्करी के विस्तृत आंकड़े व विवरण तो दिये ही गये हैं, इस अपराध की रोकथाम के उपाय भी सुझाए गये हैं। आवश्यकता इस बात की है कि मानव तस्करी रोकने के लिये सम्बन्धित कानूनों का कड़ाई से पालन करने के साथ उन सामाजिक परिस्थितियों को समाप्त किया जाए जो इस समस्या के मूल में हैं। वैसे इस रिपोर्ट के अनुसार कोरोना के बाद मानव तस्करी में बेतहाशा इज़ाफ़ा दर्ज हुआ है, विशेषकर बच्चों की तस्करी के मामले में।

देश के 21 राज्यों और 262 जिलों में किये गये सर्वेक्षणों के आधार पर तैयार रिपोर्ट में ऐसे अनेक चिंताजनक खुलासे हुए हैं जिन पर सरकार को तत्काल संज्ञान लेने तथा समग्र समाज को इस समस्या से मुक्ति पाने के लिये कमर कसने की ज़रूरत है। इसमें बताया गया है कि उपरोक्त बतलाई गयी अवधि में ज्यादातर बच्चों की ही तस्करी हुई है लेकिन महामारी के पश्चात ऐसे मामलों में 68 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। यह साबित करता है कि बच्चे और उनके परिवार घोर गरीबी व भुखमरी के शिकार हुए हैं तभी उनके बच्चों को उनकी मर्जी से अथवा बिना सहमति या मर्जी के उनके गृह नगर, गांव या कस्बों को छोड़कर अन्य शहरों का रुख करना पड़ा। जाहिर है कि बड़े पैमाने पर बच्चों को उनके जीवन जीने और शिक्षा के अधिकार से वंचित होना पड़ा है।

रिपोर्ट बतलाती है कि 13 से 18 वर्ष की आयु वर्ग के 15 फीसदी से अधिक बच्चे विभिन्न तरह की दुकानों, ढाबों एवं उद्योगों में काम करते हैं, तो वहीं 13 फीसदी कपड़े की दुकानों से आजीविका प्राप्त करते हैं। 11 फीसदी से ज्यादा बच्चे खुदरा दुकानों में काम करते हुए गुजारा कर रहे हैं। उपरोक्त उल्लेखित अवधि यानी 2016-22 के दौरान जिन बच्चों की तस्करी की गयी उनमें 13 फीसदी 9 से 12 वर्ष और 2 फीसदी 9 साल से कम उम्र के हैं। फाउंडेशन व सहयोगी संगठनों ने 13500 से ज्यादा बच्चों को उनके कामों (दुकानें, ढाबे, उद्योग) से छुड़ाया। जिन बच्चों को मुक्त कराया उनमें से 80 प्रतिशत 18 वर्ष से कम आयु के हैं जो यह बतलाने के लिये काफी है कि देश में बाल श्रम कानूनों का जमकर उल्लंघन हो रहा है। कुछ खतरनाक उद्योगों में भी काम करते हुए बच्चे मिले जिन्हें छुड़ाया गया। उत्तर प्रदेश, बिहार और आंध्र प्रदेश से सर्वाधिक बच्चों की तस्करी हुई। शहरों की बात करें तो जयपुर व दिल्ली में सबसे ज्यादा ऐसे बच्चों को विभिन्न तरह के कामों के लिये पहुंचाया गया।

रिपोर्ट समाज के इस दुखद पहलू की ओर भी ध्यान दिलाती है कि कोविड-19 ने देश में जो आर्थिक तबाही लाई है, उसका सीधा असर बच्चों पर भी पड़ा है। घर में रोटी कमाने वाले की मृत्यु होने या परिवार के मुखिया के रोजगार चले जाने जैसे कारण इसके पीछे हो सकते हैं जिसके चलते बच्चों के कोमल कांधों पर उनके अपने और सम्भवत: साथ में परिवारजनों के पेट भरने की जिम्मेदारी भी आन पड़ी होगी। पारिवारिक कलह भी एक कारण हो सकता है। चाहे जिन कारणों से भी बच्चों को घर छोड़कर कच्ची आयु में रोजी-रोटी के लिये संघर्ष करना पड़ा हो, बेशक यह स्थिति सरकार व समाज दोनों के ही लिये बहुत शर्मनाक है। यह भी ध्यान रहे कि यह देश की सच्चाई का एक बहुत छोटा सा हिस्सा है। असली तस्वीर इसके मुकाबले बहुत बड़ी है। घरेलू नौकरों के रूप में या सुदूर गांवों आदि में ले जाये गये तथा वहां काम करते हुए बच्चे प्रशासन की निगाहों से बच जाते हैं। उनके लिये कानून के उल्लंघन से अधिक महत्वपूर्ण दो जून की रोटी का जुगाड़ है। बहुत से बच्चे काम खो जाने के भय व अपनी ज़रूरत के चलते प्रशासन या उन्हें छुड़ाने वाले संगठनों से स्वयं की जानकारी को छिपा जाते हैं।

यह रिपोर्ट विकास के खोखलेपन को भी उजागर करती है और अनेक विसंगतियों को सामने लाती है। एक ओर तो भारत दुनिया भर में अपनी महानता और विशाल अर्थव्यवस्था होने का दावा करता फिर रहा है, वहीं यह रिपोर्ट इस बात का साक्ष्य है कि देश का सामाजिक सुरक्षा का ढांचा बेहद ढीला-ढाला है और मानव विकास से संबंधित कार्यक्रमों को लागू करने वाली व्यवस्था एकदम से प्रभावहीन है। जिन बच्चों को कल के हिन्दुस्तान की तस्वीर कहकर महिमा मंडित किया जाता है वे छोटी-मोटी दुकानों में राशन-परचून बेचते, ढाबों व खानपान के ठेलों के पीछे जूठे बर्तन मांजते, उद्योगों में काम करते हुए या ऐसे ही किसी असंगठित क्षेत्र में मेहनत-मजदूरी करते हुए अपने वर्तमान को स्वाहा कर रहे हैं। सरकार व समाज के पास उनके हाथों में किताबें थमाने व अच्छा जीवन देने की अब न तो इच्छा है और न ही समाज इसके लिये दृढ़ संकल्पित है। इस विश्वव्यापी (खासकर तीसरी दुनिया कहलाने वाले देशों की) समस्या की गम्भीरता को देखते हुए राष्ट्रसंघ ने माना है कि 'मानव तस्करी एक संगीन अपराध है और मानवाधिकार का बड़ा उल्लंघन है।' बच्चों को उनके अधिकार लौटाये बिना समृद्ध व खुशहाल देश की कल्पना करना बेकार है।

# मणिपुर खुद जल नहीं रहा है, जलाया जा रहा है!

*विपक्षी दलों के गठबंधन के सदस्यों का दौरा मात्र दिखावा है। जब पूर्ववर्ती सरकारों के शासन में मणिपुर जलता था, तब उन लोगों ने संसद में एक भी शब्द नहीं कहा, जो अब पूर्वोत्तर राज्य का दौरा कर रहे हैं।*

**—अनुराग ठाकुर**

मोदी सरकार में युवा मामलों तथा खेलों के मंत्री, अनुराग ठाकुर का ऊपर-उद्धृत वक्तव्य, चौबीस महत्वपूर्ण विपक्षी पार्टियों के मंच—इंडिया—के इक्कीस सांसदों की टीम के मणिपुर के दो दिन के दौरे को खारिज करने की अपनी बदहवासी में, सबसे बढ़कर इसी का सबूत पेश करता है कि मोदी के डबल इंजन राज से, मणिपुर के हालात को संभालने के लिए, कम से कम किसी भी तरह के बहुपक्षीय प्रयास की उम्मीद नहीं की जा सकती है। बहरहाल, यह विनाशकारी नकारात्मकता सिर्फ राजनीतिक बहुपक्षीयता का रास्ता बंद करने तक ही सीमित नहीं है। मणिपुर में शांति तथा सद्भाव का संदेश लेकर पहुंचे विपक्षी सांसदों के दल के राजधानी इम्फाल पहुंचने के मौके पर प्रायोजित तथाकथित शांति रैली, जिसका आयोजन मणिपुर इंटिग्रिटी समन्वय समिति या कोकोमी द्वारा किया गया था, जाहिर है कि शासन के अनुमोदन से, इसका खुलेआम ऐलान कर रही थी कि इथनिक-सामाजिक बहुपक्षीयता का रास्ता, असमान्य हालात के तीन महीने पूरे होने तक भी, कसकर बंद ही रखा जाना है।

खबरों के अनुसार, इस प्रधानत: मैतेई रैली का पूरा जोर यह साबित करने पर तो था ही कि सारी समस्या, कुकी-चिन समुदाय की खड़ी की हुई थी, जिसे उत्तर-पूर्व के संदर्भ में संघ की जानी-पहचानी शब्दावली में 'अवैध घुसपैठिए' बताया जा रहा था। इससे भी खतरनाक यह कि रैली में शामिल लोगों को इन कुकी-चिन घुसपैठियों को 'उखाड़कर संघर्ष खत्म करने' यानी उखाड़ने तक यह संघर्ष जारी रखने का संकल्प दिलाया जा रहा था। इन दोनों को जोड़कर देखें तो, एक ही नतीजे पर पहुंचना होगा कि मणिपुर की त्रासदी यह नहीं है कि वह जल रहा है, उसकी असली त्रासदी यह है कि उसे जान-बूझकर जलाया जा रहा है और जलाने वालों के ही हाथों में आज सत्ता है, देश में भी और प्रदेश में भी।

मणिपुर में 3 मई से जो हो रहा है और उत्तर-पूर्व के इस अभागे राज्य में, इससे पहले भी कई मौकों पर जो कुछ होता रहा है, उसमें यही गुणात्मक अंतर है। यह आज राज में जो बैठे हुए हैं, उनकी विफलता का मामला नहीं है, जैसा कि अब तक रहता आया है। इन विफलताओं के कारण बेशक पुराने और ऐतिहासिक हैं। यह राज्य विविधताओं तथा उसने जुड़े इथनिक टकरावों का ही नहीं, असंतुलनों का भी भंडार है। सबसे बड़ा असंतुलन तो यही कि मैतेई, जो आबादी का 52 फीसद से ज्यादा हिस्सा हैं, आर्थिक व शैक्षणिक-सांस्कृतिक दृष्टि से कहीं उन्नत हैं और परंपरागत रूप से हिंदू परंपराओं के निकट रहे हैं। मुख्यत: इम्फाल घाटी में संकेंद्रित हैं मैतेई पिछले एक दशक के करीब में बढ़ते पैमाने पर अपनी पहचान हिंदू के तौर पर कराने लगे हैं। वे करीब 20 फीसद जमीनों पर काबिज हैं और मोटे तौर पर विधानसभा की साठ से चालीस सीटें उनके हिस्से में आती हैं। दूसरी ओर, कुकी-जोमी तथा अन्य आदिवासी के रूप में मान्यता-प्राप्त समुदाय, जो मुख्यत: पहाड़ी इलाकों में रहते हैं, आर्थिक व सांस्कृतिक लिहाज से कम विकसित हैं, वन्य इलाकों में रहते हैं, बड़ी संख्या में खुद को ईसाई मानते हैं और विधानसभा की साठ में से कुछ बीस सीटें ही उनके लिए आरक्षित हैं।

इस राज्य में जहां परंपरागत रूप से, विशेष रूप से सभी आदिवासी ग्रुपों के अपने सशस्त्र संगठन रहे हैं, जिनमें से अनेक से युद्धविराम जैसे समझौते के जरिए हथियार रखवा कर पिछले दशकों में एक हद तक शांति भी कायम कर ली गयी थी, मैतेई समुदाय पर केंद्रित कर आरएसएस-भाजपा द्वारा पांव फैलाए जाने ने और फिर 2018 के चुनाव के बाद से भाजपा के जोड़-तोड़ से सत्ता पर काबिज होकर राज चलाए जाने ने, रुई पर तेल छिड़कने का ही काम किया है। इसी पृष्ठभूमि में अप्रैल के आखिर में आए, हाई कोर्ट के निर्देश ने, जिस पर बाद में सुप्रीम कोर्ट ने रोक भी लगा दी, मैतेई समुदाय को आदिवासी यानी अनुसूचित जनजाति का दर्जा दिए जाने का एक तरह से आदेश ही देकर, माचिस दिखाने का काम किया। मैतेई समुदाय को आदिवासी दर्जा दिए जाने की इस संभावना के खिलाफ, जिसकी आशंकाओं को राज्य और केंद्र, दोनों में भाजपा सरकार की मौजूदगी और हवा ही देती थी, 3 मई को निकली आदिवासी ग्रुपों की विरोध रैली पर हमलों से जो हिंसा भड़की, उसने तेजी से राज्य में घाटी और पहाड़ी क्षेत्र के मुख्य समुदायों को, जैसे परस्पर युद्धरत राष्ट्रों में बदल दिया। चूंकि इस युद्ध की स्थिति के बीच व्यावहारिक मानों में पूरे राजतंत्र को और बहुत ही महत्वपूर्ण रूप से राज्य सरकार के तंत्र को, उसमें इथनिक आधार पर थोड़े-बहुत विभाजन के बावजूद, आम तौर पर बहुसंख्यक मैतेई समुदाय के ही साथ खड़ा माना जा रहा था। इसके ऊपर से मुख्यमंत्री द्वारा अल्पसंख्यक समुदाय को ही 'विदेशी घुसपैठियों' से लेकर 'नशा कारोबारी', आतंकवादी आदि, आदि करार दिए जाने का सिलसिला जारी था। इसने मणिपुर में शासन नाम की शायद ही कोई चीज छोड़ी है। और सारी विफलताओं के बावजूद, जिनमें राजधर्म का निर्वाह करने में विफलता सबसे बड़ी है, मोदीशाही द्वारा वर्तमान मुख्यमंत्री बिरेन सिंह को संरक्षण दिए जाने ने, इस गृहयुद्ध को रुकवाने में शासन की भूमिका को एक तरह से त्याग ही दिया है।



राजेन्द्र शर्मा

> **इस राज्य में जहां परंपरागत रूप से, विशेष रूप से सभी आदिवासी ग्रुपों के अपने सशस्त्र संगठन रहे हैं, जिनमें से अनेक से युद्धविराम जैसे समझौते के जरिए हथियार रखवा कर पिछले दशकों में एक हद तक शांति भी कायम कर ली गयी थी, मैतेई समुदाय पर केंद्रित कर आरएसएस-भाजपा द्वारा पांव फैलाए जाने ने और फिर 2018 के चुनाव के बाद से भाजपा के जोड़-तोड़ से सत्ता पर काबिज होकर राज चलाए जाने ने, रुई पर तेल छिड़कने का ही काम किया है।**

लेकिन, मणिपुर के संकट के संदर्भ में शासन का इस तरह लापता ही हो जाना, न तो संयोग है और न ही किसी भूल-चूक का मामला है। इस गैर-हाजिरी का तीन महीने लंबा इतिहास खुद इसकी गवाही देता है। बेशक, 3-4 मई से मणिपुर जब सुलगना शुरू हुआ, मोदी राज का पूरा ध्यान कर्नाटक में चुनाव प्रचार पर था। खुद प्रधानमंत्री मोदी, उनके नंबर दो तथा देश के गृहमंत्री, अमित शाह और एक प्रकार से उनकी पूरी की पूरी सरकार ही, कर्नाटक के चुनाव प्रचार में जुटे हुए थे। लेकिन, लोगों को हैरान करते हुए, कर्नाटक का चुनाव प्रचार खत्म होने के बाद भी, मई के आखिर तक मणिपुर की मोदी राज ने, केंद्रीय बलों की संख्या बढ़ाने के अलावा, कोई खोज-खबर नहीं ली। प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री को वहां के घटनाक्रम पर चिंता जताना और लोगों से शांति बनाए रखने की अपील करना तक, मंजूर नहीं हुआ। और तो और, जब बाकायदा युद्ध के जैसे हालात से विचलित, खुद सत्ताधारी पार्टी के विधायकों समेत, पक्ष-विपक्ष, सभी ओर के राजनीतिक नेताओं ने केंद्र से सक्रिय हस्तक्षेप की मांग करने के लिए दिल्ली के दौरे किए, पर प्रधानमंत्री को अपनी ही पार्टी के विधायकों तक से बात करने का समय नहीं मिला और वह कई दिन की विदेश यात्रा पर चले गए। मई के आखिर में, गृहमंत्री अमित शाह के तीन दिन के पहले दौरे से, अगर अल्पसंख्यक समूहों को थोड़ी-बहुत कुछ उम्मीद बंधी भी होगी, तो उसे भी राज्यपाल की अध्यक्षता में एक सर्वपक्षीय समिति बनाने जैसी उनकी घोषणाओं के साथ वास्तव में जो अगंभीर सलूक हुआ, उसने जल्द ही खत्म कर दिया। उनकी अपील के बावजूद, न लूटे गए हथियार लौटाए गए और न ही हिंसक हमले रुके। उल्टे प्रदर्शनकारियों द्वारा रास्ते रोके जाने के बल पर, सैन्य बलों को ही उनके शिविरों में कैद कर के रख दिया गया।

उसके बाद गुजरे दो महीनों में हालात में कोई उल्लेखनीय बदलाव नहीं आया है। हां! कुछ कुकी महिलाओं के साथ दरिंदगी का वीडियो वाइरल होने के बाद, संसद के मौजूदा सत्र की पूर्व-संध्या पर देश भर में दौड़ी विक्षोभ तथा वितृष्णा की लहर के बाद, प्रधानमंत्री को जरूर पहली बार मणिपुर की त्रासदी पर कुछ बोलना पड़ा है। लेकिन, वह बोलना भी इतना कम था कि उसमें संबंधित घटना पर दु:ख तथा क्षोभ जताने के साथ ही प्रधानमंत्री, विशेष रूप से विपक्ष-शासित राज्यों पर ऐसी घटनाओं के लिए हमला करने की ओर मुड़ गए। दूसरी ओर, उन्होंने न तो आम तौर पर मणिपुर की त्रासदी पर कोई दु:ख या पछतावा जताया और न ही लोगों से शांति व सौहार्द्र बनाए रखने की अपील तक की। प्रधानमंत्री का उक्त बयान भी चूंकि संसद में नहीं, संसद के दरवाजे पर ही दिया गया था, विपक्ष आज तक मणिपुर के संकट पर प्रधानमंत्री के बयान और उसके बाद संसद में उस पर बहस की मांग ही कर रहा है। इस सरासर न्यायसिद्ध मांग को हठपूर्वक ठुकराने के जरिए, मोदी राज ने संसद के एक और सत्र को पहले ही दिन से ठप्प कर रखा है। दूसरी ओर, विपक्ष समेत जनमत के विशाल हिस्से की सुस्पष्ट मांग के बावजूद, मोदी राज ने बिरेन सिंह को मुख्यमंत्री पद से नहीं हटाने का एक प्रकार से ऐलान ही कर दिया है।

लेकिन, यह सिर्फ प्रधानमंत्री के जवाबदेही से इंकार करने या अहंकार का ही मामला भी नहीं है। 2002 के गुजरात के नरसंहार और 2023 के मणिपुर के खून-खराबे में इतनी सारी समानताएं, जिनमें अल्पसंख्यक समुदाय की महिलाओं को सार्वजनिक रूप से यौन हिंसा का निशाना बनाया जाना भी शामिल है, कोई संयोग से ही नही प्रकट हो गयी हैं। इनके पीछे, बहुसंख्यक समुदाय के राजनीतिक समर्थन के सांप्रदायिक सुदृढ़ीकरण की बहुत ही सोची-समझी रणनीति है। सब कुछ के बावजूद, इस अभियान के बीच से संघ-भाजपा मेइतेई समुदाय के बीच अपनी पकड़, पहले से मजबूत होने की ही उम्मीद रखते हैं। रही बाकी सब लोगों की बात, तो उन्हें शासन के डंडे से ठोक-पीटकर झुकाने में कुछ समय भले ही लग जाए, लेकिन देर-सबेर कुछ न कुछ कामयाबी भी मिल ही जाएगी। और शासन के डंडे से ठोक-पीट के लिए अल्पसंख्यकों को विदेशी या घुसपैठिया या आतंकवादी, करार दे देना ही काफी है। पूर्व-थल सेनाध्यक्ष, जनरल नरवणे ने 'मणिपुर हिंसा में विदेशी एजेंसियों के हाथ' की अटकलों को हवा देने के जरिए, इसके लिए रास्ता और साफ कर दिया है। यह गुजरात का आजमूदा फार्मूला है, जो कश्मीर में एक हद तक कामयाब आजमाइश के साथ, अब मणिपुर में आजमाया जा रहा है। मणिपुर, खुद जल नहीं है, मणिपुर जलाया जा रहा है।

**(लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं।)**

# मोदी सरकार का असली इरादा है कांग्रेस पर नकेल कसना

**■ अरुण श्रीवास्तव**

कोई भी गारंटी नहीं दे सकता है कि मोदी सरकार 15 सितंबर को प्रवर्तन निदेशालय के निदेशक संजय कुमार मिश्र के कार्यकाल की ताजा विस्तारित अवधि समाप्त होने से ठीक पहले सुप्रीम कोर्ट के सामने दोबारा पेश नहीं होगी यह अनुरोध करने के लिए कि उनका कार्यकाल फिर से बढ़ाने की अनुमति दी जाये, इस दलील पर कि राष्ट्रीय हितों की रक्षा और संरक्षण करने और भारत को खराब छवि में दिखाने के कुछ देशों के नापाक मंसूबों को विफल करने के लिए यह आवश्यक है।

ईडी की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर-जनरल एसवी राजू ने कहा कि कुछ देश हैं जो यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रहे हैं कि भारत एफएटीएफ (फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स, अंतरराष्ट्रीय मनी-लॉन्ड्रिंग और अन्य वित्तीय मामलों पर नजर रखने वाली वैश्विक संस्था) की ग्रे सूची में आ जाये। इसके मद्देनजर मिश्रा की विशेषज्ञता की आवश्यकता थी। राजू ने कहा कि- वह उन देशों का नाम लेने से बच रहे हैं जो भारत को ग्रे सूची में डालना चाहते हैं।

राजू की बात में दम लगता है। लेकिन साथ ही यह सवाल भी उठता है कि जिस व्यक्ति का कार्यकाल पहले ही तीन बार बढ़ाया जा चुका है उसे यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी फिर क्यों सौंपी जानी चाहिए? यदि कोई इस बात से सहमत भी हो कि सभी अधिकारियों में से वह एकमात्र अधिकारी हैं जिसके पास विशेषज्ञता है, तो फिर उसे यही कार्य क्यों नहीं सौंपा गया?

> **भाजपा शासन के दौरान, राष्ट्रीय हित की ज़ोरदार घोषणाओं और राष्ट्रवाद का राग अलापना केंद्र में आ गया है। मोदी के कई आलोचक देशद्रोह के आरोप में जेल में हैं। 27 जुलाई को, मिश्र को सेवा विस्तार देने के लिए शीर्ष अदालत से अनुरोध करते समय, मोदी सरकार राष्ट्रीय हित से पीछे हटते हुए, वही कार्ड खेल रही थी।**

भाजपा शासन के दौरान, राष्ट्रीय हित की ज़ोरदार घोषणाओं और राष्ट्रवाद का राग अलापना केंद्र में आ गया है। मोदी के कई आलोचक देशद्रोह के आरोप में जेल में हैं। 27 जुलाई को, मिश्र को सेवा विस्तार देने के लिए शीर्ष अदालत से अनुरोध करते समय, मोदी सरकार राष्ट्रीय हित से पीछे हटते हुए, वही कार्ड खेल रही थी।

यदि एफएटीएफ देश की प्रतिष्ठा और छवि के लिए महत्वपूर्ण था, तो मोदी सरकार को 11 जुलाई को अपनी पूरी तर्कशक्ति इसके पीछे लगानी चाहिए थी और इस मुद्दे पर विस्तार की मांग करनी चाहिए थी, जैसा कि उसने बाद में 27 जुलाई को किया था।

एक चतुर चाल में, मोदी सरकार ने 11 जुलाई को इस मुद्दे पर आक्रामक तरीके से बहस नहीं की। उस दिन, सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने कहा था कि इस साल एफएटीएफ द्वारा की जा रही समीक्षा के मद्देनजर और सुचारु परिवर्तन को सक्षम करने के लिए, मिश्र का कार्यकाल 31 जुलाई तक रहेगा। अगर मोदी सरकार के मुताबिक मिश्र का पद पर बने रहना वाकई जरूरी था तो उस दिन मजबूती से बहस करके कोर्ट को मनाना चाहिए था। लेकिन कोई दबाव न डालकर उसने अपने विकल्प खुले रखे।

26 दलों के विपक्षी मोर्चे इंडिया के गठन के साथ, विपक्ष पर आतंक का राज कायम करने के लिए मिश्र मोदी के लिए सबसे अच्छा दांव हैं। शीर्ष अदालत ने विस्तार की मांग के लिए मोदी सरकार से सवाल किया, उसने यह भी पूछा कि- क्या मौजूदा प्रमुख को छोड़कर पूरा विभाग 'अक्षम लोगों से भरा हुआ है' और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से जानना चाहा : 'क्या हम इसकी तस्वीर नहीं दे रहे हैं कि कोई दूसरा योग्य व्यक्ति नहीं है और पूरा विभाग अयोग्य लोगों से भरा पड़ा है?'

देश के लोग मोदी द्वारा अपने विरोधियों को आतंकित और पीड़ित करने के लिए ईडी के क्रूर उपयोग के गवाह रहे हैं, चाहे वे किसी भी क्षेत्र से संबंधित हों -राजनीति, शिक्षाविद, असैन्य समाज, या स्वतंत्र मीडिया। मूलरूप से ईडी के दुरुपयोग के उनके तरीके ने याचिकाकर्ताओं को शीर्ष अदालत का रुख करने के लिए मजबूर किया था।

मोदी सरकार के मुताबिक, मिश्र साल 2020 की शुरुआत से ही एफएटीएफ के पारस्परिक मूल्यांकन के लिए दस्तावेज तैयार करने और अन्य आवश्यकताओं को पूरा करने में लगे हुए हैं। जाहिर है, कुछ और शीर्ष अधिकारी निश्चित रूप से उनकी सहायता कर रहे होंगे। ये अधिकारी स्वाभाविक रूप से नये ईडी बॉस की सहायता कर सकते थे। यह सामान्य अभ्यास रहा है। अदालत के आदेश का उपयोग राज्य सरकारों द्वारा शासक की पसंद के व्यक्ति को उसके सेवानिवृत्त होने के बावजूद पद पर रखने के लिए भी किया जा सकता है।

कुछ साल पहले ही पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव अलपन बंद्योपाध्याय को केंद्र सरकार ने वापस बुला लिया था और लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय में प्रतिनियुक्त कर दिया था। चक्रवात के प्रभाव पर नरेंद्र मोदी के साथ बैठक में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के साथ देर से पहुंचने के लिए उन्हें दंडित किया गया था। नवीनतम आदेश के अनुसार, कोई भी मुख्यमंत्री वांछित लाभ पाने के लिए अदालत का रुख कर सकता है।

11 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट ने माना था कि मिश्र को नवंबर 2021 और नवंबर 2022 में दिये गये दो विस्तार अवैध थे। हालांकि, उन्हें 31 जुलाई तक पद पर बने रहने की अनुमति दी गई थी। गौरतलब है कि वरिष्ठ वकील एएम सिंघवी ने कहा कि- सरकार का आवेदन 11 जुलाई के फैसले की 'छिपे तौर पर समीक्षा' है। 'केंद्र को यह कहते हुए देखना बहुत दुखद है कि देश का भविष्य एक आदमी के कंधों पर है। यह मंत्रालय के अधिकारी, राजस्व सचिव हैं, न कि ईडी निदेशक, जो एफएटीएफ के साथ जुड़ते हैं,' सिंघवी ने कहा।

जुलाई की सुनवाई से पहले भी, शीर्ष अदालत के न्यायमूर्ति बी.आर.गवई ने एक विशेष सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर-जनरल तुषार मेहता से पूछा : 'हम जानना चाहते हैं कि क्या पूरा विभाग अक्षम लोगों से भरा है? मान लीजिए कि अगर मैं सीजेआई हूं, तो क्या अगर मैं सीजेआई के रूप में जारी नहीं रह पाऊंगा तो क्या सुप्रीम कोर्ट ढह जायेगा?' पीठ ने आश्चर्य जताया कि केंद्र फिर से विस्तार के लिए आवेदन कैसे दे सकता है!

इस स्तर पर भी, अदालत एफएटीएफ कार्य को ईडी की नियमित जिम्मेदारियों से अलग कर सकती है और सरकार को एक नया ईडी लाने का निर्देश दे सकती है और मिश्रा को एफएटीएफ कार्य पूरा करने दे सकती है। एफएटीएफ की ग्रे सूची में होने का मतलब है कि कोई देश वित्तीय अपराधों को रोकने के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठा रहा है, जिससे वैश्विक समुदाय में उसकी स्थिति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। राजू ने कहा कि- यदि विस्तार नहीं दिया गया तो इससे प्रतिष्ठा को नुकसान होगा, मनी लॉन्ड्रिंग जांच प्रभावित होगी और देश की छवि पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

यह विश्वास करना भोलापन होगा कि मिश्र अपने प्रवास के 45 दिनों के भीतर भारत की छवि को उज्ज्वल कर देंगे और कलंक को मिटा देंगे। फिर कैसा संयोग है कि जिस दिन सुप्रीम कोर्ट ने मिश्र को सेवा विस्तार दिया, उसी दिन राजस्थान में एक रैली में बोलते हुए मोदी ने कांग्रेस नेतृत्व पर नकेल कसने के अपने इरादे स्पष्ट कर दिया। उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व को चेतावनी देते हुए कहा, 'कहा जाता है कि बर्खास्त मंत्री राजेंद्र गुढ़ा की इस 'लाल डायरी' में कांग्रेस सरकार के काले कारनामों का रिकॉर्ड है। लोग कह रहे हैं कि अगर 'लाल डायरी' के पन्ने खोले जाएं तो अच्छे-अच्छे निपट जायेंगे'। मोदी ने कहा कि- दस्तावेज़ में दर्ज काले कारनामे साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की हार का कारण बनेंगे, उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि -लाल डायरी कांग्रेस की 'लूट की दुकान' का ताज़ा उत्पाद है, और कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की हार होगी। 'राजस्थान में सरकार चलाने के नाम पर, कांग्रेस ने झूठ के बाजार में लूट की दुकान स्थापित की है। इस लूट की दुकान का नवीनतम उत्पाद राजस्थान की लाल डायरी है,' मोदी ने कहा।

## गुरवाणी विचार

# घटि घटि में हरि जी औ बसे संतन कहयो पुकार

काम, क्रोध, लोभ, झूठ, निंदा-इन ते आप छड़ावहो।
इह भीतर ते इनको डारहो, आपन निकटि बुलावहो।
अपनी विधि आप जनावहो, हरि जन मंगल गावहो।
बिसर नाही कबहुं हीये ते इह विधि मन माहि पावहो।
गुरु पूरा भेटिओ वडभागी जन नानक कतहि धाहो।

गुरवाणी की यह पंक्तियां सोरठ राग से ली गई है जो गुरुग्रंथ साहिब के 617 अंग पर सुशोभित है। इन पंक्तियों द्वारा पांचवें नानक अर्जुन देवजी समस्त मानवों की तरफ से प्रभु परमात्मा से प्रार्थना कर रहे हैं कि हे प्रभु काम, क्रोध, लोभ, झूठ, निंदा इत्यादि जो बेकार हैं। इन सब से मुझे छुड़ा कर अपने चरणों में ले लेवें। ये पांच विकार हमें अपने वश में करना चाहते हैं और हर वक्त हम पर हावी होते रहते हैं। इनसे पूर्णरूप से तो छुटकारा नहीं पाया जा सकता पर प्रभु कृपा हो जाने पर इन पर काबू पाया जा सकता है और यह संभव भी तभी है जब प्रभु परमात्मा की हम पर विशेष कृपा हो जाए। थोड़े-थोड़े रूप में हमें इन विकारों की भी जरूरत रहती है। अपने और अपने परिवार का उदर-पोषण करने हेतु धन की आवश्यकता होती है इसलिए लोभ और मोह थोड़ी मात्रा में जरूरी है अगर हम बिलकुल शांति से रहना चाहेंगे तो दुनिया हमें जीने नहीं देगी सांप अगर शांत रहे तो लोग पत्थर मार-मार कर अधमरा कर देंगे। इसलिए अपनी रक्षा करने हेतु उसको भी फुंफकारना पड़ता है। इसलिए हमें भी थोड़ी मात्रा में क्रोध की आवश्यकता होती है पर अधिक क्रोध अच्छा नहीं होता इसलिए प्रभु परमात्मा से प्रार्थना करते रहना चाहिए इन पांचों बटमारों को हम तभी वश में कर पाएंगे जब हम पर प्रभु परमात्मा की कृपा हो जाएगी। इसलिए हमें प्रभु परमात्मा अपना वरदहस्त रख देवें ताकि हम इनसे निजात पा लेवें।

तुम करो दया मेरे साईं,
ऐसी मति दीजै मेरे ठाकुर
सदा सदा तुझ घिआई।

प्रभु परमात्मा अपने भक्तों की स्वयं देखरेख करते रहते हैं और उन्हें प्रेरणा देते रहते हैं कि वे इस तरह साध संगत में जाकर प्रभु सिमरन में मन रमाएं।

अपने सेवक की आपे राखे आपे नाम जपावें।
जै जै कार किरत सेवक की ताहि ताहि उठ धावैं।

इस समस्त संसार की रचना प्रभु परमात्मा ने की है और रचना करने के बाद हर एक में विराजमान रहकर अपनी-अपनी गतिविधि का निरीक्षण करता रहता है। सुनार सोने के गहने बनाने तक या उसके बिकने तक ही उसमें मोह रखता है पर प्रभु अपनी रचना के अंदर हर वक्त बिराजमान रहता है।

घटि घटि में हरि जी औ बसे संतन कहयो पुकार।

इसलिए हमें चाहिए कि हम हर वक्त उस प्रभु परमात्मा की सिफत सलाह के गीत गाते रहें अर्थात उसकी सिमरन बंदगी में जुड़े रहें पर हमारे बहुत ही अच्छे भाग्य हों तभी हमारे मन की ऐसी स्थिति बन पाएगी। जब हमारे मन से मैं मैं की भावना खत्म हो जाएगी और जो किछ किया सो तूं किया। ऐसी स्थिति बन जाएगी तभी हमारा कल्याण हो पाएगा। इसी बात को भक्त कबीर दास जी इस तरह समझा रहे हैं-

कबीर मैं मैं करता तूं हुआ मुझमें रहा न मुआ।।
जब आपा पर का मिट गया जहां देखां तां तूं।।

इसलिए हमें मानव जीवन पाने का पूर्णरूप से लाभ उठाते हुए सब तरफ से ध्यान हटाकर प्रभु सिमरन में मन लगाए रखना चाहिए। अपना और अपने परिवार का उदर पोषण हेतु कार-विहार भी करना है पर मन हर वक्त प्रभु परमात्मा से जोड़े रखना है।

**इंदर सिंह आहुजा**

## आपके पत्र

# अमेरिका के चुनाव की दौड़ में भारतवंशियों की शीर्ष पद पर निगहबानी

अमेरिका की राजनीति में भारतीय मूल के उम्मीदवारो की हिस्सेदारी बढ़ती जा रही है। दुनिया की महाशक्ति अमेरिका की राष्ट्रीय राजनीति में भारतवंशियों के बढ़ते प्रभुत्व से भारत की साख में वृद्धि हुई है। उपराष्टपति पद पर आरूढ़ भारतीय मूल की कमला हैरिस की साफ सुथरी छवि पर अमेरिका का भारतीयमूल के लोगोम पर बढ़ता भरोसा दुनिया में भारत की इमेज बढ़ती जा रही है। दरअसल,ब्रिटेन की सत्ता में ऋषि सुनक की राष्ट्रपति पद की दौड़ में कायमाबी मिलना भारत की साख पर चार चांद लग गया है। अमेरिका की राजनीति और सरकारी अधिकारियों की लंबी लिस्ट है। भारतीय मूल के प्रवासियों ने अमेरिका वासियों का दिल जीतने में सफलता हासिल की है,यह भारत की सफलता है। अमेरिका में 2024 में राष्ट्रपति के लिए उम्मीदवारों में तीन भारतवंशी होने का गर्व महसूस हो रहा है। बाइडन ने यहां तक कहा है कि आप भारतीय मूल के राष्ट्रपति लाइए। हम बनाने के लिए तैयार हैं। यह भारतवंशियों की साफगोई की निशानी है। आज जहां भी जाते है भारत की जयकारे सुनने को मिलते हैं। राष्ट्रपति पद के लिए तीन उम्मीदवारों में हर्षवर्धन सिंह, विवेक रामा स्वामी और निक्की हेली चुनाव लड़ने के लिए उम्मीदवार बनाए गए है। निक्की हेली तीसरी बार राष्ट्रपति चुनाव लड़ रही है। एयरोपेस फार्मा उद्यमी जैसे उम्मीदवारों और महिला उम्मीदवार में से किसी एक की जीत होती है और अमेरिका के राष्ट्रपति बनने के सारे रास्ते स्पष्ट होते है और कामयाबी हासिल होती है तो भारत के लिए स्वर्णयुग हो सकता है। भारत की साख में चार चांद लग सकते हैं। किसी तानाशाही शासक की हिम्मत नहीं होगी कि वे भारत को धमका सके। पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पहले राष्ट्रपति बन चुके हैं। इस बार फिर से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बनने जा रहे है। उनके वोट प्रतिशत में 59 फीसद है। इस दौड़ में अन्य उम्मीदवारों की आशा धुंधली बताई जा रही है। हार जीत के कोई मायने नहीं है परन्तु अमेरिका का राष्ट्रपति बनने की तमन्ना हर कोई उम्मीदवार की रहती है।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**

## चीन में भारी बारिश के कारण दो लोगों की मौत

**बीजिंग।** चीन में बीजिंग के मेंटौगौ जिले में शनिवार शाम से शुरू हुई लगातार भारी बारिश के कारण सोमवार को दो लोग मृत पाए गए। स्थानीय अधिकारियों ने सोमवार को यह सुचना दी। सोमवार सुबह जिले में एक आपातकालीन गश्त के दौरान नदी में पाए जाने पर दोनों लोगों में कोई जीवित नहीं थे। मेंटौगौ में कई स्टेशनों पर रात 8 बजे से शनिवार से सोमवार दोपहर तक दर्ज की गई औसत वर्षा 320.8 मिमी तक पहुंच गई थी। बीजिंग में मौसम विभाग के अधिकारियों ने सोमवार सुबह भारी बारिश के लिए रेड अलर्ट जारी रखा है और चेतावनी दी है कि छोटी नदियों में अचानक बाढ़ और भूस्खलन हो सकता है।

# पाकिस्तान में विस्फोट से मरने वालों की संख्या बढ़कर 44 हुई

**विस्फोट में 200 से अधिक लोग घायल**

**इस्लामाबाद,** 31 जुलाई (एजेंसियां)। पाकिस्तान के उत्तर पश्चिम खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के बाजौर जिले में एक राजनीतिक रैली के दौरान आत्मघाती विस्फोट में मरने वालों की संख्या बढ़कर 44 हो गई है।

प्रांतीय स्वास्थ्य मंत्री ने रियाज़ अनवर ने सोमवार को स्थानीय मीडिया को बताया कि विभिन्न अस्पतालों में इलाज के दौरान रात भर नौ घायल लोगों की मौत के बाद मरने वालों की संख्या बढ़ गई। विस्फोट में 200 से अधिक लोग घायल हुए हैं और उनमें से 100 से अधिक का अभी भी अस्पतालों में इलाज चल रहा है।



उन्होंने आशंका जताई कि मरने वालों की संख्या और बढ़ सकती है क्योंकि घायलों में से कम से कम 10 की हालत गंभीर है। उन्होंने कहा कि सभी गंभीर मरीजों को हवाई मार्ग से प्रांतीय राजधानी पेशावर ले जाया गया है। विस्फोट रविवार को दोपहर जिले के मुंडा खार रोड पर शांडेय मोर इलाके के पास उस समय हुआ जब जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम-फजल (जेयूआई-एफ) के राजनीतिक कार्यकर्ताओं के सम्मेलन में एक आत्मघाती हमलावर ने विस्फोट कर दिया।

## पुलिस ने कहा, विस्फोट के पीछे आईएस का हाथ

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत की पुलिस ने सोमवार को कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि बाजौर में जमीयत उलेमा इस्लाम-फजल (जेयूआई-एफ) के कार्यकर्ताओं पर आत्मघाती विस्फोट के पीछे इस्लामिक स्टेट (आईएस) आतंकवादी समूह का हाथ था। इसमें 46 लोगों की जान चली गई। जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, रविवार को अफगानिस्तान की सीमा से लगे पूर्व कबायली इलाके में एक आत्मघाती हमलावर ने रैली में विस्फोटक विस्फोट कर दिया, इसमें 100 से अधिक लोग घायल हो गए। जिला पुलिस अधिकारी (डीपीओ) नजीर खान ने कहा, बाजौर और आसपास के इलाकों के अस्पतालों में आपातकाल घोषित कर दिया गया, जहां ज्यादातर घायलों को ले जाया गया था।

## न्यूजीलैंड की सत्तारुढ़ पार्टी चुनाव के लिए तैयार

**वेलिंगटन,** 31 जुलाई (एजेंसियां)। न्यूजीलैंड की सत्तारुढ़ लेबर पार्टी ने अक्टूबर 2023 में होने वाले आम चुनाव की तैयारियों के मद्देनजर अपने पार्टी की प्रतिबद्धताओं को व्यक्त किया है।



पार्टी के अध्यक्ष जिल डे ने कहा कि लेबर पार्टी अपनी मौजूदा टीम को मजबूत कर रही है और रोटी-रोजी के मुद्दों पर ध्यान केंद्रित कर रही है। यह मुद्दा न्यूजीलैंडवासियों के लिए सबसे ज्यादा मायने रखता हैं। श्री डे ने लेबर पार्टी के एक बयान में मुद्रास्फीति की घटती दर और रिकॉर्ड कम बेरोजगारी जैसे भविष्य के अवसरों का हवाला देते हुए कहा कि यह चुनाव इस बारे में है कि कठिन समय में न्यूजीलैंडवासियों का सबसे अच्छा साथ कौन देता है। उन्होंने कहा कि लेबर की योजना मुद्रास्फीति में कटौती करना, जीवनयापन की लागत कम करना, लोगों और समुदायों को सुरक्षित रखना और शिक्षा, स्वास्थ्य और आवास में निवेश करना है।

## अनाज सौदा फिर से शुरू करने के लिए प्रयासरत तुर्की



**■ पश्चिमी देशों के साथ बातचीत कर रहा तुर्की**

**अंकारा,** 31 जुलाई (एजेंसियां)। तुर्की काला सागर अनाज पहल को फिर से शुरू करने एवं रूसी खाद्य निर्यात के लिए गारंटी प्राप्त करने के लिए पश्चिमी देशों के साथ बातचीत कर रहा है। अंकारा में बातचीत में शामिल एक सूत्र ने सोमवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा , जहाँ तक मुझे पता है, निकट भविष्य में रूस और तुर्की के राष्ट्रपतियों के बीच एक उच्च-स्तरीय टेलीफोन वार्तालाप की तैयारी की जा रही है। अन्य विषयों के अलावा, हम रूसी भोजन को संसाधित करने और वितरित करने में कैसे मदद कर सकते हैं, इस पर विशिष्ट विकल्प जरूरतमंद देशों पर चर्चा की जाएगी। प्रतिनिधिमंडलों ने कुछ सुझाव प्रस्तुत किए और उस पर निर्णय उच्चतम स्तर पर किया जाएगा। उन्होंने कहा, हमारी बातचीत में, हम अपने पश्चिमी साझेदारों से विशिष्ट गारंटी मांग रहे हैं। उनकी अनुपस्थिति ने पहले ही तंत्र को ठप कर दिया है और हमें खाद्य संकट का खतरा है।

## सुडोकू 6273

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 7 | | 4 | | 5 | 2 | |
| | | 5 | 7 | 2 | 1 | | | 3 |
| 3 | 1 | | | | | | 6 | |
| | | 6 | | | 4 | 1 | | 2 |
| | 2 | 1 | 6 | | 8 | 4 | 9 | |
| 5 | | 4 | 2 | | | 6 | | |
| | 5 | | | | | | 4 | 7 |
| 2 | | | 4 | 5 | 9 | 3 | | |
| | 4 | 3 | | 7 | | 8 | 5 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : मंगलवार 1 अगस्त , 2023 श्रावण शुक्ल पक्ष 14

### राशिफल

मेष -आपका दिन औसत फलदायी है। परिजनों के साथ बैठकर आप महत्वपूर्ण चर्चा करेंगे। घर की साज-सज्जा में आपको परिवर्तन की इच्छा होगी। ऑफिस या व्यवसाय में अधिकारियों के साथ किसी महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा हो सकती है।

वृषभ -आज का दिन आपके लिए मिश्र फलदायी रहेगा। व्यापारी अपने व्यापार में धन लगाकर नए कार्य का प्रारंभ कर सकेंगे और भविष्य के लिए योजना भी बना पाएंगे। विदेशगमन की संभावना भी है।

मिथुन -नकारात्मक विचारों से आप आज दूर रहें। नए काम की शुरुआत आज बिल्कुल ना करें। गुस्से की भावना को संयम में नहीं रखेंगे, वाद-विवाद बड़े झगड़ों का रूप ले सकता है। खर्च अधिक होगा।

कर्क -वैभवी जीवन शैली तथा मनोरंजक प्रवृत्तियों से आज आप आनंदित रहेंगे। व्यापार में आप को लाभ होगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। यात्रा या प्रवास का आयोजन कर सकेंगे।

सिंह -आपका आज का दिन मध्यम फलदायी होगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ वाणी में संयम बरतें। दैनिक काम में विघ्न आ सकते हैं। काम समय पर पूरा कर पाने की स्थिति में रहेंगे।

कन्या -आज आपको किसी भी तरह के कलह और चर्चा से दूर रहना चाहिए। आकस्मिक धन खर्च की संभावना है। विद्यार्थियों का पढ़ाई में मन नहीं लगेगा। प्रियजन के साथ हुई मुलाकात से मन आनंदित रहेगा।

तुला -आपके लिए समय शुभ है। किसी बात को लेकर मन ज्यादा इमोशनल रहेगा। शारीरिक ताज़गी का अभाव रहेगा। मानसिक चिंता भी रहेगी। धन और यश की हानि हो सकती है। मां के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।

वृश्चिक -नए काम की शुरुआत के लिए आज का दिन शुभ है। दिनभर मन की प्रसन्नता बनी रहेगी। भाई-बंधुओं के साथ कोई आवश्यक चर्चा करेंगे। आर्थिक लाभ तथा भाग्यवृद्धि के योग हैं। किसी छोटी यात्रा का आयोजन हो सकता है।

धनु -आज का दिन मध्यम फलदायी हैं। निरर्थक व्यय होगा। मन में ग्लानि रहेगी। परिजनों के साथ गलतफहमी के कारण मनमुटाव हो सकते हैं। कामों में मनवांछित सफलता नहीं मिल पाएगी। दुविधायुक्त मनोदशा के कारण निर्णय नहीं ले पाएंगे।

मकर -आज का दिन ईश्वर के स्मरण में बीतेगा। धार्मिक काम में आप व्यस्त रहेंगे। नौकरी-व्यवसाय में भी अनुकूल परिस्थिति रहेगी। आज आपके हर काम सरलता से पूरे होंगे। मान-सम्मान मिलेगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं।

कुंभ -स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बने रहें। मानसिक स्वास्थ्य में कमी रहेगी। कोर्ट-कचहरी की झंझट में न फंसें। अनुचित स्थान पर पूंजी-निवेश हो सकती है, इसलिए विशेषज्ञ की सलाह से काम करें।

मीन -आज आप पारिवारिक तथा सामाजिक बातों में व्यस्त रहने वाले हैं। मित्रों से मुलाकात होगी। उनके पीछे धन खर्च करना होगा। किसी खास जगह पर जाना हो सकता है। प्रत्येक काम में आपको लाभ होगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## ऑस्ट्रेलिया में दुर्घटनाग्रस्त हेलीकॉप्टर में सवार चार सैनिक मृत घोषित

**सिडनी,** 31 जुलाई (एजेंसियां)। आस्ट्रेलिया में पिछले सप्ताह के अंत में एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना के बाद लापता हुए चार ऑस्ट्रेलियाई सैनिकों को मृत घोषित कर दिया गया है। ऑस्ट्रेलियाई रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्लेस ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह दुर्घटना शुक्रवार को अमेरिका-ऑस्ट्रेलिया सैन्य अभ्यास टैलिसमैन सेबर के दौरान हुई, जिसमें 30 हजार से अधिक सैनिक शामिल थे। दुर्घटना में ऑस्ट्रेलिया के सिडनी स्थित 6वीं एविएशन रेजिमेंट के चार सैनिक लापता हो गए। श्री मार्लेस ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, शुक्रवार रात को एमआरएच-90 हेलीकॉप्टर की दुर्घटना के बाद से, व्हिट्संडेज़ में होने वाली गतिविधियों से अब हेलीकॉप्टर के महत्वपूर्ण मलबे का पता चला है। अब कैप्टन ल्योन, लेफ्टिनेंट नुगेंट, वारंट ऑफिसर लेकॉक और कॉर्पोरल नैग्स को जीवित खोजने की उम्मीद खत्म हो गई है। उन्होंने कहा कि इस दुर्घटना से संबंधित सभी चार सैनिकों के परिवारों को सूचना दे दी गयी है। इस घटना के बाद 21 जुलाई से चार अगस्त तक चलने वाले टैलिसमैन सेबर 2023 अभ्यास को निलंबित कर दिया गया।

## डोकसूरी तूफान से मरने वालों की संख्या 25 हुई, 20 लापता

**मनीला,** 31 जुलाई (एजेंसियां)। फिलीपींस में तूफान 'डोकसूरी' के कारण आयी बाढ़ और भूस्खलन से मरने वालों की संख्या 25 हो गई है और कम से कम 20 से अधिक लोग लापता हैं।




देश की राष्ट्रीय आपदा एजेंसी ने सोमवार को यह जानकारी दी। पिछले सप्ताह फिलीपींस से डोकसूरी तूफान के दूर जाने के बाद भी यहां भारी बारिश जारी है। जिससे देश के कई हिस्से जल मग्न हैं। इस साल फिलीपींस में आने वाला छठा चक्रवाती तूफान 'खानुन' सोमवार को भी तीव्र होता जा रहा है, जिससे मेट्रो मनीला सहित पूरे देश में दक्षिण-पश्चिम मानसून की बारिश बढ़ गई है। राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण और प्रबंधन परिषद (एनडीआरआरएमसी) ने सोमवार को एक रिपोर्ट में कहा कि डोकसूरी ने उत्तरी फिलीपींस में 20 लोगों की जान ले ली, जबकि मेट्रो मनीला के पास के क्षेत्र में तीन और मध्य फिलीपींस में दो लोगों की मौत हो गई। एजेंसी ने कहा कि उत्तरी फिलीपींस में 20 और लोग लापता हैं। डकसूरी ने दक्षिण पूर्व एशियाई देश में लगभग ढाई लाख लोगों को प्रभावित किया।

### जापान में खानून तूफान के कारण 260 उड़ानें रद्द

**टोक्यो।** जापान में तूफान खानून के असर से यहां करीब 264 उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। एनएचके ब्रॉडकास्टर के अनुसार तूफान के सोमवार से मंगलवार तक ओकिनावा और अमामी के दक्षिण-पश्चिमी क्षेत्रों में पहुंचने की उम्मीद है। जापान एयरलाइंस (जेएएल) ने तूफान के करीब आने पर आज 67 उड़ानें रद्द कर दी हैं, जबकि ऑल निप्पॉन एयरवेज (एएनए) ने भी आज 73 उड़ानें और मंगलवार को 124 उड़ानें रद्द कर दी हैं। जापानी अधिकारियों ने ओकिनावा और अमामी निवासियों को चेतावनी दी है कि खानून तूफान से ऊंची लहरें, भूस्खलन और बाढ़ आ सकती है।

## वर्ग पहेली 6273



**बायें से दायें:-**

१. मधु दैत्य का वध करने वाले श्रीकृष्ण, भौंरा
४. जिसका विरोध न हुआ हो, स्वच्छंद, श्रीकृष्ण के प्रपौत्र
६. लौटना, वापस आना
७. हालत, दशा, आनंद, मजा, रंग
८. झूठ, झूठी बात
१०. फौरन
११. नियम बनाने वाला, व्यवस्थापक, नियंता
१३. पृष्ठ या पन्ने के चारों ओर का प्रायः सादा किनारा
१४. कोमल
१५. चंदन
१७. दया, कृपा (उर्दू)
१९. चेहरे पर का काला धब्बा, ख़िजाब
२१. दर्शन करना, निहारना
२२. किसी दल का गिरोह या प्रधान
२४. मछुआरा

**ऊपर से नीचे:-**

१. फूलों का पराग
२. सूर्य पुत्री, यमुना
३. नया आया हुआ
४. बेहद
५. अपमानित, बदनामी (उर्दू)
९. रूढ़िवादी (उर्दू)
११. व्यर्थ, बेकार, फलरहित
१२. कामदेव
१३. स्थिति, दशा (उर्दू)
१४. कमल
१५. शिव
१६. नाम के अनुरूप
१८. रक्तपान करने वाला
१९. कछुआ
२०. उपाधि, खिताब
२३. दिनांक

### वर्ग पहेली-6272

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गि | द्ध | २ दृ | ष्टि | ■ | ■ | ३ उ | प | ४ रो | क्त |
| रि | ■ | ढ़ | ■ | ५ व | णि | ज | ■ | ध | ■ |
| ६ ध | र्म | सं | क | ट | ■ | ७ र | त्ना | क | ८ र |
| र | ■ | क | ■ | ९ वृ | त्तां | त | ■ | ■ | ज |
| ■ | १० क | ल्प | ११ वृ | क्ष | ■ | ■ | १२ ज | न | नी |
| ■ | सै | ■ | श्चि | ■ | १३ वं | च | ना | ■ | गं |
| १४ क | ला | १५ प | क | ■ | श | ■ | १६ ब | १७ हु | धा |
| लं | ■ | रि | ■ | १८ अ | ज | १९ र | ■ | लि | ■ |
| २० कि | ष्किं | धा | ■ | पा | ■ | २१ ज | ल | या | २२ न |
| त | ■ | २३ न | ग | र | ज | न | ■ | ■ | दी |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

### प्रथम पृष्ठ का शेष

**बेरोजगारी भत्ते की चौथी किश्त...**

प्रशिक्षित युवाओं को रोजगार से जोड़ने का काम भी साथ-साथ चल रहा है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार ने 13-14 वर्षों में 98 करोड़ रूपए बेरोजगारी भत्ते के रूप में बांटे थे। हमने चार माह में ही 112 करोड़ से अधिक की राशि बेरोजगारी भत्ते के रूप में वितरित की है।

उप मुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव ने कहा कि युवाओं को बेरोजगारी भत्ता सहित प्रदेश के अन्य सभी वर्गों के हित को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार काम कर रही है। बेरोजगारी भत्ते के माध्यम से युवाओं को जो सम्बल दिया गया है, इससे युवाओं का भविष्य निखर रहा है। स्कूल शिक्षा मंत्री रविन्द्र चौबे ने कहा कि बेरोजगारी भत्ता योजना के सर्वाधिक लाभार्थी ग्रामीण क्षेत्र के हैं। लगभग 82 प्रतिशत ग्रामीण युवाओं को इसका लाभ मिल रहा है। उनके भविष्य को सवांरने में योजना बड़ी भूमिका निभाएगी। गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया।

**नूंह में शोभायात्रा के दौरान ...**

उसकी दीवार में टक्कर मार दी। नूंह जिला प्रशासन ने हालात से निपटने के लिए दूसरे जिलों से पुलिस फोर्स बुलाई है, साथ ही पूरे जिले में धारा 144 लगाते हुए दो अगस्त यानी 2 दिन के लिए इंटरनेट भी बंद कर दिया गया। जिले की सीमाएं सील कर दी गई हैं। ब्रजमंडल यात्रा नूंह के नल्हड़ शिव मंदिर से फिरोजपुर-झिरका की तरफ रवाना हुई थी। जैसे ही यात्रा तिरंगा पार्क के पास पहुंची, वहां एक समूह के लोग पहले से जमा थे। आमने-सामने आते ही दोनों पक्षों में तकरार हो गई और देखते ही देखते पथराव शुरू हो गया।

**आरपीएफ जवान ने प्रभारी समेत...**

वरिष्ठ अधिकारियों के साथ फोरेंसिक टीम, जीआरपी, आरपीएफ और स्थानीय अधिकारियों ने घटना की जांच शुरू कर दी है। शवों को पहचान के लिए व औपचारिकताओं के लिए बोरीवली स्टेशन पर भेज दिया गया।

## गांधीनगर में जी-20 सशक्तीकरण शिखर सम्मेलन कल

**नई दिल्ली,** 31 जुलाई (एजेंसियां)। जी- 20 सशक्तिकरण शिखर सम्मेलन कल गुजरात के गांधीनगर में शुरु होगा जिसमें महिलाओं के नेतृत्व में विकास सुनिश्चित करने पर मंथन होगा और इसका उद्घाटन केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी करेंगी। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने सोमवार को यहां यह जानकारी देते हुए कहा कि दो दिन के इस शिखर सम्मेलन में जी - 20 देशों के प्रतिनिधियों की भागीदारी के अलावा अनेक वैश्विक विशेषज्ञों, नीति निर्माताओं और आमंत्रित अतिथि देशों और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधियों की भागीदारी होगी।

सम्मेलन का उद्देश्य जी-20 देशों में निजी क्षेत्र में महिलाओं के नेतृत्व और सशक्तिकरण में तेजी लाना है। शिखर सम्मेलन में श्रीमती ईरानी के अलावा केंद्रीय महिला एवं बाल विकास और आयुष राज्य मंत्री डॉ. मुंजपारा महेंद्रभाई सहित कई प्रतिष्ठित व्यक्ति शामिल होंगे। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय में सचिव इंदीवर पांडे, विश्व बैंक की उपाध्यक्ष लक्ष्मी श्याम सुंदर, संयुक्त राष्ट्र महिला की कार्यकारी निदेशक सिमा बाहौस उद्घाटन सत्र को संबोधित करेंगी। सम्मेलन में प्रत्येक सत्र महिला सशक्तिकरण के विभिन्न पहलुओं पर केंद्रित होगा।

## आज का इतिहास

1914 – जर्मनी द्वारा प्रथम विश्व युद्ध की शुरुआत

1995 – हब्बल दूरबीन ने शनि के एक और चन्द्रमा की खोज की।

2000 – ईरान में महिलाएं भी इमाम बनीं।

2004 – श्रीलंका ने प्रेमदासा स्टेडियम में आयोजित फ़ाइनल मैच में भारत को 25 रनों से हराकर एशिया कप जीत लिया। सनत जयसूर्या 'मैन आफ़ द सिरीज' बने।

2005 – सऊदी अरब के बादशाह फहद बिन अब्दुल अजीज का निधन, दिवंगत बादशाह के भाई शाहजादा अब्दुल्ला बिन अब्दुल अजीज को देश का नया शासक नियुक्त किया गया।

2006 – जापान ने दुनिया की पहली भूकम्प पूर्व चेतावनी सेवा शुरू की।

2007 – वियतनाम के हनोई शहर में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय गणित ओलम्पियाड (आई.एम.ओ.) में भारतीय दल के छः सदस्यों ने तीन रजत पदक जीते।

2008 – अन्तर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के बोर्ड ने भारत के विशेष निगरानी समझौते को हरी झंडी दी।

**आयोजन** *अगस्त में जापान, दक्षिण कोरिया के साथ होगा सम्मेलन*

# अमेरिका त्रिपक्षीय शिखर सम्मेलन की करेगा मेजबानी

**वाशिंगटन, 31 जुलाई (एजेंसियां)। जापान के प्रधान मंत्री फुमियो किशिदा अमेरिका और दक्षिण कोरिया के नेताओं के साथ त्रिपक्षीय शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए अगले महीने अमेरिका का दौरा करेंगे। जापान सरकार ने सोमवार को यह जानकारी दी। जापानी मुख्य कैबिनेट सचिव हिरोकाजू मात्सुनो ने एक ब्रीफिंग में कहा, यदि परिस्थितियाँ अनुमति देती हैं,**

तो प्रधान मंत्री किशिदा 17 अगस्त को अमेरिका का दौरा करेंगे और 18 अगस्त को कैंप डेविड में त्रिपक्षीय जापान-अमेरिका-दक्षिण कोरिया शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि शिखर सम्मेलन में उत्तर कोरिया के खिलाफ उपायों के अलावा, त्रिपक्षीय रणनीतिक सहयोग को मजबूत करने के साथ-साथ कानून के शासन के आधार पर एक स्वतंत्र और खुली विश्व व्यवस्था को संरक्षित और मजबूत करने पर राय का आदान-प्रदान भी होगा । यह स्वतंत्र रूप से आयोजित होने वाला पहला अमेरिका -जापान-दक्षिण कोरिया शिखर सम्मेलन होगा, न कि अंतरराष्ट्रीय आयोजनों से इतर। तीनों देशों के प्रमुखों के बीच नवीनतम त्रिपक्षीय शिखर सम्मेलन मई में हिरोशिमा में जी7 शिखर सम्मेलन के दौरान हुआ था।




### मिस्त्र ने फिलिस्तीनी गुटों की बैठक की मेजबानी की

काहिरा वेस्ट बैंक में इजरायल और फिलिस्तीनियों के बीच बढ़ती हिंसा के बीच सुलह के प्रयासों पर चर्चा करने के लिए फिलिस्तीनी गुटों ने मिस्त्र में मुलाकात की। मिस्त्र की आधिकारिक समाचार एजेंसी ने रविवार को बताया कि फिलिस्तीनी राष्ट्रपति महमूद अब्बास की अध्यक्षता में हुयी बैठक में विभिन्न फिलिस्तीनी गुटों के बीच एकता बहाल करने का प्रयास किया गया। दो मुख्य प्रतिद्वंद्वी -- सत्तारूढ़ फतह और गाजा-नियंत्रित हमास ने मिस्त्र के न्यू अलामीन शहर में बैठक में हिस्सा लिया, जबकि फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद (पीआईजे) ने पहले ही घोषणा कर दी थी कि वह अपने कुछ सदस्यों की राजनीतिक गिरफ्तारी के कारण बैठक का बहिष्कार करेगा। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, मिस्त्र की मध्यस्थता में हुयी यह बैठक वेस्ट बैंक में बढ़ती हिंसा के बीच हुई। इससे पहले जुलाई में जेनिन शरणार्थी शिविर पर इजरायली हमले में कम से कम 12 फिलिस्तीनी मारे गए थे और 150 से अधिक घायल हो गए थे।

## दुनिया को जानें

### ऑस्ट्रेलिया ने घरेलू हिंसा से सुरक्षा के लिए विशेषज्ञ टीम बनाई

**सिडनी,** 31 जुलाई (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलियाई राज्य न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) के पुलिस बल ने राज्य में घरेलू और पारिवारिक लक्षित हिंसा की रोकथाम, व्यवधान और जांच प्रतिक्रियाओं को चलाने के लिए एक नई रजिस्ट्री स्थापित की है। एनएसडब्ल्यू पुलिस आयुक्त करेन वेब ने इसकी स्थापना की घोषणा करते हुए रविवार को कहा कि घरेलू और पारिवारिक हिंसा रजिस्ट्री में घरेलू और पारिवारिक हिंसा के मुद्दों में विशेषज्ञता वाले अधिकारी हैं और घरेलू और पारिवारिक हिंसा की घटनाओं पर सलाह, मार्गदर्शन और प्रतिक्रिया प्रदान करने की 24 घंटे की क्षमता है। वेब ने कहा, घरेलू और पारिवारिक हिंसा आज के सबसे चुनौतीपूर्ण और जटिल सामुदायिक मुद्दों में से एक है; यह एक महामारी की तरह महसूस होती है। इसे बदलने का समय आ गया है।



# खेल जगत

## स्टुअर्ट ब्रॉड के संन्यास पर जेम्स एंडरसन का रिएक्शन आया सामने



**लंदन,** 31 जुलाई (एजेंसियां)। इंग्लैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने कहा है कि एशेज सीरीज 2023 की समाप्ति के बाद स्टुअर्ट ब्रॉड के संन्यास लेने के फैसले ने उन्हें खेल जारी रखने के लिए और भी अधिक दृढ़ बना दिया है। एंडरसन 690 विकेट के साथ इंग्लैंड के सर्वकालिक अग्रणी टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। एंडरसन पांचवें और अंतिम एशेज टेस्ट में 76.75 की औसत से श्रृंखला में सिर्फ चार विकेट ले पाए हैं। उनका भविष्य एक बड़ी चर्चा का विषय रहा है, विशेषकर तब जब वह इस मैच के दौरान 41 वर्ष के हो गए। एंडरसन ने स्काई स्पोर्ट्स से कहा, मेरी यह श्रृंखला वास्तव में ज्यादा अच्छी नहीं रही है। मुझे वो विकेट नहीं मिले, जिनकी मुझे खुद से उम्मीद थी। तेज गेंदबाज ने अपने करियर पर आगे कहा, मैं फिट हूं। मुझे लगता है कि मैं काफी अच्छी गेंदबाजी कर रहा हूं। मैं अपने खेल पर अभी और मेहनत करना चाहता हूं।

# भारत की निगाहें वेस्ट इंडीज से तीसरा व निर्णायक वन डे जीत सीरीज 2-1 से अपने नाम करने पर

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 31 जुलाई (देशबन्धु)। भारत की वेस्ट इंडीज के हाथों ब्रिजटाउन में दूसरे वन डे क्रिकेट मैच मे खासतौर पर बल्लेबाजी क्रम में किए प्रयोगों के चलते छह विकेट से हार से मेजबान टीम द्वारा तीन मैचों की सीरीज में एक-एक की बराबरी पाने के बावजूद चीफ कोच राहुल द्रविड़ ने अपनी टीम का यह कह बचाव किया उनके पास एशिया कप और आईसीसी वन डे विश्व कप से यह अपने कई खिलाडियों को आजमाने का आखिरी मौका था। द्रविड़ का कहना है कि बतौर कोच उनके जेहन में घर में होने वाले वन डे विश्व कप के मद्देनजर बड़ी तस्वीर है और इसीलिए वेस्ट इंडीज के खिलाफ विराट कोहली और कप्तान रोहित शर्मा को सीरीज के दूसरे वन डे में आराम दिया और पहले में कप्तान रोहित शर्मा को सातवें नंबर पर उतारा। द्रविड़ ने साथ ही मौजूदा सीरीज के शुरू के दो वनडे में नाकाम रहने के बाद जिस तरह सूर्य कुमार यादव का बचाव किया उससे यह साफ है कि वह सूर्य कुमार यादव को वेस्ट इंडीज के खिलाफ तारुबा , त्रिनिदाद एंड टोबेगो में आखिरी तीसरे और निर्णायक वनडे क्रिकेट मैच में एक और मौका देंगे। भारत बेशक एशिया कप से पहले अपने मंगलवार को खेले जाने वाले आखिरी मैच में मेजबान वेस्टइंडीज को तोरुबा में हरा सीरीज 2-1 से अपने नाम करना चाहेगा।



भारत को वेस्ट इंडीज के खिलाफ तीसरा और निर्णायक वन डे जीत सीरीज अपने नाम करनी है तो फिर बतौर तेज गेंदबाज हार्दिक, ऑलराउंडर शार्दूल ठाकुर (दो मैच , चार विकेट) और अपने वन डे करियर का आगाज करने वाले मुकेश कुमार की त्रिमूर्ति के साथ तीनों बाएं हाथ के स्पिनरों-रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल और इस सीरीज में सबसे ज्यादा पांच विकेट ले सबसे कामयाब रहे कुलदीप यादव को स्पिन का जाल बुन कर किफायती और धारदार गेंदबाजी करनी होगी।

भारत के लिए लेग स्पिनर के रूप में कुलदीप यादव के साथ युजवेंद्र चहल तेज गेंदबाज उमरान मलिक की जगह बेहतर विकल्प हो सकते हैं। भारत के पास हालांकि ऋतुराज गायकवाड़ के रूप में शीर्ष क्रम में बेहतर बल्लेबाजी विकल्प है लेकिन निर्णायक वनडे के लिए अपनी एकादश में बहुत फेरबदल करने की उम्मीद बहुत कम है। हार्दिक पांडया ने खुद कहा है वन डे विश्व कप से पहले बतौर गेंदबाज अपनी पूरी लय पाने में जुटे हैं और वह चाहते हैं भारतीय बल्लेबाज निर्णायक वन डे में ज्यादा सूझबूझ से बल्लेबाजी करे। भारतीय बल्लेबाज को वेस्ट इंडीज के दूसर वन डे में तीन तीन विकेट चटकाने वाले बाएं हाथ के स्पिनर गुड़ाकेश मोती और तेज गेंदबाज रोमारियो जोसेफ से जरूर चौकस रहना होगा।

भारत में होने वाले आईसीसी वन डे विश्व कप के लिए नाकाम रहने वाली वेस्ट इंडीज के खिलाफ रोहित शर्मा और विराट कोहली नहीं भी खेले तो भी भारतीय टीम में मेजबान टीम से बेहतर है। भारत को वन डे सीरीज का समापन जीत के साथ करना होगा तो उसे अपना बल्लेबाजी क्रम सही रखना होगा। मौजूदा सीरीज में बतौर गेंदबाज भारत के बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप यादव और वेस्ट इंडीज बाएं हाथ के स्पिनर गुड़ाकेश पांच-पांच विकेट लेकर आगे चल रहे हैं जबकि वेस्ट

### ■ भारत को जीतना है इशान व शुभमन के साथ सूर्य को बढ़िया बल्लेबाजी करनी होगी

इंडीज के लिए उसके कप्तान शाई होप एक अर्द्धशतक (कुल 106 रन) शुरू के दो मैचों के बाद रन बनाने में इशान किशन (कुल 107 रन) के बाद दूसरे स्थान पर चल रहे हैं। भारत को सीरीज का समापन जीत के साथ करना है तो इशान किशन और शुभमन गिल की सलामी जोड़ी को एक बार फिर बढ़िया आगाज करने के साथ उनके बाद तीसरे और आखिरी वन डे में भी रोहित की जगह कप्तानी की जिम्मेदारी संभालने वाले ऑलराउंडर हार्दिक पांडया, लेफ्ट आर्म स्पिन ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा और अक्षर पटेल को निश्चित रूप से गेंद के साथ बल्ले से भी बेहतर प्रदर्शन करना होगा। भारतीय बल्लेबाजों को वेस्ट इंडीज के तेज गेंदबाज रोमारियो शेफर्ड, सटीक गेंदबाजी करने वाले कायल मायर्स, जेडन सील्स के साथ अल्जारी जोसेफ के खिलाफ समझबूझ से बल्लेबाजी करनी होगी। चीफ कोच राहुल द्रविड़ ने ठीक कहा कि सूर्य कुमार यादव अब वन डे के मुताबिक बल्लेबाजी करना सीख रहे हैं। ऐसे में बल्लेबाजी क्रम में तीसरे नंबर पर सूर्य कुमार यादव से थोड़े ज्यादा संयम से खेले तो बेहतर विकल्प हो सकते हैं। वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों में कप्तान होप और कुछ हद तक कैसी कार्टी को छोड़ कर एलिस अथानजे, ब्रेंडन किंग और कायल मायर्स की सलामी जोड़ी खासतौर पर भारत के स्पिनरों के खिलाफ संघर्ष करती नजर आई।

# हरमनप्रीत सिंह और दिलप्रीत के एक-एक गोल से भारत ने नीदरलैंड को हरा तीसरा स्थान पाया



नई दिल्ली, 31 जुलाई (देशबन्धु)। कप्तान ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह और स्ट्राइकर दिलप्रीत सिंह के एक एक गोल की बदौलत भारत की पुरुष हॉकी टीम ने मजबूत नीदरलैंड को रविवार देर रात बार्सीलोना में स्पेन हॉकी संघ की शताब्दी के मौके पर आयोजित चार देशों के अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट में 2-1 से हरा कर तीसरा स्थान पाया। पराजित नीदरलैंड की ओर से एकमात्र गोल थियरे ब्रिंकमैन ने दागा। इस मैच की रोचक बात यह रही इसमें तीनों गोल पेनल्टी कॉर्नर पर हुए। भारत के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने उसके लिए चारों मैचों में एक-एक गोल किया। हरमनप्रीत सिंह ने भारत के लिए इस टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा चार गोल दागे।

भारत ने नीदरलैंड के खिलाफ संभल कर आगाज किया और नीदरलैंड के स्ट्राइकर पर अपनी डी में नहीं घुसने दिया। वहीं भारत के स्ट्राइकरों ने तालमेल से खेलते हुए नीदरलैंड की रक्षापंक्ति को गलती करने पर मजबूर किया। कप्तान हरमनप्रीत ने पहला क्वॉर्टर खत्म होने से ठीक पहले पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल कर भारत का खाता खोला।

नीदरलैंड ने दूसरे क्वॉर्टर में बराबरी पाने में पूरी ताकत झोंक दी। अनुभवी ड्रैग फ्लिकर थियरे ब्रिंकमैन ने दूसरे क्वॉर्टर के पांचवें मिनट में गोल कर नीदरलैंड को एक -एक की बरबारी दिला दी। भारत ने जीत की आस में बराबर हमले जारी रखे लेकिन तीसरे क्वॉर्टर में वह एक भी गोल नहीं कर पाया।

नीदरलैंड ने चौथे क्वॉर्टर के शुरू में गोल करन जीत हासिल करने के कई मौके गंवाए। अमित रोहिदास ने चौथे और आखिरी क्वॉर्टर के पांचवें पेनल्टी कॉर्नर पर तेज ड्रैग फ्लिक लगाया नीदरलैंड के गोलरक्षक मॉरित्ज वाइजर ने इसे रोकना चाहा लेकिन उनके पैड को लग कर लौटती गेंद वहीं डी में मंडराते दिलप्रीत सिंह ने लपक कर गोल में डाल कर भारत को 2-1 से आगे कर दिया। यह मैच का निर्णायक गोल साबित हुआ। आखिरी क्षणों में नीदरलैंड ने लगातार पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए लेकिन भारत की रक्षापंक्ति ने मुस्तैदी से इन्हें रोक कर बेकार कर दिया। भारत ने अपना अभियान जीत के साथ खत्म कर टूर्नामेंट में तीसरा स्थान पाया।

# ऑस्ट्रेलिया, नाइजीरिया सुपर-16 में



मेलबर्न, 31 जुलाई (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया ने फीफा महिला विश्व कप 2023 के एकतरफा ग्रुप-बी मुकाबले में सोमवार को कनाडा को 4-0 से परास्त कर सुपर-16 चरण में जगह बना ली। मेलबर्न रेकटैंगुलर स्टेडियम पर खेले गये मुकाबले में हेली रासो (नौंवा, 39वां मिनट) ने ऑस्ट्रेलिया के दो गोल किये, जबकि मेरी फाउलर (58वां) और स्टेफनी कैटली (90+4वां मिनट) ने एक-एक गोल किया। दिन के दूसरे ग्रुप-बी मुकाबले में नाइजीरिया ने आयरलैंड गणराज्य के साथ शून्य गोल का ड्रॉ खेलकर सुपर-16 का टिकट कटा लिया। इस करो या मरो मुकाबले में सैम कर की अनुपस्थिति ऑस्ट्रेलिया के लिये बड़ी चिंता थी, लेकिन रासो ने पहले हाफ में ही दो गोल दागकर मेज़बान टीम की इस चिंता को दूर कर दिया। उनका पहला गोल नौंवे मिनट में केटली के क्रॉस की मदद से आया जिसे गोल में पहुंचाने में रासो ने कोई चूक नहीं की। हाफ टाइम से छह मिनट पहले रासो ने दूसरा गोल जमाकर मटिल्डाज़ को मज़बूत स्थिति में पहुंचा दिया। कनाडा ने हाफ टाइम के बाद चार खिलाड़ी बदले, हालांकि यह परिवर्तन स्थिति में कोई बदलाव नहीं लाया और फाउलर ने 58वें मिनट में ऑस्ट्रेलिया का तीसरा गोल जमा दिया। हताश कनाडा के सभी प्रयासों को बेअसर कर ऑस्ट्रेलिया जीत की ओर बढ़ रही थी कि तभी केटली ने अतिरिक्त समय में मिली पेनल्टी को गोल में तब्दील कर मेज़बान टीम की विशाल जीत सुनिश्चित की।

# स्पेन को हराकर ग्रुप-सी के शीर्ष पर जापान

**वेलिंगटन,** 31 जुलाई (एजेंसियां)। जापान ने फीफा महिला विश्व कप 2023 के एकतरफा मुकाबले में सोमवार को स्पेन को 4-0 से हराकर ग्रुप-सी में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया।

वेलिंगटन रीजनल स्टेडियम पर खेले गये मुकाबले में हिनाटा मियाज़ावा (12वां, 40वां मिनट) ने विजेता टीम के दो गोल किये, जबकि रिको युकी (29वां मिनट) और मिना तनाका (82वां मिनट) ने एक-एक गोल जमाया।



जापान को टूर्नामेंट में लगातार तीसरी जीत दिलाने वाली मियाज़ावा ने 12वें मिनट में स्पेन की बैकलाइन में जगह बनायी और जुन एंडो के पास की मदद से गोल दागकर अपनी टीम का खाता खोला। यूकी ने स्पेन की सेंटर-बैक इरेने परेडेस को छकाकर 29वें मिनट में यह बढ़त दोगुनी कर दी।


पहले हाफ में स्पेन ने 77 प्रतिशत समय तक गेंद पर कब्ज़ा रखा लेकिन यूरोपीय टीम एक बार भी गोल करने का मौका नहीं बना सकी। पहला हाफ खत्म होने से पहले मियाज़ावा ने यूकी से पास लेकर जापान का तीसरा गोल कर दिया।

जापान ने 3-0 की बढ़त लेने के बाद मुकाबले में सहजता दिखाई और स्पेन को अपने अर्द्ध में पहुंचने के कम मौके दिये। तनाका ने 82वें मिनट में गोल दागकर जापान की विशाल जीत पर मुहर लगा दी। जापान ने पहले चरण में बिना कोई गोल दिये अपने सभी मुकाबले जीते हैं। सुपर-16 में जापान का सामना नॉर्वे से, जबकि स्पेन का मुकाबला स्विट्ज़रलैंड से होगा।

दिन के दूसरे ग्रुप-सी मुकाबले में ज़ाम्बिया ने कॉस्टा रिका को 2-1 से हराकर टूर्नामेंट का विजयी अंत किया। ज़ाम्बिया की पहली विश्व कप जीत में लुशोमो म्विंबा (तीसरा मिनट), बारबरा बांडा (31वां मिनट) और रेचल कुंदानंजी (90+3वां मिनट) ने गोल किये। डैफनी मोंगे (47वां मिनट) के गोल के बावजूद कॉस्टा रिका इस टूर्नामेंट में जीत का स्वाद नहीं चख सकी।

# आयरलैंड दौरे पर बतौर कप्तान वापसी करेंगे बुमराह

**मुंबई,** 31 जुलाई (एजेंसियां)। भारत के शीर्ष तेज़ गेंदबाज़ जसप्रीत बुमराह कमर की सर्जरी और रिहैब के बाद पूरी तरह फिट हो चुके हैं और अगस्त में होने वाले आयरलैंड टी20 दौरे पर भारतीय टीम की कप्तानी करेंगे। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोमवार को इसकी घोषणा की। उल्लेखनीय है कि बुमराह ने भारत के लिये अपना आखिरी मुकाबला 25 सितंबर 2022 को ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध खेला था। बुमराह चोट के कारण एशिया कप 2022 में हिस्सा नहीं ले सके थे। आगे चलकर उनकी समस्या इतनी बढ़ गयी कि वह टी20 विश्व कप 2022 से भी बाहर हो गये और कमर की सर्जरी करवाना उनके लिये अनिवार्य हो गया। बुमराह ने मार्च 2023 में न्यूज़ीलैंड में कमर की सर्जरी करवाई और अप्रैल में बेंगलुरु की राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में रिहैब प्रक्रिया शुरू की। बीसीसीआई ने 21 जुलाई को कहा था कि बुमराह कुछ अभ्यास मैचों में हिस्सा लेंगे जिसके बाद बोर्ड की मेडिकल टीम क्रिकेट में उनकी वापसी पर फैसला लेगी।



बुमराह अंततः 11 महीने के अंतराल के बाद अंतरराष्ट्रीय पर्दे पर लौटेंगे और तीन टी20 मैचों की आयरलैंड श्रृंखला अक्टूबर-नवंबर में होने वाले विश्व कप से पहले उनकी तैयारी के लिये महत्वपूर्ण होगी।

### आयरलैंड दौरे के लिए भारतीय टीम

जसप्रीत बुमरा (कप्तान), रुतुराज गायकवाड़ (उपकप्तान), यशस्वी जायसवाल, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, संजू सैमसन (विकेटकीपर), जितेश शर्मा (विकेटकीपर), शिवम दुबे, वाशिंगटन सुंदर, शाहबाज़ अहमद, रवि बिश्नोई, प्रसिद्ध कृष्णा, अर्शदीप सिंह, मुकेश कुमार, आवेश खान।

# काउंटी क्रिकेट खेलने इंग्लैंड पहुंचे पृथ्वी शॉ, नॉर्थम्पटनशायर के लिए करेंगे डेब्यू



**नई दिल्ली,** 31 जुलाई (एजेंसियां)। भारत के सलामी बल्लेबाज पृथ्वी शॉ शुक्रवार को नॉर्थम्पटनशायर काउंटी क्रिकेट क्लब (एनसीसीसी) के साथ काउंटी क्रिकेट में पदार्पण करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। भारतीय टीम के 23 साल के सलामी बल्लेबाज पृथ्वी शॉ इंग्लैंड में काउंटी खेलते हुए नजर आएंगे। क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार, शॉ को थोड़ा पहले इंग्लैंड पहुंचना था। लेकिन किसी वजह से उनकी यात्रा में देरी हुई। अब वो काउंटी क्रिकेट में डेब्यू के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

एनसीसीसी के मुख्य कार्यकारी रे पायने ने कहा, मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि पृथ्वी आज (रविवार) यूके पहुंचे और शुक्रवार, 4 अगस्त से शुरू होने वाले हमारे वन-डे कप में भाग लेंगे। जिसकी आधिकारिक घोषणा सोमवार को होगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि शॉ ने बीसीसीआई से एनओसी हासिल कर ली है और बाद में उन्हें पुडुचेरी में चल रही देवधर ट्रॉफी इंटर-जोनल वनडे चैंपियनशिप को छोड़ने की अनुमति भी दे दी गई। वन-डे कप, इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड की घरेलू कार्यक्रम में 50 ओवरों की प्रतियोगिता है, जो मंगलवार से शुरू हो रही है। नॉर्थम्पटनशायर स्टीलबैक्स को अपना पहला मैच चेल्टनहैम कॉलेज, चेल्टनहैम में ग्लॉस्टरशायर के खिलाफ शुक्रवार को खेलना है। 23 वर्षीय शॉ स्टीलबैक्स टीम में डेविड विली और एंड्रयू टाई जैसे खिलाड़ियों के साथ शामिल होंगे। शॉ ने 18 साल की उम्र में वेस्टइंडीज के खिलाफ शतक बनाकर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शानदार शुरुआत की थी। लेकिन उसके बाद यह बल्लेबाज अपनी लय से भटक गया।

# मौजूदा चैंपियन दक्षिण कोरिया और जापान की निगाहें एशियन चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी में नया इतिहास रचने पर

**नई दिल्ली,** 31 जुलाई (देशबन्धु)। मौजूदा चैंपियन दक्षिण कोरिया और पिछली उपविजेता जापान की पुरुष हॉकी टीमों का रविवार देर रात 3 से 12 अगस्त तक मेयर राधाकृष्णन स्टेडियम में खेली जानी वाली एशियन चैंपियंस ट्रॉफी ,चेन्नै 2023 में शिरकत करने के लिए चेन्नई पहुंचने पर चेन्नई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर जोरदार स्वागत किया गया। 2021 में बांग्लादेश में हुए पिछले संस्करण चैंपियन दक्षिण कोरिया की निगाहें खिताब बरकरार रख और रजत पदक विजेता जापान की निगाहें पहली बार खिताब जीत नया इतिहास रचने पर हैं। दक्षिण कोरिया ने जापान को फाइनल में निर्धारित समय में तीन तीन की बराबरी के शूटआउट में 4-2 से हरा कर पहली बार खिताब जीता था जबकि जापान की टीम पहली बार उपविजेता रही थी। एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में तीन तीन बार के विजेता मेजबान भारत और उसके चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान, दक्षिण कोरिया, जापान,



मलयेशिया और चीन सहित कुल छह टीमें एक ही पूल में राउंड रॉबिन आधार पर खेलेंगी और अंकों के आधार पर शीर्ष चार टीमें सेमीफाइनल में आमने-सामने होंगी। दो शीर्ष टीमें फाइनल में खेलेंगे इसमें एशिया की दिग्गज टीमों के बीच हॉकी की कलाकारी और कौशल के जुनून की बानगी देखने को मिलेगी। इस बार एशियन चैंपियंस ट्रॉफी का पहला मैच पिछली विजेता दक्षिण कोरिया और उपविजेता जापान के बीच खेला जाएगा।

### जापान के कोच ताकाहाशी बोले, लक्ष्य कम से कम फाइनल में पहुंचना

पिछले संस्करण की उपविजेता जापान की निगाहें इस बार एशियन चैंपियंस में पहली बार खिताब जीतने पर हैं। जापान के कोच अकीरा ताकाहाशी ने कहा, हम एशियन चैंपियंस में शिरकत करने को लेकर खासे रोमांचित हैं और हम इसमें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे। हमारा लक्ष्य कम से कम फाइनल में पहुंचना है।'हमने अपने आक्रमण और रक्षण के ढांचे को बेहतर किया है और एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में उसी के मुताबिक खेलेंगे अपनी नई रणनीति को अमली जामा पहनाएंगे।

### द. कोरिया के कोच शिन बोले, एशियन चैंपियंस ट्रॉफी एशियाई खेलों के लिए तैयारियों के लिए खासी अहम

दक्षिण कोरिया के हेड कोच सियोक शिन ने एशियन चैंपियंस ट्रॉफी की बाबत कहा, हमारे लिए एशियन चैंपियंस ट्रॉफी टूर्नामेंट हमारे लिए हांगजू(चीन) में होने वाले एशियाई खेलों के लिए तैयारियों के लिए खासा अहम है। हमारी निगाहें एशियाई खेलों में स्वर्ण जीत सीधे 224 के ओलंपिक खेलों की तैयारियों पर लगी है। हमारी निगाहें एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में अपना सर्वश्रेष्ठ देने पर लगी हैं।' वहीं दक्षिण कोरिया के कप्तान नाम योंग ली ने टीम की तैयारियों के बाबत कहा, हमारी टीम ने दोस्ताना मैचों के अभी हाल ही में यूरोप का दौरा किया था और इससे हमें एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के लिए तैयारी में मदद मिली। जहां तक चेन्नै में मौसम का सवाल है तो में दूसरी बार चेन्नै आया हूं। इससे पहले में 27 में एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में खेलने आया था। में चेन्नै के मौसम से वाकिफ हूं। चेन्नै का मौसम हमारे दक्षिण कोरिया के मौसम की तरह ही गरम है।

## सार संक्षेप

### विश्व नंबर एक इगा स्वियातेक ने वारसॉ ओपन जीता

**वारसॉ (पोलैंड)।** पोलैंड की इगा स्वियातेक ने यहां फाइनल में जर्मनी की लौरा सीजमंद को 6-, 6-1 से हराकर वारसॉ ओपन का टेनिस खिताब जीता। दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी ने शुरुआत से ही खेल पर नियंत्रण बनाए रखा और एक भी गेम गंवाए बिना पहला सेट जीतने के लिए केवल 3 मिनट का समय लगाया। एक छोटे से ब्रेक के बाद, सीजमंद, जिनके पास खोने के लिए कुछ नहीं था, उन्होंने अधिक जोखिम लेना शुरू कर दिया, लेकिन वह स्वियातेक के प्रभावी हमलों का जवाब देने में सक्षम नहीं थी। सीजमंद ने अपनी सर्विस बरकरार रखते हुए दूसरे सेट में स्कोर 3-1 कर दिया। सिन्हुआ की एक रिपोर्ट के अनुसार, स्वियातेक अपनी सर्वश्रेष्ठ स्थिति में थी और उन्होंने अपनी विरोधी को कोई मौका नहीं दिया और एक आसान जीत दर्ज की। स्वियातेक ने मैच के बाद कहा, ईमानदारी से कहूं तो, घरेलू धरती पर खेलना कठिन है, क्योंकि उस स्थिति में दबाव अधिक होता है। मैं यहां अपना अनुभव और मानसिक ताकत दिखाना चाहती थी। मुझे खुशी है कि मैंने टूर्नामेंट जीता, मुझे वास्तव में इस बात पर गर्व है। हालांकि, पोलिश प्रशंसकों ने दोहरी जीत का जश्न नहीं मनाया, क्योंकि युगल फाइनल में वेरोनिका फल्कोव्स्का और कटारज़ीना पीटर ब्रिटेन की हीथर वॉटसन और बेल्जियम की यानिना विकमेयर से 6-4, 6-4 से हार गईं।

### बांदा ने किया महिला विश्व कप का 1वां गोल

**वेलिंग्टन।** जाम्बिया की बारबरा बांदा ने सोमवार को कोस्टा रिका के खिलाफ ग्रुप-सी मुकाबले के 31वें मिनट में पेनल्टी किक से महिला विश्व कप इतिहास का 1वां गोल किया। जाम्बिया की 23 वर्षीय कप्तान ने अपने चतुर रनअप से गोलकीपर डेनिएला सोलेरा को छकाया और आसानी से गेंद को गोलपोस्ट में पहुंचा दिया। इसके तुरंत बाद, फीफा ने सोशल मीडिया पर बांदा के लिये बधाई पोस्ट की।

### सुडोकू 6273 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 8 | 7 | 3 | 4 | 6 | 5 | 2 | 1 |
| 4 | 6 | 5 | 7 | 2 | 1 | 9 | 8 | 3 |
| 3 | 1 | 2 | 9 | 8 | 5 | 7 | 6 | 4 |
| 8 | 3 | 6 | 5 | 9 | 4 | 1 | 7 | 2 |
| 7 | 2 | 1 | 6 | 3 | 8 | 4 | 9 | 5 |
| 5 | 9 | 4 | 2 | 1 | 7 | 6 | 3 | 8 |
| 1 | 5 | 9 | 8 | 6 | 3 | 2 | 4 | 7 |
| 2 | 7 | 8 | 4 | 5 | 9 | 3 | 1 | 6 |
| 6 | 4 | 3 | 1 | 7 | 2 | 8 | 5 | 9 |

देशबन्धु

# [ अर्थ जगत ]

## पेट्रोल और डीजल की कीमतों में टिकाव



**नई दिल्ली,** 31 जुलाई (एजेंसियां)। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी बरकरार रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल की कीमतों में आज भी टिकाव रहा, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

### सर्वाधिक बढने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एनटीपीसी | 4.02 प्रतिशत |
| पावर ग्रिड | 3.00 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 2.28 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 2.16 प्रतिशत |
| टीसीएस | 1.96 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| बजाज फाइनेंस | 1.12 प्रतिशत |
| कोटक बैंक | 1.09 प्रतिशत |
| हिंदुस्तान यूनीलीवर | 0.91 प्रतिशत |
| आईटीसी | 0.63 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 0.46 प्रतिशत |

### सर्राफा

| दिल्ली | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2500-3000 |
| गेहूं दडा | 2150-2160 |
| आटा | 2800-2290 |
| मैदा | 945-950 |
| चोकर | 620-630 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| बासमती औसत किस्म | 4500-4600 |
| परमल | 1750-1775 |
| चावल सेला | 2250-2350 |
| आरआर (आठ ) | 1650-1670 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 4,850-4,950 |
| दाल चना | 4,850-4,950 |
| मसूर काली | 7,800-7,900 |
| उड़द दाल | 10300-10400 |
| मूंग दाल | 7,900-8,000 |
| अरहर दाल | 9700-9800 |

# फॉक्सकॉन तमिलनाडु में मोबाइल कंपोनेंट संयंत्र लगायेगी, 1,600 करोड़ रुपए का होगा निवेश

**चेन्नई,** 31 जुलाई (एजेंसियां)। ताइवान की इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी होन हाई टेक्नोलॉजी ग्रुप या फॉक्सकॉन 1,600 करोड़ रुपए की लागत से तमिलनाडु के कांचीपुरम जिले में एक मोबाइल फोन कंपोनेंट विनिर्माण संयंत्र लगायेगी। मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन की उपस्थिति में फॉक्सकॉन और तमिलनाडु सरकार के मार्गदर्शन ब्यूरो के बीच इस आशय के एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। फॉक्सकॉन के ग्रुप चेयरमैन यंग लियू के नेतृत्व में कंपनी टीम ने यहां स्टालिन से मुलाकात की थी। स्टालिन ने ट्वीट किया, 'फॉक्सकॉन समूह के अध्यक्ष यंग लियू और उनकी टीम से मिलकर खुशी हुई। तमिलनाडु में विभिन्न निवेश अवसरों पर चर्चा की गई। छह हजार लोगों के लिए संभावित रोजगार के साथ 1,600 करोड़ रुपये की लागत से कांचीपुरम जिले में एक मोबाइल कंपोनेंट विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने के लिए मेरी उपस्थिति में निवेश प्रतिबद्धता पर हस्ताक्षर किए गए।' मुख्यमंत्री ने कहा, 'हमने ईवी (इलेक्ट्रिक वाहन) और इलेक्ट्रॉनिक घटकों में और निवेश पर भी चर्चा की। तमिलनाडु को को एशिया का नया उभरता हुआ इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण हब बनाने की हमारी महत्वाकांक्षा में एक और मील का पत्थर!' उद्योग मंत्री टी.आर.बी. राजा के अनुसार ताइवानी समूह का तमिलनाडु में बार-बार निवेश और विस्तार योजनाएं इस बात का प्रमाण है कि तमिलनाडु दुनिया भर की प्रमुख कंपनियों के लिए भारत में विनिर्माण के लिए शीर्ष पसंद है। राजा ने ट्वीट किया, 'जिन निर्माताओं ने पिछले कई वर्षों में तमिलनाडु में अपार सफलता देखी है, वे जानते हैं कि राज्य में अधिक निवेश करने से उन्हें और अधिक लाभ होगा।' राजा ने कहा, 'इस प्रस्तावित निवेश और आने वाले कई अन्य निवेशों के साथ, तमिलनाडु न केवल देश में शीर्ष इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यातक बने रहने के लिए तैयार है, बल्कि आने वाले वर्षों में अपने इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात में भी उल्लेखनीय वृद्धि करेगा।' वर्तमान में यहां फॉक्सकॉन का एप्पल के लिए आईफोन असेंबल करने का संयंत्र है।



■ मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन की उपस्थिति में फॉक्सकॉन और तमिलनाडु सरकार के मार्गदर्शन ब्यूरो के बीच इस आशय के एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए

# द्वारका एक्सप्रेसवे परियोजना जल्द पूरी होगी: गडकरी



जैसे ही इस एक्सप्रेसवे का निर्माण पूरा हो जाएगा, द्वारका और पुराने गुरुग्राम क्षेत्र के निवासी दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे का उपयोग करके सोहना के माध्यम से केवल दो घंटे में जयपुर पहुंच सकेंगे:-नितिन गडकरी

**गुरुग्राम,** 31 जुलाई (एजेंसियां)। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को कहा कि द्वारका एक्सप्रेसवे का निर्माण कार्य अपने अंतिम चरण में है और जल्द ही इस पर यातायात शुरू हो जाएगा। गुड़गांव के सेक्टर 9ए में इंटरनेशनल दिव्य परिवार सोसाइटी और चाणक्य वार्ता परिवार द्वारा स्थापित किए जाने वाले इंडिया इंटरनेशनल कल्चरल सेंटर के शिलान्यास और तीन दिवसीय सांस्कृतिक महोत्सव के समापन समारोह को संबोधित करते हुए गडकरी ने यह बात कही। मंत्री ने कहा कि जैसे ही इस एक्सप्रेसवे का निर्माण पूरा हो जाएगा, द्वारका और पुराने गुरुग्राम क्षेत्र के निवासी दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे का उपयोग करके सोहना के माध्यम से केवल दो घंटे में जयपुर पहुंच सकेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि इस परियोजना के पूरा होने से गुरुग्राम-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात का बोझ होगा।

केंद्रीय मंत्री ने कहा, 'दिल्ली में बन रही नई आउटर रिंग रोड का काम अगले छह महीने में पूरा हो जाएगा। इसके बाद पानीपत से आईजीआई एयरपोर्ट तक का सफर दो घंटे की जगह सवा घंटे में पूरा होगा। इससे समय और ईंधन दोनों की बचत होगी।' उन्होंने कहा कि दिल्ली में शिवमूर्ति के पास इस रोड पर आठ लेन जमीन के अंदर और आठ लेन जमीन के ऊपर मजबूत सड़क नेटवर्क तैयार किया जा रहा है।

गडकरी ने कहा, 'यह सड़क विशेष रूप से गुरुग्राम, आईजीआई हवाई अड्डे, दक्षिण और पश्चिम दिल्ली से चंडीगढ़ और उससे आगे जाने वाले यातायात के लिए एक तेज़ लिंक सुनिश्चित करेगी। यह परियोजना रिंग रोड और बाहरी रिंग रोड सहित दिल्ली की सड़कों पर मौजूदा यातायात भार को कम करने में मदद करेगी क्योंकि जयपुर और चंडीगढ़ से आने वाले वाहन इसे बाईपास के रूप में उपयोग कर सकेंगे।' वर्तमान में, ऐसे यातायात को धौला कुआं खंड, रिंग रोड और बाहरी रिंग रोड से गुजरना पड़ता है, जिसमें अधिक समय लगता है और राष्ट्रीय राजधानी में भीड़भाड़ और वायु प्रदूषण होता है।

## अडानी ग्रीन एनर्जी की सालाना बिक्री में 70 प्रतिशत का उछाल

**नई दिल्ली,** 31 जुलाई (एजेंसियां)। अडानी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड ने सोमवार को अपनी समाप्त तिमाही के लिए अपने नतीजे जारी कर दिए हैं। अडानी ग्रीन एनर्जी की बिक्री सालाना 70 प्रतिशत बढ़ी है। वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही में अडानी ग्रीन एनर्जी की सालाना आधार पर बिक्री 70 प्रतिशत बढ़कर 6,023 मिलियन यूनिट हो गई है, जो मुख्य रूप से मजबूत क्षमता को दिखाती है। वित्तवर्ष 2023-24 में सौर पोर्टफोलियो सीयूएफ में सुधार हुआ है। पहली तिमाही सालाना आधार पर 40 अंक बढ़कर 26.9 प्रतिशत हो गई। राजस्व में जोरदार वृद्धि हुई है। ईबीआईटीडीए और नकद लाभ में मजबूत वृद्धि मुख्य रूप से पिछले एक साल में 2,516 मेगावाट की क्षमता वृद्धि से प्रेरित है। जून 2023 तक रन-रेट एबिटा (मूल्यह्रास और परिशोधन) 7,645 करोड़ रुपए के साथ मजबूत स्तर पर है।

# मारुति सुजुकी इंडिया गुजरात प्लांट में सुजुकी मोटर कॉर्पोरेशन की हिस्सेदारी खरीदेगी

**चेन्नई,** 31 जुलाई (एजेंसियां)। ऑटोमोबाइल प्रमुख मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने अपने सुजुकी मोटर कॉर्पोरेशन (एसएमसी) से सुजुकी मोटर गुजरात प्राइवेट लिमिटेड (एसएमजी) का अधिग्रहण करने का फैसला किया है, जिसके लिए रकम बाद में तय की जाएगी। एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। अध्यक्ष आर.सी.भार्गव ने निदेशक मंडल के फैसले के बारे में पत्रकारों को जानकारी देते हुए कहा कि एसएमजी को 2014 में गुजरात में मारुति सुजुकी इंडिया के लिए 100 प्रतिशत अनुबंध निर्माता के रूप में स्थापित किया गया था। पिछले कुछ वर्षों में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी), हाइब्रिड, सीएनजी, इथेनॉल और अन्य जैसी कई पावरट्रेन प्रौद्योगिकियों के साथ ऑटोमोबाइल उद्योग की गतिशीलता बदल गई है। कंपनी ने कहा, 'विभिन्न प्रबंधनों के तहत कई पावरट्रेन के साथ उत्पादन के इस पैमाने और जटिलता को प्रबंधित करना कई चुनौतियों का सामना करेगा।' भारतीय कंपनी ने कहा, 'निदेशक मंडल ने इस पर विचार किया और निर्णय लिया कि उत्पादन और आपूर्ति श्रृंखला में दक्षता के उद्देश्य से सभी उत्पादन संबंधी गतिविधियों को एमएसआईएल (मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड) के तहत लाना सबसे अच्छा है।' भार्गव ने यह भी कहा कि मारुति सुजुकी इंडिया और एसएमजी के बीच अनुबंध विनिर्माण समझौता समाप्त कर दिया जाएगा। पिछले वित्तीय वर्ष में एसएमजी ने वित्तीय वर्ष 22 में 24,440 करोड़ रुपए औरवित्तीय वर्ष 21 में 15,850 करोड़ रुपए से बढ़कर 31,852 करोड़ रुपये का कारोबार किया। लेनदेन 31 मार्च, 2024 से पहले पूरा होने की उम्मीद है। अनुबंध विनिर्माण समझौते के अनुसार, मारुति सुजुकी इंडिया बुक वैल्यू पर एसएमजी खरीद सकती है। भार्गव ने कहा, बुक वैल्यू लगभग 12,755 करोड़ रुपए है। मारुति सुजुकी इंडिया की उत्पादन क्षमता लगभग 20 लाख है और 2030-31 तक इसे बढ़ाकर 40 लाख करने की जरूरत है और कंपनी विभिन्न स्थानों पर विचार कर रही है। इस बीच, मारुति सुजुकी इंडिया ने पहली तिमाही 33,328 करोड़ रुपए (वित्तीय वर्ष 23 की पहली तिमाही में 26,588 करोड़ रुपए) की कुल आय और 2,485 करोड़ रुपए (1,012 करोड़ रुपए) के शुद्ध लाभ के साथ बंद की।





## सार संक्षेप

### एसबीएफसी फाइनेंस का आईपीओ तीन अगस्त को खुलेगा

नई दिल्ली। गैर बैंकिंग वित्तीय फाइनेंस कंपनी एसबीएफसी फाइनेंस लिमिटेड का प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम तीन अगस्त को खुलेगा। इसके माध्यम से कंपनी 6 करोड़ रुपए की पूंजी जुटायेगी । इसी के साथ ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) के तहत भी कंपनी 425 करोड़ रुपए जुटाने वाली है। कंपनी ने आज यहां बताया कि 1 रुपये अंकित मूल्य के एक शेयर मूल्य दायरा 54 रुपए से 57 रुपए तय किया गया है। यह आईपीओ सात अगस्त को बंद होगा। इस आईपीओ में न्यूनतम 26 शेयरों के लिए आवेदन करना होगा और इसके आगे भी इसी गुणांक में शेयर का आवंटन होगा। सुक्ष्म, लघु एवं मध्यम (एमएसएमई) उद्यमों के साथ ही स्वर्ण ऋण का कारोबार करने वाली यह कंपनी अपने कारोबार विस्तार के लिए आईपीओ के माध्यम से पूंजी जुटाने जा रही है।

### कॉनकार्ड बायोटेक का आईपीओ 4 अगस्त को खुलेगा


नई दिल्ली। बायोटेक कंपनी कॉनकार्ड बायोटेक लिमिटेड का पूंजी बाजार से 1551 करोड़ रुपए जुटाने के उद्देश्य से लाये जा रहे प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 4 अगस्त को खुलेगा। कंपनी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक सुधीर वैद्य ने आज वर्चुअल संवाददाता सम्मेलन में यह घोषणा करते हुये कहा कि आठ अगस्त को बंद होने वाले इस आईपीओ के लिए मूल्य दायरा 75 रुपए से लेकर 741 रुपए प्रति शेयर तय किया गया है। उन्होंने कहा कि इस आईपीओ के लिए न्यूनतम 2 शेयरों के लिए बोली लगानी पड़ेगी और आगे फिर इसी के गुणांक में शेयर का आवंटन होगा। कंपनी एक रुपए अंकित मूल्य के दो करोड़ नौ लाख 2 हजार शेयर जारी करेगी। उन्होंने कहा कि उनकी कंपनी अभी दुनिया के 7 देशों में बायो फार्मास्यूटिकल एपीआई की आपूर्ति कर रही है जिसमें अमेरिका, यूरोप, जापान जैसे देश भी शामिल है। कंपनी अब अपने कारोबार का विस्तार करने के लिए पूंजी जुटाने जा रही है। कंपनी के पोर्टफोलियो में अभी 23 एपीआई है।

### आईटी हार्डवेयर के लिए पीएलआई योजना के लिए आवेदन करने की तिथि बढ़ी

**नई दिल्ली।** आईटी हार्डवेयर विनिर्माण को गति देने के उद्देश्य से लायी गई पीएलआई योजना 2. के तहत लाभ उठाने के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 3 अगस्त कर दिया गया है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार आईटी हार्डवेयर के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना 2. को अधिसूचित किया गया था। योजना के लिए बजट परिव्यय 17, करोड़ है। इस योजना का उद्देश्य देश में आईटी हार्डवेयर विनिर्माण इकोसिस्टम को व्यापक और मजबूत बनाना है। आईटी हार्डवेयर के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना 2. के परिचालन संबंधी दिशानिर्देश 14 जुलाई को अधिसूचित किए गए हैं। आईटी हार्डवेयर के लिए पीएलआई योजना 2. के तहत आवेदन प्राप्त करने की तिथि 3 अगस्त, 223 तक बढ़ा दी गई है।

# शेयर बाजार में तेजी

**मुंबई,** 31 जुलाई (एजेंसियां)। वैश्विक बाजार के सकारात्मक रुझान से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर इंडस्ट्रियल्स, यूटिलिटीज, पावर और आईटी समेत सत्रह समूहों में हुई दमदार लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार में तेजी लौट आई। बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 367.47 अंक की छलांग लगाकर 66,527.67 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 107.75 अंक की तेजी लेकर 19,753.80 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.86 प्रतिशत उछलकर 30,419.75 अंक और स्मॉलकैप 1.31 प्रतिशत की उड़ान भरकर 35,002.32 अंक पर रहा। इस दौरान बीएसई में कुल 3878 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2209 में लिवाली जबकि 1470 में बिकवाली हुई वहीं 199 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 35 कंपनियों में तेजी जबकि 14 में गिरावट रही वहीं दो के भाव स्थिर रहे। बीएसई के 17 समूहों में तेजी का रुख रहा। इस दौरान यूटिलिटीज 2.47, पावर 2.33, कमोडिटीज 1.25, सीडी 0.71, ऊर्जा 0.96, वित्तीय सेवाएं 0.35, इंडस्ट्रियल्स 1.66, आईटी 1.28, दूरसंचार 0.08, ऑटो 1.03, बैंकिंग 0.22, कैपिटल गुड्स 1.32, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.87, धातु 1.73, तेल एवं गैस 1.10, रियल्टी 0.60 और टेक समूह के शेयरों में 1.03 प्रतिशत की उछाल रही। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में लिवाली हुई। इससे जर्मनी का डैक्स 0.08, जापान का निक्केई 1.26, हांगकांग का हैंगसेंग 0.82 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.46 प्रतिशत चढ़ गया जबकि ब्रिटेन के एफटीएसई में 0.06 प्रतिशत की गिरावट रही।





कारोबार की शुरूआत में सेंसेक्स चार अंक फिसलकर 66,156.39 अंक पर सपाट खुला और बिकवाली के दबाव में थोड़ी देर बाद ही 65,998.90 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, लिवाली की बदौलत कारोबार के अंतिम चरण में यह 66,598.42 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 66,160.20 अंक के मुकाबले 0.56 प्रतिशत की तेजी लेकर 66,527.67 अंक पर रहा। वहीं, निफ्टी 20 अंक बढ़कर 19,666.35 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,597.60 अंक के निचले जबकि 19,772.75 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,646.05 अंक की तुलना में 0.55 प्रतिशत की बढ़त लेकर 19,753.80 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली प्रमुख कंपनियों में एनटीपीसी 4.02, पावर ग्रिड 3.00, टेक महिंद्रा 2.28, टाटा स्टील 2.16, टीसीएस 1.96, विप्रो 1.57, जेएसडब्ल्यूएस स्टील 1.42, मारुति 1.42, टाटा मोटर्स 1.39, एलटी 1.12, इंफोसिस 1.10, रिलायंस 0.79, एसबीआई 0.66, एक्सिस बैंक 0.42, आईसीआईसीआई बैंक 0.27 और अल्ट्रासिमको 0.16 प्रतिशत शामिल रही। वहीं, बजाज फाइनेंस 1.12, कोटक बैंक 1.09, हिंदुस्तान यूनीलीवर 0.91, आईटीसी 0.63, भारती एयरटेल 0.46 और एशियन पेंट ने 0.39 प्रतिशत का नुकसान उठाया।

## भारत एप्पल के शीर्ष 5 स्मार्टफोन बाजारों में से एक

■ भारत का प्रीमियम स्मार्टफोन सेगमेंट, जो अप्रैल-जून की अवधि में 112 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली,** 31 जुलाई (एजेंसियां)। भारत अब वैश्विक स्तर पर एप्पल के शीर्ष 5 बाजारों में से एक है। आईफोन निर्माता ने 2023 की दूसरी तिमाही में 59 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ अल्ट्रा-प्रीमियम सेगमेंट (45,000 रुपए और उससे अधिक) में बढ़त बनाए रखी। काउंटरप्वाइंट रिसर्च के अनुसार भारत का प्रीमियम स्मार्टफोन सेगमेंट, जो अप्रैल-जून की अवधि में 112 प्रतिशत (साल-दर-साल) बढ़ा है, अपने कुल शिपमेंट में रिकॉर्ड 17 प्रतिशत का योगदान देता है। भारतीय स्मार्टफोन बाजार में सैमसंग 18 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ लगातार तीसरी बार तिमाही में शीर्ष स्थान पर रहा। दक्षिण कोरियाई ब्रांड ने एक साल बाद 34 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ प्रीमियम स्मार्टफोन सेगमेंट (30,000 रुपए और उससे अधिक) में अपना शीर्ष स्थान हासिल करने के लिए एप्पल को भी पीछे छोड़ दिया। अनुसंधान विश्लेषक शुभम सिंह ने कहा, 'एप्पल ने 59 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ अल्ट्रा-प्रीमियम सेगमेंट का अपना नेतृत्व जारी रखा। भारत अब एप्पल के शीर्ष पांच बाजारों में से एक है।' वीवो ने अपना दूसरा स्थान बरकरार रखा और वार्षिक वृद्धि का अनुभव करने वाला यह शीर्ष पांच में से एकमात्र ब्रांड था। वनप्लस भारत के स्मार्टफोन बाजार में दूसरी तिमाही में 68 प्रतिशत सालाना वृद्धि के साथ सबसे तेजी से बढ़ने वाला ब्रांड था। दूसरी तिमाही में, ओईएम ने आगामी त्योहारी सीजन से पहले इन्वेंट्री और मांग की स्थिति में सुधार देखा। वरिष्ठ अनुसंधान विश्लेषक शिल्पी जैन ने कहा, 'ओईएम के साथ-साथ तिमाही के दौरान कई बिक्री और प्रचार के माध्यम से मौजूदा इन्वेंट्री को साफ करने के लिए चैनल भी उपलब्ध हैं।' उन्होंने कहा, 'हमारा मानना है कि त्योहारी सीजन के दौरान उपभोक्ताओं को लुभाने के लिए ब्रांड दिलचस्प ऑफर लेकर आएंगे और 5जी यहां एक बड़ी भूमिका निभाएगा।'

## खाद्य तेलों में टिकाव, मूंग दाल महंगी

**नई दिल्ली,** 31 जुलाई (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में गिरावट के दबाव में आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा वहीं मूंग दाल महंगी हो गई।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में अगस्त का पाम ऑयल वायदा 80 रिंगिट फिसलकर 3792 रिंगिट प्रति टन रह गया। इसी तरह अगस्त का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 1.52 सेंट की तेजी के साथ 60.88 सेंट प्रति पौंड बोला गया।



इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव में टिकाव रहा।

दाल-दलहन : दाल-दलहन बाजार में मूंग दाल में 100 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी को छोड़कर शेष में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ।

अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

## रेपो रेट में बदलाव नहीं करेगा आरबीआई, सर्वसम्मति से होगा फैसला

**चेन्नई,** 31 जुलाई (एजेंसियां)। खाद्य मुद्रास्फीति, भू-राजनीतिक और जलवायु जोखिम के बावजूद, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ब्याज दर को मौजूदा 6.5 प्रतिशत से नहीं बदलेगी। अर्थशास्त्रियों ने ये बात कही है। उन्होंने ये भी कहा कि बेंचमार्क रेपो रेट वित्त वर्ष 2024 की आखिरी तिमाही तक स्थिर रहेगी। बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने कहा, 'यह निर्णय सर्वसम्मति से होगा। इस महीने महंगाई दर 5.5 फीसदी से 6 फीसदी तक जा सकती है। जून में भी खाद्य तेल की कीमतों के चलते मुद्रास्फीति कम होकर 4.8 फीसदी पर थी। वैश्विक बाजारों में अब खाद्य तेल की कीमतें बढ़ने लगी हैं। जीडीपी वृद्धि दर लगभग 8 प्रतिशत पर स्थिर रहने से यह चिंता का विषय नहीं होगा। इसलिए, यथास्थिति कायम रहेगी।'





एक्यूइट रेटिंग्स एंड रिसर्च के मुख्य अर्थशास्त्री और प्रमुख सुमन चौधरी ने बताया, 'एमपीसी की अगस्त की बैठक अप्रैल 2023 के बाद से लगातार तीसरी बैठक होगी जब ब्याज दर 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रहेगी।' 'तेल और खाद्य कीमतों में बढ़ोत्तरी के जोखिम के साथ-साथ लचीली घरेलू मांग और मुख्य मुद्रास्फीति का स्तर चालू कैलेंडर वर्ष में मौद्रिक नीति में कोई बदलाव की अनुमति नहीं देता। हमारा अनुमान है कि भारत में बेंचमार्क रेपो दरें चौथी तिमाही तक मौजूदा स्तर पर बनी रहेंगी।' चौधरी को उम्मीद है कि एमपीसी का निर्णय सर्वसम्मत होगा, हालांकि उन्होंने कहा कि इस बात पर बहस होगी कि आरबीआई क्या पोजिशन लेता है। 'हालांकि इस मामले पर एमपीसी सदस्यों के बीच मतभेद होंगे, लेकिन हमारा मानना है कि मुद्रास्फीति परिदृश्य पर बढ़ती अनिश्चितता के बावजूद मौद्रिक नीति रुख अपरिवर्तित रहेगा।' केयर रेटिंग्स की मुख्य अर्थशास्त्री रजनी सिन्हा ने बताया कि आरबीआई वेट एंड वॉच पॉलिसी अपनाएगा और रेपो दर में बदलाव नहीं करेगा। 'हालांकि खाद्य मुद्रास्फीति में हालिया वृद्धि पिछले वर्षों में देखे गए मौसमी प्रभाव से अधिक है, लेकिन यह तात्कालिक है। बारिश सब जगह एक जैसी नहीं हुई है, फिर भी अधिकांश ख़रीफ़ फसलों (दालों को छोड़कर) की बुआई पिछले वर्ष की तुलना में अधिक है।'

सिन्हा ने कहा, 'दूसरा एक अहम कारक यह है कि डब्ल्यूपीआई (थोक मूल्य सूचकांक) सूचकांक सिकुड़ रहा है, जिसका मतलब है कि इसका सीपीआई (उपभोक्ता मूल्य सूचकांक) पर मध्यम प्रभाव पड़ेगा। इसलिए आरबीआई वेट एंड वॉच की पॉलिसी का पालन कर सकता है।' उन्होंने यह भी कहा कि मुद्रास्फीति की चिंता के फिर से उभरने के साथ आरबीआई सतर्क रहेगा और जरूरत पड़ने पर दरों में बढ़ोतरी की गुंजाइश खुली रखेगा। उधर अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने नीतिगत दर में बढ़ोतरी की है, लेकिन आरबीआई ने पहले ही साफ कर दिया है कि उनका निर्णय घरेलू विकास और मुद्रास्फीति की गतिशीलता से अधिक प्रभावित होगा। सिन्हा ने कहा, नीतिगत दर पर यथास्थिति बनाए रखने का निर्णय एमपीसी सदस्यों के बीच सर्वसम्मति से होने की संभावना है। क्रिसिल लिमिटेड की प्रधान अर्थशास्त्री दीप्ति देशपांडे के अनुसार, मुद्रास्फीति मौसम संबंधी गड़बड़ी के कारण अस्थायी प्रतीत होती है।

# स्थानीय भाषा में कृषकों को कृषि सलाह देने से मिलेगा लाभ: मण्डावी

**रायपुर,** 31 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश के जिले में जलवायु सहनशील कृषि हेतु नवाचार (निकरा) परियोजना संचालित करने वाले 11 कृषि विज्ञान केन्द्रों की दो दिवसीय वार्षिक समीक्षा कार्यशाला का आयोजन इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के निदेशालय विस्तार सेवाएं में किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन मोहन मण्डावी, सदस्य, कृषि संसदीय समिति, भारत सरकार एवं सांसद, कांकेर के मुख्य आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. व्ही.के. सिंह, निदेशक, केन्द्रीय बारानी कृषि अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद ने की।

कार्यशाला के मुख्य अतिथि मोहन मण्डावी ने इस अवसर पर जैविक खेती को बढ़ावा देने एवं रसायनों के उपयोग को कम करने हेतु जोर दिया, साथ ही कृषि के क्षेत्र में पारंपरिक ज्ञान का उपयोग अधिक से अधिक करने की आवश्यकता बतलाई। मण्डावी ने कहा कि पहले कृषक अपने पारंपरिक ज्ञान के आधार पर मौसम आधारित खेती करते थे, जिससे सभी कार्य समय पर एवं मौसम की प्रतिकूलता से बचाव के साथ होता था। उन्होंने कृषि एवं संबंधित विषयों पर स्थानीय भाषा में कृषकों को सलाह देने हेतु वैज्ञानिकों को निर्देशित किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ. व्ही.के. सिंह ने अपने उद्बोधन में मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के निकरा परियोजनान्तर्गत अंगीकृत ग्रामों में चल रही गतिविधियों तथा बदलती जलवायु, बढ़ते तापमान एवं अनियमित वर्षा के कारण फसलोत्पादन में कमी, पालतू पशुओं की उत्पादकता में कमी तथा जलवायु परिवर्तन के अन्य दुष्प्रभावों से निपटने की रणनीति की जानकारी दी। अटारी, जबलपुर के निदेशक डॉ. एस.आर.के. सिंह द्वारा निकरा परियोजना की शुरूआत एवं इसके लाभकारी परिणामों के बारे में जानकारी दी गई। छत्तीसगढ़ राज्य में इस परियोजना के अन्तर्गत 3 कृषि विज्ञान केन्द्र दन्तेवाड़ा, भाटापारा एवं बिलासपुर को चिन्हित किये गये हैं। उन्होंने जलवायु सहनशील वैज्ञानिक तकनीकों के बारे में संक्षिप्त विवरण दिया। डॉ. जे.व्ही.एन.एस. प्रसाद ने निकरा परियोजना के सभी अनुशंसित अवयवों में से जिले की जलवायु के अनुरूप तकनीक का चयन कर कृषकों के खेतों में प्रदर्शन तथा प्रशिक्षण आयोजित करने का आग्रह किया। वर्षा आधारित खेती में दोफसली रकबा बढ़ाने हेतु उतेरा, जीरो टिलेज कृषि को प्रसारित करने का सुझाव दिया। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के निदेशक विस्तार डॉ. अजय वर्मा ने समय- समय पर एवं कम लागत में कृषि कार्य सम्पन्न करने हेतु मौसम आधारित कृषि यंत्रीकरण का समुचित उपयोग करने हेतु सुझाव दिये तथा बदलते मौसम के अनुरूप कृषि की तकनीकी का प्रसार करने का आग्रह किया।



निकरा परियोजना के तहत छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश के कृषि विज्ञान केन्द्रों की दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित

डॉ. विजय जैन, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, कृषि विज्ञान केन्द्र, पाहन्दा, दुर्ग ने दुर्ग जिले में निकरा परियोजनान्तर्गत जिले में किये गये विभिन्न कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। मध्यप्रदेश के कृषि विज्ञान केन्द्र दतिया, झाबुआ, टीकमगढ़, भिण्ड, डिण्डौरी, रतलाम, मुरैना एवं छतरपुर तथा छत्तीसगढ़ के कृषि विज्ञान केन्द्र दुर्ग, महासमुन्द एवं रायगढ़ के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुखों तथा नोडल अधिकारी ने विगत वर्षों के कार्यों तथा आगामी कार्ययोजना की प्रस्तुतिकरण दिये, जिसमें विशेषज्ञों द्वारा आवश्यकतानुसार सुझाव एवं निर्देश दिये गये। इस अवसर पर डॉ. व्ही.के. पाण्डे, अधिष्ठाता, कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय, रायपुर, डॉ. जी.के. दास, अधिष्ठाता, कृषि महाविद्यालय, रायपुर, डॉ. रेड्डी, प्रमुख वैज्ञानिक, डॉ. जी.पी. अयाम, डॉ. डी.पी. पटेल, डॉ. ज्योति भट्ट एवं निकरा कृषि विज्ञान केन्द्रों के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, नोडल अधिकारी, वैज्ञानिक एवं अंगीकृत गांव के कृषक प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# आम जनता को निरोग रखने के लिए संकल्पित है समाज कल्याण विभाग प्रतिबद्ध: अनिला भेंड़िया

**रायपुर,** 31 जुलाई (देशबन्धु)। समाज कल्याण मंत्री श्रीमती अनिला भेंड़िया के मुख्य आतिथ्य में फुंडहर स्थित योग भवन रायपुर में सात दिवसीय संभागीय नि:शुल्क योग शिविर का समापन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा ने की। विशेष अतिथि के रूप में योग आयोग के सदस्य रविंद्र सिंह ठाकुर एवं राजेश नारा उपस्थित थे। श्रीमती भेंड़िया ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। शिविर में दुर्ग जिले के 240 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। छत्तीसगढ़ में 700 मास्टर ट्रेनर्स तैयार किए जा चुके हैं।



श्रीमती भेंड़िया ने कहा कि योग जीवन का अनिवार्य अंग बन गया है। योग करने से हम शारीरिक, मानसिक सभी प्रकार की बीमारियों से छुटकारा पा सकते हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मार्गदर्शन में योग आयोग के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा लगातार योग के प्रचार-प्रसार और योग प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से छत्तीसगढ़ में स्वस्थ जीवन-शैली और दिनचर्या को बढ़ावा दे रहे हैं। इससे छत्तीसगढ़ योग आयोग ने अपनी विशेष पहचान बनाई है। योग आयोग द्वारा आमजनता के स्वास्थ्य सुधार के लिए किए जा रहे इस कार्य में समाज कल्याण विभाग हमेशा सहयोग करेगा।

श्री ज्ञानेश शर्मा ने कहा कि योग आयोग द्वारा रायपुर, बिलासपुर, बस्तर, सरगुजा के बाद दुर्ग संभाग के लिए पांचवा योग शिविर आयोजित किया गया है। आवासीय शिविरों के माध्यम से छत्तीसगढ़ में योग के लगभग 700 मास्टर ट्रेनर तैयार किए जा चुके हैं। ये ट्रेनर अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर नि:शुल्क योग कक्षाओं के माध्यम से छत्तीसगढ़वासियों के बीच योग का प्रचार-प्रसार करेंगे। उन्होंने बताया कि योगाभ्यास के साथ-साथ योग शिविरों में छत्तीसगढ़ के कुशल योग विशेषज्ञों के द्वारा योग के विभिन्न पहलुओं की जानकारी भी दी गई। योग आयोग के अध्यक्ष ने बताया कि योग आयोग द्वारा आगामी 8 सितंबर 2023 को योग के प्रचार-प्रसार हेतु रायपुर में हजारों लोगों द्वारा 'सेतुबंधासन' का प्रदर्शन किया जाएगा। इसके माध्यम से छत्तीसगढ़ योग आयोग गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराने का प्रयास करेगी।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन और राजकीय गीत के साथ हुआ। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ योग आयोग के सचिव एम. एल. पाण्डेय ने योग आयोग के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला और उसकी कार्य प्रणाली को विस्तार से बताया। कार्यक्रम में योग विशेषज्ञ, योग शिक्षक सहित समाज कल्याण विभाग और योग आयोग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# सड़कों पर पशु छोड़ने वाले पशु मालिकों पर रखी जाएगी नजर

## आवारा पशुओं को रोकने किए जा रहे प्रयास

**रायपुर,** 31 जुलाई (देशबन्धु)। प्रदेश की सड़कों पर घुमंतू पशुओं के विचरण को रोकने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे है। पशु धन विकास विभाग द्वारा पशुओं को टैग लगाया जा रहा है। पशुओं को रेडियम बेल्ट बांधे जा रहे है। पशु मालिको को समझाईश दी जा रही है कि वे अपने पशुओं को सड़कों पर नही छोड़े। यदि ऐसा पाया जाता है तो ऐसे पशु मालिकों पर अर्थदण्ड की कार्यवाही की जाएगी। सड़कों पर पशुओं को आने से रोकने और पशुओं के कारण सड़कों पर होने वाले दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए माननीय उच्च न्यायालय के आदेशों के परिपालन में गठित समिति की बैठक मुख्य सचिव अमिताभ जैन की अध्यक्षता में आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में सम्पन्न हुई।



बैठक में प्रदेश के विभिन्न जिलों में सड़कों पर पशुओं को आने से रोकने के लिए की जा रही कार्यवाही की विस्तार से समीक्षा की गई।

मुख्य सचिव ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए है कि प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर सड़कों पर आने वाले पशुओं के केचमेंट ऐरिया को चिन्हित करें एवं आस-पास के कांजी हाउस, गौशाला और गौठानों में घुमंतू पशुओं को रखने के लिए सभी जरूरी व्यवस्थाएं करें। मुख्य सचिव ने कहा है जहां भी पशुओं को रखा जाए वहां साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था हो तथा वह स्थान सूखा हो, गीले जगह पर पशुओं को नही रखा जाए। मुख्य सचिव ने कहा है कि पशुओं के सड़कों पर आने के कारण जो नुकसान हो रहा है इसके लिए व्यापक जन-जागरूकता लाने को कार्य किए जाए। उन्होंने कहा कि सड़कों पर पशुओं के कारण होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए स्थानीय लोगों के सहयोग लिया जाए। यह एक सार्वजनिक हित का कार्य है। जिसमें सभी की सहभागिता जरूरी है। बैठक में अंतर्विभागीय लीड ऐजेंसी सड़क सुरक्षा के अध्यक्ष संजय शर्मा ने सड़कों पर जानवरों से टकराकर होने वाली दुर्घटनाओं के बारे में जानकारी दी।

मुख्य सचिव ने पुलिस परिवहन विभाग के अधिकारियों से कहा कि देश के अन्य राज्यों में सड़कों पर मवेशी रोकने के लिए किए जा रहे कार्यों का अध्ययन कर जानकारी हासिल करें।

बैठक में सड़कों पर पशुओं को छोड़ने वाले पशु मालिकों की सी.सी.टी.व्ही. कैमरे से निगरानी करने और ऐसे पशु मालिकों पर अर्थदंड लगाने के संबंध में भी चर्चा हुई। बैठक में सड़कों के किनारे पशुओं को सड़कों पर आने से रोकने के प्रचार-प्रसार हेतु साइन बोर्ड लगाने सहित अन्य विषयों पर व्यापक विचार-विमर्श हुआ। बैठक में नगरीय प्रशासन विभाग के विशेष सचिव डॉ. अयाज तम्बोली, संचालक पंचायत कार्तिकेय गोयल, संचालक नगरीय प्रशासन सारांश मित्तर सहित राष्ट्रीय राजमार्ग, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, लोक निर्माण, पशुपालन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, परिवहन, विधि एवं विधायी कार्य विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी शामिल हुए।

# युवती से दुष्कर्म, कार्रवाई नहीं होने पर पीड़िता ने एसपी ऑफिस के बाहर आत्मदाह करने की कोशिश की

**कवर्धा,** 31 जुलाई (देशबन्धु)। एक दुष्कर्म पीड़ित युवती आत्मदाह करने एसपी आफिस कवर्धा पहुंची। बता दें जानकारी के अनुसार युवती ने आत्मदाह करने के लिए अपने ऊपर पेट्रोल डाल दिया। पीड़िता लगातार पुलिस थाने और पुलिस अधीक्षक कार्यालय का चक्कर लगा रही थी। पीड़िता ने न्याय ना मिल पाने से आहत होकर यह खौफनाक कदम उठाया और अपने ऊपर पेट्रोल डाल दिया। पीड़िता ने खुद के साथ हुए दुष्कर्म, मारपीट और पुलिस द्वारा शिकायत नहीं सुने जाने का आरोप लगाया।

पीड़िता के अनुसार ग्राम मंझोली निवासी अबरार खान नाम के युवक के साथ उसका प्रेम संबंध था। प्रेम संबंध का फायदा उठाकर आरोपित ने शादी का झांसा दिया और रायपुर के एक लाज में उसकी मर्जी के बिना ही उसके साथ संबंध बनाया, मना करने पर शादी नहीं करने की धमकी दी। दोनों के लाज में रूके होने की जानकारी जब युवक के परिजनों को हुई तो सभी रायपुर के लाज पहुंचे और युवती के साथ गाली-गलौज मारपीट की। साथ ही रायपुर में अकेले छोड़कर सभी वहां से फरार हो गए। पीड़िता जब इस बात की शिकायत करने के लिए कबीरधाम जिले के थाना पाण्डातराई पहुंची तो थाना प्रभारी ने उसके साथ गलत व्यवहार किया। पीड़िता ने थानेदार पर आरोप लगाया कि उसने उसे अकेले में मिलने को कहा। पीड़िता ने ये भी कहा कि थाना प्रभारी से बातचीत ऑडियो भी उसके पास है।

पीड़िता की शिकायत के मुताबिक, ग्राम मंझोली तहसील पण्डरिया जिला कबीरधाम निवासी अबरार खान पिता शहीद खान से उसका प्रेम संबंध था। 1 जून को अबरार ने फोन किया और 2 जून को सुबह 8.30 बजे ग्राम मंझोली से अपनी स्वीफ्ट डिजायर में बैठकर बिना बताए पचपेड़ी नाका रायपुर स्थित एक लॉज में ले आया। यहां पर दो दिनों तक उसे रखा और उसका जबरदस्ती शारीरिक शोषण करते रहा। विरोध करने पर शादी नहीं करने की धमकी देने लगा।

युवक के स्वजनों को जब दोनों के लाज में होने का पता चला, तो रिश्तेदार लॉज पहुंचे और पीड़िता से मारपीट करते हुए उसे स्कार्पियो में भरकर रायपुर में छोड़ गए। इस घटना के बाद सुबह लगभग 6 बजे पीड़िता अपनी बहन के पास मुंगेली पहुंची। बहन व स्वजनों को पूरे वारदात की जानकारी दी। पीड़िता और स्वजनों ने 5 जून को उसे मंझोली लेकर आये और थाना पाण्डातराई रिपोर्ट दर्ज करवाने पहुंचे। थाना प्रभारी ने शिकायत सुनी और रिपोर्ट लिखने से इंकार कर दिया। साथ ही एक कोरे कागज पर पीड़िता के हस्ताक्षर लेकर उसे थाने से भगा दिया। 6 जून को उक्त घटना की शिकायत एसपी कबीरधाम से लिखित में की। एसपी के कहने पर 6 जून को थाना प्रभारी पाण्डातराई द्वारा शून्य में अपराध दर्ज कर रायपुर ट्रांसफर किया गया।

पीड़िता ने आरोप लगाया कि थाना प्रभारी ने आरोपित के रिश्तेदारो से मिलीभगत कर अबरार खान के खिलाफ धारा 376 भादवि का अपराध दर्ज किया गया। लाज में मारपीट करने वालों के खिलाफ कोई शिकायत दर्ज नहीं की गई। प्रभारी ने अपनी मर्जी से बताये बयान को तोड़-मरोड़ कर दर्ज किया। इस बात की एसडीओपी पण्डारिया से भी शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई।

# कांवड़ यात्रियों व भक्तों की सेवा का अवसर हमारे लिए सौभाग्य की बात: भावना बोहरा

**कवर्धा,** 31 जुलाई (देशबन्धु)। सावन माह में कबीरधाम जिले से अमरकंटक जाने वाले कांवड़ यात्रियों एवं श्रद्धालुओं की सेवा हेतु विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी भावना बोहरा द्वारा 3 जुलाई से 31 जुलाई तक उनके ठहरने एवं भोजन हेतु भावना समाज सेवी संस्थान के माध्यम से निशुल्क व्यवस्था की गई थी। इस दौरान लगभग 11,000 कांवड़ यात्रियों का गुरुद्वारा परिसर, अमरकंटक में आगमन हुआ जहाँ संस्थान के सदस्यों द्वारा उनका स्वागत कर उनकी सेवा की गई। परिसर में प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में कबीरधाम जिले स्व कांवड़ यात्रियों एवं श्रद्धालुओं का आगमन जारी रहा वहीं संध्या आरती में प्रतिदिन हजारों की संख्या में भक्तजनों ने शामिल होकर शिवजी की आराधना कर भोजन एवं प्रसाद ग्रहण किया। इसके साथ ही उनके बेहतर स्वास्थ्य हेतु भावना बोहरा द्वारा संचालित निशुल्क मोबाइल हेल्थ पैथ लैब की सुविधा का भी कबीरधाम जिले से आने वाले लगभग 1000 कांवड़ यात्री एवं भक्तों को लाभ मिला।



एक माह में की गई 11, कांवड़ भक्तों की सेवा

इस अवसर पर भावना बोहरा ने कहा कि सावन माह के अवसर पर कबीरधाम जिले से अमरकंटक जाने वाले शिव भक्तों और कांवड़ यात्रियों के कठिन यात्रा में पुण्य का भागीदार बनने का हमें एक सौभाग्यशाली अवसर प्राप्त हुआ। भावना समाज सेवी संस्थान के सदस्यगण भी 3 जुलाई से 31 जुलाई तक उनकी सेवा में दिन-रात अनवरत जुटे हुए थे ताकि उन्हें किसी भी प्रकास की कोई असुविधा न हो। गुरुद्वारा परिसर, अमरकंटक मध्यप्रदेश में कबीरधाम जिले के कांवड़ यात्रियों के कठिन यात्रा के बाद विश्राम हेतु उनके ठहरने व भोजन की नि:शुल्क व्यवस्था की गई थी जहां हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं का आगमन हुआ और उनकी सेवा करने का अवसर हमारे लिए जीवन का परम सौभाग्य है। इस दौरान हमारे इस प्रयास में भावना समाज सेवी संस्थान के सदस्यों, प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से समाज सेवकों व पूरे कबीरधाम जिले की जनता ने अपना भरपूर सहयोग, आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन हमें दिया और उनका यही अपार स्नेहरूपी आशीर्वाद से हमें यह कार्य करने का अवसर मिला जिसके लिए मैं सभी का आभार व्यक्त करती हूँ।

उन्होंने आगे कहा कि विगत वर्ष जब हमने इसकी शुरुआत की थी तब हमें उम्मीद नहीं थी की हमारे इस प्रयास में इतने लोगों का सहयोग मिलेगा। लेकिन जिस प्रकार से कांवड़ यात्रियों एवं श्रद्धालुओं का आगमन हुआ वह देखकर हमारे मन में जो भाव आया उसके लिए मेरे पास शब्द नहीं है। इस वर्ष पुन: हमने अपने उस प्रयास और एक जनप्रतिनिधि होने के नाते अपने कर्तव्य को पूरा करते हुए गुरुद्वारा परिसर में कबीरधाम जिले के कांवड़ यात्रियों और भक्तों के लिए ठहरने व भोजन की व्यवस्था की गई थी। भाजपा छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष श्री अरुण साव जी भी स्वयं वहां सपरिवार पधारकर महारती में शामिल हुए और कांवड़ यात्रियों की सेवा की। विगत वर्ष की तुलना इस वर्ष और अधिक कांवड़ यात्रियों का आगमन हुआ और अपनी सेवा का अवसर प्रदान कर हमें पुण्य का भागीदार बनने का उन्होंने जो अवसर हमें प्रदान किया उसके लिए मैं सभी का आभार व्यक्त करती हूँ और हम आगे भी इन प्रयासों को जारी रखने के अपने संकल्प को दोहराते हैं। आप सभी के सहयोग से भावना समाज सेवी ससंस्थान द्वारा पूरी निष्ठा और निस्वार्थ भाव से यह आयोजन किया गया, जिसे आने वाले समय में और भी सुविधाजनक बनाने हेतु आप सभी के सुझाव की हम अपेक्षा करते हैं।

विदित हो कि भावना समाज सेवी संस्थान द्वारा लगातार कबीरधाम जिले सहित आस-पास के जिले में निवासरत हर जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। क्षेत्रवासियों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए निशुल्क मोबाइल हेल्थ पैथ लैब, नि:शुल्क एम्बुलेंस सेवा, महाविद्यालयीन छात्राओं के लिए नि:शुल्क बस सेवा, सामाजिक, धार्मिक, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, महिलाओं के सशक्तिकरण, युवाओं को प्रोत्साहन, खेल और गरीब, जरूरतमंद लोगों की सहायता के उद्देश्य के साथ संस्थान द्वारा लगातार सक्रीय भागीदारी निभाते हुए अनवरत कार्य किया जा रहा है।

# गोपालपुरी के वृद्धजनों ने कहा- साहब पेंशन दिलवा दीजिये

**धमतरी** 31 जुलाई (देशबन्धु)। शासन की मंशानुरूप जिले के आमजनों की समस्या, मांग एवं शिकायतों के त्वरित निराकरण हेतु प्रत्येक सोमवार को कलेक्टोरेट में जनदर्शन का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में आज कलेक्टर ऋतुराज रघुवंशी ने जिला मुख्यालय सहित दूर-दराज से आये ग्रामीणों की समस्या, मांग और शिकायतों संबंधी आवेदन बारी-बारी से लिये।

जनदर्शन में आज ग्राम पंचायत बोड़रापुरी के आश्रित ग्राम गोपालपुरी के वृद्धजनों ने अपने वृद्धावस्था पेंशन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। इन वृद्धों ने कलेक्टर को जानकारी देते हुए बताया कि गांव में कई ऐसे बुजुर्ग व्यक्ति हैं, जिन्हें शासन की पेंशन योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। वृद्धजनों के आवेदन पर कलेक्टर श्री रघुवंशी ने संवेदनशीलता से गौर करते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे तत्काल उक्त गांव में शिविर आयोजित कर पात्र वृद्धजनों को पेंशन योजना से लाभान्वित करें। साथ ही कलेक्टर ने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों पर शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे तक कलेक्टोरेट में आयोजित इस जनदर्शन में कुल 104 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें मुख्यत: डूबान प्रभावित प्रमाण पत्र, ऋण की राशि माफ करने, प्रधानमंत्री फसल बीमा एवं किसान सम्मान निधि दिलाने, त्रुटि सुधार, कृषि प्रयोजन हेतु भूमि आबंटित करने, दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को पुन: रखने सहित पेंशन, भूमि विवाद, आवास प्रदान करने, सड़क निर्माण, स्ट्रीट लाईट संबंधी आवेदन शामिल हैं।



जनदर्शन में समस्या-शिकायतों संबंधी 14 आवेदन मिले

# रेशमी धागों से महिलाएं बुन रही हैं जीवन के ताने-बाने

**रायपुर,** 31 जुलाई (देशबन्धु)। स्व-सहायता समूह की महिलाएं अब कोसा से धागा निकालने की कला सीखकर अपने जीवन के ताने-बाने बुन रही हैं। इसी कड़ी में जशपुर जिले के कुनकुरी, फरसाबहार, पत्थलगांव और कांसाबेल विकासखण्ड में 07 महिला स्व-सहायता समूह गठन किया गया। महिला समूह के द्वारा टसर धागाकरण कार्य कर धागा उत्पादन किया जा रहा हैं। उत्पादित धागे का समूह के द्वारा बेचकर 1 करोड़ 95 लाख 40 हजार 383 रूपए का लाभ अर्जित किया गया। स्व-सहायता समूह की महिलाएं अपनी आमदनी को बढ़ाते हुए जीवन स्तर को बेहतर बना रही हैं। पूर्व में आय के स्त्रोत के रूप में सिर्फ खेती, घर के बाड़ी व वन उत्पादों से जीविकोपार्जन कर रही थीं।



स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने शासकीय कोसा बीज केन्द्र कुनकुरी में चल रहे टसर धागाकरण योजनान्तर्गत संचालित टसर मशीनों को देखने आई एवं धागाकरण कार्य को देखकर स्व-प्रेरित होकर स्वयं भी इस कार्य को करने के लिए इच्छा प्रकट की। विभाग द्वारा इन महिलाओं को समूह बनाकर टसर धागाकरण प्रशिक्षण दिया गया । प्रशिक्षण के उपरांत स्व-सहायता समूह की महिलाएं कोसा से धागा निकालने की कला को निखारते हुए निरंतर इस कार्य को कर रही हैं। वर्ष-2022-23 में टसर धागाकरण 7 समूह की 501 महिलाओं के द्वारा 33,55,279 किलोग्राम रिलींग धागा, 2315.273 किलोग्राम घींचा धागा एवं वेस्ट सामग्री से 547.148 किलाग्राम धागा का उत्पादन किया गया हैं। उपरोक्त टसर धागारकण कार्य में महिलाओं को स्व-रोजगार से जोड़ने हेतु डीएमएफ एवं आईटीडीपी तथा विभागीय योजना से महिलाओं को मशीन प्रदाय किया गया।

NECC

| 01.08.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 3.95 | 65 | 165 |
| चिल्हर | 5.00 | 80 | 190 |
| डिलीवरी | 410 सैकड़ा | | |

दर्जन अंडा 60 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23
फोन- (0771) 4077750, 4077760, 2292011/22 फैक्स-2534955 email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

देशबन्धु | रायपुर, मंगलवार, 1 अगस्त 2023 3

# प्रादेशिकी

जगदलपुर-कांकेर-कोण्डागांव-बीजापुर-दंतेवाड़ा

उल्टा पुल्टा

टीचर- पानी मे रहने वाले 5 जीवों के नाम बताओ ?
पप्पू- मेंढक
टीचर- व्हेरी गुड, बाकी चार बोलो..
पप्पू - उसकी मां, उसका बाप, उसकी बहन और

## संपादकीय

### नई महत्वाकांक्षी बिजली परियोजना

छत्तीसगढ़ में 1320 मेगावाट क्षमता के दो पावर प्लांट आने वाले 5 वर्षों में और लग जाएंगे। इसके साथ ही राज्य में 4000 मेगावाट से अधिक बिजली का रोज उत्पादन होने लगेगा। अभी राज्य में 2980 मेगावाट बिजली का उत्पादन हो रहा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कोरबा में इस नई बिजली परियोजना की आधारशिला रखी। इस मौके पर उन्होंने पं.जवाहर लाल नेहरू को याद किया, जिन्होंने यहीं राज्य की पहली बिजली परियोजना की शुरूआत की थी। बिजली आर्थिक विकास के लिए एक अनिवार्य और महत्वपूर्ण साधन ही नहीं है बल्कि आम जीवन के लिए भी उतना ही महत्वपूर्ण है। नवम्बर 2000 में पृथक छत्तीसगढ़ राज्य बनाने के बाद यहां पहले से स्थापित 1320 मेगावाट बिजली संयंत्र हिस्से में आए। ये राज्य की तात्कालिक खपत और मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त थे। इसके बाद कुछ नए संयंत्रों की स्थापना हुई और इस समय राज्य में 2980 मेगावाट बिजली का उत्पादन हो रहा है। राज्य में बिजली उत्पादन ही नहीं बढ़ा है गांव-गांव में बिजली पहुंचाने की कोशिशें भी हुई हैं। इससे बिजली की खपत भी बढ़ी है और राज्य बिजली की प्रति व्यक्ति खपत के मामले में पूरे देश में सबसे ऊपर पहुंच गया है। जाहिर है जैसे-जैसे आर्थिक-सामाजिक विकास होगा वैसे-वैसे बिजली की भी खपत बढ़ती जाएगी। पिछले दो दशक में ही बिजली की खपत बढ़कर दोगुनी हो गई है। ऐसे में बिजली की भविष्य की जरूरतों को देखते हुए उत्पादन बढ़ाने की राज्य सरकार की परियोजना बेहद महत्वाकांक्षी है। नए उद्योगों की स्थापना के लिए भी बिजली की उपलब्धता जरूरी है। इस क्षेत्र में निवेशकों को आकर्षित करने का यह एक बड़ा साधन भी है। ताप बिजली परियोजनाओं के लिए कोयला और पानी चाहिए, जिसकी फिलहाल छत्तीसगढ़ में कोई कमी नहीं है। इस नई बिजली परियोजना के लिए कोयले की आपूर्ति की मंजूरी पहले ही ले ली गई है। आने वाले वर्षों में विद्युत ऊर्जा के उत्पादन के दूसरे और पर्यावरण की दृष्टि से सुरक्षित विकल्पों पर भी ध्यान देना होगा। हाल ही में कोयले की आपूर्ति प्रभावित होने से देश के कई बिजलीघर बंद होने की स्थिति में पहुंच गए थे। कई बिजली घरों को छत्तीसगढ़ से ही कोयले की आपूर्ति हो रही है। कोयले की आपूर्ति बढ़ाने के लिए विशेष मालगाड़ियां चलानी पड़ी थी, जिसके लिए कई ट्रेनों को रद्द करना पड़ा था। छत्तीसगढ़ राज्य वितरण कंपनी कुछ पनबिजली परियोजनाओं पर भी काम कर रही है। आने वाले वर्षों में इस विकल्प पर भी सोचा जा सकता है। सौर ऊर्जा आधारित बिजली परियोजनाओं के लिए भी छत्तीसगढ़ का मौसम बेहद अनुकूल है। बारिश के मौसम को छोड़ दें तो यहां हमेशा धूप खिली रहती है। राज्य की भौगोलिक स्थिति में पवन ऊर्जा पर भी काम किया जा सकता है।

# पोटाकेबिन में नाबालिग से दुष्कर्म मामले को लेकर भाजपाइयों ने नौ सूत्रीय मांगों का सौंपा ज्ञापन



**सुकमा,** 31 जुलाई (देशबन्धु)। एर्राबोर दुष्कर्म मामले में सभी आरोपीयों को गिरफ्तार करने व पीड़ित परिवार को 50 लाख का मुआवजा राशि प्रदाय करने को लेकर भाजपा द्वारा सोमवार को राज्यपाल के नाम सुकमा कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। बता दें की सुकमा जिला के कन्या पोटाकेबिन एर्राबोर में अध्ययनरत 6 वर्षीय नाबालिक छात्रा के साथ 22 जुलाई 2023 को अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा दुष्कर्म करने का मामला सामने आया। मामला प्रकाश में आने के बाद प्रदेश भर में मामले को लेकर सनसनी मच गया। जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच करते हुए कार्यवाही करते हुए पॉक्सो एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर आरोपी को जेल भेज दिया। साथ ही प्रशासनिक कार्यवाही में संकुल की अधीक्षिका को निलंबित करते हुए अधीक्षिका पर मामले को छुपाए रखने के जुर्म में पॉक्सो एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया। मामले को लेकर कई कर्मचारियों पर जिला प्रशासन का गाज गिरा। प्रशासन की इस कार्यवाही से असंतोष होकर कार्यवाही को लेकर नाराजगी व्यक्त किया है। जिसको लेकर पोटाकेबिन एर्राबोर की पीड़ित छात्रा एंव परिवार को न्याय दिलाने के लिए पुन: निष्पक्ष जांच करने की मांग किया गया हैं।

मामले को लेकर भाजपा ने प्रशासन की कार्यवाही पर सवाल उठाया है। भाजपा का आरोप हैं की प्रशासन जिम्मेदारों को बचाने की कोशिश कर रहा हैं। पोटाकेबिन एर्राबोर एंव पीड़ित परिवार से पूछताछ करने पर उक्त घटना में पोटाकेबिन की अधीक्षिका व नियम विरूद्ध कन्या पोटाकेबिन में रात्रि विश्राम करने वाले

**भाजपा द्वारा आज जिला बंद का किया आह्वान**

अधीक्षिका के पति एंव अन्य तीन व्यक्तियों का संलिप्त होना बताया गया है। अधीक्षिका के द्वारा उक्त घटना को सुनियोजित ढंग से दबाने का पूरा प्रयास किया गया। जिसमे अधीक्षिका एंव उसके पति का संलिप्तता होने का दावा किया जा रहा हैं। भाजपा का कहना हैं कि अधीक्षिका के पति पर पॉक्सो एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध नही किया जाना समझ से परे है। पूछताछ के दरमियान 22 जुलाई 2023 को रात्रि दुष्कर्म जैसी घटना को अंजाम देने के लिए चार व्यक्तियों का होना बताया गया है। वही मामले में दुष्कर्म के पूरी घटना में प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष संरक्षण देने वाले अधिकारी व कर्मचारियों पर भी अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही करने की मांग की गई हैं। साथ ही दोरनापाल में 3 वर्षीय बच्ची के साथ हुए दुष्कर्म की घटना को लेकर शासन प्रशासन को जिम्मेदार ठहराते हुए पीड़ित परिवार को 50 लाख रूपये का सहायता राशि प्रदान किए जाने का मांग किया गया हैं । वहीं पोटाकेबिन एर्राबोर में 6 वर्ष की बच्ची के साथ हुए दुष्कर्म को लेकर भाजपा ने मंगलवार को सुकमा जिला बंद का आह्वान किया हैं। भाजपा का कहना है की मामले में अभी भी कुछ अपराधी शेष हैं। उन पर भी निष्पक्ष जांच करते हुए तत्काल गिरिफ्तार की कार्यवाही करने एवं पीड़ित परिवार को 50 लाख की सहायता राशि देने की मांग को लेकर भारतीय जनता पार्टी जिला द्वारा मंगलवार को एक दिवसीय जिला स्तर पर सुकमा व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद करने का निर्णय लिया गया हैं।

**शासन-प्रशासन घटना की लें जिम्मेदारी : भाजपा जिलाध्यक्ष**

वही मामले पर भाजपा जिलाध्यक्ष धनीराम बारसे ने कहा की दुष्कर्म मामले पर शासन प्रशासन अपनी जिम्मेदारी लें। भाजपा ने अपने स्तर पर मामले का जांच किया। जिस पर तथ्यात्मक जानकारी हमने प्रशासन को दिया, लेकिन कार्यवाही में औपचारिकता >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# बेहतर भारत की बुनियाद अधिवेशन में शामिल हुए सुनील यादव



**सुकमा,** 31 जुलाई (देशबन्धु)। प्रदेश युवा कांग्रेस के सचिव सुनील यादव कर्नाटक के बेंगलुरु में युवा कांग्रेस के द्वारा बेहतर भारत की बुनियाद तीन दिवसीय अधिवेशन में सम्मिलित हुये। बता दें कि युवा कांग्रेस का यह सबसे बड़ा अधिवेशन है जिसके पूरे भारत भर के हर राज्य से युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं सहित आम युवाओं ने भी भाग लिया। इस अधिवेशन में छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिए इसके साथ ही सुकमा युवा कांग्रेस के सुनील यादव अपनी टीम के साथ कर्नाटक के बेंगलुरु में अपना उपस्थिति दर्ज कराया। सुनील यादव ने कहा कि यह अधिवेशन युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत है क्योंकि ऐसा कार्यक्रम बहुत सालो बाद हुआ है जिसमें कांग्रेस के बड़े बड़े नेताओं ने आकर युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को सम्बोधित किया। अधिवेशन में युवाओं को देश व समाज हित में क्या करना चाहिए, युवा >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त हुए सहायक ग्रेड 2 कर्मचारी



**सुकमा,** 31 जुलाई (देशबन्धु)। जिला कार्यालय शिक्षा विभाग में पदस्थ व कार्यरत चैतुराम बघेल सहायक ग्रेड 2 का आज अधिवार्षिकी आयु पूर्ण होने पर सेवानिवृत हुए। सेवानिवृत होने पर कलेक्टर हरिस. एस ने श्री बघेल को श्रीफल और साल भेट से सम्मानित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही श्री बघेल को पेंशन अदायगी की प्रमाण पत्र (पीपीओ) दिया गया। इस अवसर पर जिला कोषाधिकारी प्रवीण चंद भगत, जिला शिक्षा अधिकारी नितिन डडसेना सहित अन्य अधिकारी एवम् कर्मचारिगण उपस्थित थे।

# सीआरपीएफ के बीमार जवान को बेहतर उपचार के लिए एयर एंबुलेंस से भेजा गया दिल्ली



**जगदलपुर,** 31 जुलाई (देशबन्धु)। बीजापुर जिले में तैनात सीआरपीएफ 153 बटालियन के बीमार जवान को बेहतर उपचार के लिए सोमवार को एयर एंबुलेंस से दिल्ली रेफर किया गया। जवान की तबीयत एकाएक बिगड़ने से उपचार के लिए एक दिन पहले ही बीजापुर से मेडिकल कॉलेज जगदलपुर लाया गया था। जवान एकन राय मलेरिया से पीड़ित बताया जा रहा है। जवान को मेडिकल कॉलेज जगदलपुर से एयरपोर्ट तक लाने के लिए ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया ताकि बिना समय नष्ट किया जल्द से जल्द मरीज को उपचार के लिए दिल्ली भेजा जा सके। पुलिस सूत्रों से जानकारी मिली कि मेडिकल कॉलेज में भर्ती सीआरपीएफ के 153 वीं बटालियन बीजापुर का जवान एकन राय गंभीर रूप से बीमार है, जिसे बेहतर उपचार के लिए एयर एंबुलेंस से दिल्ली ले जाया जाना है। उसी जवान को कम समय में एयरपोर्ट पहुंचाने के लिए बस्तर पुलिस मेडिकल कॉलेज से एयरपोर्ट तक ग्रीन कॉरिडोर का निर्माण कर रही है जिसके लिए इस मार्ग पर अन्य सभी आवागमन को कुछ समय के लिए रोका गया है। लगभग 12=10 बजे बीमार जवान को बलिराम कश्यप स्मृति >> शेष पृष्ठ 9 पर >

**मेडिकल कॉलेज से एयरपोर्ट तक बनाया गया ग्रीन कॉरिडोर**

# शासकीय सेवक के रूप में बस्तर क्षेत्र में दिए योगदान अमूल्य है : कलेक्टर



**जगदलपुर,** 31 जुलाई (देशबन्धु)। कलेक्टर विजय दयाराम के. ने कहा कि बस्तर क्षेत्र के लिए आप लोगों का शासकीय सेवक के रूप में दिया गया योगदान अमूल्य है। 31 जुलाई को सेवानिवृत्त हो रहे हमारे शासकीय सेवकों ने जीवन का अधिकांश हिस्सा सरकारी काम को दिया है। प्रशासन का फर्ज है, कि उन्हें सेवा के अंतिम दिन उनके सभी सत्वों का भुगतान और पेंशन प्राधिकार पत्र जारी किया जाए। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त हमारे शासकीय सेवकों को शासकीय नियमों के अनुसार उनका हक एवं पात्रता का समय पर प्रदाय किया जा रहा है, ताकि आमजनों को शासन-प्रशासन के प्रति भरोसा कायम रहे।

कलेक्टर विजय ने सेवानिवृत्त सभी को बधाई-शुभकामनाएं देते हुए सकारात्मक ऊर्जा के साथ आगे का अमूल्य समय परिवार, समुदाय-समाज को दें और स्वस्थ रहने की कामना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार का प्रयास मेरे द्वारा जहां मेरी पदस्थापना रही उन जिलों में किया गया था। इसका प्रतिसाद अच्छा मिला लोगों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ी। लोग पेंशन से संबंधित समस्याओं और अनुकंपा नियुक्ति जैसे मामलों को प्रशासन के समक्ष रखने लगे है। उक्त बातें कलेक्टर ने सोमवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में आयोजित सेवानिवृत्त हो रहे 22 शासकीय सेवकों को पेंशन प्राधिकार पत्र वितरण कार्यक्रम में कही। रिटायर्ड कर्मचारियों से कलेक्टर ने चर्चा कर उनके शासकीय सेवा के लिए सराहना किए और सेवानिवृत्त व्यक्तियों को पुष्पमाला, शॉल-श्रीफल और पीपीओ पत्र के देकर सम्मानित किए।

इस अवसर पर वरिष्ठ कोषालय अधिकारी श्रीमती साधना तिवारी ने कहा कि कलेक्टर सर के पहल से सेवानिवृत्त हो रहे शासकीय सेवकों को सेवा काल के अंतिम दिन पीपीओ जारी किया रहा है। यह एक अच्छा प्रयास है। पिछले माह से शुरू की गई इस परंपरा के तहत इस माह सेवानिवृत्त हो रहे 22 शासकीय सेवकों को पेंशन प्राधिकार पत्र जारी की गई है। इस अवसर पर जिला कोषालय के सहायक कोषालय अधिकारी लतिश कुमार सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी और सेवानिवृत्त हो रहे विशिष्टगण उपस्थित थे।

**सेवानिवृत्त हो रहे 22 कर्मचारियों को कलेक्टर ने दिया पेंशन प्राधिकार पत्र**

# मतदाता जागरूकता शिविर में ग्रामीण और विद्यार्थियों ने दिया प्रतीकात्मक वोट



**जगदलपुर,** 31 जुलाई (देशबन्धु)। मतदाता जागरूकता शिविर में ईव्हीएम एवं वीवीपैट मशीन के प्रति जागरूकता के तहत जिला में मोबाइल डेमोन्सट्रेशन वैन के द्वारा ग्रामीणों और विद्यार्थियों को जानकारी दी जा रही है। साथ ही मशीनों द्वारा किस प्रकार कार्य किया जाता है की समझ विकसित करने उनसे प्रतीकात्मक वोट भी दिलवाया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विजय दयाराम के. के मार्गदर्शन में विधानसभा निर्वाचन 2023 में शत-प्रतिशत मतदाताओं द्वारा मताधिकार का प्रयोग सुनिश्चित कराने मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। मोबाइल डेमोन्सट्रेशन वैन के माध्यम से मतदाताओं को ईव्हीएम एवं वीवीपैट मशीन की जानकारी सभी मतदान केन्द्र, हाट बाजार, विद्यालय एवं महाविद्यालय में दी जा रही है। जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा सभी मतदान केन्द्र को समाहित करते हुए जिले के तीन विधानसभा के लिए मोबाईल डेमोन्सट्रेशन वैन के माध्यम से जागरूकता अभियान किया जा रहा है। इसके अलावा मतदाताओं को ईव्हीएम एवं वीवीपैट मशीन तथा मतदान केन्द्र में मतदान प्रक्रिया की जानकारी देने के लिए कलेक्टोरेट एवं सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालयों में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन प्रदर्शन केन्द्र की स्थापना की गई है। विदित हो कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विजय दयाराम के.ने जुलाई माह में जिले में ईव्हीएम एवं वीवीपैट मशीन के प्रचार-प्रसार हेतु 3 मोबाईल डेमोन्सट्रेशन वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। वैन के माध्यम से मतदाताओं को ईव्हीएम एवं वीवीपैट मशीन की जानकारी सभी मतदान केन्द्र, हाट बाजार, विद्यालय एवं महाविद्यालय में दी जा रही है।

**मोबाइल डेमोन्सट्रेशन वैन के द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में ईव्हीएम एवं वीवीपैट मशीन के लिए दी जा रही जानकारी**

# अवैध रूप से अंग्रेजी शराब परिवहन करने वाले आरोपी गिरफ्तार



**जगदलपुर,** 31 जुलाई (देशबन्धु)। थाना नगरनार अंतर्गत पुलिस ने कार्रवाई करते हुए थाना प्रभारी प्रशिक्षु रविन्द्र कुमार मीणा के नेतृत्व में 30 जुलाई को पेट्रोलिंग पर रवाना हुए थे। मुखबीर से सूचना मिला कि एक व्यक्ति काला रंग के वाहन क्रमांक सीजी 17 केडब्ल्यू 9649 मे उड़ीसा राज्य से अवैध अंग्रेजी शराब रखकर बिक्री हेतु जगदलपुर की ओर परिवहन कर रहा है कि सुचना पर थाना नगरनार के सामने पहुंचकर नाकाबंदी कर काला रंग का कार को नाकाबंदी कर पकडे । उसका नाम क्षितीज कुमार खत्री पिता हिरालाल खत्री निवासी गायत्री नगर कालोनी चित्रकोट रोड दलपत सागर वार्ड थाना कोतवाली जगलदलपुर का रहने वाले बताया जिसके कब्जे से अवैध अंग्रेजी शराब 24 नग किंगफिशर अल्ट्रा मैक्स मैक्स केन बीयर प्रति केन 500 मिली किमती 160 रूपये। 1 नग हैंककेंच 650 किमती 200 रू.। 2 नग 100 पाइपर्स डीलक्स ब्लेंडेड स्कॉच व्हिस्की प्रति बोतल 75ओ मिली किमती 1980 रूपये कुल जुमला अंग्रेजी शराब 14 लीटर 150 मि.ली. कुल किमती 7960 रूपये के साथ एक पुरानी काला रंग का कार क्रमांक किमत 600000 रूपये । एक पुरानी इस्तेमाली अल्ट्रा एन्ड्राइड मोबाईल जिसमे जियो का 9755322886 लगा है। किमत 90000 / - ( 6 ) नगदी रकम 2700 रुपये को बरामद कर जप्त किया गया। उक्त आरोपी के विरूद्ध थाना नगरनार में अपराध क्रमांक 131 / 2023 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया जाकर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय पेश किया गया ।

# सेवा ही देशभक्ति है, सेवा में संतुष्टि है और सेवा ही शक्ति है : धर्मपाल सैनी



**जगदलपुर,** 31 जुलाई (देशबन्धु)। शहीद महेंद्र शर्मा विश्वविद्यालय बस्तर जगदलपुर के बी.एड. अध्ययनशाला भवन में 31 जुलाई को च्गांधी के दर्शन एवं देशभक्तिज्ज पर व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पद्मश्री धर्मपाल सैनी ने महात्मा गांधी के दर्शन पर अपने विचार रखते हुए बताया कि देशभक्ति का अर्थ केवल त्याग नहीं है, बल्कि देश हित में ज्ञान, वस्तु, चरित्र आदि का उत्पादन भी देशभक्ति है। उन्होंने देशभक्ति को सेवा माना और तत्कालीन मध्यप्रदेश राज्य के मालवा क्षेत्र में पूर्व से ही उनके द्वारा बालिकाओं की शिक्षा के लिए स्कूल संचालित किए जा रहे थे। अपने गुरु आचार्य संत विनोबा भावे के निर्देश पर बस्तर में बालिकाओं के शिक्षा के लिए बस्तर आए और बस्तर में बालिकाओं के शिक्षा की शुरुआत की। शुरुआती दौर में उन्हें बालिकाओं को शिक्षा देने के लिए काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, परंतु उनके दृढ़ इच्छा एवं जनकल्याण की भावना से प्रेरित होकर बस्तर के स्थानीय लोगों ने अपने बालिकाओं को शिक्षा प्राप्त करने के लिए उनके सानिध्य में भेजा। उन्होंने कहा कि सत्य और अहिंसा के साथ-साथ श्रम और निष्ठा गांधी जी के दर्शन का मूल तत्व है। गांधी के दर्शन की छाप भारत के सामाजिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक इतिहास में स्पष्ट देखने को मिलता है। गांधी ने सत्य का साक्षात्कार किया। वे भारत में ग्राम स्वराज की स्थापना करना चाहते थे। उन्होंने गुलामी, धर्म, जाति, संप्रदाय के आधार पर होने वाले भेदभाव और छुआछूत को समाप्त करना चाहते थे। उन्होंने कहा कि देश और समाज के विकास के लिए रक्त, आंसू और पसीने बहाने के लिए युवाओं को हमेशा तैयार रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि सेवा करने के लिए कुछ लेना नहीं पड़ता है, केवल देना ही पड़ता है। उन्होंने यह भी कहा कि रोज रोज नया कार्य करें, नियमित सफाई कार्य करें, नई सोच भी एक नया कार्य है। गांधी जी ने भारत की स्वतंत्रता के पूर्व अंग्रेजियत को नकारा क्योंकि अंग्रेजियत में हिंसा और साम्राज्यवाद का बोध होता है। उन्होंने विषम परिस्थितियों में भी धैर्य, सहिष्णुता, मनोबल एवं सामर्थ्य नहीं खोया. भारत को ब्रिटिश हुकूमत से आजाद कराने के लिए उन्होंने सत्य, अहिंसा, सत्याग्रह जैसे विकल्पों का सहारा लिया। उन्होंने वह सभी कार्य करने का संकल्प लिया और करके दिखाया, जो अछूत समाज के लोगों को समाज में करना पड़ता था। खेती के बाद सबसे बड़ा उद्योग कपड़ा उद्योग था। अत: उन्होंने चरखा अपनाया, सूट कातने लगे और कपड़ा बनाकर पहनने लगे। इससे भारत के लोगों में स्वरोजगार के लिए जनजागृति आई। उन्होंने बताया कि सेवा में ही संतुष्टि है और सेवा में ही शक्ति है। सत्य, अहिंसा एवं संस्था श्रम-निष्ठा गांधी जी के दर्शन के मूल तत्व हैं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रोफेसर मनोज कुमार श्रीवास्तव ने किया। उन्होंने पद्मश्री धर्मपाल सैनी के जन कल्याणकारी और बालिका शिक्षा के क्षेत्र में किए गए कार्यों की भूरी भूरी प्रशंसा की। उनके द्वारा किए गए कार्य >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# भाजपा ने किया किरन्दुल पालिका का घेराव

**किरंदुल/बचेली/दंतेवाड़ा**, 31 जुलाई (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व एवं जिलाध्यक्ष चैतराम अटामी के निर्देशानुसार दंतेवाड़ा विधानसभा के किरन्दुल नगर पालिका में हो रहे भ्रष्टाचार एवं अनियमितता के विरुद्ध धरना प्रदर्शन एवं नगर पालिका परिषद का घेराव किरंदुल भाजपा मण्डल द्वारा किया गया।



भाजपा जिलाध्यक्ष चैतराम अटामी ने कहा कि किरंदुल में डीएमएफ से निर्माणाधीन ऑक्सीजन पार्क निर्माण में अनियमितता एवं भ्रस्टाचार किया गया है यह तो ऑक्सीजन पार्क नहीं कांग्रेस का भ्रष्टाचार पार्क ज्यादा बन चूका है। डीएमएफ की राशि का बंदरबांट और दुरूपयोग किया जा रहा है। ऐसा किरंदुल ही नहीं पूरे जिले में ये बंदरबाट और घोटाला का खेल कांग्रेसी नेताओ के संरक्षण में चल रहा है। श्री अटामी ने कहा कि उपचुनाव जीतने कांग्रेस विधायक देवती कर्मा व कांग्रेस ने वायदे किये थे। बचेली एवं किरंदुल में ट्रांसपोर्ट नगर बनाने का भी वायदा उन वायदों में एक था पर आज चार साल बीत जाने के बाद भी कही ट्रांसपोर्ट नगर बचेली व किरंदुल में नजर नहीं आता। ट्रको की कतार सड़को एवं बस स्टैंड में लगी रहती है और जवाबदेही से बचने ट्रको की चालानी कार्यवाही की जाती है। अगर प्रशासन ट्रको को पार्किंग की व्यवस्था नहीं सुनिश्चित करवा सकता तो इन्हे चालान काटने का अधिकार नही है। इस प्रदर्शन में किरंदुल मण्डल अध्यक्ष डीपी मिश्रा, रामबाबू सिंह गौतम, मीरा तिवारी, धीरेन्द्र प्रताप, संतोष गुप्ता, सत्यजीत चौहान, अभिलाष तिवारी, सुनीता भास्कर, उर्मिला तामो, भावना सक्सेना, पायल गुप्ता, ममता गुप्ता, मुन्ना मरकाम, जेडी माकन, रविंद्र सोनी सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी-कार्यकर्ता शामिल

- अनियमितता और भ्रष्टाचार का आरोप
- ऑक्सीजन पार्क निर्माण में गड़बड़ी की शिकायत

## प्रदेश संगठन महामंत्री पवन ने बनाई रणनीति

### भाजपा कोर कमेटी की बैठक में समीक्षा



**दंतेवाड़ा**, 31 जुलाई (देशबन्धु)। भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय दंतेवाड़ा पहुंचे और भाजपा कार्यालय में पदाधिकारियों की मौजूदगी में विधानसभा कोर कमेटी की बैठक ली। श्री साय ने विधानसभा के 273 पोलिंग बूथ के मतदाताओं तक पहुँचने हेतु भाजपा जिला पदाधिकारी, मोर्चा एवं मण्डल पदाधिकारियों के साथ चर्चा कर रणनीति बनायी।

श्री साय ने कहा कि मण्डल एवं मोर्चा के कार्यकर्ता बूथ स्तर तक पहुंचे और पूरी सक्रियता से संगठन के कार्य का विस्तार करें। इस हेतु सातो मोर्चा अध्यक्ष एवं मण्डल अध्यक्षों से आग्रह किया। उन्होंने कहा कि भाजपा का संकल्प है सबका साथ, सबका विकास और सबका प्रयास। इसके तहत सभी जाति समीकरणों एवं छोटे-छोटे वर्ग तक भी पहुँचने का एकजुटता एवं सक्रियता के साथ कार्यकर्ता लक्ष्य निर्धारित करें। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष चैतराम अटामी, भाजपा जिला संगठन प्रभारी श्रीनिवास मद्दी, पूर्व मंत्री महेश गागड़ा, सह प्रभारी हुंगाराम मरकाम, विधानसभा प्रभारी अरुण सिंह भदौरिया, वरिष्ठ भाजपाई विजय प्रसाद तिवारी एवं सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

# 29 लाख की प्रतिवर्ष भरपाई निगम कैसे करेगा कांग्रेस सत्ता पक्ष बताए : आलोक अवस्थी

### औद्योगिक ईकाइयों पर मेहरबान कांग्रेस सत्ता पक्ष नगरीय क्षेत्र का संपत्ति कर आधा करने का भी निर्णय लें

**जगदलपुर**, 31 जुलाई (देशबन्धु)। नगरीय क्षेत्र की 78 औद्योगिक ईकाइयों को संपत्ति कर से मुक्त करने का निर्णय नगर निगम की सामान्य सभा में कांग्रेसी सत्ता पक्ष ने भाजपा पार्षद दल के प्रबल विरोध के बाद भी अपने संख्या बल व बहुमत के आधार पारित कराया है। राज्य शासन से इस संबंध में प्राप्त पत्र को मेयर इन कौंसिल द्वारा नगर निगम के मौजूदा वित्तीय संकट व आर्थिक तंगी की संपूर्ण जानकारी देते हुये उक्त पत्र को ससम्मान राज्य शासन को वापस भेज देना था, लेकिन कांग्रेसी सत्ता पक्ष ने औद्योगिक ईकाइयों का संपत्ति माफ करने का विषय सामान्य सभा लाया और उसे 29 कांग्रेसी पार्षदों के बहुमत से पास भी कराया है। मोती लाल नेहरू वार्ड के भाजपा पार्षद आलोक अवस्थी ने कहा कि निगम में काबिज कांग्रेसी सत्ता पक्ष जनता के प्रति अपनी ज़िम्मेदारियों से भाग रहा है, तभी उन्होंने सामान्य सभा की कार्यवाही में विपक्षी पार्षदों के प्रश्नों का जवाब देने से इंकार कर दिया था।



आलोक अवस्थी ने कहा कि निगम की ख़राब आर्थिक हालत के चलते निगम कर्मियों को दो-तीन माह में वेतन देने की कठिन स्थितियां है और यह सब जानते हुये भी कांग्रेस सत्ता पक्ष औद्योगिक ईकाइयों का 28 लाख 96 हजार 806 रुपये का संपत्ति कर प्रति वर्ष पूर्ण रूप से माफ करने का निर्णय लेता है, और इस पर भी दुस्साहस कर भाजपा पार्षद दल पर गलत व जन विरूद्ध लिये गये अपने निर्णय का ठीकरा फोड़ने का प्रयास हो रहा है। श्री अवस्थी ने कहा कि कांग्रेसी सत्ता पक्ष बतायें कि औद्योगिक ईकाइयों को संपत्ति कर में छूट देने के बाद लाखों रुपये के नुकसान की भरपायी प्रति वर्ष कैसे व किस तरह नगर निगम करेगा? इसकी कोई योजना तक नहीं बनायी गयी है। यदि नगर निगम को संपत्ति कर माफ करने का अधिकार है तो सर्वप्रथम कांग्रेस सत्ता पक्ष नगरीय क्षेत्र का समूचा संपत्ति कर हाफ-आधा करने का निर्णय लें, जिसका वायदा कांग्रेस द्वारा चुनाव के दौरान किया गया था। श्री अवस्थी ने कहा कि जनहित से जुड़े विषयों पर भाजपा पार्षद दल जिम्मेदारी के साथ हमेशा अग्रणी खड़ा है और वहीं सत्ता पक्ष के गलत निर्णयों का पुरजोर विरोध सशक्त विपक्ष के रुप में मुखरता से किया जाता रहेगा।

# सड़क पर घूमते मवेशियों को गौठान में पहुंचाया गया

**दंतेवाड़ा**, 31 जुलाई (देशबन्धु)। कलेक्टर विनीत नंदनवार के निर्देश पर जिले में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए आवारा पशुओं को पकड़कर शहरी गौठान में रखा जा रहा है।



शहर के मुख्य मार्ग पर घूमने वाले आवारा मवेशियों को पकड़कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। लगातार तीसरे दिन नगर पालिका द्वारा कार्यवाही कर शहर के आवंराभाटा, जयस्तंभ चौक, बस स्टैंड एवं बैंक चौक में कब्जा जमाये आवारा मवेशियों को पकड़कर शहरी गौठान दंतेवाड़ा में रखा गया। दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए आवारा पशुओं को टैग और रेडियम बेल्ट लगाए जा रहे हैं। रेडियम बेल्ट अंधेरे में लाइट पड़ने पर दूर से ही चमकता है। पशुओं में इसे लगाने से वाहन चालक दूर से जानवरों को देख पाते हैं और अपने वाहन तथा जानवरों को बचा सकते हैं। इससे रात में होने वाली दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी पवन मेरिया ने बताया कि लगातार तीन दिनों से की गई कार्यवाही में नगर पालिका अमला ने अब तक 50 आवारा पशुओं को सड़क से उठाकर गौठान पहुंचाया है, साथ ही मवेशियों को छोड़ने के लिए 7 मवेशी मालिकों से 42 सौ रुपये अर्थदंड वसूला गया। नगर पालिका दंतेवाड़ा ने समस्त मवेशी मालिकों से अपील की है कि मवेशियों को सड़कों पर आवारा न छोड़े जिससे लोगों को तथा मवेशियों को दुर्घटना से बचाया जा सकें।

- हादसों को रोकने जिला प्रशासन की पहल
- मवेशी मालिकों पर 4 हजार अर्थदंड

# दो बाइक आपस में टकराने से एक युवक की मौत

### बिटिओए से मृतक के परिजनों को 50 हजार की सहायता राशि की गई प्रदान

**बचेली**, 31 जुलाई (देशबन्धु)। नगर के पुराना मार्किट के होटल हिलटॉप के पास सोमवार सुबह करीब 11बजे दो मोटर साइकिल सवार युवक की आमने सामने से जबरदस्त भिड़ंत होने से अनियंत्रित होकर एक युवक ट्रक के पहियों के बीच जा गिरा। जिससे युवक के सिर के परखच्चे उड़ गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर शवगृह मे रखवाया। घटना के बाद घटना स्थल से ट्रक चालक ट्रक लेकर फरार हो गया जिसकी तलाश पुलिस द्वारा की जा रही है। वही घटना से घुसाए भीड़ ने घंटो पुराना मार्केट के पास चक्का जाम कर दिया जिससे आने जाने वाहनों की लंबी कतारे लग गई सभी लोग ट्रक चालक के ऊपर कार्यवाही व मुआवजे की मांग करने लगे चक्का जाम को खुलवाने मे पुलिस प्रशासन व प्रशासन को कड़ी मशक्क़त का सामना करना पड़ा विवाद बढ़ता देख बैलाडीला ट्रक ऑनर्स एसोसिएशन के द्वारा पीड़ित परिवार को 50 हजार की राशि मुआवजे के रूप मे प्रदान की गई जिसके बाद करीबन 2 घंटे के बाद जाम को खोला गया बता दें कि बचेली किरंदुल इलाके से लौह अयस्क की ढुलाई करते रोजाना सैकड़ो ट्रके गुजरती है और इस इलाके की सड़कें भी जर्जर हालत में पहुंच चुकी है। जगह जगह बड़े बड़े गड्डे देखे जा सकते है इन जर्जर सड़को की वजह से आए दिन लोग दुर्घटना का शिकार हो रहे है। जिसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है जनता को काफ़ी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है!



# चारामा ब्लॉक के सेक्टर अधिकारियों की बैठक



**चारामा**, 31 जुलाई। आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 की प्रारंभिक तैयारियों के अंतर्गत चारामा विकासखंड के सेक्टर अधिकारियो और सेक्टर पुलिस अधिकारियो की संयुक्त बैठक अनुविभागीय अधिकारी राजस्व चारामा राकेश कुमार गोलछा के द्वारा जनपद कार्यालय के सभागार में ली गई। बैठक में मुख्य रुप से मतदान केंद्रों में आधारभूत सुविधाओं की उपलब्धता, मतदाता जागरूकता और 2 अगस्त से शुरू हो रहे मतदाता पुनरीक्षण अभियान को लेकर जरुरी निर्देश अनुविभागीय अधिकारी चारामा के द्वारा दिए गए, साथ ही प्रत्येक मतदान केंद्रों के संयुक्त भ्रमण हेतु प्रेरित किया गया। बैठक में तहसीलदार चारामा यशवंत राज, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जी एस बढ़ई, मुख्य नगर पालिकाअधिकारी नगर पंचायत चारामा डीएस पाल उपस्थित रहे।

# कलेक्टर की पहल से तमिलनाडु से सबिना को लाया गया गृहग्राम

**कोण्डागांव**, 31 जुलाई (देशबन्धु)। विगत दिनों सोशल मीडिया में युवती द्वारा अपनी बहन को तमिलनाडु राज्य में बंधक बनाकर श्रम कराये जाने के संबंध में जानकारी दी गयी थी। जिस पर गंभीरता पूर्वक संज्ञान लेते हुए कलेक्टर दीपक सोनी द्वारा उक्त महिला से संपर्क किया गया। ग्राम कोंगेरा के माकड़ीपारा में रहने वाली कमशिला नेताम से अधिकारियों द्वारा संपर्क किया गया। जिस पर कमशिला के अस्वस्थ होने तथा अस्वस्थता के कारण कार्य छोड़ने से ईलाज का खर्च शेष होने तथा छोटी बहन की ईच्छा के विरूद्ध उसे अधिक श्रम वाले कार्यों में रखे जाने की बात बतायी गयी। इस दौरान कमशिला के पैरों में सर्प दंश के कारण घाव होने की जानकारी भी प्राप्त हुई। जिसे अज्ञानता वश कमशिला द्वारा ईलाज न कराये जाने पर ठीक न होने की बात पायी गयी। जिस पर कलेक्टर द्वारा संज्ञान लेते हुए तुरंत स्वास्थ्य विभाग के दल को कमशिला के घर भेजा गया एवं उनकी बहन की खोज हेतु श्रम निरीक्षक अमर सिंह खांडे के मार्गदर्शन में 04 सदस्यी दल को तमिलनाडू रवाना किया गया। जहां दल द्वारा कमशिला के द्वारा बताए गये पते अनुसार जिला कृष्णागिरी पहुंच स्थानीय जिला प्रशासन से समन्वय स्थापित कर हुसूर तालुका में स्थित बीटी नांजूरेड्डी के फार्म में पहुंच कर टीम द्वारा सबिना से मुलाकात की गयी। मुलाकात में सबिना द्वारा स्वयं की मर्जी से अधिक श्रम लाभ प्राप्त करने हेतु कार्य पर आने की जानकारी देते हुए बताया कि वहां उससे अधिक श्रम कराया जा रहा था। जिसके कारण वह वापस लौटना चाह रही थी, परंतु लौट न सकी। ऐसे में जिला प्रशासन के दल द्वारा मुझे वापिस घर लाया गया है। जिससे मैं बहुत खुश हूं। सबिना ने कलेक्टर एवं दल के सदस्यों को सहृदय धन्यवाद दिया। कलेक्टर द्वारा घर वापसी पर सबिना से जिला कार्यालय में उसे लाने गये दल के साथ मुलाकात की। जहां उन्होने सबिना को सकुशल घर वापसी पर शुभकामनाएं देते हुए रेस्क्यू हेतु गये दल की प्रसंशा करते हुए पूरे दल को अच्छे कार्य के लिए बधाई दी। ज्ञात हो कि दल द्वारा फार्म संचालक से सबिना की मजदूरी के भुगतान रूप में 30 हजार रूपये एवं बड़ी बहन कमशिला के द्वारा किये गये कार्य की मजदूरी भुगतान के रूप में 80 हजार रूपये दिलवाये गये। इस दल में राजस्व निरीक्षक गिरीश चैहान, श्रम उप निरीक्षक निर्मल कुमार सोरी, पुलिस विभाग से सहायक उप निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार बघेल एवं आरक्षक अरूण नेताम शामिल थे।



### कलेक्टर ने मुलाकात कर सबिना को घर वापसी पर दी शुभकामनाएं

# मादक पदार्थ व नशीली दवाईयों के विक्रय की आसूचना पर थाना कोतवाली बीजापुर की कार्रवाई

**बीजापुर**, 31 जुलाई (देशबन्धु)। थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत मुखबीर जरिये सूचना प्राप्त हुई कि पुराना बस स्टैण्ड के पास रहने वाले कादिर खान अपने अन्य सहयोगियों के साथ अवैध रूप से गांजा की बिक्री कर रहे है एवं अपने मकान में मादक पदार्थ गांजा रखे है की सूचना पर थाना बीजापुर से निरीक्षक सुरेन्द्र राम यादव के हमराह टीम द्वारा संदेही के मकान में दबिश देकर समक्ष गवाहों के एनडीपीएस एक्ट की धारा 50 के तहत् मकान की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान मकान के अंदर रखे लोहे की बड़ी पेटी में एक सफेद रंग के थैला के अंदर प्लास्टिक झिल्ली में अवैध मादक पदार्थ गांजा तथा नगदी रकम 1500/- बरामद किया गया। माप पर 4.08 किलो गांजा होना पाया गया।



- 2 महिला सहित 4 आरोपी गिरफ्तार, कब्जे से भारी मात्रा में नशीली दवाईयां व मादक पदार्थ बरामद
- थाना कोतवाली बीजापुर की कार्रवाई

एक अन्य कार्यवाही में उप पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार साहू के हमराह बल द्वारा तहसीलपारा में एक महिला एवं जयंता मण्डल पिता रोहिदास मण्डल उम्र 28 वर्ष द्वारा अपने घर एवं अपने पास नशीली दवाईयां रख कर विक्रय करने की सूचना पर महिला के घर पहुचकर समक्ष गवाह एनपीएस एक्ट की धारा 50 के तहत् नोटिस जारी कर मकान की तलाशी ली गई। तलाशी में एक थैला में कैप्सूल के 19 पैकेट जुमला राशि 41859/- के बरामद किया गया।

प्रकरण में आरोपियों से अवैध मादक पदार्थ गांजा एवं नशीली दवाईयों के कब्जे में रखने के सबंध में वैध दस्तावेज मांगा गया जो कोई दस्तावेज प्रस्तुत नही किये। प्रकरण में थाना कोतवाली बीजापुर द्वारा पृथक-पृथक कार्यवाही करते हुये प्रकरण के आरोपियों को न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय बीजापुर पेश किया गया है।

## प्रादेशिकी का शेष...

### पोटाकेबिन में नाबालिग से...

मात्र निभाया गया। शासन पीड़ित परिवार को 50 लाख का मुआवजा प्रदान करें,और प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष दोषियों पर भी कार्यवाही करें। कार्यवाही के अभाव में भाजपा हमेशा सड़क की लड़ाई लड़ने के लिए पीड़ित परिवार के साथ सदैव तत्पर रहेगी।

### बेहतर भारत की बुनियाद...

क्या कर सकते है यह बताया गया। इस अधिवेशन ने हमारे सभी युवा कांग्रेस के साथियों के अन्दर नया जोश भरा है जिससे वहां और अधिक मजबूती से छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव हो या 2024 के लोकसभा चुनाव में काम कर देश की राजनीति को बदलने का काम करेंगे जिससे नफरत के बाजार में महोब्बत की दुकान खोलेगे।

### सीआरपीएफ के बीमार...

मेडिकल कॉलेज डिमरापाल से मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट के लिए ले जाया गया, जिसमें बस्तर पुलिस के अधिकारी इस अभियान पर नजर बनाए हुए थे। बीमार जवान को लेकर एयर एंबुलेंस दिल्ली के लिए उड़ान भरा। बस्तर पुलिस की संवेदनशीलता की नगर में जमकर प्रशंसा की जा रही है।

### सेवा ही देशभक्ति है...

अनुकरणीय हैं और बस्तर क्षेत्र में उनके द्वारा किए गए कार्य को आगे बढ़ाने के लिए सैनी की तरह ही लोगों की आवश्यकता है। उन्होंने बस्तर की बालिकाओं को नवजीवन दिया, बस्तर की बालिकाओं को शिक्षा और ज्ञान से पल्लवित किया। उन्होंने श्री सैनी को आचार्य संत शिरोमणि ॠषि तुल्य माना। कुलपति ने कहा कि गांधीजी ने डर से जीत कर सत्य का साक्षात्कार किया। आधुनिक जीवन शैली में गांधी के दर्शन एवं विचार आज भी प्रासंगिक हैं। उन्होंने राज्य और धर्म को परिभाषित किया। भारत का दर्शन, जो भारत के संविधान के राज्य नीति निर्देशक तत्व में उल्लेखित है, का गांधी जी के दर्शन से काफी गहरा संबंध है। स्वागत उद्बोधन डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. आनंद मूर्ति मिश्रा द्वारा किया गया। विशिष्ट अतिथि अभिषेक कुमार बाजपेई, कुलसचिव उपस्थित रहे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के मानवविज्ञान अध्ययनशाला के विभागाध्यक्ष डॉ. स्वपन कुमार कोले, प्राध्यापक, राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ के समन्वयक डॉ. डी.एल.पटेल, विश्वविद्यालय के सहायक कुलसचिव (प्रशासन) एवं जनसंपर्क अधिकारी सी.एल.टंडन सहित विश्वविद्यालय के शिक्षक एवं छात्राएं उपस्थित रहे।

# विस स्तरीय बूथ अध्यक्षों का प्रशिक्षण शिविर

**दंतेवाड़ा**, 31 जुलाई (देशबन्धु)। जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा विधानसभा स्तरीय बूथ अध्यक्षों का प्रशिक्षण शिविर एवं मतदाता सूची निरीक्षण संबंधी बैठक आहूत की गई। राजीव भवन जिला कार्यालय में आयोजित बैठक में जिला प्रभारी नीना रावतिया, जिलाध्यक्ष अवधेश गौतम, विधायक देवती महेंद्र कर्मा, पीसीसी मेम्बर छविंद्र कर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष तूलिका कर्मा, महिला कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष व जिपं सदस्य सुलोचना कर्मा, महिला जिलाध्यक्ष इंदिरा शर्मा शामिल हुए।



बैठक में पीसीसी मेम्बर छविंद्र कर्मा ने कांग्रेस पदाधिकारियों-कार्यकर्ताओं को संगठित होकर आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर अपने मंडल, सेक्टर को मजबूत करने पर जोर दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि हमे संगठित होकर ईमानदारी से काम करना होगा। वहीं छविंद्र कर्मा ने सभी को आगामी विधानसभा चुनाव के लिए अभी से कमर कसने की बात कही। इसके पूर्व जिला प्रभारी नीना रावतिया ने संगठन को मजबूत करने पर बल दिया। जिलाध्यक्ष अवधेश गौतम ने सभी ब्लॉक एवं मंडल अध्यक्षों को संकल्प शिविर आयोजन एवं बूथ चलो अभियान एवं मासिक बैठक आहुत करने कहा।

इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी शिवशंकर सिंह, पीएन उरकुड़े, जिला उपाध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता, मंगल यादव, महामंत्री सलीम रजा उस्मानी, रितेश जैन, मनीष भटाचार्य, प्रवीण राणा, महामंत्री व प्रवक्ता विमल सलाम, विवेक देवांगन, तपन दास, गणेश दुर्गा, रवीश सुराना, आकाश विश्वास, शिवकुमारी ध्रुव, जया कश्यप, गीतांजली, इंदिरा ठाकुर, राधा साहू, बीना साहू, किरण जयसवाल, उस्मान खान, संजीव साव, आशिप रजा, नाहरू राम, अमूलकर नाग, भीमा मंडावी, राजू, जोविन्स पापाचन, भास्कर, जोगा कर्मा, सोहन भवानी, अजय मरकाम, जगरा वैंजाम, मंगल सोरी, जयदीप मालवीय, अनिल कर्मा, कमलु अतरा, जितेंद्र कश्यप, रतनी मांडवी, संजय विश्वकर्मा, राकेश मंडावी, राधा नाग, मनकु लेकामी समेत अन्य मौजूद थे।

- विधायक देवती, पीसीसी मेंबर छविन्द्र का मार्गदर्शन
- प्रभारी नीना और जिलाध्यक्ष अवधेश ने दी अहम जानकारी

# हर वोट मूल्यवान, समझा रहे अफसर

### कलेक्टोरेट परिसर में बनाया मतदान केन्द्र




**दंतेवाड़ा**, 31 जुलाई (देशबन्धु)। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर विनीत नंदनवार के मार्गदर्शन में कलेक्ट्रेट कार्यालय के मुख्य द्वार पर मतदाता जागरूकता केंद्र बनाया गया है। इसमें कार्यालय परिसर में आने वाले लोगों को मतदाता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। मतदाता जागरूकता के तहत ईवीएम/वीवीपैट के प्रति आम जनता में जागरूकता लायी जा रही है। विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लोगों को मतदान के लिए प्रेरित कर ग्रामीण एवं आमजनों को वोट डालने का महत्व के बारे में बताया जा रहा है। मतदाता जागरूकता केंद्र में मतदाताओं को वोट देने की प्रक्रिया को बारीकी से समझाकर सिखाया जा रहा है। 18 वर्ष पूर्ण करने वाले नये मतदाता भी मतदान की प्रक्रिया से जागरूक हो रहे हैं। इससे पहली बार मतदान में शामिल होने वाले युवा अपनी एक-एक मत का महत्व समझते हुए अपनी सहभागिता दिखाएंगे। आमजन जागरूकता केन्द्र में उत्साह दिखाते हुए लगे वोटर सेल्फी जोन में फोटो भी ले रहें है। मतदाता जागरूकता से ही मतदान का प्रतिशत बढ़ाया जा सकता है एक भी मतदाता मतदान से वंचित न हो इसके लिए मतदाता सूची में सभी लोगों का नाम शामिल हो, इसे लेकर जागरुकता अभियान भी चलाया जा रहा है।

# सीपीआई जिला परिषद ने दिया धरना, सौंपा ज्ञापन

## जिले की जन समस्याओं के तत्काल समाधान हेतु



**कोण्डागांव,** 31 जुलाई (देशबन्धु)। जिले की जन समस्याओं के तत्काल समाधान हेतु, सीपीआई जिला परिषद कोण्डागांव द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करके महामहिम राज्यपाल एवं मुख्य मंत्री छ.ग.षासन के नाम प्रेशित ज्ञापन को एस.डी.एम. कार्यालय में पहुंचकर मौके पर मौजुद तहसीलदार कोण्डागांव को सौंपा गया। ज्ञापन सौंपे जाने के दौरान सीपीआई जिला परिशद कोण्डागांव के का.तिलक, का.षैलेष, का.जयप्रकाष, का.दिनेष, का.बिसम्बर, का. मुकेष, का.बिरज, का.गुदराम, दुबेष, रामचंद, घेनुराम, घासीराम, कुमार, घसीया, रामसिंह, सुकलाल, निर्मल, महरुराम, पतिराम, नामेराम, फगनुराम, शंकर, राम, फगनुराम, सोमारु, कपिल, ओमप्रकाश, गीतेश, मानसिंह आदि सहित जिले के विभिन्न ग्रामों से कम्युनिश्ट काफी संख्या में उपस्थित रहे।

सीपीआई कोण्डागांव द्वारा जिला मुख्यालय कोण्डागांव के डीएनके मैदान में 31 जुलाई 2023 को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करके बस्तर संभाग के सभी जाति वर्ग के लोगों को जो वन भूमि पर वर्श 2005 के पूर्व से काबिज हैं, ऐसे सभी पात्र जनों को वनाधिकार पट्टा प्रदान किए जाने। बस्तर संभाग की मुल जातियों जैसे मरार, महारा, धाकड़, राऊत, कलार, सुण्डी, कुम्हार, केंवट, घड़वा, घसिया, गाण्डा, पनका, लुहार, बंजारा, धोबी, नाई आदि बस्तर की मूल जातियों को अनुसूचित जनजाति वर्ग में षामिल किए जाने। बस्तर संभाग में सरकारी, अर्द्ध सरकारी विभाग के सभी पदों पर स्थानीय षिक्षित बेरोजगारों की भर्ती करने। उद्योग, सड़क, बांध आदि से प्रभावित विस्थापितों के साथ हो रहे अन्याय की जांचकर, उन्हें उनको प्राप्त होने वाली सुविधाएं तत्काल प्रदान की जाने। बस्तर संभाग में षिक्षा व स्वास्थ्य सुविधाओं का व्यापक विस्तार किए जाने। ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के ऐसे नागरिक जो षासकीय भुमि पर मकान बनाकर कई वर्शों से निवासरत हैं, उन्हें तत्काल पट्टा प्रदान किए जाने, विभिन्न समस्याओं के समाधान हेतु आवेदकों के द्वारा प्रस्तुत आवेदनों का निराकरण समय सीमा में करना सुनिष्चित करने के बाद आवेदकों को सुचना देने तथा कोण्डागांव जिले के जिन गांवों को नारायणपुर जिला पुलिस के अंतर्गत रखा गया है उन सभी ग्रामों को कोण्डागांव जिला पुलिस के अंतर्गत रखा जाए ताकि दोहरी प्रषासनिक व्यवस्था से परेषान ग्रामीणजनों की परेषानी दूर हो सके आदि समस्याओं के समाधान की, मांग की गई।

# एनएमडीसी ने स्थानीय किसानों की आय वृद्धि हेतु उपलब्ध करवाए फलदार पौधे

## स्थानीय किसानों में खुशी की लहर



**बचेली,** 31 जुलाई (देशबन्धु)। पिछले कुछ वर्षों से एनएमडीसी, बचेली अपने सीएसआर विभाग द्वारा स्थानीय किसानों की आय वृद्धि हेतु अनेक योजनाएं चलाती आ रही है। इसी कड़ी में हाल ही में एनएमडीसी, बचेली द्वारा 17 गावों में किसानों को फलदायक पौधे उपलब्ध करवाए जा रहे हैं जिसमें आम, मुनगा, कटहल इत्यादि शामिल हैं।

इन पौधों को दंतेवाड़ा जिले के 17 गावों में उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। इस योजना का क्रियान्वन एनएमडीसी, बचेली के अधिशासी निदेशक बी. वेंकटश्वरलु के मार्गदर्शन से किया जा रहा है। इस योजना का आरंभ महाप्रबंधक (कार्मिक) धर्मेंद्र आचार्य के द्वारा स्थानीय किसानों को पौधों का वितरण करके किया गया। जिसमें अन्य किसानों ने इस योजना से हो रहे लाभ की जानकारी महाप्रबंधक (कार्मिक) ने दी।

यहां यह उल्लेखनीय है कि पिछले 4 वर्षों से इस योजना के तहत पैदावार कर किसानों ने अपनी आय में वृद्धि होने का प्रमाण दिया है जिसके फलस्वरूप आज इन पौधों की मांग इस दंतेवाड़ा क्षेत्र में निरंतर बढ़ती जा रही है। सभी स्थानीय किसानों ने इस योजना की प्रशंसा करते हुए एनएमडीसी, बचेली को धन्यवाद दिया तथा यह अपेक्षा जताई कि उन्हें भविष्य में ऐसी कई योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा।

# भाजपा ने पीएम की सुनी मन की बात



**भानुप्रतापपुर,** 31 जुलाई (देशबन्धु)। मन की बात के 103 वां एपिसोड भारतीय जनता पार्टी के समस्त मंडल के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने पोलिंग बूथ 83 वार्ड क्रमांक 14, पोलिंग बूथ 84 वार्ड 9, 10 में सुना और देखा। इस अवसर पर प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी ने कहां की सर्वजन इनायत योजना हमारी यही सोच है इस बरसात के मौसम पर कई प्रदेशों में बाढ़ की स्थिति बन चुकी है जिसमें एनडीआरएफ की टीम अपनी कड़ी मेहनत से दिन-रात वहां के लोगों की सेवा कर रही है 50,000 देश में नए सरोवर बन रहे हैं उत्तर प्रदेश में 1 दिन में 3000 पेड़ लगाने का काम किया है इस समय सावन का महीना चल रहा है। अत्याधुनिक आनंद और उल्लास का माहौल पूरे देश में है शिव आराधना में कंवर यात्रा निकालते हैं मथुरा उज्जैन में काफी लोग जा रहे हैं अमरनाथ की यात्रा में लोग लगातार जा रहे हैं मन की बात में इस बार ऐसे पत्र मिले हैं खासकर मुस्लिम महिलाओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चिट्ठी लिखी है कि जो हज यात्रा में उनको बहुत बड़ी छूट के साथ हज यात्रा करने को मिली।

# जिले के विभिन्न कृषि केन्द्रों का कृषि विभाग ने किया निरीक्षण

**कोण्डागांव,** 31 जुलाई (देशबन्धु)। खरीफ का कृषि मौसम शुरू होने के साथ जिले में कृषि गतिविधियां तेज हो रही है। ऐसे में कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार कृषि विभाग के द्वारा किसानों के समुचे हित को ध्यान में रखते हुए कृषि सुविधाएं उपलब्ध कराने वाले कृषि केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण निर्मित दल द्वारा किया जा रहा है। इस संबंध में उप संचालक कृषि विभाग डी.पी.तांडे ने बताया कि विभागीय निरीक्षकों के दल द्वारा शुक्रवार, शनिवार एवं रविवार को कोण्डागांव एवं फरसगांव के विभिन्न कृषि केन्द्रों का जायजा लिया, जिसमें दल द्वारा उर्वरकों की सामायिक उपलब्धता, स्टाक की उपलब्धता, उर्वरकों का प्रबंधन, उचित मूल्य पर विक्रय, उनकी सुरक्षा आदि के संबंध में निरीक्षण करते हुए दल द्वारा संचालकों से चर्चा की गयी।



## 7 कृषि केन्द्रों के संचालकों को दिया गया नोटिस

इस निरीक्षण के दौरान कोण्डागांव विकास खण्ड के उन्नत कृषि केन्द्र, अम्बिका कृषि संसार, प्रयाग कृषि केन्द्र एवं फरसगांव विकास खण्ड के महेन्द्र कृषि बड़ेडोंगर, कृति इंटरप्राइजेस बड़ेडोंगर, दास ऐग्रो एजेंसी फरसगांव, श्रीनाथ कृषि केन्द्र फरसगांव में उर्वरक नियंत्रक आदेश 1985 का उल्लंघन पाये जाने पर फर्म के संचालकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इसके साथ ही अन्य फर्मों का भी आकस्मिक निरीक्षण किया गया तथा सभी फर्मों में उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के निहित प्रावधानों के तहत नियमानुसार सही संचालन पाया गया।

# कल भाजपा बूथों की समीक्षा बैठक



**भानुप्रतापपुर,** 31 जुलाई (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी मंडल भानुप्रतापपुर के द्वारा आज कच्चे शक्ति केंद्र के 5 पोलिंग बूथ और मूल्य शक्ति केंद्र के 5 बूथों के बीएलओ 2 की समीक्षा बैठक की गई यहां तक कि आगामी विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव होना है जिसमें पोलिंग बूथ में जो एजेंट पार्टी के द्वारा बैठते हैं उनकी लिस्ट सही है या नहीं है किस चेंज करना है इस विषय में चर्चा की गई इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष नवरत्न सिंह चौहान कच्चे शक्ति केंद्र प्रभारी व मंडल महामंत्री ज्वाला प्रसाद जैन मुल्ला शक्ति केंद्र के प्रभारी भाजपा मंडल महामंत्री डि गेश खापर्डे केवटी शक्ति केंद्र के प्रभारी मंडल उपाध्यक्ष हेम सोनवानी जनपद सदस्य जिउराखान सलाम साले. सियाराम कल्लो अशोकखास राजकुमार कुरेटी लक्ष्मण कुलदीप. चैतूरामाआचला रवि सिन्हा रमल कोर्राम उपस्थित थे।

# सभी ग्रामों में कल से विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन

**कोण्डागांव,** 31 जुलाई (देशबन्धु)। आगामी विधान सभा सामान्य निर्वाचन 2023 हेतु फोटो युक्त निर्वाचक नामावलियों का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अंतर्गत प्रारंभिक प्रकाशन किया जाना है। इन ग्राम सभाओं में नामावलियों के प्रारंभिक प्रकाशन हेतु विशेष ग्राम सभा का आयोजन कर सभी संबंधित भागों का वाचन बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) के माध्यम से किया जाएगा, जिसका उद्देश्य निर्वाचक नामावली को शुद्ध एवं त्रुटि रहीत बनाना है। इन विशिष ग्राम सभाओं के माध्यम से 01 अक्टूबर 2023 तक मतदान हेतु अर्हता प्राप्त कर चुके नवीन मतदाताओं को जोड़ने हेतु कार्य किया जायेगा। इस संबंध में भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार 02 अगस्त को निर्वाचक नामावलियों का प्रारंभिक प्रकाशन किया जायेगा। इसके साथ ही 02 से 31 अगस्त तक दावा अपत्तियां प्राप्त की जायेंगी। इसके लिए मतदान स्तर पर विशेष शिविरों का आयोजन 12, 13 19 एवं 20 अगस्त को किया जायेगा। निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन 04 अक्टूबर को किया जायेगा।

# रिटर्निंग आफिसर ने ली सेक्टर व पुलिस अधिकारियों की बैठक

**भानुप्रतापपुर,** 31 जुलाई (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कांकेर डा. प्रियंका शुक्ला के निर्देशानुसार आज भानुप्रतापपुर विधानसभा के रिटर्निंग आफिसर प्रतीक जैन (भाप्रसे) ने भानुप्रतापपुर के सभी सेक्टर अधिकारी एवं सेक्टर पुलिस अधिकारियों की बैठक सह प्रशिक्षण जनपद सभा कक्ष भानुप्रतापपुर में ली। आज के बैठक को संबोधित करते हुए रिटर्निंग आफिसर ने सभी को निर्देशित देते हुए कहा कि आने वाले सप्ताह के अंदर सभी अपने अपने सेक्टर के मतदान केद्रों का निरीक्षण कर ले और मतदान केंद्रों में आवश्यक सुविधाओं की जानकारी एएमएफ के निर्धारित प्रपत्र में तत्काल जमा करें। साथ ही साथ विधानसभा में 5 नए मतदान केंद्र बनाये गये है उनका भी अवलोकन करेंगे।



## मतदान केन्द्रों का एक सप्ताह के भीतर निरीक्षण करें, साथ ही रूट का सत्यापन भी करें

सेक्टर अधिकारी और सेक्टर पुलिस अधिकारी दोनो साथ में जायेंगे और एएमएफ के साथ साथ मतदान दिवस के रूट चार्ज, कम्यूनेशन प्लान, वर्नलेबल मतदान केंद्रों का चिन्हांकन एवं मैपिंग साथ में सेक्टर अधिकारी का निर्धारित रिपोर्ट फार्म वी एम 2एवं 3 भी भरकर जमा करेंगे। आज के प्रशिक्षण में रिटर्निंग आफिसर ने पीपीटी के माध्यम से बडे विस्तार से सभी को समझाया और सेक्टर अधिकारी का क्या क्या दायित्व होता है। निर्वाचन कार्यक्रम प्रारंभ होने के पहले एवं निर्वाचन के दौरान मतदान दलों की रवानगी से लेकर मतदान दिवस एवं मतदान दलों को सकुशल संग्रहण वितरण केंद्रों तक पंहुचाने के बारे में आयोग के दिये निर्देशों से अवगत कराया इसके साथ ही मतदान दिवस के मतदान केंद्रों के पंहुच मार्गो का भी अवलोकन कर लगने वाले आवश्यक वाहनों का मांग बनाने को भी निर्देशित किया गया। इसी तरह प्रत्येक मतदान केंद में मोबाईल कनेक्टीवेटी उपलब्ध है या नहीं इसकी भी जांच किया जाना है। यदि किसी मतदान केंद्र में मोबाईल कनेक्टीविटी नहीं है तो मतदान दिवस को ऐसे चिन्हांकित मतदान केंद्रों में रनर की नियुक्ति की जावेगी।आज के बैठक में ईव्हीएम की पूरी प्रक्रिया से भी अवगत कराया और माक पोल से लेकर वास्तविक पोल कैसे कराया जावेगा और क्या क्या सावधानियां रखनी होगी इसकी विस्तार से जानकारी दी गयी। आज के बैठक अनुविभागीय अधिकारी पुलिस प्रशांत पैकरा, तहसीलदार सुरेंद्र उर्वशा भानुप्रतापपुर, कृष्णा पाटले दुर्गुकोंदल, निर्वाचन प्रभारी अशोक ठाकुर के साथ साथ सभी सेक्टर अधिकारी एवं सेक्टर पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

# युकां व एनएसयूआई ने लगाए एकलव्य शिक्षक भर्ती में अनियमितता के आरोप

**भानुप्रतापपुर,** 31 जुलाई (देशबन्धु)। युवक कांग्रेस व एनएसयूआई ने एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में अतिथि शिक्षक भर्ती में नियम विरुद्ध कार्य करने व भ्र्ष्टाचार के आरोप लगाए हैं, साथ ही चेतावनी दी है कि यदि इस मामले में उचित जांच व कार्यवाही नहीं की गई तो वे चक्का जाम जैसे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

ब्लाक अध्यक्ष एनएसयुआई मनीष मंडावी, महासचिव जिला युकां प्रकाश नुरेटी व युकां अध्यक्ष आकाश यदु ने आरोप लगाते हुए कहा कि केन्द्र एवम राज्य शासन को दरकिनार करते हुए स्थानीय व पूर्व में कार्यरत शिक्षकों को प्रथामिकता ना देकर भ्रष्टाचार करते हुए बाहरी लोगों को पोस्ट बांटी गई है। राज्य सरकार द्वारा उच्च न्यायालय में दायर याचिकाओं के आधार पर समस्त जिला अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया था कि बिना किसी शिकायत के किसी भी पुराने शिक्षक को ना निकाला जाए इसके बावजूद भानुप्रतापपुर एकलव्य स्कूल में पुराने शिक्षकों को निकालकर नियमों की सरासर अवहेलना करते हुए नए वह अपने मनचाहे शिक्षकों की भर्ती की गई है जबकि यह शिक्षक बाहरी भी है। यदि मामले पर तत्काल संज्ञान नहीं लिया जाता है तो एनएसयुआई,युवा कांग्रेस विरोध प्रदर्शन व चक्का जाम करेगी।

इन नेताओं ने यह भी कहा कि इस भर्ती प्रक्रिया में लेन देन के भी संकेत मिले हैं, जिसका पर्दाफाश भी जल्दी किया जाएगा। इस मामले एकलव्य विद्यालय के प्रिंसिपल गौतम ने कहा कि सारी प्रक्रिया जिला कार्यालय से हुई है और इसमें हमारी कोई भी भूमिका नहीं थी।

वहीं सहायक आयुक्त जया मनु ने बताया कि अतिथि शिक्षकों की भर्ती नियमानुसार की गई है। पुराने शिक्षकों को प्राथमिकता देते हुए सबसे पहले विशेषज्ञों की टीम के द्वारा उनका इंटरव्यू लिया गया और गुण दोषों का मूल्यांकन किया गया, उसके आधार पर इन्ही विशेषज्ञों की अनुशंसा पर जो शिक्षक अपात्र पाए गए उन्हें निकाला गया है, और उनके बदले योग्य शिक्षकों की भर्ती की गई है। सारी प्रक्रिया पारदर्शी है, एवं विद्यालयों मैं पढ़ने वाले छात्रों के हितों को देखते हुए की गई है।

# आपदा पीड़ित 2 परिवारों को 8 लाख की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार,** 31 जुलाई (देशबन्धु)। प्राकृतिक आपदा से मृत 2 लोगों के निकट परिजनों के लिए 8 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। प्रत्येक व्यक्ति के लिए 4-4 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। कलेक्टर चंदन कुमार ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत 27 जुलाई 2023 को ये स्वीकृतियां प्रदान की हैं। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार लाभान्वित हितग्राहियों में चित्ररेखा पति स्व. एकादशिया निवासी ग्राम कटगी, तहसील कसडोल एवं चन्द्रशेखर महिलांग पिता मुनिराम महिलांग निवासी ग्राम पेण्ड्री तहसील सुहेला शामिल हैं।

# बेंगलुरु में आयोजित बेहतर भारत की बुनियाद अधिवेशन में युवा नेता हुए शामिल



**कोण्डागांव**, 31 जुलाई (देशबन्धु)। युवा कांग्रेस द्वारा बेंगलुरु में आयोजित तीन दिवसीय बेहतर भारत की बुनियाद अधिवेशन में छत्तीसगढ़ के युवा नेता भारी संख्या में शामिल हुए। युवा कांग्रेस की प्रदेश महासचिव प्रदेश कार्यकारिणी में शामिल बस्तर संभाग से एकलौती युवा नेत्री अभिलाषा पोयाम भी कार्यक्रम में शिरकत की अभिलाषा पोयाम ने बताया कि इस बड़े सम्मेलन में शामिल होना हमारा सौभाग्य है, राहुल गांधी भारत देश में मोहब्बत की दुकान खोलना चाहते हैं, हम उनके साथ कदम से कदम मिलाकर चलेंगे। इस सम्मेलन के माध्यम से देश में फैली नफरत को खत्म करने, सम्पूर्ण भारत को एक साथ भाईचारे व शांति के मार्ग में चलकर पुन: 2024 में भारत देश मे कांग्रेस पार्टी की सरकार बनाने के लिए राहुल गाँधी के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का काम हम युवा कॉंग्रेसियों का है। यह युवा कांग्रेस का सबसे बड़ा अधिवेशन है, जिसमें पूरे भारत के हर राज्य से युवा कांग्रेस के पदाधिकारी-कार्यकर्ता सहित आम युवाओं ने भी भाग लिया। इस अधिवेशन में छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इसका सकारात्मक परिणाम आगामी होने वाले चुनावों में दिखेगा।

# बगैर जांच व मामले की सत्यता जाने शिक्षकों पर कार्रवाई दुर्भाग्यपूर्ण : जैन

**कोण्डागांव,** 31 जुलाई (देशबन्धु)। महामहिम राष्ट्रपति, महामहिम राज्यपाल एवं मुख्य मंत्री पुरस्कार एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के सर्वोच्च सम्मान इंदिरा गांधी पुरस्कार प्राप्त सेवा निवृत्त प्रधान पाठक एवं पूर्व जिला संगठक शिक्षक आर.के.जैन ने निर्मल कुमार शार्दुल प्रधान अध्यापक व बी जान पी.टी.आई शा.बा.उ.मा.वि.कोंडागांव पर बगैर जांच व मामले की सत्यता जाने की गई कार्रवाई को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए, निम्नांकित बिन्दुओं पर विभागीय उच्चाधिकारियों से विचार करने का आग्रह किया है। सेवानिवृत्त शिक्षक आर.के.जैन ने कहा कि विद्यालय में 1. एन.एस.एस.ईकाई संचालित है। इसके पाठ्यक्रम में श्रमदान का उल्लेख है। 2 राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र-छात्राओं द्वारा ग्राम, नगर, विकास खंड, तहसील, जिला अंतर्गत स्वच्छता अभियान के साथ अनेक गतिविधियों का निष्पादन करना होता है। 3 जब विद्यार्थीगण तालाब की सफाई, हैंड पंपों की सफाई, सड़क मरम्मत, शौचालय निर्माण, स्नानागार निर्माण, मंचों का निर्माण, नाली की सफाई, वार्ड की सफाई, अस्पताल में श्रमदान, प्राकृतिक आपदा में, खेल आयोजन में श्रमदान, सांस्कृतिक कार्यक्रम में श्रमदान कर सकते हैं, तो फिर विद्यालय में क्यों नहीं कर सकते ? 4 राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र-छात्राओं को 240 घंटे काम करने पर ए प्रमाण पत्र की पात्रता होती है। इकाई में ग्यारहवीं कक्षा व बारहवीं के छात्र छात्राएं होती हैं। 5 महामहिम राज्यपाल, मुख्य मंत्री, मंत्री गण के कार्यक्रम में व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने में विद्यालय के छात्र छात्राओं की सेवाएं ली जाती है। सात दिवसीय विशेष ग्रामीण शिविर में अनेक गतिविधियों में श्रमदान करते हैं, क्या वहां जोखिम नहीं होता है ? 6 इसी तरह के कार्य करने के लिए यह विद्यालय देश के दस सर्वश्रेष्ठ विद्यालय के सम्मान से 2013 में सम्मानित किया जा चुका है। सन् 2018 में मुख्य मंत्री भूपेश बघेल छ.ग. शासन द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। दोनों शिक्षक छात्र-छात्राओं के हित में नैतिक जिम्मेदारी का निर्वहन कर रहे थे। उन्हें शाबाशी देने की जगह दण्डित किया जाना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण कार्रवाई है। इस तरह की कार्यवाही से बस्तर संभाग की एन.एस.एस. इकाई की गतिविधियों प्रभावित होंगी तथा कागजी कार्य किए जायेंगे। वहीं भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय का लक्ष्य व मंशा प्रभावित होंगी। अत: इस निर्णय पर सहानुभूतिपूर्वक पुनर्विचार करते हुए दोनों शिक्षकों के निलंबन आदेश को निरस्त किया जाए।



# प्रा. शाला जोंदरापदर में कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद की जयंती पर कहानी उत्सव

**कोण्डागांव,** 31 जुलाई (देशबन्धु)। कोंडागांव जिला अंतर्गत संचालित प्राथमिक शाला जोन्दरापदर में 31 जुलाई को कथा सम्राट मुन्शी प्रेमचंद जयंती धूमधाम से मनाई गई। बच्चों को कहानी के माध्यम से नैतिक व सामाजिक मूल्य की शिक्षा देने के उद्देश्य से जयंती का आयोजन किया गया। संस्था की प्रधान पाठक मधु तिवारी ने मुन्शी प्रेमचंद की जीवनी व उनके रचना संसार पर प्रकाश डाला। बाल सुलभ मन मे कहानियों का गहरा प्रभाव पड़ता है बच्चे बड़े ध्यान से सुनते व समझते है। बच्चों में वाचन कौशल व सम्प्रेषण छमता बढ़ाने कहानी पाठ भी करवाया गया।



## कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद साहित्य रत्न 2023 से सम्मानित हुई शिक्षिका मधु

सुप्रसिद्ध कथाकार सम्राट मुंशी प्रेमचंद की 143 वीं जयंती पर कोंडागांव जिला अंतर्गत संचालित प्राथमिक शाला जोन्दरापदर की प्रधानाध्यापिका मधु तिवारी को उनके साहित्यिक, शैक्षिक अवदान के लिए साहित्य कला फाउंडेशन मुंबई द्वारा डिजिटल माध्यम से 31 श्रनसल आयोजित साहित्यिक संगोष्ठी में मुंशी प्रेमचंद्र साहित्य रत्न सम्मान 2023 से सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि शिक्षिका मधु तिवारी की अब तक एकल काव्य संग्रह, साहित्यकार की जीवनी सात साझा काव्य संग्रह सहित देश के प्रतिष्ठित पत्रिकाओं समाचार पत्रों में कविताएं कहानी प्रसिद्ध शिल्पकारों के साक्षात्कार, बाल मन पर केंद्रित उनकी कहानियों ने देश भर में ख्याति अर्जित की है। आकशवाणी, दूरदर्शन से भी निरन्तर कविता कहानी आदि का प्रसारण हुआ है। पूर्व में अपने शैक्षिक व साहित्यिक, सामाजिक योगदान के लिए देश प्रदेश की पच्चीस से भी अधिक सरकारी गैर सरकारी संस्थाओं सहित महामहिम राज्यपाल आदि ने सम्मानित किया है। महिला सशक्तिकरण सहित सामाजिक सांस्कृतिक आयोजनों में अपनी महती भूमिका का निर्वहन करती आ रही है।

# कैपिटल ज़ोन

**उल्टा पुल्टा**

पिंटू- पड़ोसन की डेथ कैसे हुई?
चिंटू- दाल के भाव बहुत बढ़ने से।
पिंटू- ओए, पागल हो गए हो क्या? ऐसे कैसे हो सकता है!
चिंटू- मैने अपनी आंखों से उसका डेथ सर्टिफिकेट देखा था, उस पर लिखा था-'**डेथ ड्यू टू हाई पल्स रेट**'!!!

## संपादकीय

### लापता महिलाओं के ये आंकड़े

*राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की रिपोर्ट के ये आंकड़े बेहद चौंकाने वाले हैं कि पिछले तीन साल में छत्तीसगढ़ से करीब 49 हजार महिलाएं और 1 हजार से अधिक लड़कियां लापता हो गईं। छत्तीसगढ़ में मानव तस्करी की शिकायतें काफी पहले से हैं। इसके पीछे गरीबी और बेरोजगारी ही मुख्य वजह मानी जाती रही है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों के भीतर छत्तीसगढ़ की सामाजिक-आर्थिक स्थिति काफी बदल चुकी है। अब गांवों में लोगों के पास काम के साथ आमदनी का जरिया भी है। एनसीआरबी अपराधों के आंकड़े रखता है और जाहिर है ये आंकड़े पुलिस में दर्ज मामलों से ही निकाले गए होंगे। महिलाओं-लड़कियों के गायब होने के इन आंकड़ों की हकीकत का पता लगाया जाना चाहिए क्योंकि इतनी बड़ी संख्या में उनके लापता होने का मामला काफी गंभीर है। यह हो सकता है कि उनके लापता होने का मामला दर्ज हुआ हो, लेकिन इन लापता महिलाओं व लड़कियों का बाद में पता चल जाने का भी कोई रिकार्ड पुलिस के पास है। फिलहाल एनसीआरबी की रिपोर्ट के इन आंकड़ों पर पुलिस की कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। ये आंकड़े संसद में पेश किए गए हैं और इससे देशभर में जो तस्वीर बनती है उसमें देखने की कोशिश की जा सकती है कि सुरक्षा व्यवस्था की स्थिति कैसी है। किसी के लापता होने की पुलिस में रिपोर्ट दर्ज होने की गंभीरता को भी समझने की जरूरत है। छत्तीसगढ़ से एक समय बड़ी संख्या में लड़कियां काम की तलाश में राज्य से बाहर ले जाई जाती थीं। कुछ प्लेसमेन्ट समूह के लोग ये काम करते थे। कालान्तर में इस पेशे ने अपराध का शक्ल ले लिया, जिसे मानव तस्करी कहा जाता है। पुलिस ने इसके खिलाफ कार्रवाई भी शुरू की और अब ऐसी शिकायतें कम ही सुनी जाती है, लेकिन एनसीआरबी के 219 से 221 तक के जो आंकड़े हैं, उससे पता चलता है कि महिलाओं-लड़कियों के लापता होने का सिलसिला रूका नहीं है। इन आंकड़ों को सरकार गंभीरता से ले और उसका परीक्षण भी कराए कि आखिर इन आंकड़ों के पीछे की हकीकत क्या है? महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों को राज्य की पुलिस पूरी गंभीरता से लेती रही है। उसे खुद भी यह पता लगाने की कोशिश करनी चाहिए कि राज्य के थानों में दर्ज लोगों विशेषकर महिलाओं-लड़कियों के लापता होने के पीछे रहस्य क्या है? यह मामला मानव तस्करी जैसे अपराध से जुड़ा हुआ है या कोई और कारण है। रोजगार की तलाश में भी बड़ी संख्या में लोग राज्य से बाहर जाते रहे हैं। ऐसे लोगों की जानकारी परिजनों को कई बार नहीं मिलती और वे पुलिस की मदद चाहते हैं। कई परिवारों के राज्य से बाहर उद्योग-धंधों में बंधक बना लेने की शिकायतें भी आती रहती हैं। श्रम विभाग ऐसे लोगों पर नजर रखता है जो रोजगार की तलाश में घरबार छोड़कर राज्य से बाहर जाते हैं। एनसीआरबी की आंकड़ों की पड़ताल जरूरी है ताकि लापता होने के मामलों में कमी लाने के लिए कदम उठाए जा सकें।*

# प्रदेश की सात नदियों का जल लेकर निकाली कांवड़ यात्रा, महादेव घाट भी पहुंचे शिव भक्त





**शिव मंदिरों में सुबह से रही श्रद्धालुओं की भीड़**

**रायपुर**, 31 जुलाई (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर में आज एक अनोखी कांवड़ यात्रा निकाली गई। 7 पावन नदियों के जल से भगवान महादेव का अभिषेक किया गया। सावन महीन के सोमवार के दिन शहर के युवाओं ने सुबह सुबह एक कावड़ यात्रा निकालकर भोलेनाथ के जयकारों के साथ श्री बैधनाथ धाम में जाकर जल अभिषेक किया।

कावड़ यात्रा लेकर मोतीबाग चौक मंदिर पहुंचे समाज सेवी सीए अमित चिमनानी ने बताया यात्रा में बच्चो ,बुजुर्गो ने भी भाग लिया ,कुछ बच्चे शिव जी के स्वरूप में दिखे,रास्ते में लोगो ने श्रद्धा भाव से उन्हें नारियल भी चढ़ाए। इस यात्रा में लोग 7 नदियों गौमुख गंगाजल ,महादेव घाट जल ,शिवनाथ नदी जल ,त्रिवेणी संगम जल , महादेव नदी जल,अरपा नदी जल, नर्मदा नदी का जल लेकर भगवान भोलेनाथ के पास पहुंचे उनका अभिषेक किया। कावड़ यात्रा के दौरान देश भक्ति की झलक दिखी सफेद कपड़ों में वंदे मातरम के बैनर पोस्टर लिए देशभक्त नागरिक बोल बम के नारे लगाते रहे। यात्रा में शामिल छोटे बच्चों को कांवड़ यात्रा का महत्व बताया गया। आयोजकों ने कहा कि इससे बच्चों में सनातन संस्कृति की जागरुकता भी आएगी। पूज्य सिंधी पंचायत संत कंवर राम नगर कटोरा तालाब ने कावड़ यात्रा का भव्य स्वागत किया।

यात्रा में शंकर नगर पंचायत के अध्यक्ष प्रहलाद शादिजा, भारतीय सिंधु सभा के मुरलीधर शादीजा, जैन समाज से तनय लूनिया, जयेश बोथरा , चयन जैन विश्व हिंदू परिषद से योगेश सैनी, वात्सल्य मूर्ति ,सर्व समाज समिति से जयराम दुबे, दलविंदर बेदी, गंगनदीप सिंह, बढ़ते कदम से बंटी जुमनानी महावीर नगर पंचायत से अजय जयसिंघानी, टिकरापारा पंचायत से झामनदास बजाज, मंडली से रोहित सिंह, बड़ी संख्या में भक्त गण माजूद रहे ।

**महादेव घाट में गूंजा हर-हर महादेव**

सोमवार को बड़ी तादाद में लोग महादेव घाट के मंदिर भी पहुंचे। राजधानी रायपुर से महज 10 किलोमीटर की दूरी पर शहर की जीवनदायिनी मानी जाने वाली खारुन नदी तट पर ऐतिहासिक हटकेश्वर नाथ मंदिर है। ऐसा कहा जाता है कि 1402 ई में कल्चुरी राजा रामचंद्र के पुत्र ब्रह्मदेव राय के शासन काल में हाजीराज नाइक ने मंदिर का निर्माण कराया था। हरिद्वार के लक्ष्मण झूला की तर्ज पर दो साल पहले खारुन नदी के उपर सड़क रूपी झूला बनाया गया है। जबसे यह झूला बना है। तबसे यहां सैलानियों की संख्या कई गुणा बढ़ चुकी है। मंदिर में सोमवार को विशेष पूजा की गई।

हिंदू कैलेंडर के अनुसार सावन का महीना पांचवां महीना होता है। आषाढ़ खत्म होते ही श्रावण माह के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि से सावन का पवित्र महीना शुरू हो जाता है। इस माह को श्रावण के नाम से भी जाना जाता है। श्रावण का महीना भगवान शिव का सबसे प्रिय महीना होता है। भोले भंडारी को सावन का महीना प्रिय होने के पीछे एक कथा है। सावन के महीने ही मां पार्वती ने भगवान शिव को पति के रूप में पाने के लिए कठोर तप किया था जिससे भगवान शिव प्रसन्न होकर मां पार्वती को पत्नी के रूप में स्वीकार किया था। सावन के महीने में शिवलिंग का जलाभिषेक और रुद्राभिषेक का विशेष महत्व होता है। पूरे सावन महीने के दौरान हर दिन शिवजी की पूजा-उपासना करने पर सभी तरह की मनोकामना जल्दी पूरी होती हैं। सावन के महीने में सोमवार व्रत, मासिक शिवरात्रि और कांवड़ यात्रा का विशेष महत्व होता है।

आज चौथे सावन सोमवार को लेकर सभी शिवालयों में भक्तों की भीड़ बड़ी संख्या में देखने को मिली अब धीरे-धीरे कांवरिए बड़ी संख्या में भगवान भोलेनाथ को जल अर्पण करने के लिए रास्ते में चलते नजर आ रहे हैं आज विभिन्न स्थानों पर महिलाएं भी कांवर लेकर भगवान भोलेनाथ को जल अभिषेक करने के लिए मंदिर पहुंचती नजर आई बहुत से मंदिरों में सुबह से ही लंबी-लंबी कतारें देखने को मिली जैसे-जैसे सावन बीतता जा रहा है भीड़ भी बढ़ती जा रही है लगातार सुबह से शाम तक शिव मंदिरों में भीड़ देखने को मिल रही है।

आज श्रावण मास का चौथा सोमवार है।19 साल बाद श्रावण मास में पुरुषोत्तम मास का संयोग बन रहा है। इसलिए इस साल श्रावण महीना 59 दिनों तक रहेगा। जिसमें आठ सोमवार पड़ रहे है। आठों सोमवार पर शिवलिंग का रुद्राभिषेक और मनमोहक श्रृंगार किया जाएगा। इसके अलावा भक्त शिव की भक्ती में डूबते हुए नजर आएंगे।

चौथे सोमवार को शिवालयो में सुबह से भक्तों का तांता लगा हुआ है। मंदिरों में चारों तरफ हर-हर महादेव की गूंज सुनने को मिल रही है। वहीं चंगोराभाठा स्थित श्री सिखेस्वर शिव मंदिर नाथ महादेवा तालाब में सुबह से ही शिव के भक्त पूजा-अर्चना के लिए पहुंच गए है। भक्त बड़े उत्साह के साथ बाबा के दर्शन करने पहुंच रहे हैं। सर्वराकार श्री योगेंद्र पुरी ने बताया कि आज भक्तों ने सुबह से ही पूजा अर्चना करने पहुंचने लगे मंदिर परिसर से कावड़ यात्रा निकाली एवम इसके पश्चात भगवान शिवजी का अभिषेक, सहस्त्रधारा एवं आरती के बाद भंडारा का आयोजन किया गया।

## विशेष सचिव व आबकारी आयुक्त सहित पांच के खिलाफ यूपी में एफआईआर

**रायपुर**, 31 जुलाई (देशबन्धु)। प्रदेश में हुए शराब घोटाला मामले में उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर जिले के ग्रेटर नोएडा में छत्तीसगढ़ के विशेष सचिव और आबकारी आयुक्त समेत पांच के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

बताया जा रहा है कि छत्तीसगढ़ में हुए करोड़ों के शराब घोटाले में कासना स्थित कंपनी में बने मूल और नकली होलोग्राम प्रयोग किए गए थे।इस मामले में थाना कासना में अरुण पति त्रिपाठी (आईटीएस) स्पेशल सेक्रेट्री एक्साइज, निरंजन दास (आईएस) एक्साइज कमिश्नर, विधु गुप्ता, अनवर देहबर और एक अन्य आईएएस अधिकारी के खिलाफ केस दर्ज किया गया है. इस मामले में आईपीसी की धारा 420, 468, 471, 473, 484 ,120-बी अंतर्गत केस दर्ज किया गया है।

इस मामले में छत्तीसगढ़ के विशेष सचिव आबकारी उत्पादन शुल्क, आबकारी आयुक्त (आईएएस) अधिकारी सहित पांच के खिलाफ थाना कासना में केस दर्ज किया गया है। प्रवर्तन निदेशालय रायपुर में तैनात उप निदेशक हेमंत ने रविवार को थाना कासना में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में हुए करोड़ों के शराब घोटाले की जांच में पता चला है कि विधु गुप्ता की नोएडा स्थित मेसर्स प्रिज्म फोटोग्राफी सिक्योरिटी फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड ने असली और नकली होलोग्राम बनाए थे।छत्तीसगढ़ के विशेष सचिव उत्पादक शुल्क अरुणपति त्रिपाठी आपूर्ति के लिए मूल व डुप्लीकेट होलोग्राम का विवरण उन्हें बताते थे। होलोग्राम की संख्या उसके हिसाब से मुद्रित करके भेजी जाती थी। अरुणपति त्रिपाठी द्वारा उपलब्ध कराए गए नंबरों के होलोग्राम को सड़क मार्ग से छत्तीसगढ़ ले जाया जाता था। ईडी ने जांच के दौरान कंपनी से डुप्लीकेट होलोग्राम जब्त किए हैं।इस मामले में थाना कासना में अरुण पति त्रिपाठी (आईटीएस) स्पेशल सेक्रेट्री एक्साइज, निरंजन दास (आईएस) एक्साइज कमिश्नर, विधु गुप्ता, अनवर देहबर और एक अन्य आईएएस अधिकारी के खिलाफ केस दर्ज किया गया है. इस मामले में आईपीसी की धारा 420, 468, 471, 473, 484 ,120-बी अंतर्गत केस दर्ज किया गया है।

## खनिज विभाग के समक्ष प्रदर्शन, कोयला और नकली नोट फेंककर किया विरोध

**जनता कांग्रेस व पुलिस के बीच जमकर झुमाझटकी, कई चोटिल**



**रायपुर**, 31 जुलाई (देशबन्धु)। हीरा और सोना के खदानों का ठेका विदेशी और बाहरी कंपनी को देने के लिए जारी ई टेंडर रद्द करने जनता कांग्रेस ने कांग्रेस सरकार को 3 दिन का अल्टीमेटम दिया गया था। जारी ई टेंडर को निरस्त नहीं किए जाने से पूर्व घोषणा अनुसार आज अजीत जोगी युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप साहू के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओंने तेलीबांधा रिंग रोड स्थित खनिज विभाग का घेराव किया और जमकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शन कारियो ने विरोध स्वरूप खनिज विभाग में कोयला और नकली नोट फेंककर विरोध जताए और सरकार विरोधी नारे लगाए। इस दौरान पुलिस और जनता कांग्रेसियों के बीच जमकर झुमाझटकी हुई जिसे कई जोगी कांग्रेस नेता चोटिल भी हुए।

इस दौरान अजीत जोगी युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप साहू ने कहा जिस प्रकार राज्य में शराब घोटाला और कोल घोटाला हुआ वैसे ही छत्तीसगढ़ में हीरा और सोना घोटाला की बड़ी तैयारी की जा रही है। छत्तीसगढ़ की खनिज संपदा बहुमूल्य हीरा और सोना की खदानों को विदेश हाथों में बेचने की तैयारी की जा रही है। जैसे मोदी की सरकार देश को बेच रही है वैसे ही भूपेश सरकार छत्तीसगढ़ को बेचना चाहती है।बाहरी हाथों में हीरा और सोना खदान का खनन कार्य देकर अमीर धरती को गरीब बनाना चाहती है। उन्होंने कहा जान दे देंगे पर छत्तीसगढ़ का रत्ती भर हीरा और सोना बाहर जाने नहीं देंगे। पहले लड़े थे छत्तीसगढ़ को बनाने के लिए अब लड़ेंगे छत्तीसगढ़ को बचाने के लिए। आज खनिज विभाग के घेराव प्रदर्शन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रदीप साहू, संदीप यदु, गुरु मनहरण गुरुगोसाई, रवि चंद्रवंशी, उदय चरण बंजारे, संजू गिलहरे, मनोज बंजारे, ऋषि टंडन, अनिरुद्ध वर्मा, गणेश चालक, डोमेन देशलहरा, तरुण वर्मा, हरीश साहू, पुनीत साहू अजय सेन सहित अन्य मौजूद थे।

## पदोन्नति के लिए राजधानी में 20 अगस्त को महापंचायत

**रायपुर**, 31 जुलाई (देशबन्धु)। प्रदेश में स्कूल शिक्षा विभाग अंतर्गत 11 वर्षों से रुकी हुई प्राचार्य पदोन्नति का आदेश जारी करवाने के लिए पूरे प्रदेश से हज़ारों नियमित व्याख्याता तथा प्रधान पाठक लामबंद होकर छत्तीसगढ़ राज्य प्राचार्य पदोन्नति संघर्ष मोर्चा 20 अगस्त को राजधानी रायपुर में राज्य स्तरीय व्याख्याता-प्रधान पाठक महापंचायत करने का एलान कर दिया है।

प्रदेश के सभी नियमित व्याख्याता तथा नियमित प्रधान पाठकों का प्राचार्य पदोन्नति के लिए अपनी एकजुटता को प्रदर्शित करने के लिए राज्य स्तरीय व्याख्याता-प्रधान पाठक महापंचायत कार्यक्रम का आयोजन राजधानी रायपुर में किए जाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया हैं। इस संबंध में छत्तीसगढ़ राज्य प्राचार्य पदोन्नति संघर्ष मोर्चा के प्रदेश संयोजक सतीश प्रकाश सिंह ने बताया कि प्रदेश में स्कूल शिक्षा विभाग अंतर्गत विगत 11 वर्षों से प्राचार्य पदोन्नति नहीं हुई हैं। प्रदेश के 3266 से अधिक शासकीय हाई स्कूल- हायर सेकंडरी स्कूलों में प्राचार्य के पद रिक्त पड़े हैं। इन स्कूलों में पूर्णकालिक प्राचार्य के नहीं होने से प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था तथा शिक्षा की गुणवत्ता बुरी तरह से प्रभावित हो रही हैं।

छत्तीसगढ़ राज्य प्राचार्य पदोन्नति संघर्ष मोर्चा के प्रदेश संयोजक सतीश प्रकाश सिंह ने बताया कि नियमित व्याख्याता-प्रधान पाठकों की राज्य स्तरीय महापंचायत में प्रदेश के सभी ज़िले से हज़ारों नियमित व्याख्याता तथा नियमित प्रधान पाठक माध्यमिक शाला सम्मिलित होकर प्राचार्य पदोन्नति का आदेश जारी करवाने के लिए एकजुट होकर संकल्प लेंगे। शासन से चुनाव आचार संहिता लागू होने के पूर्व प्राचार्य पदोन्नति का आदेश जारी करवाने के लिए राज्य स्तरीय व्याख्याता-प्रधान पाठक महापंचायत में एक सूत्रीय प्राचार्य पदोन्नति का प्रस्ताव पारित कर प्रदेश के मुख्यमंत्री, स्कूल शिक्षा मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन के मुख्य सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव, तथा संचालक लोक शिक्षण संचालनालय छत्तीसगढ़ रायपुर को मांगपत्र प्रेषित करेंगे। छत्तीसगढ़ राज्य प्राचार्य पदोन्नति संघर्ष मोर्चा के प्रदेश संयोजक सिंह ने बताया कि राज्य में स्कूल शिक्षा विभाग अंतर्गत टी संवर्ग में वर्ष 2013 से तथा च्ईज्ज संवर्ग में वर्ष 2016 के बाद से हाई स्कूल तथा हायर सेकेंडरी स्कूलों में प्राचार्य पद पर पदोन्नति नहीं की गईं हैं ।राज्य में 3266 से अधिक शासकीय हाई स्कूल, हायर सेकेण्डरी स्कूलों में वर्षों से प्राचार्य के पद रिक्त पड़े हैं। स्कूल शिक्षा विभाग में 11 वर्षो से प्राचार्य पद पर पदोन्नति नहीं होने से च्टीज्ज तथा च्ईज्ज संवर्ग के सैकड़ों नियमित व्याख्याता तथा नियमित प्रधान पाठक सेवानिवृत्त हो गए हैं। प्राचार्य पद पर पदोन्नति का रास्ता देखते-देखते अनेकों व्याख्याता तथा प्रधान पाठकों की मृत्यु हो गईं हैं।

## आज से आप पार्टी विधायकों के आवास का करेगी घेराव, पश्चिम विस से होगी शुरुआत



**रायपुर**, 31 जुलाई (देशबन्धु)। प्रदेश में आम आदमी पार्टी 90 विधायकों के आवासों का घेराव करेगी। जिसके लिए पार्टी के पदाधिकारियों ने रविवार को पत्रकार वार्ता में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राजधानी में जलभराव की समस्या का नतीजा यह हुआ कि 300 घरों के लोगों को एन डी आर एफ की मदद से बोट से रेस्क्यू करना पड़ा। लेकिन कांग्रेस को आम आदमी की समस्या दिखती नहीं है।

आम आदमी पार्टी के मुख्य प्रदेश प्रवक्ता सूरज उपाध्याय ने कांग्रेस सरकार से मांग की है कि जल भराव वाले क्षेत्रों में प्रभावित लोगों का राहत और बचाव काम तेजी से होना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि शहर की समस्याओं को लेकर न ही कांग्रेस और न ही भाजपा के नेताओं को चिंता है। उन्होंने इस मसले पर ध्यान नहीं दिया। जबकि आम आदमी पार्टी ने पहले ही सभी जिलों में ज्ञापन देकर समस्या को सामने रखा था।उन्होंने कहा कि प्रदेश के 90 विधायकों के आवासों का घेराव आम आदमी पार्टी करेगी। जिसकी शुरुआत मंगलवार से होगी। जिसमें सबसे पहले रायपुर पश्चिम के विधायक विकास उपाध्याय के आवास के बाहर प्रदर्शन किया जाएगा। आज राजधानी के सेजबाहर इलाके में स्थिति यह है कि यहां 300 घरों को खाली करवाया गया है। शहर के कई और इलाके भी पानी में पूरी तरह डूबे हुए हैं। आप नेता उत्तम जायसवाल ने कहा कि नालों की साफ-सफाई के सरकारी दावे पूरी तरह खोखले हैं। आम लोगों के बीच बीमारी फैलने का खतरा बढ़ गया है।

## बारिश के बाद सड़कों की त्वरित गति से करें मरम्मत: भूपेश



- **मुख्यमंत्री ने की लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा**
- **कहा-सभी निर्माण एजेंसिया आपस में समन्वय बनाकर करें सड़कों का निर्माण**

**रायपुर**, 31 जुलाई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को बारिश खत्म होने के तुरंत बाद सड़कों की मरम्मत करवाने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री बघेल ने कहा है कि आम जनता के सुविधा के लिए सड़कों के अधूरे कार्य, सड़कों की मरम्मत और नवीनीकरण के कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा है कि राज्य में सड़क निर्माण के कार्य मे लगी सभी एजेंसियों को आपस में सामंजस्य बनाकर तेजी से काम करना है।

मुख्यमंत्री ने समीक्षा के दौरान रायपुर शहर के चार महत्वपूर्ण कार्यों की भी जानकारी ली। इसमें तेलीबांधा में फ्लाईओवर का निर्माण, शारदा चौक से तात्यापारा चौक तक सड़क निर्माण, अटल एक्सप्रेस वे से वीआईपी रोड़ निर्माण तथा खारून रिवर फ्रंट के निर्माण कार्य शामिल हैं। मुख्यमंत्री बघेल ने विशेष तौर पर शारदा चौक से तात्यापारा चौक तक निर्माण तथा भू -अर्जन प्रकरण समेत लगभग 137 करोड़ रूपए की लागत से बनने वाली 510 मीटर लंबी सड़क को लेकर अधिकारियों को निर्देश देते हुए जल्द ही इसका कार्य शुरू कराने की बात कही है।

मुख्यमंत्री बघेल ने राजधानी स्थित अपने निवास कार्यालय में लोक निर्माण विभाग की समीक्षा बैठक लेते तेलीबांधा ओवरब्रिज और एक्सप्रेस वे को वीआईपी रोड से जोड़ने वाले ओवरब्रिज के बारे में भी अधिकारियों से समीक्षा की। बैठक में लोक निर्माण विभाग मंत्री ताम्रध्वज साहू, शिक्षा मंत्री रविन्द्र चौबे, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, नगरीय प्रशासन विभाग के विशेष सचिव अयाज भाई तंबोली, सीजीआरआईडीसीएल के प्रबंध संचालक सारांश मित्तर एवं लोक निर्माण विभाग के ईएनसी समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री बघेल ने समीक्षा करते हुए कहा कि बची हुई सड़कों का निर्माण कार्य जल्दी पूरा होना चाहिए। समीक्षा बैठक में जानकारी देते हुए लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सरगुजा क्षेत्र में कुल 332.7 किलोमीटर सड़कों की स्वीकृति प्रदान की गयी थी जिसमें 292.2 किलोमीटर सड़कों का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है जबकि 40.5 किलोमीटर सड़कों का निर्माण कार्य अभी शेष है जिसे बारिश के मौसम के बाद जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। इसी प्रकार रायगढ़ क्षेत्र में भी 155.4 किलोमीटर सड़कों का कार्य पूरा किया जा चुका है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि शेष कार्य भी जल्द पूरा किया जाए।

# महंगाई के विरोध में लगातार विकास उपाध्याय कर रहे हैं धरना-प्रदर्शन

**रायपुर,** 31 जुलाई (देशबन्धु)। रायपुर पश्चिम के विधायक विकास उपाध्याय महँगाई को लेकर लगातार केंद्र की सत्ताधारी भाजपा सरकार के ख़िलाफ़ हल्ला बोल धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। आज ठक्कर बापा वार्ड क्रमांक 17 में विकास उपाध्याय अपने तमाम साथियों के साथ महँगाई की वजह से हो रही समस्याओं को लेकर आमजन से बात की। आमजन को बेलगाम महँगाई से हो रही परेशानियों को लेकर सिलेंडर की टंकी और सब्जियों की अर्थी सजाकर उस पर जिंदा व्यक्ति को लेटाकर, आमजन की दशा को धरना प्रदर्शन के माध्यम से बतलाया गया।

### सिलेंडर और सब्जियों की अर्थी



इस दौरान विकास उपाध्याय ने कहा कि आज देश को दो वर्गों में बांटा जा रहा है। एक तरफ सत्ता संरक्षित ताकतवर और पूंजीपति लोग हैं जिनके इशारों पर देश की नीतिया केंद्र की भाजपा सरकार बना रही है ताकि इससे उनके पूंजीपति दोस्तो को फ़ायदा मिलता रहे और दूसरी तरफ है आम हिंदुस्तानी, जिसकी पहुंच से सब्ज़ी जैसी बुनियादी चीज़ भी दूर होती जा रही है, टमाटर, मिर्ची, भिंडी अन्य सब्ज़ियों के आसमान छुते दामो की वजह से आज महँगाई में परिवार का मुखिया अपने परिवार का भरण पोषण तक नही कर पा रहा है, जिसकी वजह से वह ख़ुद को अपने परिवार के सामने ज़िंदा लाश सा महसूस कर रहा है।

# ग्रामीण विधानसभा में भाजपा के कार्यकर्ताओं ने किया कांग्रेस प्रवेश



### राज्य सरकार की योजनाओं और विधायक की कार्यशैली से प्रभावित

**रायपुर,** 31 जुलाई (देशबन्धु)। रायपुर ग्रामीण विधानसभा के अंतर्गत लगातार कांग्रेस प्रवेश का सिलसिला पिछले कुछ दिनों से चल रहा है ज्यादातर युवा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व विधायक सत्यनारायण शर्मा एवं जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष पंकज शर्मा के नेतृत्व को सराह रहे हैं।

रायपुर जिला भाजपा युवा मोर्चा के विशेष आमंत्रित सदस्य सड्डू निवासी नवीन सेन एवं विनय दुबे, मनोज मिश्रा, विपिन मिश्रा, उमेश पटेल, रमेश पटेल, सुनील पटेल आदि शामिल हुये मुख्यमंत्री के कार्य और विधायक सत्यनारायण शर्मा जी के व्यक्तित्व व जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष श्री पंकज शर्मा जी के नेतृत्व से प्रभावित होकर आज कांग्रेस प्रवेश किया ।जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष पंकज शर्मा ने नवीन सेन को उज्वल भविष्य की कामना के साथ बधाई दी है।

# वृक्ष बांटने के साथ-साथ वृक्षों को बचाने का लिया संकल्प



**रायपुर,** 31 जुलाई (देशबन्धु)। नगर निगम उद्यान में आज वृक्ष बांटने के साथ-साथ वृक्षों को बचाने का संकल्प लिया नगर निगम के अध्यक्ष प्रमोद दुबे सहित बुढ़ा गार्डन विकास समिति के सदस्यों ने। बुढ़ा गार्डन विकास समिति के सदस्यों ने आज वृहत पैमाने पर नीम एवं फलदार वृक्ष बांटकर रायपुर शहर को ग्रीन सिटी बनाने का संकल्प लिया साथ ही यह भी संकल्प लिया कि वृक्षों को केवल लगाए जाने के अलावा उसके रखरखाव हेतु जिम्मेदारी नवरत्न महेश्वरी दीपक शर्मा सुनील बंसल लोकेश सोनी कमल धनकर मनोज राठी मोहंती जी उमेश माथुर दत्तात्रेय कावड़े हीरेन्द्र यदु उपेंद्र डुकरे संयम अग्रवाल मधुलिका अग्रवाल वर्षा देवांगन संगीता अग्रवाल निलेश गोपवार ,गोलू नायक अर्चना द्विवेदी स्वर्णा ठाकुर अर्चना गोपवार विपिन द्विवेदी सहित अनेक लोगों ने ली। ।साथ में हर वृक्ष के पीछे दो,,दो लोगों को जिम्मेदारी सौंपी गई है ताकि वृक्षों को कोई हानि ना हो। बूढ़ा गार्डन विकास समिति द्वारा समय-समय पर मोर रायपुर मोर जिम्मेदारी के तहत अनेकों जनहित के कार्य किए जाते हैं। आज 50 वृक्ष लोगों को बांटे गए ।तथा सभी वृक्षों का नामकरण किया गया।

# व्यापारियों-उपभोक्ताओं को डिजिटल सिस्टम से जोड़ने डिजिटल फोरम के निर्माण की घोषणा

**रायपुर,** 30 जुलाई (देशबन्धु)। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट ) ने आज एक राष्ट्रीय डिजिटल नागरिक फोरम के निर्माण की घोषणा की जो एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म है। जिसका उद्देश्य व्यापारियों और उपभोक्ताओं और समाज के अन्य वर्गों के अधिकारों को आगे बढ़ाना और भारत में डिजिटल अर्थव्यवस्था व्यापार के आसपास नीतिगत संवाद को आकार देना है। इसके अलावा अन्य व्यापारिक मुद्दों पर चर्चा करने के लिए कैट ने आगामी 24-25 अगस्त को रायपुर में एक दो दिवसीय राष्ट्रीय व्यापारी सम्मेलन आयोजित किया है जिसमें देश के सभी राज्यों के प्रमुख व्यापारी नेता भाग लेंगे।

कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी और एवम प्रदेश अध्यक्ष जितेंद दोशी ने कहा कि राष्ट्रीय डिजिटल नागरिक फोरम पांच मुख्य विषयों पर ध्यान केंद्रित करेगा। सबसे पहले, उपभोक्ता संरक्षण और ऑनलाइन सुरक्षा को मज़बूत करना दूसरा, डिजिटल कार्टेलाइजेशन के नुकसान और ऑनलाइन दुनिया में भेदभावपूर्ण और प्रतिस्पर्धा-विरोधी प्रथाओं को हतोत्साहित करना है ।तीसरा, भारतीय डिजिटल प्रौद्योगिकियों की क्षमता न केवल खुदरा और औद्योगिक व्यापार को बदलने की है, बल्कि रोजगार को भी बढ़ावा देती है और निवेश पदचिह्न का विस्तार करती है।

### 24 से रायपुर में दो दिवसीय राष्ट्रीय व्यापारी सम्मेलन

चौथा, एक प्रथम सिद्धांत-आधारित कराधान नीति जो कर चोरी और मनी लॉन्ड्रिंग जैसी अवैध गतिविधियों को रोकते हुए विशेष रूप से उच्च विकास क्षमता वाले क्षेत्रों के लिए निश्चितता और उत्पादकता को प्रोत्साहित करती है।

व्यापारी नेताओं ने कहा कहा, च्कैट फोरम के भीतर अन्य प्रासंगिक समूहों के अलावा कॉर्पोरेट और गैर-कॉर्पोरेट क्षेत्रों, एमएसएमई, किसानों, उपभोक्ता, विशेषज्ञों और टेक्नोक्रेट्स के हितधारकों को शामिल करेगा।

राष्ट्रीय डिजिटल नागरिक फोरम जागरूकता शिविर, डिजिटल और भौतिक संवाद और प्रशिक्षण आयोजित करेगा ।साथ ही अपने उद्देश्यों को साकार करने के लिए राज्य स्तर पर नीति निर्माताओं और अन्य प्रासंगिक हितधारकों सहित सरकार, निजी क्षेत्र और नागरिक समाज के हितधारकों तक लक्षित पहुंच बनाएगा।

### कैट कार्यालय में कल प्रधानमंत्री मुद्रा लोन मेला का आयोजन

2 अगस्त को दोपहर 3:30 बजे से शाम 6 बजे तक कैट के प्रदेश कार्यालय मे प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत मुद्रा लोन मेला का आयोजन किया जायेगा। कैट के प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी ने बताया कि प्रधानमंत्री मुद्रा लोन मेला में व्यापारियों को 50 हजार से 10 लाख रूपये तक का लोन राष्ट्रीयकृत बैंकों द्वारा बिना किसी गांरटी के पात्रता अनुसार दिया जायेगा। तकनीकी टीम द्वारा निःशुल्क सहायता, राष्ट्रीयकृत बैंको की मौजूदगी, आकर्षक ब्याज दर, स्पॉट लोन मंजूरी (कागजात पूर्ण होने पर) एवं अन्य लोन सम्बधित समस्याओं का समाधान किया जायेगा।

# रेत माफियाओं पर नहीं हो रही कार्रवाई : कौशिक

**रायपुर,** 31 जुलाई (देशबन्धु)। प्रदेश में हो रहे अवैध रेत उत्खनन को लेकर भाजपा ने भूपेश सरकार पर निशाना साधा है ।पूर्व नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने कहा, छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री के ऊपर रेत माफिया भारी पड़ रहा है। 15 जून से 15 अक्टूबर तक नदी में रेत का खनन नहीं करने का नियम है, लेकिन पूरे प्रदेश में अवैध उत्खनन जोरों पर है ।अधिकारी कार्रवाई नहीं कर रहे हैं।

कौशिक ने कहा, सरकार कह रही है हम नियंत्रण कर रहे हैं, लेकिन रेत माफिया सरकार के ऊपर भारी दिखाई दे रहा है। करोड़ों का रेत माफिया बढ़े रेट में बेच रहे हैं। भाजपा सरकार की विफलता को जनता के बीच लेकर जाएगी. कौशिक ने कहा, कांग्रेस घोषणापत्र जारी कर सरकार में आई ।सरकार में आने के बाद घोषणापत्र को पूरा नहीं कर पाए। कांग्रेस झूठ बोलने में माहिर हैं ।घोषणापत्र को लेकर अलग अलग बयान आता है सरकार की विफलता को पूरे प्रदेश में फैलाएंगे। सरकार ने कैसे शराबबंदी के नाम महिलाओं को छला, ये बताया जाएगा। आवास योजना को लेकर कितने पात्र पाए गए, मुख्यमंत्री बताएं।



### पूर्व नेता प्रतिपक्ष ने भूपेश सरकार पर निशाना साधा

कांग्रेस द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह को घोषणा पत्र सौंपे जाने पर कौशिक ने कहा, कांग्रेस में स्थिति दुर्भाग्य जनक है। घोषणापत्र समिति के अध्यक्ष टीएस सिंहदेव थे, वो अब क्रियान्वयन समिति के सदस्य तक नहीं है। उनको तो पता तक नहीं है। घोषणापत्र सरकार का मसौदा होता है ।रमन सिंह को घोषणापत्र देने के बजाय टीएस सिंहदेव को देना चाहिए।

कांग्रेस के संकल्प शिविर को लेकर धरमलाल कौशिक ने कहा, मुख्यमंत्री घबराए हुए है वो कह रहे हैं विधायकों की स्थिति मजबूत है ।परफॉर्मेंस इतना अच्छा है तो आपको जिलों में जाने की जरूरत क्या है। जीतने विधायक है तो इनको टिकट देने देंगे क्या। इनके अंदर कुछ और बात है उनको मालूम है। उनके विधायक हार रहे इसलिए नया पैंतरा अपना रहे हैं। कांग्रेस की सरकार जाना तय है। 20 चिंटल धान खरीदी को लेकर कौशिक ने कहा, किसानों का जितना धान खरीदेंगे अच्छी बात है, लेकिन ये जो बोलते है वो झूठ है। समर्थन मूल्य का पैसा केंद्र सरकार से आता है. नरेंद्र मोदी बड़े हिर्दयता से किसानों का धान खरीद रहे हैं।

# डंगनिया कमांड एरिया में आज से नियमित जल आपूर्ति शुरू

**रायपुर,** 31 जुलाई (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम रायपुर के अधीक्षण अभियन्ता ने जानकारी दी है कि अमृत मिशन योजना के तहत डंगनिया जलागार से बिछायी गयी नवीन पाईप लाईन से मई 2023 से टेस्टिंग का कार्य प्रगति पर था, जिसके तहत आसपास के सभी क्षेत्रों में आ रही परेशानियों को ठीक कराया गया। इस कमाण्ड एरिया अंतर्गत डंगनिया बस्ती, शांती विहार, डूंगाजी कॉलोनी, कृष्णा नगर, सोनकर पारा, डंगनिया बाजार क्षेत्र, रोहीणीपुरम, सुन्दर नगर, मैत्रीनगर, ओम सोसायटी, भीम नगर, चन्द्रशेखर नगर, अश्वनी नगर, हनुमान नगर, लाखेनगर, बंधवापारा, लोहार चौक एवं खो-खो तालाब क्षेत्र में पाईप लाईन बिछाया जाकर घरेलु नल कनेक्शन प्रदान किया गया है। अमृत मिशन योजनांतर्गत उपरोक्त वर्णित क्षेत्रों में घरेलु नल कनेक्शन एवं टेस्टिंग एवं कमिशनिंग का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इसलिये 1 अगस्त से सुबह एवं शाम को नियमित जलप्रदाय प्रारंभ किया जा रहा है।

यदि कोई हितग्राही किसी कारणवश घरेलु नल कनेक्शन प्राप्त नहीं किये हैँ, तो दिनांक 7 अगस्त तक जोन क.-5 ईदगाहभाठा पानी टंकी के नीचे कार्यालयीन समय में चितेश यादव, कार्य सहायक, मोबाइल नम्बर 6267643840 से संपर्क कर सम्पत्ति कर एवं आधार कार्ड की छायाप्रति अविवार्य रूप से जमा कराना सुनिश्चित करेंगे। इस अवधि के पश्चात् अमृत मिशन योजना से इन क्षेत्रों में नल कनेक्शन प्रदान नहीं किया जावेगा। उक्त हितग्राहियों को निगम के पूर्ववत् नल कनेक्शन के नियमानुसार कार्यवाही कर ही घरेलु नल कनेक्शन दिया जावेगा। नियमित जलप्रदाय के दौरान नागरिकों के नलों में जलापूर्ति कम आने, प्रेशर की कमी एवं लीकेज होने की स्थिति में जोन क-05 ईदगाहभाठा पानी टंकी के नीचे कार्यालयीन समय में संपर्क कर सकते हैं।

# कांग्रेस राज में महिलायें ज्यादा सुरक्षित

**रायपुर,** 31 जुलाई (देशबन्धु)। कांग्रेस की सरकार बनने के बाद प्रदेश में महिलाओं के प्रति अपराधों में कमी आई है। प्रदेश कांग्रेस ने जारी बयान में कहा कि भूपेश राज में महिलाओं के लिये जीवन जीने के लिये ज्यादा सुरक्षित माहौल बना है। छत्तीसगढ़ को बदनाम करने की नियत से झूठे मनगढ़त आरोप लगा तथ्यों को तोड़ा मरोड़ा जा रहा है।



प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा छत्तीसगढ़ में राजनीतिक लड़ाई नहीं लड़ पा रही है इसलिये मोदी सरकार, सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। पीआईबी ने अपने वेबसाइट में 26 जुलाई को मीसिंग वुमेन शीर्षक से जारी विज्ञप्ति में महिला एवं बच्चियों की गुमशुदगी की जानकारी अधूरी है। पीआईबी ने तीन वर्षो में दर्ज मामले की जानकारी दी है लेकिन उक्त प्रकरणों में हुई कार्यवाही के संबंध में छिपाया है। पीआईबी ने आंकड़ा जारी किया कि छत्तीसगढ़ में 59933 महिलायें तीन साल में गायब हो गयी जबकि इस मामले में हुई प्रभावी कार्यवाही को जानबूझकर छुपाया गया। इन आंकड़ों में 2018 में गायब महिलाओं और बच्चों को भी जोड़ा गया है। इन 59933 गायब महिलाओं में 55713 बरामद की जा चुकी है। 2019 से 2021 तक कुल गुम 10817 बालिकाओं में से 10514 बालिकाओं बरामद किया गया जो 97 प्रतिशत है। 2019 से 2021 तक कुल गुम 49116 महिलाओं में से 45199 महिलाओं को बरामद किया गया जो 92 प्रतिशत है। श्री शुक्ला ने कहा कि छत्तीसगढ़ में महिलाओं के साथ अपराधों में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद 62 प्रतिशत की कमी आई है। कांग्रेस सरकार बनने के तीन साल पहले और कांग्रेस की सरकार बनने के तीन साल बाद महिलाओं के साथ हुये अपराधों के आंकड़े इसकी गवाही देते है।

### प्रदेश से गायब महिलाओं, बच्चियों में 97 प्रतिशत की हुई घर वापसी

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि रमन राज के दौरान सितम्बर 2013 में (यूनाइटेड नेशंस ऑफिस ऑन ड्रग्स एंड क्राइम) की रिपोर्ट आई कि रमन सरकार के दौरान छत्तीसगढ़ मानव तस्करी का केंद्र बन चुका था।

# दूसरे की टिकट पर अब घरवाले कर सकेंगे ट्रेन में सफर

**रायपुर,** 31 जुलाई (देशबन्धु)। दूसरे की टिकट पर अब घर वाले ट्रेन में सफर कर सकेंगे। रेलवे की नई स्कीम का फायदा यात्रियों को मिलने वाला है ।नए नियम के मुताबिक जिस व्यक्ति के नाम से कंफर्म टिकट है, अगर वह किसी कारणवश यात्रा नहीं करना चाहता है तो उस टिकट को वह अपने किसी स्वजन को ट्रांसफर कर सकता है। यह सुविधा रेलवे की माडिफिकेशन स्कीम के जरिए मिल रही है। इसके लिए यात्री के पास कंफर्म टिकट होना अनिवार्य है। इतना ही नहीं, यात्री ट्रेन रवाना होने से 48 घंटे पहले तक टिकट काउंटर से टिकट की तारीख आगे बढ़वा सकता है। साथ ही ट्रेन भी बदल सकता है। इसमें यात्री को स्लीपर के लिए 20 और एसी के लिए 45 रुपये अतिरिक्त चार्ज देना पड़ेगा।



रेलवे यात्रियों के सामने कई बार ऐसी समस्या आ जाती है कि कंफर्म टिकट होने के बाद भी वह मजबूरी में यात्रा नहीं कर पाते हैं। ऐसे में जानकारी के अभाव में यात्री को टिकट रद करना पड़ता है। स्लीपर टिकट रिटर्न करने पर 120 रुपये और एसी टिकट वापस करने पर 145 रुपये चार्ज देना पड़ता है, लेकिन यात्री को यदि आगे यात्रा करनी है तो वह माडिफिकेशन स्कीम के तहत स्लीपर का 20 रुपए और एसी का 45 रुपये देकर अपनी यात्रा की तारीख और ट्रेन बदलकर यात्रा कर सकता है। वही यात्री को इस बात का भी ध्यान देना होगा कि यदि उसने माडिफिकेशन स्कीम अप्लाई कर दिया है और वह यात्रा नहीं करना चाहता है और टिकट रद कर रहा तो उसे स्लीपर का 240 और एसी का 390 रुपये कैंसिलेशन चार्ज देना होगा।

**कितने भी दिन बढ़ाई जा सकती है यात्रा की तारीख:** इस योजना के तहत रेलवे ने यात्रा आगे बढ़ाने की कोई अवधि तय नहीं की है ।यात्री अपनी टिकट को कितने भी दिन यात्रा को आगे बढ़ा सकता है। इसमें इस बात का ध्यान रखना होगा कि अगर अगली तारीख के लिए टिकट बढ़ाया जा रहा है तो ट्रेन में उस तारीख पर सीट होने पर ही कंफर्म टिकट मिलेगा।

**यात्री का लगेगा आधार कार्ड:** जिस यात्री को टिकट ट्रांसफर करनी है, उसे इसके लिए ट्रेन छूटने के 48 घंटे पहले काउंटर पर जाकर आवेदन देना होगा ।उसकी जगह यात्रा करने वाले का आधार कार्ड देना होगा, जिससे प्रूफ हो सके कि वह परिवार से हैं ।इसके साथ ही खुद के यात्रा रद करने का कारण भी बताना पड़ेगा।

**ऐसे करें टिकट ट्रांसफर ?:** सबसे पहले आप उस टिकट का प्रिंटआउट निकाल ले ।चाहें आपने आनलाइन बुक किया हो या आफलाइन ।इसके बाद आप जिस व्यक्ति को टिकट ट्रांसफर करना चाहते हैं, उसका आधार कार्ड या वोटर आईडी कार्ड ले लें ।इसके बाद आपको अपने नजदीकी रेलवे स्टेशन के आरक्षण काउंटर पर जाकर टिकट ट्रांसफर के लिए आवेदन करना होगा।

रायपुर रेल मंडल वरिष्ठ प्रचार निरीक्षक शिव प्रसाद ने कहा, रेलवे की नई माडिफिकेशन स्कीम में कंफर्म टिकट पर सगे भाई-बहन, माता-पिता, पति-पत्नी या फिर पुत्र-पुत्री यात्रा कर सकते हैं ।इसके लिए 48 घंटे पहले आवेदन करना होगा। इससे टिकट रद करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

# सरयूपारीण ब्राह्मण समाज के 80 फीसदी से ज्यादा अंक प्राप्त बच्चों का सम्मान

### वाटर कूलर का लोकार्पण भी हुआ

**रायपुर,** 31 जुलाई (देशबन्धु)। सावन महोत्सव के उपलक्ष में सरयूपारीण ब्राह्मण समाज द्वारा 80 प्रतिशत से ज्यादा अंक प्राप्त बच्चों का सम्मान किया गया ।इस दौरान वाटर कूलर का लोकार्पण भी हुआ।



सरयूपारीण ब्राह्मण महिला मंडल के द्वारासावन महोत्सव के उपलक्ष में विभिन्न खेलकूद के द्वारा बहुत ही आकर्षक कार्यक्रम किया गया ।सभी विजेताओं को पुरस्कार दिए गए ।सावन चिंन का प्रथम पुरस्कार श्रीमती सीमा पांडे को दिया गया। इस अवसर पर समाज के 25 प्रतिभा शाली बच्चों को सम्मानित किया गया,जिन्होंने 10वीं12वीं के बोर्ड परीक्षा में 80त्नसे ज्यादा अंक प्राप्त किये है ।साथ ही समाज के लिए बहुत उपयोगी वाटर कूलर का लोकार्पण भी किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजेश्री महंत रामसुंदर दास , विशेष अतिथि सभापति नगर निगम प्रमोद दुबे , शहर कांग्रेस के अध्यक्ष गिरीश दुबे ने कार्यक्रम को संबोधित किया। प्रमोद दुबे ने अपने उदबोधन में समाज को 200 बोरी सीमेंट,गरीब बच्चियों के विवाह हेतु आर्थिक मदद की घोषणा की। स्वागत उद्बबोधन में अध्यक्ष डॉ सुरेश शुक्ला ने लगातार किए जा रहे अच्छे कार्यक्रम की जानकारी दी। उन्होंने सभी सदस्यों के सहयोग की सराहना की ।आभार प्रदर्शन अजय तिवारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर महिला मंडल की 60,70 सदस्यों के साथ पुरषों की भी अच्छी उपस्थिति थी, विशेष रूप से महेश्वर शुक्ला , उमेश तिवारी, राममूरत तिवारी,सचिन पांडे , त्रिभुवन तिवारी , राजू भाई, रामहृदय तिवारी व अन्य सम्मानित सदस्य उपस्थित थे।

# प्रियंका बिस्सा व्यास को राजनीति विज्ञान में डॉक्टरेट डिग्री अवार्ड

**रायपुर,** 31 जुलाई (देशबन्धु)। पं रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय द्वारा छत्तीसगढ़ की बेटी डॉ प्रियंका बिस्सा व्यास को युवाओं के राजनीतिक सशक्तिकरण को उत्पन्न करने में सोशल मीडिया की भूमिका- एक विश्लेषणात्मक मूल्यांकन विषेयक शोध कार्य हेतु डॉक्टरेट डिग्री अवार्ड की गयी। यह शोध कार्य शोध निर्देशक प्रोफ. डॉ. सुभाष चंद्राकर दुर्गा महाविद्यालय के मार्गदर्शन में पूर्ण हुआ।



राष्ट्रपति सम्मानित डॉ. प्रियंका बिस्सा ने सोशल मीडिया के माध्यम से युवा राजनीतिक सशक्तिकरण के मात्रात्मक और गुणात्मक दोनों पहलुओं का व्यापक विश्लेषण किया है। यह अभूतपूर्व अध्ययन भारत में अपनी तरह का पहला अध्ययन है। वर्तमान भारतीय राजनीति में सोशल मीडिया महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है ऐसे में यह शोध बहुत प्रासंगिक हो गया हैं।

करमवीर चक्र प्राप्त डॉ. बिस्सा के अध्ययन से पता चलता है कि सोशल मीडिया युवाओं को राजनीति में अपनी भागीदारी में सक्षम बनाता है। यह शोध अध्ययन सोशल मीडिया के प्रभाव के अनदेखे नकारात्मक पहलुओं को भी उजागर करता है। इस अध्ययन के परिणाम नीति निर्माताओं, राजनीतिज्ञों, युवाओं एवं हितधारकों के लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन के रूप में कार्य करेगा।

उल्टा पुल्टा

चिंटू- पड़ोसन के डेथ कैसे हुई ?
चिंटू- दाल के भाव बहुत बढ़ने से।
चिंटू- ओए, पागल हो गए हो क्या ? ऐसे कैसे हो सकता है !
चिंटू- मैंने अपनी आंखों से उसका डेथ सर्टिफिकेट देखा था, उस पर लिखा था-'डेथ ड्यू टू हाई पल्स रेट'!!!

## संपादकीय

# लापता महिलाओं के ये आंकड़े

*राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की रिपोर्ट के ये आंकड़े बेहद चौंकाने वाले हैं कि पिछले तीन साल में छत्तीसगढ़ से करीब 49 हजार महिलाएं और 1 हजार से अधिक लड़कियां लापता हो गईं। छत्तीसगढ़ में मानव तस्करी की शिकायतें काफी पहले से हैं। इसके पीछे गरीबी और बेरोजगारी ही मुख्य वजह मानी जाती रही है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों के भीतर छत्तीसगढ़ की सामाजिक-आर्थिक स्थिति काफी बदल चुकी है। अब गांवों में लोगों के पास काम के साथ आमदनी का जरिया भी है।*

*एनसीआरबी अपराधों के आंकड़े रखता है और जाहिर है ये आंकड़े पुलिस में दर्ज मामलों से ही निकाले गए होंगे। महिलाओं-लड़कियों के गायब होने के इन आंकड़ों की हकीकत का पता लगाया जाना चाहिए क्योंकि इतनी बड़ी संख्या में उनके लापता होने का मामला काफी गंभीर है। यह हो सकता है कि उनके लापता होने का मामला दर्ज हुआ हो, लेकिन इन लापता महिलाओं व लड़कियों का बाद में पता चल जाने का भी कोई रिकार्ड पुलिस के पास है। फिलहाल एनसीआरबी की रिपोर्ट के इन आंकड़ों पर पुलिस की कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। ये आंकड़े संसद में पेश किए गए हैं और इससे देशभर में जो तस्वीर बनती है उसमें देखने की कोशिश की जा सकती है कि सुरक्षा व्यवस्था की स्थिति कैसी है। किसी के लापता होने की पुलिस में रिपोर्ट दर्ज होने की गंभीरता को भी समझने की जरूरत है। छत्तीसगढ़ से एक समय बड़ी संख्या में लड़कियां काम की तलाश में राज्य से बाहर ले जाई जाती थीं। कुछ प्लेसमेन्ट समूह के लोग ये काम करते थे।*

*कालान्तर में इस पेशे ने अपराध का शक्ल ले लिया, जिसे मानव तस्करी कहा जाता है। पुलिस ने इसके खिलाफ कार्रवाई भी शुरू की और अब ऐसी शिकायतें कम ही सुनी जाती है, लेकिन एनसीआरबी के 219 से 221 तक के जो आंकड़े हैं, उससे पता चलता है कि महिलाओं-लड़कियों के लापता होने का सिलसिला रूका नहीं है। इन आंकड़ों को सरकार गंभीरता से ले और उसका परीक्षण भी कराए कि आखिर इन आंकड़ों के पीछे की हकीकत क्या है?*

*महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों को राज्य की पुलिस पूरी गंभीरता से लेती रही है। उसे खुद भी यह पता लगाने की कोशिश करनी चाहिए कि राज्य के थानों में दर्ज लोगों विशेषकर महिलाओं-लड़कियों के लापता होने के पीछे रहस्य क्या है? यह मामला मानव तस्करी जैसे अपराध से जुड़ा हुआ है या कोई और कारण है। रोजगार की तलाश में भी बड़ी संख्या में लोग राज्य से बाहर जाते रहे हैं। ऐसे लोगों की जानकारी परिजनों को कई बार नहीं मिलती और वे पुलिस की मदद चाहते हैं। कई परिवारों के राज्य से बाहर उद्योग-धंधों में बंधक बना लेने की शिकायतें भी आती रहती हैं। श्रम विभाग ऐसे लोगों पर नजर रखता है जो रोजगार की तलाश में घरबार छोड़कर राज्य से बाहर जाते हैं। एनसीआरबी की आंकड़ों की पड़ताल जरूरी है ताकि लापता होने के मामलों में कमी लाने के लिए कदम उठाए जा सकें।*

# रसमड़ा में मिली अधजली लाश की गुत्थी 24 घंटे बाद भी नहीं सुलझी

## मृतक व आरोपी किसी की भी पहचान अब तक नहीं हुई

**दुर्ग,** 31 जुलाई (देशबन्धु)। पुलगांव थाना अंतर्गत औद्योगिक क्षेत्र रसमड़ा में गत दिवस मिली युवक की अधजली लाश की गुत्थी आज 24 घंटे के बाद भी पुलिस सुलझा नहीं पाई है। अभी तक पुलिस न तो मृतक का शिनाख्त कर उसका विवरण ले सकी है और न ही इस मामले के आरोपियों का ही पता लगा पाई है।

उल्लेखनीय है कि गत 30 जुलाई की दोपहर रमसड़ा औद्योगिक क्षेत्र में एक युवक की अधजली लाश पाई गई थी। पुलिस ने घटनास्थल शव निरीक्षण कर बताया कि मृतक युवक व अन्य लोगों के मध्य हुई जमकर मारपीट होने के प्रमाण नजर आ रहे है। इसके बाद उक्त मृतक की पहचान छुपाने के लिये शव के चेहरे व कपड़े व लकड़ी रखकर इसे जलाने की कोशिश की गई थी। शव पूरी तरह नही जल पाया था। ग्रामीणों की जब इस पर नजर पड़ी तो उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर डायल 112 और अंजोरा चौकी की पुलिस पहुंची। इसके अलावा डीएसपी राजीव शर्मा एवं टीआई पुलगांव भी पहुंचे। फारेन्सिक विशेषज्ञ की भी मदद ली गई है।

इस संबंधमें टीआई पुलगांव ने बताया इस घटना में अभी तक मृतक व आरोपी दोनों ही अज्ञात है। पुलिस की टीम विगत 24 घंटे से लगातार आसपास के सीसीटीवी कैमरे चेक करने, वहां की फैक्टरी, आसपास के दूकानदारों सहित अब तक सैकड़ों लोगों से पूछताछ कर रही है। घटनास्थल पर पाई गई बाईक के आधार पर घटना की विवेचना की जा रही है।

# जिले में अब तक 422.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**दुर्ग,** 31 जुलाई (देशबन्धु)। जिले में 1 जून से 31 जुलाई तक 422.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। कार्यालय कलेक्टर भू अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक सार्वाधिक वर्षा 604.0 मिमी पाटन तहसील में तथा न्यूनतम 202.5 मिमी बोरी तहसील में दर्ज की गई है।

इसके अलावा तहसील दुर्ग में 421.6 मिमी, तहसील धमधा में 421.3 मिमी, तहसील भिलाई 3 में 447.4 मिमी और तहसील अहिवारा में 440.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई। 31 जुलाई को तहसील दुर्ग में 0.0 मिमी, तहसील धमधा में 0.0 मिमीए तहसील पाटन में 0.0 मिमी, तहसील बोरी में 3.0 मिमी, तहसील भिलाई 3 में 0.0 मिमी और तहसील अहिवारा में 0.0 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

# भाजपा किसान मोर्चा ने गौठान घोटालों की सीबीआई से जांच कराने की मांग



**दुर्ग,** 31 जुलाई (देशबन्धु)। भाजपा के प्रदेश किसान मोर्चा अध्यक्ष पवन साहू ने प्रदेश सरकार पर गौठान घोटाले का आरोप लगाते हुए इस मामले की सीबीआई से जांच कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इन सरकारी गौठानों में न गाय है और न गोबर है। इसके बावजूद गौठानों के नाम पर लगभग 13 सौ करोड़ रूपयों की भारी गड़बड़ी की है। वे आज भाजपा कार्यालय में पत्रवार्ता ले रहे है। इस घोटाले के आंकड़ों का आधार पूछे जाने पर श्री साहू ने कहा कि किसान मोर्चा की टीम ने चबबो गौठान खोलबो पोल अभियान चलाकर प्रदेश के 3 हजार 948 गौठानों में जाकर वहां की स्थिति की जानकारी लेकर ये आंकड़े जुटाये है।

किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष विनायक ताम्रकार के साथ ली गई पत्रकार वार्ता में प्रदेशाध्यक्ष पवन साहू ने बताया कि उक्त अभियान 20 मई से एक माह तक चलाया गया था। इसके अंतर्गत सूरजपुर बलरामपुर सरगुजा से लेकर बस्तर तक के गौठानों के निरीक्षण में अधिकांश स्थानों में गाय नहीं पाई गई। उनका आरोप था कि ज्यादातर गौठानों में संबंधित नेता व अधिकारी फोटो खिंचाकर वाहवाही लूट रहे है। यथार्थ में जमीनी कार्य कहीं नहीं है। गौठानों की स्थिति जर्जर है। उन्होंने कहा कि जब गौठानों में गाय ही नहीं है तो गोबर की बिक्री किस आधार पर बताई जा रही है। प्रतिमाह प्रति गौठान 10 हजार रूपयों का खर्च बताया जा रहा है। गौठानों में पानी व शेड की व्यवस्था नहीं है। उन्होंने गोबर खरीदी, गौमूत्र खरीदी व वर्मी कम्पोस्ट बिक्री के दावों को भी गलत बताया है। पत्रवार्ता में श्री साहू ने गौठानों में निरीक्षण के लिये जाने वाले कार्यकर्ताओं पर हमले कराये जाने के भी आरोप लगाये है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार की बदइंतजामी के कारण पशु माफियाओं का जाल बिछ गया है। उन्होंने गौठान घोटाले की चर्चा करते हुए आंकड़ेवार ब्यौरा दिया तथा पूरे मामले पर पूछा कि सरकार इस पर श्वेतपत्र क्यों जारी नहीं करती। पत्रवार्ता में जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा, महामंत्री ललित चंद्राकर, सुरेन्द्र कौशिक, राजा महोबिया सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# अनिल अग्रवाल के निधन पश्चात किया गया देहदान



**दुर्ग,** 31 जुलाई (देशबन्धु)। ब्राम्हण पारा निवासी अनिल अग्रवाल के निधन पश्चात उनकी पत्नी व परिजनों की सहमति से दिवंगत अग्रवाल की पार्थिव देह शंकराचार्य मेडिकल कालेज के सुपुर्द कर दिया। देहदान की कार्रवाई नवदृष्टि फाउण्डेशन के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के माध्यम से की गई। तकनीकी कारणों से श्री अग्रवाल का नेत्रदान नहीं ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# कलेक्टर जनदर्शन में दिव्यांग विनिता को मिली व्हीलचेयर

## तालपुरी के निवासियों ने आवारा कुत्तों को कालोनी से हटाने किया आवेदन

**दुर्ग,** 31 जुलाई (देशबन्धु)। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में प्रति सोमवार को आयोजित होने वाले कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम में कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने जिले के विभिन्न स्थानों से पहुंचे लोगों से मुलाकात कर उनकी मांगों एवं समस्याओं के संबंध में जानकारी लेते हुए प्राप्त आवेदनों का शीघ्र निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक पहल करने को कहा। आज जनदर्शन में 150 आवेदन प्राप्त हुए।



कलेक्टर जनदर्शन में उरला निवासी विनिता शर्मा मंद बुद्धि व दोनों पैरों से दिव्यांग की समस्या लेकर अपनी माता के साथ जनदर्शन में आवेदन लेकर पहुंची। उनकी माता ने बताया कि शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी के अभाव में विनिता का दिव्यांगता प्रमाण पत्र नही बन पाया था, किन्तु अब दिव्यांगता प्रमाण पत्र बन चुका है। चूंकि वह अत्यंत गरीब व असहाय है, जिसके चलते उसे काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कलेक्टर ने त्वरित कार्यवाही करते हुए विनिता शर्मा को समाज कल्याण विभाग के द्वारा तत्काल व्हीलचेयर प्रदान किया।

इसी प्रकार घर बनाने के लिए अनुदान राशि की मांग लेकर पहुंची जामुल निवासी केवरा यादव ने बताया कि सुभाष नगर जामुल में उनका कच्चा घर बना हुआ था। अधिक बारिश होने की वजह से घर टूट गया, चूंकि उनकी आर्थिक स्थिति ठीक नही होने की वजह से पुन: घर बनाने में असमर्थ है। इस पर कलेक्टर ने तहसीलदार दुर्ग को आपदा प्रकरण बनाने एवं नगर पालिका जामुल को नियमानुसार आवास प्रदान करने को कहा।

ग्राम चंदखुरी के वार्ड 13 के निवासियों ने नाली निर्माण के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। निवासियों ने बताया ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# कल्याण आश्रम अमरकंटक की एक शाखा राजनांदगांव में शीघ्र होगी स्थापित

**दुर्ग,** 31 जुलाई (देशबन्धु)। अमरकंटक स्थित कल्याण आश्रम के प्रमुख पुज्य बाबा कल्याणदास के नेतृत्व में राजनांदगांव में बसंतपुर डोंगरगांव रोड पर कल्याण आश्रम की एक और शाखा स्थापित की जा रही है। कल्याण बाबा आश्रम के द्वारा इससे पूर्व अमरकंटक एवं अलमोड़ा स्थित डोल आश्रम में भी समाज हित के अनेक अनुकरणीय कदम उठाये गये है। यह जानकारी देते हुए कल्याण बाबा के शिष्य सारडा तथा साइंस कॉलेज, दुर्ग के प्राध्यापक, डॉ. अनिल कश्यप ने बताया कि राजनांदगांव में निर्मित होने जा रहे कल्याण सेवा आश्रम में पंचदेव एवं श्रीयंत्र उपासना केन्द्र, आचार्य पीठ, अखण्ड, अग्नि, सत्संग कथा प्रवचन भवन एवं संतों के निवास की समुचित व्यवस्था रहेगी।



डॉ. कश्यप के अनुसार कल्याण सेवा आश्रम में गौशाला के साथ-साथ अनाथ बालिकाओं को जीवन-यापन एवं अध्ययन की सुविधा भी उपलब्ध करायी जायेगी। कालान्तर में सभी के लिए ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# भोरमदेव जलाभिषेक के लिए निकले कावंर यात्री

**बेमेतरा,** 31 जुलाई (देशबन्धु)। श्रावण मास के चौथे सोमवार को बेमेतरा विधानसभा जिले के श्रद्धालुओं शिव भक्तों का भोरमदेव के जलाभिषेक लिए रवाना हुए कावंर यात्रियों को एवं भेड़नी हड़गाँव से जल लेकर बेमेतरा बाजार पारा स्थित नवनिर्मित शिव मंदिर के जलाभिषेक के लिए पहली बार भारी संख्या में महिलाएं बच्चे बच्चियों को फल जल सरबत वितरण विजय सिन्हा पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका बेमेतरा अपने साथी सहयोगी विकास तम्बोली राजेश शर्मा विजय लखानी गौरव साहू अमरीका निर्मलकर के साथ किया दोपहर 3 बजे कालिका मंदिर में पार्थिव शिवलिंग का अभिषेक पूजन हुआ विजय सिन्हा जी ने भगवान भोलेनाथ जी से बेमेतरा जिले सहिंत देश समस्त छत्तीसगढ़ प्रदेशवासियों के लिए सुख शांति प्रगति स्वस्थ स्वास्थ्य की कामना किये है।



# विस चुनाव के मद्देनजर मतदान केन्द्रों की सूची जारी, कल होगा प्रकाशन

**दुर्ग**, 31 जुलाई (देशबन्धु)। आगत विधानसभा चुनाव को लेकर प्रशासनिक स्तर पर मतदाता सूची में संशोधन, नये नाम जोड़ने एवं नाम विलोपित करने संबंधित कार्य आज से प्रारंभ कर दी गई है। इस संबंध में आज कलेक्टर पुष्पेन्द्र मीणा के सभाकक्ष में सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी ने समयबद्ध कार्यक्रम की घोषणा पत्रवार्ता में की। मतदाता केन्द्रों का प्रकाशनआज कर दिया गया।

मतदातू सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 2 अगस्त को किया जायेगा। 31 अगस्त तक सभी कार्यालयीन दिवसों में सभी मतदान केन्द्रों में दावा आपत्ति दर्ज की जायेगी। इसके अलावा 12 अगस्त, 13 अगस्त, 19 अगस्त व 20 अगस्त को विशेष शिविरों के जरिये दावा आपत्ति ली जायेगी। मतदाता सूची में नाम जोड़ने, काटने व संशोधन के लिये कार्यालयीन दिवस में तहसील कार्यालय में आवेदन किया जा सकता है। 1 अक्टूबर को 18 वर्ष पूर्ण करने वाले युवक युवती नाम दर्ज करा सकते है। पुन:रीक्षण के समय प्राप्त दावे आपत्ति की सूची वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगी सूची में आपत्ति होने पर संबंधित अधिकारी के पास आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है।

# सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों का सम्मान



**दुर्ग,** 31 जुलाई (देशबन्धु)। पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त हो रहे 6 अधिकारी एवं कर्मचारियों को आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय में विदाई कार्यक्रम कर इन सभी सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारियों एवं उनके परिवार के सदस्यों का सम्मान किया गया। इन सभी सेवानिवृत्त हो रहे अधिकारी एवं कर्मचारियों ने अपने विगत 40 वर्षो के सुदीर्घ सेवाकाल के अनुभव सांझा किये।

कार्यक्रम के प्रारंभ में एसपी शलभ कुमार सिन्हा ने सभी सेवानिवृत्त हो रहे स्टाफ एवं उनके परिजनों का शाल श्रीफल से सम्मान किया। एसपी श्री सिन्हा ने सभी रिटायर हो रहे अधिकारियों, कर्मचारियों की विभाग को दी गई सेवाओं की प्रशंसा करते हुए उनके सुखद भविष्य के लिये शुभकामनाएं दी।

सेवानिवृत्त हो रहे अधिकारी कर्मचारियों में निरीक्षक व्ही.प्रकाशराव, उपनिरीक्षक जगदीश मंडावी, सहायक उपनिरीक्षक डेरन सिंह, सहायक उपनिरीक्षक शिवचरम साहू, प्रधान आरक्षक दिगपाल तिवारी, आरक्षक अशोक दीवान शामिल थे। कार्यक्रम में एएसपी अनंत साहू (ग्रामीण), मणिशंकर चंद्रा, उपपुलिस अधीक्षक एवं दुर्ग जिले के पुलिस अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# वोरा ने किया सतसंग सभागार का भूमिपूजन

**दुर्ग,** 31 जुलाई (देशबन्धु)। सोमवार को समभाव कबीर सेवा समिति के तत्वावधान में समृद्धि बाजार समभाव कबीर कुटी के पास सतसंग सभागार का भूमि पूजन मुख्य अतिथि विधायक अरूण वोरा ने किया।



इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए श्री वोरा ने सदगुरू कबीर साहेब की वाणी को मानव कल्याण के लिये आवश्यक बताया। पिछड़ा वर्ग के उपाध्यक्ष आर.एन.वर्मा ने भी संबोधित किया। गोवर्धन प्रसाद जायसवाल ने कबीर साहब की साखी आमजनों के मध्य मानस की तरह ही रचे बसे होने का उल्लेख किया। रमेश शर्मा ने विकास पर बल दिया तामेश तिवारी, चतुर दास, दीनानाथ सिन्हा, महंत विक्रम दास, नितिन देशमुख, बोधन साहू सहित कई लोग उपस्थित थे। संचालन डॉ. मोतीलाल सिन्हा एवं आभार प्रदर्शन अध्यक्ष अजय वर्मा ने किया।

# निगम के सेवानिवृत्त हो रहे कर्मचारियों को दी गई विदाई



**दुर्ग,** 31 जुलाई (देशबन्धु)। नगर निगम परिवार द्वारा आज अपने बीच से सेवानिवृत्त हो रहे कर्मचारियों को भावभीनी विदाई देकर उनके सुखद भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर विधायक अरूण वोरा, महापौर धीरज बाकलीवाल सभापति राजेश यादव आयुक्त लोकेश चंद्राकर सहित अनेक पार्षद, कर्मचारी,अधिकारी उपस्थित थे।

आज सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारी सचिव शरद रत्नाकर लिपिक अनिल मनहरे, सहायक राजस्व निरीक्षक आफाक कुरैशी, सफाई कर्मी मंगू बाई का शाल श्रीफल व पुष्पगुच्छ एवं ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# ब्राम्हण अधिकारी-कर्मचारियों को जातिगत टिप्पणी कर प्रताड़ित करने पर कार्रवाई की मांग

**बेमेतरा,** 31 जुलाई (देशबन्धु)। सर्व ब्राह्मण समाज के उपप्रांताध्यक्ष-लेखमणी पाण्डेय,जिलाध्यक्ष-जितेन्द्र शुक्ला, युवा मंच के जिलाध्यक्ष-श्रृजन दिवान नें एक विज्ञप्ति में कहा है कि बेमेतरा जिले में ब्राह्मण अधिकारी एवं कर्मचारियों को उनके सहपाठियों एवं स्थानीय निकाय के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों द्वारा आए दिन प्रताड़ित किया जा रहा है ब्राह्मण अधिकारी कर्मचारियों को जातिगत टिप्पणी कर उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है जिसे सर्व ब्राह्मण समाज जिला बेमेतरा के द्वारा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा ऐसे मामलों का संज्ञान लेकर शीघ्र ही इस पर कार्यवाही की मांग को लेकर राज्यपाल के नाम ज्ञापन प्रेषित कर समाज के लोगों से विचार-विमर्श कर आंदोलन भी किया जाएगा स्थानीय निकाय के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को उनके क्षेत्र के ब्राह्मण भी वोट देते होंगे उनकी भावनाओं को ताक में रखकर ब्राह्मण जाति को जातिसूचक गाली देकर प्रताड़ित करने का मामला बेमेतरा जिला में देखा गया है सर्व ब्राह्मण समाज के पदाधिकारियों नें ऐसे कृतियों का विरोध करते हुए कहा है कि अब यह सब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा ऐसे कृतियों का विरोध सामाजिक रूप से किया जाएगा।

# प्रेमचंद ने साहित्य को यथार्थ से जोड़ने का किया काम

**दुर्ग,** 31 जुलाई (देशबन्धु)। शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग के हिन्दी विभाग द्वारा प्रेमचंद जयंती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. सुशीलचन्द्र तिवारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रेमचंद ने अपने साहित्य में नारी को केन्द्र बिन्दु में रखकर अनेक कहानियां एवं उपन्यास की रचना की। उनकी कहानियों में अशिक्षा, गरीबी, अंधविश्वास सभी कुछ है जो आज की परिस्थितियों को लेकर लिखी गई है। जिसमें गरीबी, दलितों एवं शोषित वर्ग का चित्रण है। उनकी कहानियों एवं उपन्यासों में वर्णित पात्रों से हमें आज के संदर्भ में जीवन जीने की प्रेरणा मिलती है। हिन्दी विभाग की सहायक प्राध्यापक ज्योति भरणे ने कहा कि प्रेमचंद जी ने अपने साहित्य के माध्यम से श्रमिकों की आर्थिक व्यवस्था, ग्रामीण जीवन की दुर्बलता, सामंती व्यवस्था, हिन्दू-मुस्लिम एकता, जमीदारों व पुलिस के अत्याचार आदि तात्कालीन एवं गांधीवादी विचारों पर प्रकाश डाला। प्रेमचंद ने कहानी और उपन्यास को मनोरंजन के स्तर से ऊपर उठकर जनजीवन को यथार्थता से जोड़ने का कार्य किया। कु. डिकेश्वरी साहू, कु. जास्मीन राठौर, कु. वत्सल कोहरे ने प्रेमचंद की कहानियों का पाठ किया। कु. पूजा चेलक, कु. प्रेरणा सुकतेल ने कहा कि प्रेमचंद ने अपने कथा साहित्य में ग्रामीण जीवन का यथार्थ और प्रमाणित चित्रण किया है जो आज भी प्रासंगिक है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. आरती राठौर ने तथा आभार प्रदर्शन डॉ. यशेश्वरी ध्रुव ने किया। इस अवसर पर कु0 गीतांजली, कु. किरण सोनबेर, कु. मुस्कान, कु. मीनिषा एवं बी. ए. प्रथम वर्ष व बी. एस.सी. प्रथम वर्ष की छात्राऐं उपस्थित रहीं।




शासकीय कन्या महाविद्यालय में प्रेमचंद जयंती

# मुंशी प्रेमचंद एवं शहीद उधम सिंह को दी गई श्रद्धांजलि



**दुर्ग।** उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद की जयंती एवं भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के क्रांतिकारी शहीद उधम सिंह के शहादत दिवस पर आज उन्हें युवा संघर्ष समिति के संयोजक एवं कार्यकर्ताओं ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। युवा संघर्ष समिति के संयोजक ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# एचएससीएल प्रबंधन ठेका श्रमिकों को करे भुगतान



## इंटक नेता संजय ने दी चेतावनी

**भिलाईनगर,** 31 जुलाई (देशबन्धु)। स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक के कार्यकारिणी की बैठक में अध्यक्ष संजय कुमार साहू ने लिखित जारी बयान में कहा कि भिलाई इस्पात संयंत्र में एचएससीएल के माध्यम से कार्य किए ठेका श्रमिकों का अंतिम भुगतान की राशि एचएससीएल प्रबंधन के पास करोड़ों रुपए जमा है उसके पश्चात भी एचएससीएल प्रबंधन ठेका श्रमिकों का अंतिम भुगतान नहीं कर रहा है इससे श्रमिकों में आक्रोश है इस विषय एचएससीएल प्रबंधन एवं भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन से चर्चा की जा रही है लेकिन एचएससीएल प्रबंधन श्रमिकों के अंतिम भुगतान का करोड़ों रुपए अपने अकाउंट में रखकर श्रमिकों को अंतिम भुगतान करने में अवरोध लगाकर रखा है जबकि अंतिम भुगतान की पूरी जवाबदारी एचएससीएल प्रबंधन की है।

### भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन करें हस्तक्षेप

भिलाई इस्पात संयंत्र अपने उत्पादन और उत्पादकता एवं लाभार्जन को बढ़ाने के लिए, एचएससीएल के माध्यम से ठेका श्रमिकों से कार्य करवाता था और राशि की भुगतान एचएससीएल प्रबंधन को करता था लेकिन कार्यरत ठेका श्रमिकों का अंतिम भुगतान नहीं होने पर भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन को लेबर सप्लाई के रूप में एचएससीएल के माध्यम 15 वर्षों से से कार्य कर रहे ठेका श्रमिकों के अंतिम भुगतान के मामले में भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन को हस्तक्षेप करना चाहिए इस विषय पर भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन के निदेशक प्रभारी को स्टील ठेका श्रमिक यूनियन के द्वारा पत्र लिखकर अंतिम भुगतान करवाने के लिए निवेदन करेगा।

स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक के प्रतिनिधि मंडल ने एचएससीएल कांट्रेक्टर एसोसिएशन के पदाधिकारियों से अंतिम भुगतान के विषय पर चर्चा की। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कहा कि हम श्रमिकों का अंतिम भुगतान सीधा उसके खाते में करवाना चाहते हैं परंतु एचएससीएल प्रबंधन हमारे खाते के माध्यम से ठेका श्रमिकों का अंतिम भुगतान करना चाहता है। एसोसिएशन के पदाधिकारी का कहना है कि हमारे खाते से अंतिम भुगतान करने पर हमें जीएसटी एवं टैक्स का भुगतान करना पड़ेगा जिसकी भरपाई कौन करेगा, इसलिए एचएससीएल प्रबंधन सीधा श्रमिकों के खाते में उनका अंतिम भुगतान करें एवं ठेका श्रमिकों का पूरा विवरण एचएससीएल प्रबंधन के पास जमा है। कार्यकारिणी के बैठक में ठेका श्रमिकों ने कहा कि हम लोग 10 .15 सालों से भिलाई इस्पात संयंत्र के लिए कार्य किए हैं बीएसपी प्रबंधन का भी इसमें जवाबदेही बनती है अगर अंतिम भुगतान की कार्यवाही एचएससीएल प्रबंधन जल्दी प्रारंभ नहीं करती है तो एचएससीएल प्रबंधन का घेराव किया जाएगा एवं इसकी शिकायत भारत सरकार के वित्तीय जांच एजेंसी एवं एवं संबंधित मंत्रालय एवं प्रधानमंत्री कार्यालय में करेगी। श्रमिकों के अंतिम भुगतान का पैसा कैसे एचएससीएल प्रबंधन अपने अकाउंट में रख सकती है और उस पर ब्याज कैसे ले सकती है। बैठक में सी पी वर्मा, दीनानाथ सिंह, के राजशेखर, आर दिनेश, गुलाब दास, सुरेश कुमार, मनोहर लाल, गुरुदेव साहू, जसवीर सिंह, डीपी खरे, संतोष ठाकुर, जयराम ध्रुव, जयकुमार, इंद्रमणि, कान्हा, नारायण, दामन, बलराम वर्मा, नवीन कुमार एवं कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित थे।

# डेंगू के 4 मरीज मिलने से हड़कंप

## डेंगू प्रभावित क्षेत्र में दवा छिड़काव व घर-घर जांच जारी

**भिलाईनगर,** 31 जुलाई (देशबन्धु)। भिलाई में डेंगू के मरीज मिलने से हड़कंप मच गया है। मिली जानकारी के अनुसार डेंगू के 4 संदिग्ध मरीज मिले है। जिसमें तीन टाउनशिप क्षेत्र से है तो एक पटरी पार का रहने वाला बताया जा रहा है। बताया जा रहा हैकि इसमें दो की ईलाज के दौरान अस्पताल से छुट्टी कर दी गई है। दो का ईलाज अभी भी जारी है। जिले के भिलाई नगर निगम क्षेत्र में डेंगू के 4 मरीज मिलने से हड़कंप मच गया है। इसे देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने अलर्ट जारी कर दिया है। दो की हालत गंभीर होने से उनका इलाज अलग.अलग अस्पताल में किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि इसमें तीन मरीज अन्य स्थानों से आकर भिलाई में रह रहे है। इस संबंध में जिला स्वास्थ्य व चिकित्सा अधिकारी डॉ. जे.बी.मेश्राम ने देशबन्धु को बताया कि चार मरोजों में 2 मरीज की अस्पताल से छुट्टी कर दी गई है। जबकि दो मरीज में एक का ईलाज सेक्टर-9 अस्पताल में किया जा रहा है, तो दूसरे का ईलाज शंकराचार्या अस्पताल में किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि इसमें एक महिला जो कुछ दिन पहले ही मुम्बई से भिलाई आई थी। उनको डेंगू के कारण स्पर्श अस्पताल में ईलाज के लिये भर्ती किया गया है। जहां उनकी स्थिति सामान्य बताई जा रहा है।



डॉ. मेश्राम ने बताया कि दोनों मरीजों की स्थिति सामान्य है। इसकी जानकारी मिलते ही नगर पालिक निगम भिलाई, भिलाई इस्पात संयंत्र तथा जिला प्रशासन आलर्ट हो गया। निगम की स्वास्थ विभाग की टीम नें जिन स्थानों पर मरीज मिले उन क्षेत्र में विशेष अभियान चला कर लोगों के घर-घर जाकर जिन स्थानों पानी जाम रहता है। उसकी जांच की जा रही है। लोगों के घरों में कूलर, गमले, पूराने टायर व अन्य स्थानों पर दवाई का छिडकाव किया जा रहा है। लोगों को पाम्पलेट का वितरण किया जा रहा है। डेंगू की रोकथाम के लिये लोगों को समझाईश दी जा रही है कि वे मच्छर दानी लगाकर सोये, निगम व भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन फागिंग मशीन का उपयोग शुरु कर दिया है। चिकित्सकों के अनुसार बुखार के लक्षण जो आमतौर पर संक्रमण के चार से छह दिन बाद शुरू होते हैं। डेंगू के मरीज को अचानक तेज बुखार के साथ साथ गंभीर सिरदर्द, आँखों के पीछे दर्द, गंभीर जोड़ों और मसालों में दर्द, थकान, जी मिचलाना, उल्टी आन,दस्त होना, त्वचा पर लाल चकत्ते, जो बुखार आने के दो से पांच दिन बाद दिखाई देते हैं। डेंगू वायरस या एंटीबॉडी की जांच के लिए डॉक्टर रक्त परीक्षण के साथ डेंगू संक्रमण का निदान कर रहे है। यदि आप यात्रा के बाद बीमार पड़ते हैं, तो इसकी जानकारी अपने डॉक्टर को बताएं। यह आपके डॉक्टर को इस संभावना का मूल्यांकन करने की अनुमति देगा कि आपके लक्षण डेंगू संक्रमण के कारण हुए थे। डेंगू बुखार के निदान के लिए डॉक्टर रक्त परीक्षण के संयोजन का सुझाव दे सकते हैं, क्योंकि वायरस के प्रति शरीर की प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया जटिल और गतिशील होती ।

# निगम चला रहा है रोका छेका अभियान



**भिलाई नगर,** 31 जुलाई। शासन की योजना रोका छेका के अंतर्गत सड़क पर आवारा घुमने वाले तथा सड़क में बैठने से यातायात को प्रभावित करने वाले पशुओं की धड़पकड़ की कार्यवाही निगम के अमला द्वारा आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर की जा रही है। सड़को पर पशुओं के कारण होने वाले दुर्घटनाओं के रोकथाम हेतु छत्तीसगढ़ शासन द्वारा रोका छेका अभियान चलाये जाने के निर्देश हैए निगम आयुक्त श्री रोहित व्यास ने निगम की टीम गठित कर सड़कों पर आवारा घुमने वाले तथा झुण्ड बनाकर सड़क के बीचो बीच बैठकर यातायात को प्रभावित करने वालो मवेशियों को पकड़कर गौठान में रखने को कहा है। इसी कड़ी में निगम का राजस्व अमला नेहरू नगर चौक से डबरापारा खुर्सीपार चौक तक जीर्णईग्रोड के दोनो तरफसड़क पर घुमने वाले तथा समुह में बैठे पशुओं को पकड़कर काउ कैचर के माध्यम से गौठान में छोड़ रहे है। ताकि यातायात में कोई बाधा न आये टीम द्वारा शहर के भीड़ भरी सड़कए बाजार व व्यवसायिक क्षेत्रों से भी पशुओं की धड़कपड़ कर रही है। विगत एक माह में 134 गाय और 129 सांड को पकड़कर गौठान में रखा जा चुका है। आयुक्त ने नगर के पशुपालकों से अपील करते हुए कहा हैए कि सघन बस्ती के बीच संचालित खटालों को बंद कर रखें। पशुपालक अपने मवेशियों को सड़को पर आवारा न छोड़े ऐसा पाये जाने पर निगम में दण्ड अधिरोपित किये जाने के प्रावधान है। निगम ने गौ सेवा क्षेत्र में कार्य करने वाले संस्थाओं से कहा है कि पशुओं से होने वाली दुर्घटना से बचने के लिए रेडियम पट्टी पशुओं को लगाने हेतु निगम को सहयोग प्रदान करें ताकि अंधेरे में वाहन चालक दुर से पशुओं की पहचान कर सुरक्षित यात्रा कर सके।

# भर्ती प्रक्रिया की शिकायत

**भिलाईनगर,** 31 जुलाई (देशबन्धु)। चंदूलाल चंद्राकर मेडिकल कॉलेज में डीएमएफसे नर्सों की भर्ती करने में अफसरों ने मनमानी का आरोप लगया गया है। 16 मार्च 2022 को घोषित स्टॉफ नर्स भर्ती कौशल परीक्षा के बाद 101 अभ्यर्थियों की अंतिम प्रावीण्य सूची जारी की गई। उसके आधार पर जो अभ्यर्थी 74, 76, 90 और 95 नंबर पर रहे, उन्हें सरकारी चंदूलाल चंद्राकर मेडिकल कॉलेज में नौकरी दे दी गई है। वहीं जो अभ्यर्थी मेरिट लिस्ट में 27, 34 और 36 नंबर पर रहे, उन्हें नौकरी के लिए आज भी भटकना पड़ रहा है। पीड़ितों की शिकायत है कि मेरिट में आने के बाद भी उन्हें भटकना पड़ रहा है। इसकी शिकायत कलेक्टर, सीएमएचओ समेत संभागायुक्त से की है। इस भर्ती में इस तरह की मनमानी का आरोप कई अभ्यर्थीयों ने लगाया है।

# साई कॉलेज के रासेयो के छात्रों ने किया वृक्षारोपण



**भिलाईनगर,** 31 जुलाई (देशबन्धु)। सेक्टर.6 स्थित साई कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र छात्राओं न मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम हनोदा तथा कॉलेज परिसर के आस पास विभिन्न छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण कर पौधों की देखभाल का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम में आंवला, आम, कटहल, बेल, अमरूद, करंज और पीपल के लगभग 100 पौधों का रोपण किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ देशबंधु तिवारी ने बताया कि कॉलेज द्वारा प्रतिवर्ष वृक्षारोपण किया जाता है तथा रोपित पौधों की देखभाल भी की जाती है। कॉलेज के फाब् कोऑर्डिनेटर एवं डिप्टी डायरेक्टर डॉ. ममता सिंह ने से कहा कि पर्यावरण संरक्षण एवं संधारण हम सभी नागरिकों का दायित्व है ताकि हम सभी और हमारी आनी वाली पीढ़ी स्वस्थ वातावरण में रह सके। साई कॉलेज एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. वर्षा वर्मा ने आह्वान किया कि एनएसएस के सभी स्वयंसेवक न केवल स्वयं वृक्ष लगाएं. बल्कि अपने आस पास भी लोगों को भी पौधे लगाने प्रोत्साहित करें और लगाए गए वृक्षों का संरक्षण भी अवश्य करें। वृक्षारोपण कार्यक्रम में कॉलेज के सभी प्राध्यापकों एवं कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयं सेवकों ने भाग लिया।

# बादलों की भांति कवि झुकते हैं : आचार्य शर्मा



**भिलाईनगर,** 31 जुलाई (देशबन्धु)। साहित्य सृजन परिषद् की पावस काव्य गोष्ठी का आयोजन वरिष्ठ साहित्य आचार्य डॉ महेशचन्द्र शर्मा के मुख्य आतिथ्य में सुपेला में किया गया। इस दौरान डा. शर्मा ने बताया कि जैसे वर्षा में बादल झुक जाते हैं वैसे ही कवि भी विनम्र होते हैं। परिषद् के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कवि एन.एल. मौर्य प्रीतम ने अध्यक्षीय आसन्दी से कहा कि उन्हें खुशी है कि इस पावस काव्य गोष्ठी में कवियों और कवयित्रियों ने कविता और गीतों की इन्द्रधनुषी छटा बिखेरी और काव्य रस एवं रंगो से सबको सरावोर करदिया।

श्रीमती आशा झा की सस्वर सरस्वती वन्दना से शुभारम्भ हुआ। उपाध्यक्ष एवं कवि रामबरन कोरी कशिश ने स्वागत भाषण दिया और हजल सुनाकर सबको हँसाया भी। आयोजन स्थल इन्दिरा गांधी विद्यालय रामनगर सुपेला के संस्थापक काशीनाथ वर्मा ने आचार्य डॉ महेशचन्द्र शर्मा का शाल-श्रीफल से अभिनन्दन करते हुए कहा कि वे हमेशा ऐसे कार्यक्रमों में सहयोग करते रहेंगे। विशिष्ट अतिथि प्रीति सरू श् गुन गुन श् ने वर्षा पर कविता सुनाकर खूब तालियां बटोरीं। प्रसिद्ध शायर मुमताज़ ने व्यंग्य ए सोनिया सोनी ने श्रृंगारए डाण्बीना सिंह श्रागीश् ने हास्य.व्यंग्य ए प्रकाश मण्डल ने वर्षा एवं वरिष्ठ पत्रकार और खुशमिजाज़ कवि प्रदीप भट्टाचार्य आदि ने शानदार और जानदार काव्य पाठ कर रसिकों की खूब तालियां बटोरीं। वहीं आशा परशुरामए डाण्नीलकंठ देवांगन ए आलोक नारंग ए गजेन्द्र द्विवेदी श् गिरीश श् ए नावेद रज़ा श् श्दुर्गवीश् ए इस्माइल आज़ाद ए हाज़ी रियाज़ ख़ान ए चन्द्र कुमार वर्मा ए हेमन्त कुमार निषाद ए विजय कुमार ए टीण्एनण्कुशवाह श् अंजन श् ए सीमा साहू ए डॉण्नौशाद सिद्दिक़ी श् सब्र श् ए आदि सभी ने हिन्दी ए भोजपुरी ए छत्तीसगढ़ी एवं उर्दू भाषा प्रधान चुनिन्दा कविताओं से पावस काव्य गोष्ठी को नयी ऊँचाईयां प्रदान कीं। सफल संचालन करते हुए परिषद् की उपाध्यक्ष एवं लोकप्रिय कवयित्री नीता कम्बोज श् शीरी श् ने भी अपनी कविता प्रस्तुति की छाप छोड़ी। वहीं सफल संचालन करते हुए उपाध्यक्षा नीलम जायसवाल ने भी रोचक काव्य पाठ किया। इस अवसर पर सहृदय ए रसिक और शालीन श्रोताओं के रूप में राम मोहन कश्यप ए डॉण्एण्केण्सिंह ए पंण्मुकुल कुमार झा ए अनुराधा बख्शी ए वीर सिंह ए राजेन्द्र कुमार ए जीण्पीण्मौर्य एवं जितेन्द्र कुमार आदि देर रात तक कविताओं का आनन्द लेते रहे।

# नौकरी लगवाने के नाम पर 25 लाख की ठगी

**भिलाईनगर,** 31 जुलाई (देशबन्धु)। भिलाई इस्पात संयंत्र में नौकरी वापस लगवाने के नाम पर ठगी करने वाले के खिलाफ नेवई पुलिस में शिकायत दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार एक दंपत्ति ने युवक से 25 लाख रुपए ले लिए हैंए जब वह नौकरी नहीं दिलवा सके तो युवक ने उनसे रुपए मांगे। पैसे नहीं लौटाने पर युवक ने दंपत्ति के खिलाफ नेवई थाने में धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया है। नेवई टीआई ममता अली शर्मा ने बताया कि आशीष नगर रिसाली निवासी स्वराज ने धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। उसने शिकायत की है कि भिलाई इस्पात संयंत्र में 31 मार्च 2022 तक वह वरिष्ठ प्रबंधक के पद पर कार्यरत था। उसके बाद बेहतर नौकरी की तलाश में उसने संयंत्र की नौकरी से त्यागपत्र दे दिया। इसी दौरान उसकी मुलाकात बीएसपी में कार्यरत ऑपरेटर कम टेक्नीशियन अजय और उनकी पत्नी से हुई। जान-पहचान अधिक होने पर उन्होंने बीएसपी में अच्छी पकड़ होने की बात कही थी। स्वराज ने उनसे कहा कि वो बीएसपी में अपनी नौकरी फिर से ज्वाइन करना चाहता है। उक्त दंपत्ति ने उसकी जॉब वापस दिलाने का दावा किया और उससे 25 लाख बदले में लिए। जब वो लोग नौकरी नहीं लगवा पाए तो उसने उनसे देरी का कारण पूछा। इस पर वे लोग गोलमोल जवाब देने लगे। कई महीने बीतने के बाद उसने रुपए वापस करने की बात कही। इस पर उन्होंने आज कल करके बहाना शुरू कर दिया। जैसे ही स्वराज को ठगी का अहसास हुआ उसने नेवई थाने में जाकर मामले की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस केस दर्ज कर दंपत्ति की तलाश में जुट गई है।

# सरयूपारीण ब्राह्मण समाज की महिलाओं ने किया वृक्षारोपण



**भिलाईनगर,** 31 जुलाई (देशबन्धु)। सरयू पारीण ब्राह्मण समाज महिला प्रकोष्ठ भिलाई दुर्ग द्वारा शिव नाथ नदी तट के किनारे श्रावण मास के पावन पर्व पर विशेष रूप से पर्यावरण संरक्षण की दिशा को ध्यान में रखते हुए वृक्षारोपण कार्यक्रम एवम भगवान श्री भोले नाथ बाबा की पूजा अर्चना कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर दो आम, दो गुलमोहर, एक बेलपत्र, एक नीम का वृक्ष रोपित किया गया। कार्यक्रम के दौरान मन्दिर के पुजारी ने इसे संरक्षित रखने का स्वयं संकल्प लिया। इस अवसर पर अध्यक्षा प्रीति दुबे ने कहा कि समाज का महिला प्रकोष्ठ द्वारा पर्यावरण को बचाने और संरक्षित रखने हेतु विभिन्न स्थानों पर यह कार्यक्रम किया जाता रहेगा, क्योंकि बढ़ता प्रदूषण को नियंत्रित रखने हेतु अधिक से अधिक वृक्षारोपण कार्यक्रम का अभियान समाज द्वारा सदैव किया जायेगा। उन्होनें उपस्थित महिलाओं व समाज के पदाधिकारियों से आग्रह किया कि वे वृक्षारोपण के साथ-साथ उसकी रक्षा भी करे, ताकि वे पेड का रुप ले सके। उन्होनें कहा कि ऐसा करने से आने वाले भविष्य में बच्चों को पर्यावरण से ज्यादा नुकसान नही होगा। समाज के सदस्य गण से कहा की वे अपने जन्मदिन पर एक वृक्ष अवसय रोपित करे क्योंकि वृक्ष धरा का है आभूषण है इस अवसर पर भगवान शिव की पूजा अर्चना की गई इन समस्त कार्यक्रम में अध्यक्षा प्रीति दुबे, उपाध्यक्षद्वय रुक्मणि मिश्रा, कनक मिश्रा, लालिमा तिवारी, स्वरूप लता पांडे, कोषाध्यक्ष अंजू तिवारी, सहसचिव अनु पाण्डे, सरिता मिश्रा, स्मिता तिवारी, रश्मि दुबे सहित समाज के अनेक महिला पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे।

# इनर व्हील क्लब भिलाई का सावन मिलन समारोह



**भिलाईनगर,** 31 जुलाई (देशबन्धु)। इनर व्हील क्लब भिलाई स्टील सिटी द्वारा सावन मिलन का आयोजन किया गया। जिसमें इनर व्हील क्लब के सभी सदस्यों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के आयोजन के दौरान पास के बस्तियों एवं लेबर कॉलोनी की महिलाएं जो की रोजी-रोटी के काम से रोज बाहर जाती हैं। उन्हें यह रेनकोट और छाते दिए गए। इस अवसर पर इनर व्हील क्लब भिलाई स्टील सिटी की अध्यक्ष रीमा राजीव ने सावन मिलन में उपस्थित का स्वागत किया और कई स्पर्धा भी आयोजित किय। जिसमें सावन क्वीन, मिस हरी भरी, मिस जरा हटके एवं मिस क्यूटेस्ट एवं स्वीटेस्ट की उपाधि एवं पुरस्कार दी गई। श्रीमती किरण सोते ने सावन क्वीन का खिताब जीता, श्रीमती सपना श्रीवास्तव मिस हरी भरी, श्रीमती अनीता शर्मा को जरा हटके एवं श्रीमती रश्मि रितेश को क्यूटेस्ट और स्वीटेस्ट के खिताब से नवाजा गया। आने वाले महीने में किये जाने वाले सामाजिक सेवा कार्य पर चर्चा की। क्लब सेक्रेटरी प्रोनोति गजभिए ने आए सभी सदस्यों का धन्यवाद किया ।

# लीज डीड, ओए के हेल्प डेस्क से लोग हुए लाभांवित

**भिलाईनगर,** 31 जुलाइ (देशबन्धु)। लीज डीड रजिस्ट्रेशन कार्य में सुगम बनाने हेतु ओए के हेल्प डेस्क से अब तक 1000 से अधिक लोग लाभांवित हुए। ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार बंछोर के नेतृत्व में संयंत्र के 4500 लीज धारकों के लीज डीड का पंजीयन का कार्य प्रारंभ किया गया है। ऑफिसर्स एसोसिएशन के लगातार प्रयत्न एवं विभिन्न मंचों पर समय-समय पर इसकी मांग की जाती रही है। लीज डीड रजिस्ट्रेशन हेतु ओए के अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार बंछोर ने लीजधारकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ओए के प्रगति भवन में हेल्प डेस्क प्रारंभ करवाया। ओए में स्थापित इस हेल्प डेस्क से अब तक लगभग 1052 लीजधारकों को सहायता पहुंचाई जा चुकी है। लीजधारकों के सहायता हेतु अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार बंछोर, महासचिव परविंदर सिंह एवं ओए के सभी पदाधिकारियों ने इस कार्य को अंजाम तक पहुंचाने में निरंतर प्रयासरत हैं। हाऊसलीज समन्वय समिति के सदस्य भी सभी लीजधारकों से समय-समय पर लीज डीड रजिस्ट्रेशन की जानकारी पहुंचाने के साथ ही उनके शंकाओं का भी समाधान कर रहे हैं। इस समिति के सदस्य सत्यवान नायक इस कार्य को अंजाम दे रहे हैं। लीज डीड रजिस्ट्रेशन को गति देने हेतु बीएसपी के नगर सेवाएं विभाग से तथा बीएसपी के उच्च प्रबंधन से चर्चा कर नगर सेवाएं विभाग को अतिरिक्त मानव संसाधन उपलब्ध कराने का मार्ग प्रशस्त किया है। नगर सेवाएं विभाग के मुख्य महाप्रबंधक जितेन्द्र यादव सपकाले के निर्देश पर एवं महाप्रबंधक विजय शर्मा के मार्गदर्शन में लीज डीड जांच व हस्ताक्षर का कार्य ने गति पकडी है। वरिष्ठ प्रबंधक नितिन कनिकदले के कुशल संयोजन के अंतर्गत प्रबंधक सीमा अग्रवाल की टीम द्वारा यह महती कार्य संपादित किया जा रहा है। नगर सेवाएं विभाग में इस महत्वपूर्ण कार्य को उर्मिला जावेद खान, अजय बनर्जी, पी मनोज आदि कार्मिकों द्वारा बखूबी अंजाम दिया जा रहा है। ओए ने इस टीम को सराहनीय कार्य हेतु बधाई दी। लीज डीड रजिस्ट्रेशन के लिए नगर सेवा विभाग के 6 अधिकारियों को पावर ऑफअटॉर्नी देकर प्राधिकृत किया गया है जो रजिस्ट्रार ऑफिस में जाकर संबंधित लीज धारी के रिकॉर्ड में अपना हस्ताक्षर कर संपूर्ण कार्यवाही को संपादित करते हैं। सभी 6 अधिकारी जिन्हें पावर ऑफअटॉर्नी मिला है, वे प्रतिदिन अपने ड्यूटी के दौरान फर्स्ट हाफमें अपने संबंधित विभाग का कार्य संपादन कर सेकंड हाफ में ही रजिस्ट्रार ऑफिस दुर्ग मे लीज डीड पंजीयन के लिये उपलब्ध रहते हैं। लीज डीड रजिस्ट्रेशन में हुई प्रगति के अनुसार 150 लीज डीड के कागजातों का निरीक्षण कर लीज धारियों को हस्तांतरित किया जा चुका है। 66 लीज धारकों ने अपने लीज डीड का रजिस्ट्रेशन करा लिया है। इसके अलावा लगभग 125 लीज डीड फॉर्म गलत जानकारी के कारण लीज धारकों को वापस किया गया है।



# भिलाई ओलंपिक खेल महोत्सव 8 सितंबर से

**भिलाईनगर,** 31 जुलाई (देशबन्धु)। जिला ओलंपिक संघ की विशेष बैठक संध्या 4:30 बजे दुर्ग ओलंपिक संघ के अध्यक्ष एवं विधायक भिलाई नगर देवेन्द्र यादव के सेक्टर-5 स्थित कार्यालय में संपन्न हुई। उक्त बैठक में धर्मेंद्र यादव हैंडबाल, समीर खान हैंडबाल, बशीर अहमद खान फेंसिंग, राम प्रताप गुप्ता फेंसिंग, रमन कुमार साहनी थ्रोबॉल, जी.पी. तिवारी जिमनास्टिक, चमनलाल साहू खो.खो, सुमित पवार सचिव दुर्ग जिला ओलंपिक संघ, गिरी राव कराते, अरुण द्विवेदी जूडो, गोपाल खंडेलवाल तैराकी, सहीराम जाखड वालीबॉल शामिल हुए। ओलंपिक खेल महोत्सव का आयोजन 8 से 17 सितम्बर तक भिलाई के विभिन्न मैदानों में आयोजित की जायेगी। उपरोक्त आयोजन ओपन आयु वर्ग में किया जायेगा जिसमें 40 खेलों के लगभग 3500 खिलाड़ियों पुरुष, महिला, बालक, बालिका, के भाग लेने की संभावना है। भिलाई ओलंपिक खेल महोत्सव में निम्नांकित खेलों का समायोजित किया जाना प्रस्तावित है। जिसमें एथलेटिक्स, बैडमिन्टन, बास्केटबॉल,बॉक्सिंग,फेंसिंग, हैंडबाल, जूडो, खो.खो, तैराकी, टेबल टेनिस, टेनिस, भारोत्तोलन, कुश्ती, वॉलीबाल, नेटबॉल, कबड्डी, रोलर स्केटिंग, फुटबॉल, हॉकी, ताइक्वांडो, तिरंदाजी, वुषु, साइकिलिंग, बॉल बैडमिन्टन, रस्सा खींच, थ्रोबॉल, डांस स्पोर्ट्स, पिकलबॉल, टेनिस बॉल क्रिकेट, गटका, रोलबॉल, पावर लिफ्टिंग, योगा, मलखंभ, पेंकॉकसिलट, कराटे, सायकल पोलो, बॉडी बिल्डिंग, पंजा कुश्ती, हॉकी, खेल समाहित है। सुमित पवार ने बताया कि उपरोक्त संबंधित खेलों के अध्यक्ष, सचिव एवं उनके प्रशिक्षकों को खेल संबंधित आयोजन पर चर्चा कर निर्णय लेने हेतु आमंत्रित किया गया है।

# अनुचित लाभ लेने राजस्व अभिलेख में हेराफेरी की शिकायत

**बालोद,** 31 जुलाई (देशबन्धु)। ग्राम चिटौद के एक व्यक्ति द्वारा पैतृक शामिलात जमीन से संबंधित राजस्व अभिलेख में हेराफेरी कर अनुचित लाभ लेने की शिकायत परिजनों ने की है। शिकायत में गलत प्रमाण पत्र पेश कर ऋण लेने व इस मामले में बैंक अधिकारी व राजस्व अधिकारियों की भूमिका को संदिग्ध बताते हुए सभी की जांच की मांग की गई है। ग्राम चिटौद निवासी केशव सिन्हा ने पुलिस अधीक्षक जिला बालोद को की गई अपनी शिकायत में कहा है कि ग्राम चिटौद में उनके पिता जहूर सिंह सिन्हा के नाम 3.210 हेक्टेयर जमीन थी। पिता की मृत्यु के बाद उक्त जमीन वारिसान क्रमश: मोतीराम, केशव कुमार, राकेश कुमार, लक्ष्नी बाई, रेखा बाई, रुखमणीबाई, बिसाहिन बाई, व दुखिन बाई के नाम पर आ गई है। उक्त जमीन के आठ वारिसान हैं। वही 2003 में पिताजी के मृत्यु पश्चात राजस्व अभिलेख में आठ वारीसानों का नाम था एवं 2023 की स्थिति में भी राजस्व अभिलेख में 8 वारीसानों का नाम शामिल है। लेकिन 2003 से 2023 के बीच सन् 2015 में मोतीराम के अलावा अन्य 7 लोगों का नाम संबंधित कागजातों में गायब होना बड़ा खेल बड़ी हेराफेरी और बड़ा घपला की ओर इशारा करती है। लेकिन इसमें समझने वाली बात है कि सबसे बड़ी साजिश के तहत आवेदक का बड़ा भाई मोतीराम ने कूट रचित कर जालसाजी की है। विवरण देते हुए केशव सिन्हा ने कहा है कि मोतीराम सिन्हा द्वारा 21 सितंबर 2015 को राजस्व अधिकारियों व कर्मचारियों हल्का पटवारी से मिलीभगत कर उक्त जमीन से अन्य वारिसानो का नाम विलोपित करा कर अपना एकमात्र नाम दर्ज करा कर बी वन सहित अन्य दस्तावेज ले लिया है। इसी दस्तावेजों के आधार पर मोतीराम ने 21 मार्च 2015 को बैंक ऑफबड़ौदा शाखा पलारी जिला बालोद व 11 सितंबर 2015 को पंजाब नेशनल बैंक शाखा आमदी जिला धमतरी से मिलीभगत कर पांच पांच लाख रुपए का ऋण ले लिया है। उक्त ऋण सामिलात जमीन को बंधक बनाकर लिया है। जबकि राजस्व रिकॉर्ड में उक्त खसरा अभी भी सभी 8 लोगों के नाम पर दर्ज है। इस तरह राजस्व अधिकारियों कर्मचारियों से मिलीभगत कर कूट रचना से गलत कागजात प्राप्त कर लिया गया है जो अपराध की श्रेणी में आता है। वहीं 2015 में चिटौद में पटवारी रहे लोमश जायसवाल जो कि वर्तमान

### जांच उपरांत सही पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की मांग

में अर्जुंदा ब्लॉक में राजस्व निरीक्षक के पद पर पदस्थ है जिनसे आवेदक केशव सिन्हा के द्वारा मोबाइल से संपर्क किया गया जहां संबंधित कागजात बी 1 नक्शा खसरा सी फार्म एवं अन्य दस्तावेजों में 2015 की स्थिति में अपने सील मोहर समेत अपनी खुद की हस्ताक्षर होने से लोमस जायसवाल साफइंकार कर रहा है। यदि तत्कालिक पटवारी लोमश जायसवाल ने हस्ताक्षर नहीं किया है तो अब यह सवाल तो कृत्य करने वाले मोतीराम से बनता है कि संबंधित दस्तावेजों में आखिर सिल मोहर व हस्ताक्षर किनके हैं। वहीं दोनों संबंधित बैंकों में ऋण देने के दौरान ऋण लेने वाले मोतीराम से ऋण पुस्तिका या उसकी फोटो कॉपी जमा लेने तक उचित नहीं समझा गया तो इसके बनिस्बत तो दोनों बैंक के मैनेजरों के ऊपर भी उंगली उठना लाजमी है। आखिर आप दोनों बैंक वालों ने किन दस्तावेजों को बंधक बनाकर मोतीराम सिन्हा को अवैध तरीके से ऋण देकर लाभ पहुंचाया। एसपी से की गई शिकायत में केशव सिन्हा ने इस प्रकरण में शामिल राजस्व अधिकारियों बैंक अधिकारियों व मोतीराम सिन्हा पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

केशव सिन्हा ने बताया कि बहुत पहले से यह जालसाजी की गई है। लेकिन इसकी जानकारी परिवार के किसी लोगों को नहीं थी। कुछ दिन पहले बैंक वाले जब यहां तगादा में पहुंचे तब परिवार वालों को जानकारी हुई। इसके बाद सूचना का अधिकार के तहत समस्त जानकारियां जुटाई गई और फिर एसपी व थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। केशव सिन्हा ने कहा कि एक ही जमीन को बंधक बनाकर दो दो बैंक ने पांच पांच लाख का ऋण दिया है। खास बात यह है कि बैंक वालों ने ना जमीन के बारे में पतासाजी की और ना ही ऋण देने के पूर्व किसी प्रकार की छानबीन की। 6 महीने के अंतराल में दो.दो बैंक से ऋण ले लेना वह भी फर्जी अभिलेख के जरिए इससे साफपता चलता है कि इस मामले में कई लोग शामिल हैं। इसकी सूक्ष्म जांच की जांच जाए तो कई लोगों पर कार्रवाई हो सकती है। वही केशव सिन्हा द्वारा जांच हेतु पुलिस अधीक्षक कार्यालय बालोद में आवेदन दिए लगभग साडे 4 माह बीत गए। परंतु पुलिस प्रशासन दूसरे प्रकरण में इतनी व्यस्त हो गई है कि आज पर्यंत तक इतनी संवेदनशील मामले की जांच ही नहीं कर पाई है। अब देखना यह होगा कि संबंधित मामले में और कितना समय लगेगा एवं आने वाले दिनों में संबंधित प्रकरण किस दिशा में जाएगी।

# नवपदस्थ थाना प्रभारी की अपराधों के खिलाफ कार्रवाई शुरू

**बालोद,** 31 जुलाई (देशबन्धु)। बालोद सिटी कोतवाली में हाल ही में पदस्थ थाना प्रभारी रवि शंकर पांडेय ने आते ही इलाके में अपराधों की रोकथाम के लिए कार्रवाई शुरू कर दी है। क्षेत्र में अवैध शराब, जुआ, सट्टा को बंद करवाने पर विशेष ध्यान दे रहे हैं। लगातार अभियान चलाकर आबकारी एक्ट के तहत कई आरोपियों को जेल भेजा जा चुका है। कुछ दिन पहले पांच आरोपी जेल गए हैं। वही बालोद जिला मुख्यालय के हिसाब से यहां विशेष तौर से क्राइम कंट्रोल को प्राथमिकता देने की बात वे कहते हैं। एक खास बातचीत में उन्होंने बताया कि वे अपने थाना क्षेत्र में किसी भी तरह के अवैधानिक और आसामाजिक कृत्य पर कार्रवाई पर करने की बात कही। जहां पर भी सूचना मिलती है तत्काल कार्रवाई की बात कही। जुआ, सट्टा, शराब जैसे अपराधों में संलिप्त लोगो और असामाजिक तत्वों पर लगातार वैधानिक कार्रवाई जारी रखने की बात कही। इसके पहले वे मुंगेली, सुकमा और कोंडागांव में भी पदस्थ रहे। वे 2013 बैच के सब इंस्पेक्टर है। काफी कम उम्र लगभग 22 साल की उम्र से इस क्षेत्र में आ चुके हैं। वे मूलत: बस्तर के पास ग्राम घोटिया के रहने वाले हैं। उनके पिता श्रीधर पांडेय टीचर हैं माता ललिता पांडेय और उनकी पत्नी भी गृहणी हैं। कम उम्र से ही समाज सेवा का जज्बा लिए उन्होंने अपने पढ़ाई और फिटनेस पर ध्यान दिया। पहले वे सीजी पीएससी की तैयारी करते रहे। इस बीच उन्होंने व्यवसायिक परीक्षा मंडल में निकली पुलिस भर्ती में भी ट्राई किया और उनका सब इंस्पेक्टर के रूप में सलेक्शन हो गया। कोंडागांव में प्रभारी के रूप उन्होंने यातायात व्यवस्था की कमान संभाली थी। जहां ष्आमचो यातायात चो गोठष् नाम से विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान 8400 से अधिक चालान काटने और 1100 लाइसेंस निरस्त करने हेतु परिवहन विभाग को भेजे थे। जिस पर विशेष रूप से उन्हें सम्मानित किया गया। वे साइबर सेल का काम भी विभिन्न जिले में संभाल चुके हैं। हाल ही में हुए बालोद जिले में अर्जुदा के बड़े ज्वेलरी चोरी के केस को सुलझाने में उनकी भी भूमिका रही। उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहने और करियर पर ध्यान देने की बात कही। कानून के प्रति सजग रहे यातायात के नियमों का पालन करें। उनका मानना है लगातार परिश्रम करते रहे तो अच्छी सफलता मिल ही जाती है। लक्ष्य के प्रति समर्पित रहकर परिश्रम करते रहें। बालोद थाना क्षेत्र के लोगों और विभिन्न जरियों से वे सामुदायिक पुलिसिंग के लिए प्रोत्साहित करेंगे। वहीं यातायात के साथ ही साइवर क्राइम की रोकथाम को लेकर भी विशेष ध्यान रखेंगे। लगातार उन्होंने बालोद थाना क्षेत्र में अवैध जुआ, शराब, सट्टा सहित अन्य अपराधों के मामलों में कार्रवाई आगे भी जारी रहने की बात कही।

# गुरु मुक्तिदास साहेब से राजमहंत बघेल ने लिया आशीर्वाद



**बेमेतरा,** 31 जुलाई। नवागढ़ विधानसभा मुख्यालय में समस्त सतनामी समाज द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ की प्रथम महिला सांसद गुरुमाता ममतामयी मां मिनिमाता जी के 11 अगस्त को होने वाली पुण्य तिथि के अवसर पर परम श्रद्धेय जगत गुरु मुक्तिदास साहेब जी गुरुगद्दीनसीन खपरीपुरीधाम जी से राज महंत विजय बघेल के नेतृत्व सौजन्य मुलाकात कर दर्शन कर आशीर्वाद लिए। एवं ममतामयी मां मिनिमाता जी के पुण्य तिथि में मुख्य के रूप में शामिल होने के लिए आमंत्रित किए। इस अवसर पर ,द्वारिका सोनवानी, ईश्वर कुर्रे, लुपेश मार्कण्डेय,साधराय मधुकर,अमित जांगड़े,मोहर दिवाकर, सहित समाज के वरिष्ठ जन उपस्थित रहे।

# प्रदेश कुर्मी समाज जिला के लिए सुरेंद्र आशा व उपेंद्र निर्विरोध निर्वाचित

**बालोद,** 31 जुलाई (देशबन्धु)। कुर्मी समाज बालोद के भवन में छत्तीसगढ़ प्रदेश कुर्मी समाज के बालोद जिला के लिए पदाधिकारियों का चयन किया गया। इसमें बालोद जिला अध्यक्ष सुरेंद्र देशमुख, महिला अध्यक्ष आशा अमृत व युवा अध्यक्ष उपेन्द्र चंद्राकर निर्विरोध निर्वाचित हुए। निर्वाचित पदाधिकारियों ने कुर्मी समाज के विकास के लिए कार्य करने प्रतिबद्धता दोहराई।

नव निर्वाचित पदाधिकारियों को समाज के अनेक लोगों ने बधाई दी है। छत्तीसगढ़ प्रदेश कुर्मी समाज का बालोद जिला स्तरीय चुनाव का आयोजन ष्कुर्मी भवन बालोद में किया गया। केन्द्रीय प्रदेश कुर्मी समाज की ओर से अधिकृत चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में नंदलाल चंद्राकर उपस्थित रहे उनके साथ आरएस वर्मा बलोदा बाजार दिनेश चंद्रवंशी कवर्धा, नेमीचंद वर्मा बेमेतरा, मंत्री सिंह वर्मा बेमेतरा, तेजराम देशमुख, संरक्षक बृजेश चन्द्राकार, संजय चंद्राकर, छ्गन देशमुख की उपस्थिति हुई। पर्यवेक्षक की उपस्थिति में कार्यवाही आरंभ की गई। अध्यक्ष सुरेन्द्र देशमुख ;निर्विरोधद्ध चुने गए इनके नाम का प्रस्ताव छ्गन देशमुख ने किया। समर्थक वाय के देशमुख रहे। युवा अध्यक्ष उपेन्द्र चंद्राकर ;निर्विरोधद्ध चुने गए प्रस्तावक गिरिश चंद्राकर व समर्थक रोशन अमृत रहे। इसी तरह महिला अध्यक्ष आशा अमृत चुनी गई। प्रस्तावक कुमुदनी देशमुख व समर्थक संध्या देशमुख रहीं। इस अवसर पर दिल्लीवार कुर्मी क्षत्रिय समाज की केंद्रीय महिला अध्यक्ष प्रीति देशमुख, दामेश्वर देशमुख, ममता चंद्राकर, कुमुदिनी देशमुख, कृष्णा चंद्राकर, क्षमता चंद्राकर, उमेश देशमुख, राजेश चंद्राकर, गोविंद चंद्राकर, ग्रीस चंद्राकर, रमेश हरदेल, पीएल देशमुख, ललित हरदेल, रूपनारायण देशमुख, वाईके देशमुख, सुरेंद्र देशमुख, संध्या देशमुख, उपेंद्र चंद्राकर, बृजेश चंद्राकर, छ्गन देशमुख, खिलावन देशमुख, कृष्ण कुमार, उपेंद्र वर्मा, रामखीलावन वर्मा, देवेंद्र वर्मा, धर्मेंद्र देशमुख, सुरेंद्र हरमुख, ढालेश दिल्लीवार, शडेंद्र देशमुख सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे। निर्विरोध निर्वाचन के बाद बालोद जिला कुर्मी समाज अध्यक्ष सुरेंद्र देशमुख ने कहा कि उनकी प्राथमिकता जिले में रह रहे सभी कुर्मी समाज के लोगों के विकास रहेंगी। समाज विकास के हित में जो भी संभव हो सकेगा उनके द्वारा किया जाएगा।

युवा समिति महिला समिति का साथ लेकर हम कुर्मी समाज के विकास के लिए काम करेंगे। उन्होंने बताया कि बहुत जल्द बालोद जिला कुर्मी समाज कार्यकारिणी की घोषणा की जाएगी। इसमें कुर्मी समाज के सभी फिरकों को सामंजस्य बिठाकर प्राथमिकता दी जाएगी।

# ऑल इंडिया नीलेस क्लब प्रेरणा बेमेतरा ने सहायता राशि सोनी परिवार को दी

**बेमेतरा,** 31 जुलाई। हमेशा समाज सेवा के हित में कार्य करता है रहता है हमारी चेयर पर्सन सादा तिवारी जी ने घड़ी चौक दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर मैं एक नारियल और फूल सोनी परिवार के एक सदस्य सम्मान करें साल और नारियल से और दुकान खोलने के लिए सहायता राशि हमारी प्रेसिडेंट सोनाली ओतसवाल जीके हाथ सहायता राशि दिलवाई गई हमारा क्लब हमेशा समाज सेवा करता रहता है उपस्थित अध्यक्ष विनोद राघव सचिव सुमित यादव कोषाध्यक्ष उर्वशी दास चेयरपर्सन शारदा तिवारी जी उमा तिवारी वरिष्ठ अतिथि सोनाली ओस्तवाल जी लता चौधरी जी संगीता संगीता ठाकुर अंजना ठाकुर संगीता जैन उपस्थित शारदा तिवारी उमा तिवारी शशि तिवारी रश्मि ताम्रकार निधि बनाफर रामेश्वरी साहू ललिता साहू नीलम साहू आरती साहू विनोद राघव सलमा शरीफ बीना त्रिपाठी रानी रानी मुमताज रवानी वर्षा गौतम उर्वशी दास निम्मी पटेल कांता सलूजा कनक लता मिश्रा उपस्थित धन्यवाद ।





## परिशिष्ट 4 खनियम 8(1), कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति हेतु)

**एडलवेइस असेट रिकंस्ट्रक्शन कम्पनी लिमिटेड**
**सीआईएन – यू67100एमएच2007पीएलसी174759**

खुदरा केन्द्रीय एवं पंजीकृत कार्यालय : एडलवेइस हाउस, ऑफ सी.एस.टी. रोड, कलीना, मुंबई – 400098

जबकि, मूल ऋणदाताओं ने नीचे वर्णित आस्तियां एडलवेइस असेट रीकंस्ट्रक्शन कम्पनी लिमिटेड को समनुदेशित कर दी हैं, जो नीचे उल्लेखित विभिन्न ट्रस्टीज की इसकी हैसियत से कार्यवाही कर रही है (ईएआरसी)। समनुदेशन अनुबंधों के अनुसरण में, सरफासी ऐक्ट, 2002 की धारा 5 के तहत ईएआरसी ने समनुदेशनकर्ता का स्थान ले लिया है और अधोवर्णित प्रतिभूत हितों, गारंटियों, बंधकों सहित कर्जदारों द्वारा प्राप्त की गई वित्तीय सहायता के संबंध में समनुदेशनकर्ता के सभी अधिकार, स्वामित्वाधिकार और हित ईएआरसी में निहित हो गए हैं तथा ईएआरसी एक प्रतिभूत लेनदार के रूप में अपने सभी अधिकारों का प्रयोग कर रही है।

ईएआरसी के प्राधिकृत अधिकारी ने, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के (नियम 3) के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एक मांग सूचना जारी की थी, जिसमें कर्जदार(रों) से सूचना में वर्णितानुसार बकाया राशि का भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी।

कर्जदार उक्त बकाया राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदारों और सर्वसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने एडलवेइस असेट रीकंस्ट्रक्शन कम्पनी लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 की उप–धारा (4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सम्पत्ति का सांकेतिक कब्जा सम्पत्ति के सामने वर्णित तिथि को ले लिया है।

कर्जदार का ध्यान, प्रत्याभूत आस्तियां छुड़ाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप–धारा (8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।

कर्जदार को विशेष रूप से तथा सर्वसाधारण को यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है और उक्त संपत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार एडलवेइस असेट रीकंस्ट्रक्शन कम्पनी लिमिटेड की नीचे वर्णित बकाया राशि तथा उस पर ब्याज के प्रभाराधीन होगा।

| समनुदेशक का नाम | ट्रस्ट का नाम | ऋण खाता संख्या | कर्जदार का नाम एवं सह–कर्जदार का नाम | मांग सूचना की तिथि एवं राशि | कब्जा की तिथि | कब्जा की स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| आईसीआईसीआई होम फाइनैंस लिमिटेड | ईएआरसी ट्रस्ट एससी–448 | HRPR000 00726995 | शकुंतला तिवारी ("कर्जदार एवं बंधकदाता") श्री राज तिवारी ("सह–कर्जदार एवं बंधकदाता") | रू. 33,15,841.44/– (रूपए तेतीस लाख पंद्रह हजार आठ सौ इकतालीस तथा पैसे चौवालीस मात्र) 23–02–2023 तक एवं 04–03–2023 | 28–07–2023 | सांकेतिक कब्जा |

सम्पत्ति का वर्णन : सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : सम्पत्ति म्युनिसिपल मकान नंबर 58/29/122(3) खसरा नंबर 138/2006 का भाग, क्षेत्रफल 685 वर्ग फीट, ब्राह्मणपुरा वार्ड नंबर 58, ब्राह्मणपुरा, रायपुर खसरा , पीएच नंबर 106 ए, तहसील एवं जिला रायपुर (छत्तीसगढ़)। चौहद्दी : पूरब : के पी तिवारी की सम्पत्ति, पश्चिम : 12 फीट चौड़ी रोड, उत्तर : के आर पांडयान की सम्पत्ति, दक्षिण : वाई पी तिवारी की सम्पत्ति : रोड, दक्षिण : प्लॉट नंबर 535

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| आईसीआईसीआई होम फाइनैंस लिमिटेड | ईएआरसी ट्रस्ट एससी –448 | NHBLI000 00742067 | श्री राम नारायण सिंह ("कर्जदार") पुत्र कमलदेव सिंह, श्री कमल देव सिंह ("सह–कर्जदार"), श्री देवेश रंजन, विशाल त्रिपाठी (गारंटर) | रू. 15,62,447.18/– (रूपए पंद्रह लाख बासठ हजार चार सौ सैंतालीस तथा पैसे अठारह मात्र) 17–03–2023 तक एवं 17–03–2023 | 27.07.2023 | सांकेतिक कब्जा |

सम्पत्ति का वर्णन : सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : प्लॉट नंबर 28, ब्लॉक बी, क्षेत्रफल 4.5 गुणा 6.5 यानी 29.25 वर्ग मीटर, सम्पत्ति स्थित मौजा साउथ गंगोत्री सुपेला, वार्ड नंबर 03, भिलाई, तहसील एवं जिला दुर्ग (छत्तीसगढ़)। चौहद्दी : पूरब : रोड, पश्चिम : प्लॉट नंबर 17, उत्तर : प्लॉट नंबर 27, दक्षिण : प्लॉट नंबर 29/बी

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| पूनावाला हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड | ईएआरसी ट्रस्ट एससी–425 | HM/0022/H/18/100064 | अनिल राठौर ("कर्जदार") अनुजा राठौर ("सह–कर्जदार") | रू. 17,30,838.60/–पीएस (रूपए सत्रह लाख तीस हजार आठ सौ अड़तीस तथा पैसे साठ मात्र) 23–02–2023 तक एवं 11–03–2023 | 27.07.2023 | सांकेतिक कब्जा |

सम्पत्ति का वर्णन : सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : फ्लैट नंबर बी–1006/10006, कार्पेट एरिया 41.85 वर्ग मीटर/450 वर्ग फीट, निर्मित क्षेत्रफल 47.52 वर्ग मीटर/512 वर्ग फीट, सुपर बिल्ट अप एरिया 701 वर्ग फीट, 10वां तल, स्थित मौजा–हीरापुर, वार्ड नंबर 13, शहीद भगत सिंह वार्ड, हर्षित लैंड मार्क, फेज–1, ब्लॉक–6बी, अपार्टमेंट 1006, पटवारी हलका नंबर 103/35, खाता नंबर 592, 581/21, 593 पार्ट, 596/3, 594 पार्ट, तहसील एवं जिला रायपुर–492099, । चौहद्दी : उत्तर : खुला आकाश, दक्षिण : कॉरीडोर, पूरब : फ्लैट नंबर बी–1007/10007, पश्चिम : लिफ्ट

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| पूनावाला हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड | ईएआरसी ट्रस्ट एससी–425 | HL/0022/H/15/100015, HL/0022/H/15/100017, HL/0022/H/15/100039 | विनोद कुमार वर्मा ("कर्जदार") बीनू वर्मा ("सह–कर्जदार") | रू. 15,13,842.95/– (रूपए पंद्रह लाख तेरह हजार आठ सौ बयालीस तथा पैसे पिच्यानवे मात्र) 18–02–2023 तक एवं 04–03–2023 | 27.07.2023 | सांकेतिक कब्जा |

सम्पत्ति का वर्णन : सम्पत्ति सं. 1 : सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : खसरा नंबर 97/21 का भाग, प्लॉट नंबर 126, एरिया 1500 वर्ग फीट, स्थित बसंत विहार सिवरे पीसी नंबर 16 आरआईसी टिल्डा, रायपुर, तहसील एवं जिला रायपुर (छत्तीसगढ़) । चौहद्दी : दक्षिण : प्लॉट नंबर 127, उत्तर : प्लॉट नंबर 125, पश्चिम : प्लॉट नंबर 131, पूरब : रोड

सम्पत्ति सं. 2 : सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : खसरा नंबर 97/21 का भाग, प्लॉट नंबर 196, एरिया 1500 वर्ग फीट, स्थित बसंत विहार सिवरे पीसी नंबर 16 आरआईसी टिल्डा, रायपुर, तहसील एवं जिला रायपुर (छत्तीसगढ़) । चौहद्दी : दक्षिण : प्लॉट नंबर 197, उत्तर : प्लॉट नंबर 195, पश्चिम : प्लॉट नंबर 193, पूरब : रोड

सम्पत्ति सं. 3 : सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : खसरा नंबर 97/21 का भाग, प्लॉट नंबर 127, एरिया 1500 वर्ग फीट, स्थित बसंत विहार सिवरे पीसी नंबर 16 आरआईसी टिल्डा, रायपुर, तहसील एवं जिला रायपुर (छत्तीसगढ़) । चौहद्दी : दक्षिण : प्लॉट नंबर 128, उत्तर : प्लॉट नंबर 126, पश्चिम : प्लॉट नंबर 130, पूरब : रोड

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| एडलवेइस हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड | ईएआरसी ट्रस्ट एससी–447 | LRAILAP0 000054534 | वारिश कुरेशी ("कर्जदार") रफीक कुरेशी ("सह–कर्जदार") | रू. 37,00,150.08/– (रूपए सैंतीस लाख एक सौ पचास तथा पैसे आठ मात्र) 28–04–2022 तक एवं 28–04–2022 | 28.07.2023 | सांकेतिक कब्जा |

सम्पत्ति का वर्णन : सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : आवासीय मकान 2 मंजिला मकान प्लॉट नंबर 3/41 पर, एरिया 1168 वर्ग फीट या 108.55 वर्ग मीटर, खसरा नंबर 168/9, स्थित पंडरी तराई, राजा तालाब बस्ती, पं. रविशंकर शुक्ला वार्ड, वार्ड नंबर 24, पीएच नंबर 109, आरआईसी रायपुर–1, तहसील एवं जिला रायपुर (छत्तीसगढ़), प्रथम तल 1168 वर्ग फीट तथा द्वितीय तल 980 वर्ग फीट । चौहद्दी : उत्तर : गली, दक्षिण : संजू की सम्पत्ति, पूरब : यादव का मकान, पश्चिम : साहू का मकान

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| एडलवेइस हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड | ईएआरसी ट्रस्ट एससी–417 | LRAILAP 0000052846 | राखी अग्रवाल ("कर्जदार") श्रीमती आनंद अग्रवाल ("सह–कर्जदार") | रू. 31,95,609.72/– (रूपए इकतीस लाख पिच्यानवे हजार छह सौ नौ तथा पैसे बहत्तर मात्र) 25–01–2023 तक एवं 13–02–2023 | 26.07.2023 | सांकेतिक कब्जा |

सम्पत्ति का वर्णन : सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : कॉमर्शियल शॉप नंबर सी–2 एवं सी–3, ब्लॉक सी, भू तल पर, एरिया 200, 200 वर्ग फीट क्रमानुसार, कुल एरिया 400 वग फीट, खसरा नंबर 72/1, 84/1, 73/1, 73/2, 84/2, 86, 87, 72/2, 85, 741, 71, 72/3, स्थित "बरसाना एन्क्लेव" ग्राम डूमर तालाब, शहीद भगत सिंह वार्ड, वार्ड नंबर 13, पटवारी हलका नंबर 104/35, आरआईसी रायपुर, तहसील एवं जिला रायपुर (छत्तीसगढ़)। चौहद्दी : शॉप नंबर सी–2 : उत्तर : खुला एरिया, दक्षिण : शॉप नंबर सी 1, पूरब : शॉप नंबर सी 3, पश्चिम : खुला एरिया
शॉप नंबर सी–3 : उत्तर : रोड, दक्षिण : खुला एरिया, पूरब : शॉप नंबर सी 2, पश्चिम : शॉप नंबर सी 4

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| पूनावाला हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड | ईएआरसी ट्रस्ट एससी–443 | HM/0022/H/18/100070 | सौरभ सरीन ("कर्जदार") शशि सिंह सरीन, श्री दुर्गा ऑफसेट ऐंड प्रिंटर ("सह–कर्जदार") | रू. 23,63,360/– (रूपए तेईस लाख तिरेसठ हजार तीन सौ साठ मात्र) एवं 03–06–2021 | 27.07.2023 | सांकेतिक कब्जा |

सम्पत्ति का वर्णन : सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : प्लॉट नंबर 11, मौजा–रायपुरा, के. नंबर 364/5 (पार्ट) पीएच नंबर 57, माधव राव सप्रे वार्ड, आरएनएम–रायपुर, तहसील एवं जिला रायपुर–492013, राज्य छततीसगढ़

स्थान : रायपुर
तिथि : 01–08–2023

प्राधिकृत अधिकारी
एडलवेइस असेट रिकंस्ट्रक्शन कम्पनी लिमिटेड

Edelweiss Asset Reconstruction


# शिक्षकों की मांग को लेकर ग्रामीणों को मिला 15 दिन का आश्वासन

**डोंगरगढ़**, 31 जुलाई (देशबन्धु)। क्षेत्र के ग्राम पंचायत बेलगांव में ग्रामीणों ने स्कूल में शिक्षकों की कमी की मांग को लेकर मुख्य मार्ग पर घंटों चक्काजाम किया ।ग्रामवासीयो ने हाई सेकेंडरी स्कूल में शिक्षकों की कमी एवं अन्य समस्याओं को लेकर डोंगरगढ़ – राजनांदगांव मुख्य मार्ग में घंटों बैठकर सोमवार को प्रदर्शन किया है जिसके बाद आनन–फानन में अधिकारियों ने मौके पर पहुंच ग्रामीणों से चर्चाकर 15 दिन का आश्वासन देने के बाद ग्रामीणों को शांत किया है । पूर्व निर्धारीत कार्यक्रम के तहत डोगरगढ़ ब्लाक के सबसे बडे ग्राम बेलगांव में आयोजीत चक्काजाम कुछ वा तत्कालरण करने एवं कुछ समस्या ग –हल 15 दिवस के भीतर करने के लिखित आश्वासन मिलने के बाद 15 घंटे तक चल रहा है चक्का जाम को स्थगित किया गया । इस दौरान ग्रामीणों को संबोधित करते हुए सरपंच छबिल साहू व ग्राम सभा अध्यक्ष सालिकराम गेडाम ने कहा कि मुख्यमंत्री की भेंट मुलाकात कार्यक्रम से लेकर अभी तक कई विभागीय अधिकारियों को स्कूल में शिक्षकों की कमी व कई समस्या को लेकर आवेदन दिया गया था लेकिन आज तक उन आवेदनों पर ध्यान नहीं दिया गया स्कूल में छात्र–छात्राओं के भविष्य को देखते हुए मजबूरन आज ग्रामवासियों को प्रदर्शन करना पड़ा मौके पर पहुंचे डोंगरगढ़ तहसीलदार मुकेश ठाकुर ,थाना



प्रभारी रामअवतार धुर्वे ,मोहरा थाना प्रभारी पीलूराम मंडावी ,विकासखंड शिक्षा अधिकारी फतेराम कोसरिया सह शिक्षा अधिकारी विजय भारद्वाज ने मांगों के विषय में ग्रामीणों से चर्चा की जहां ग्रामीणों ने अधिकारी के समक्ष स्कूल में शिक्षक एवं चपरासी के मांगों को महत्वपूर्ण बताते हुए तत्काल मांग पूरा करने पर अड़े रहे जिसके बाद विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री कोसरिया ने विभाग के उच्च अधिकारियों से मोबाइल पर चर्चा कर ग्रामीणों को बताया कि बेलगांव में रसायन शास्त्र के शिक्षक की व्यवस्था वर्तमान में की गई है तथा भौतिक शास्त्र व्याख्याता की नियुक्ति 15 दिन के भीतर करने का उन्होंने लिखित में आश्वासन दिया है वही चपरासी को भी अनुकंपा नियुक्ति पर तत्काल भेजने की बात उन्होंने कही । बेलगांव में हुए चक्काजाम में मुख्य रूप से सरपंच छबीलराम साहू ग्राम सभा अध्यक्ष शालिक राम गेडाम मुरली गेडाम धर्मचंद वर्मा शैलेश अग्रवाल प्रमोद अग्रवाल शत्रुघ्न बाघसवार के अलावा बड़ी संख्या में पालक व ग्रामवासी उपस्थित थे ।

## कराटे प्रतिस्पर्धा में जाने हेतु खिलाड़ियों ने जिला प्रशासन से मांगी मदद

**डोंगरगढ़,** 31 जुलाई। कराटे खिलाड़ियों ने जिला कलेक्टर को आवेदन देकर कराटे स्पर्धा में भाग लेने के लिए जिला प्रशासन से प्रतिस्पर्धा में भाग लेने हेतु जाने के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करने की मांग की है लक्ष्मी साहू पति झाड़सिंग साहू आयु – 32 वर्ष निवासी– गुण्डरदेही, थाना डोंगरगाव तहसील छुरिया , तरूण साहू पति योगेश साहू आयु ङ्क 30 वर्ष निवासी– कलडबरी, थाना डोगरगांव व प्रेमकिशोर पिता श्रवण कुमार निषाद आयु 21 वर्ष – निवासी– आतरगांव थाना / तहसील डोगरगांव 3. जिला – राजनांदगांव (छ.ग.) ने जिला कलेक्टर कार्यालय में आवेदन देकर बताया कि हम समस्त खिलाड़ियों क– 1 से 18 तक का चयन खेल– ताईचांडो कराते में गोल्ड मेडलिस्ट एवं सिल्वर मेडलिस्ट मे हुआ है ।

## प्रादेशिकी का शेष...

### अनिल अग्रवाल के निधन पश्चात...

कराया जा सका। उनके देहदान की स्वीकृति पत्नी संगीता अग्रवाल, भाई सुनील, राजेश अग्रवाल पुत्र संदर्भ एवं सुपुत्री व्याख्या अग्रवाल ने दी। इस पूरी प्रक्रिया में राज आढ़तिया, कुलवंत भाटिया सहित फाउण्डेशन के अनेक कार्यकर्ता सक्रिय रहे।

### कलेक्टर जनदर्शन में ...

कि गंदे पानी की निकासी हेतु नाली न होने के कारण घरों से निकलने वाला गंदा पानी सड़क एवं कॉलोनी में बहता हैए जिससे कॉलोनी में कीचड़ एवं बदबू हमेशा फैला रहता है। बदबू के कारण स्वास्थ्य पर भी गहरा असर पड़ रहा है। इस पर कलेक्टर ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत दुर्ग को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

तालपुरी के कालोनीवासियों ने आवारा कुत्तों को हटाने आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि तालपुरी कॉलोनी में आवारा कुत्तों की तादाद बढ़ती जा रही है। रास्ते में चलना कठिन हो गया है। चाहे आप पैदल हो या गाड़ी में ये कुत्ते झुण्ड में दौड़ाते हैं। कुत्तों के कारण बुजुर्गों एवं बच्चों का घर से बाहर जाना मुश्किल हो गया है। कलेक्टर ने संज्ञान में लेते हुए आयुक्त नगर निगम रिसाली को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

इसी प्रकार शहीद वीर नारायण स्कूल के द्वारा अवैध बाउन्ड्रीवॉल निर्माण करन, आवासीय क्षेत्र में ट्रक बाडी दुकान स्थायी रूप से बंद कराने, नल कनेक्शन, गांव के खाली जगह में नाली का कचरा डंप करने, अवैध मुरूम उत्खनन पर रोक लगाने, केमिकल स्टोर कंपनी बंद करवाने, स्कूल के सामने स्पीड ब्रेकर बनाने, पट्टा प्रदान करन, कृषि भूमि पर पानी निकासी अवरोध को हटाने, अवैध कब्जा, बटंवारा, आर्थिक सहायता, सीमांकन, स्वामी आत्मानंद स्कूल में प्रवेश, प्रधानमंत्री आवास योजना, राशन कार्ड सहित अन्य आवेदन जनदर्शन में प्राप्त हुए।

### कल्याण आश्रम अमरकंटक की...

नि:शुल्क चिकित्सालय की स्थापना भी प्रस्तावित है। डॉ. कश्यप ने बताया कि दुर्ग, भिलाई में कल्याण बाबा के प्रमुख शिष्यों चाटर्ड एकाउन्टेट, सुनील कश्यप, कल्याण महाविद्यालय के डॉ. हरिश कश्यप, साइंस कॉलेज के प्राचार्य, डॉ. आर. एन. सिंह तथा साइंस कॉलेज के पूर्व प्राचार्य, डॉ. जी. डी. साव एवं साइंस कॉलेज की प्राध्यापक, डॉ. अनुपमा कश्यप एवं जामुल कॉलेज की डॉ. शशि कश्यप ने नागरिकों एवं बाबा के भक्तों से अपील की है कि वें निर्माणाधीन आश्रम में उपलब्ध करायी जाने वाली सुविधाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाये।

### निगम के सेवानिवृत्त हो रहे ...

प्रशस्ति पत्र से सम्मान किया गया । सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने नगर निगम परिवार में बिताए दिनों के खट्टे मीठे अनुभव साझा किये।

इस अवसर पर एमआईसी सदस्य अब्दुल गनी, संजय कोहले, दीपक साहू, भोला महोविया, जयश्री जोशी, हमीद खोखर, मनदीप सिंह भाटिया, पार्षद भास्कर कुंडले, उपायुक्त मोहेंद्र साहू, कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम, राजेंश पांडेय, आरके पालिया, जितेंद्र समैया समेत आदि अधिकारी/ कर्मचारी उपस्थित रहें।

### मुंशी प्रेमचंद एवं शहीद उधम सिंह को...

दिनेश चौरे ने बताया कि शहीद उधम सिंह ने जालियांवाली बाग हत्याकांड के विरोध में जनरल डायक की गोलियां मारकर हत्या कर दी थी। फलस्वरूप 31 जुलाई 1940 को उन्हें फांसी दी गई थी। श्री चौरे ने उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद के साहित्य दर्शन भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम में लुकेश मानिकपुरी, जय कसेर, देवव्रत यादव, उत्चम चंद्राकर, नितिन गुप्ता, शेष मुजीव के साथ ही अनेक लोग उपस्थित थे।

## खरीफ फसलों के बीमा कराने की अंतिम तिथि 16 तक

**बेमेतरा।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत प्राकृतिक आपदाओं, अवर्षा की स्थिति, कीट एवं रोगों के परिणाम स्वरूप अधिसूचित फसलों के नष्ट होने की स्थिति में किसानों को बीमा कवरेज और नुकसान की भरपाई करने हेतु शासन द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की शुरूआत की गई है। जारी अधिसूचना अनुसार सभी ऋणी अऋणी किसानों से बैंक या प्राथमिक कृषि सेवा सहकारी समिति या लोक सेवा केंद्र या ऑनलाईन पंजीयन या बीमा अभिकर्ता से बीमा प्रस्ताव प्राप्त करने एवं प्रीमियम कटौती करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2023 से बढ़ाकर 16 अगस्त 2023 तक की गयी है।

## निधन

### विमलचंद तिवारी

**दुर्ग,** 31 जुलाई। केलाबाड़ी निवासी शहर जिला कांग्रेस महामंत्री विमल चंद तिवारी का आज सुबह निधन हो गया।



अंतिम संस्कार कर दिया गया। वे अंजल व अंशुल के पिता थे।

CMYK



# विकास के नाम पर दो साल में निकाले 23 लाख, ग्रामीण खोज रहे विकास

**खैरागढ़,** 31 जुलाई (देशबन्धु)। जनपद पंचायत के आला अधिकारियों की लापारवाही और निरीक्षण में कोताही का भरपूर फायदा पंचायत में पदस्थ सरपंच-सचिव उठा रहे हैं. जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत सिरसाही द्वारा इसी प्रशासन की इसी कमजोरी का फायदा उठा कर सरपंच-सचिव ने दो साल में 23 लाख रूपये निकाले, जिसमें पंचायत द्वारा कराये गए अधिकतर कार्य बिना स्टीमेंट के ही पूरे हो गये हैं और लाखों का बिल फर्जी तरीके से निकाला गया हैं. हैरानी की बात हैं कि सिर्फ जीरा गिट्टी और डस्ट के नाम पर 3 लाख 45 हजार रूपये पंचायत प्रतिनिधियों ने खर्च कर डाले हैं इन रूपयों से रिकार्ड के अनुसार 17 हाइवा डस्ट और जीरा गिट्टी की खरीदी की गई हैं. एक हाइवा डस्ट खरीदने के लिए औसतन 20 हजार से ऊपर का बिल लगाया गया हैं जो कि बाजार भाव से कही अधिक हैं.

बिना स्टीमेंट बनाये रनिंग वाटर पर खर्च कर डाले तीन लाख से अधिक की राशि

पंचायत में रिकार्ड के अनुसार दो साल में ग्राम पंचायत सिरसाही में रनिंग वाटर के नाम पर 3 लाख 27 हजार 9 सौ 10 रूपयें निकाले गये हैं. शासन के नियमानुसार 50 हजार के अधिक के काम काराने के लिए सरपंच-सचिव को जनपद पंचायत में पदस्थ इंजीनियर के पास स्टीमेंट बनवाना जरूरी था लेकिन सिरसाही सरपंच-सचिव द्वारा स्टीमेंट बनाना जरूरी नहीं समझा गया और नियम विरूद्ध रूपयो का बंदरबांट किया गया हैं. इस कार्य में भी सरपंच-सचिव द्वारा रूपये गबन की आंशका जताई जा रहीं हैं. इसी तरह अन्य कार्य जैसे समुदायिक भवन के




पोताई के नाम पर 20 हजार 6 सौ रूपये खर्च किया गया हैं. वहीं सोक्ता गड्ढा के निर्माण के नाम पर 81 हजार 3 सौ 40 रूपये निकाले गये हैं जिसकी जांच जनपद कार्यालय को करनी चहिये लेकिन जांच अब तक हुई नहीं.

## पेयजल पर 5 लाख से अधिक का खर्च फिर भी पाइप फूटी हुई

पंचायत द्वारा पेयजल के मरम्मत और नये बोर खरीदी के नाम पर 5 लाख 5 हजार 8 सौ 23 रूपये खर्च किये हुये है लेकिन ग्रामीण पाइप लाइन फटी रहने से परेशान है पाइप लाइन विस्तार के लिये 60 हजार रूपये व नवीन बोर 5 एचपी खरीदने के लिये 1 लाख 41 हजार 33 रूपये खर्च किया गया हैं जो कि बाजार मूल्य से कही अधिक हैं आनन-फानन में पंचायत द्वारा रूपये निकालने के चक्कर में भारी-भरकम बिल लगाया गया हैं. उपस्वास्थ्य केन्द्र और स्कूल में शौचालय मरम्मत के नाम पर 62 हजार 5 सौ 50 रूपये निकाले गये है जिसे भी ग्रामीणों द्वारा गलत बताया गया हैं.

## रोड और नाली के नाम पर कर दी साढे पांच लाख की राशि खर्च, पर जगह-जगह गड्ढों में भरा पानी

बीते दो वित्तीय वर्ष में नाली निर्माण सहित ढ़क्कन निर्माण के नाम पर 3 लाख 31 हजार 2 सौ 40 रूपये खर्च किये गए हैं व सीसी रोड और मरम्मत के लिये 2 लाख 58 हजार रूपये निकाले गये हैं जिसमें रिकार्ड के अनुसार जनपद निधि से 80 हजार और जिला पंचायत निधि से 80 हजार व पंचायत मद से 98 हजार रूपये के नवीन नाली निर्माण कराया गया है. वहीं गौठान में टैंक के पास चींटी की सुरक्षा के लिये 44 हजार 9 सौ 70 रूपये की फ्लोरिंग का कार्य कराया गया है इसी प्रकार गौठान के निर्माण पर कुल 3 लाख 11 हजार 4 सौ 55 रूपये पंद्रह वित्तीय की राशि को खर्च किया गया हैं. इन सब के बीच एक आश्चर्यजनक बात यह हैं कि पंचायत ने शिक्षा जैसे बुनियादी सुविधा या विकास के लिये खर्च करने में कोई रूचि नहीं दिखाई हैं जबकि पंचायत के स्कूल और आंगनबाड़ी की हालत बेहद खराब हैं, ग्राम सिरसाही का आंगनबाड़ी भवन तो इतना जर्जर और खराब हैं कि यहां आने वाले नौनिहाल पंचायत भवन के हॉल में अपना दिन गुजार रहे हैं. पूरे मामले को लेकर हमने सरपंच से बात नही हो पाई. पंचायत की निर्वाचित महिला सरपंच के स्थान पर पंचायत का काम देखने व दखल रखने वाले सरपंच पति ने अपना पक्ष रखा हैं।

**सचिव ही पंचायत का पूरा काम देखता हैं, अभी डस्ट और रनिंग वॉटर का जो काम हुआ हैं उसमें कोई स्टीमेंट नहीं बनाया हैं, जो भी खर्च किया गया हैं उसकी मुझे अधिक जानकारी नहीं हैं, आप सचिव से बात कर लीजिये.**

**रोहित साहू**
**सरपंच पति ग्राम पंचायत सिरसाही**

**गांव में काम हुआ है ग्रामीण को शंका है तो जांच करा सकते है।**

**रमेश वर्मा**
**पंचायत सचिव सिरसाही**

# देव तुल्य पौधों का किया गया रोपण

**बेमेतरा,** 31 जुलाई (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय बाजार पारा के पास तलाब में स्थित माता कालिका मंदिर के सामने सिटी प्रेस क्लब अध्यक्ष दिनेश दुबे बेमेतरा नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष विजय सिन्हा एवं नगर पालिका के पूर्व एडमिन गौरव साहू सहित अन्य लोगों ने देव तुल्य बेल एवं पीपल के पौधों का रोपण किया गया इस संबंध में पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने बताया कि इस साल सावन का पुरुषोत्तम महीना भी है इसलिए इस साल का सावन का महत्व बहुत है और इसके साथ ही वर्तमान में पर्यावरण को भी को संतुलन रखने का अभी बहुत अच्छा समय है इसलिए सभी को कम से कम एक पौधा लगाना है और न केवल लगाना है बल्कि उसका संरक्षण संवर्धन एवं उसे जब तक पेड़ न बन जाए तब तक के देखभाल भी करना आवश्यक हो गया है ताकि पर्यावरण का संतुलन बना रहे और लोगों को पर्यावरण से होने वाली परेशानी से भी मुक्ति मिल सकती है इसलिए पर्यावरण के प्रति हर नागरिक जागरुक होना जरूरी हो गया है क्योंकि हर साल विकास की आड़ में बहुत कई साल पुराने पुराने पेड़ों का को काटा गया है जिससे पर्यावरण दिनोंदिन असंतुलित होते जा रहा है जिससे हम सब जनता को उसके दुष्परिणाम का भी सामना करना पड़ रहा है अब पर्यावरण का संतुलन बनाना भी आवश्यक हो गया है इस लिए हर नागरिक को कम से कम एक पौधा जरूर लगाना चाहिए।



# शासकीय महाविद्यालय में मनाई गई मुंशी प्रेमचंद जयंती

**सहसपुर लोहारा,** 31 जुलाई (देशबन्धु)। अन्याय में सहयोग देना अन्याय करने के ही समान है ऐसी सोच रखने वाले मुंशी प्रेमचंद का आज शासकीय गजानन माधव मुक्ति बोध महाविद्यालय में सहसपुर लोहारा में जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में छात्रों द्वारा उत्साह पूर्वक बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया गया विशेषकर नव प्रवेश बीए प्रथम वर्ष के छात्रों द्वारा। कार्यक्रम की शुरुआत छात्रों द्वारा मुंशी प्रेमचंद के जीवन परिचय पर प्रकाश डालकर की गई। उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए छात्रों ने बताया कि वे कितने सहज सरल एवं सामाजिक व्यक्ति थे ।बालपन से ही मां की प्रेम से वंचित रहने वाले मुंशी प्रेमचंद जमीन से जुड़े रहकर साहित्य जगत में अपना अमूल्य योगदान दिया ।उनके कृतित्व के संबंध में चर्चा करते हुए छात्रों ने बताया कि प्रेमचंद जी की कहानियां अधिक लंबी नहीं होती थी। परंतु अपने अर्थ में काफी स्पष्ट एवं पूर्ण होती थी ।जिसमें नमक का दरोगा ,कफन ,पूस की रात, दो बहनों का जोड़ा ,बूढ़ी काकी आदि आती है ।उनके प्रसिद्ध उपन्यास गोदान ,गबन, रंगभूमि, निर्मला ,सेवा सदन इत्यादि ऐसे उपन्यास है ,जो समाज मैं नई रूपरेखा एवं नए आदर्श में डालने का प्रयास किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉक्टर के एस परिहार द्वारा किया गया ।कार्यक्रम में सुश्री मोना बर्मन (सहायक प्राध्यापक राजनीति ) संदीप सोनकर (सहायक प्राध्यापक अंग्रेजी )सुश्री अंजू महोबिया (सहायक प्राध्यापक समाजशास्त्र) उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन विभागाध्यक्ष डॉ स्मृति द्वारा किया गया।



# कांग्रेस अजा विभाग जिला प्रभारी शंकर पिपरे ने कार्यकर्ताओं की ली बैठक

- भाजपा के कथनी व करणी को सभी कार्यकर्ता जनता तक पहुंचाएं:अजा जिला प्रभारी
- मुख्यमंत्री बघेल नेतृत्व में छ.ग में फिर कांग्रेस सत्ता लाने लिया संकल्प:अजा कार्यकर्ता

**दल्लीराजहरा/डौण्डी,**31 जुलाई (देशबन्धु)। अनु सूचित जाति विभाग के प्रदेश महामंत्री शंकर पिपरे प्रदेश के कैबिनेट मंत्री शिव कुमार डहरिया प्रदश प्रभारी शकुन डहरिया प्रदेश अध्यक्ष अ.जा विभाग के राज कुमार अंचल के दिशानिर्दश व मार्गदर्शन में संगठन को मजबूती प्रदान करने व छत्तीसगढ़ कांग्रेस सरकार की जनकल्याण कारी योजनाओं को लेकर अपने प्रभार क्षेत्र जिला कांकेर जगदलपुर नारायणपुर बस्तर का दौरा कर कांग्रेस अनु सूचित जाति कार्यकर्ताओं का आने वाले प्रदेश के आम चुनाव में फिर से कांग्रेस की सरकार बनाने के लिए बैठक ले कर कार्यकर्ताओं को रिचार्ज कर रहे है। साथ ही प्रदेश सरकार के जनकल्याण कारी योजनाओं को गांव शहर के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की बात भी बैठक में कार्यकर्ताओं से कह रहे है। इसी के तहत अनु सूचित जाति के जिला प्रभारी शंकर पिपरे बस्तर व जगदलपुर जिला में कार्यकर्ताओं की बैठक ली और कहा की अभी कुछ माह बाद प्रदेश में आम चुनाव है हम सब को मिलकर चुनाव का संचालन सार्थक भूमिका के साथ करना है,जिससे फिर से एक बार प्रदेश में कांग्रेस की सत्ता स्थापित हो सके, शंकर पिपरे ने यह भी कहा की केन्द्र सरकार के भयावह बेरोजगारी महंगाई झूठ के मोर्चे पर मोदी के 9 साल की विफलता खुलकर देश की जनता के समाने आने लगी है। देश में अर्थव्यवस्था पटरी से उतरी हुई है,बरोजागारी व महंगाई विकराल रूप धारण कर चुकी है, यहां तक की किसानों को आंतकवाद तक कह दिया जिसे देश के किसान अच्छी तरह समझ रहा है। उन्होने आगे कहा की देश में एक क्लास है, जिसके कल्याण के लिए मोदी सरकार योजनाएं बनाते है और मंच पर नारा देते है सबका साथ सबका विकास व सबका विश्वास को लेकर भाजपा सरकार कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिला प्रभारी शंकर पिपरे ने बैठक में कार्यकर्ताओं से कहा की भाजपा के इन्ही झूठे वादों किसान विरोधी सोच को हम सभी को जिममेदारी के साथ प्रत्येक बुथ स्तर तक बुथ प्रभारियों के साथ अनु सूचित जाति के एक एक कार्यकर्ता को जनता तक भाजपा के कथनी व करनी को पहुंचाना है। बैठक में अनु सूचित जाति के सैंकड़ो जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता उपस्थित रह कर छत्तीसगढ़ में फिर से एक बार मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनाने का संकल्प लिया है।




# सुगम यातायात बेहतर बनाने आवारा पशुओं का किया जा रहा व्यवस्थापन

**कवर्धा,** 31 जुलाई (देशबन्धु)। राज्य शासन के निर्देशानुसार सड़कों पर आवारा पशुओं के कारण हो रही दुर्घटनाओं को रोकने और आवागमन में हो रही परेशानी को रोकने के लिए जिले में पशुओं को हटाकर उचित व्यवस्थापन करने की कार्रवाई की जा रही है।

कलेक्टर जनमेजय महोबे ने राष्ट्रीय राज्यमार्ग, राजकीय राज्यमार्गों तथा मुख्य मार्गों, चौक चौराहों से आवारा और घुमंतु पशुओं को हटाकर उचित व्यवस्थापन करने के लिए समिति गठित कर कार्य योजना बनाते हुए तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस कार्य के लिए अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी श्री इंद्रजीत बर्मन को शहरी क्षेत्र तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री संदीप कुमार अग्रवाल को ग्रामीण क्षेत्र के पर्यवेक्षण का दायित्व सौंपा गया है। गठित समित में सर्व अनुविभागीय अधिकारी (राज.), रिजर्व निरीक्षक समस्त, उपसंचालक कृषि, उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं कबीरधाम, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत समस्त व मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद, कवर्धा को सदस्य नियुक्त किया गया है।

जिले में टीम बनाकर घुमंतु पशुओं को पकड़ने की कार्रवाई की जा रही है। साथ ही जिले से गुजरने वाले राष्ट्रीय, स्टेट राज्यमार्गों तथा मुख्य मार्गों, चौक चौराहों का अवलोकन कर पशुओं के एकत्रित होने के स्थानों को चिन्हांकित किया गया। पशुधन विकास विभाग द्वारा राष्ट्रीय एवं स्टेट राज्यमार्गों में आने वाले विभागीय संस्थाओं के अधिकारियोंक्कर्मचारियों की टीम बनाकर मार्ग में स्थित ग्रामों के सड़क पर बैठे घुमंतु पशुओं का टीकाकरण एवं चिन्हांकन के लिए टैगिंग करने का कार्य किया जा रहा है।



- जिले में मुख्य मार्गों एवं चौक चौराहों से घुमंतू पशुओं को हटाने की कार्यवाही की गई

# भाजपा शहर महिला ने किया विभिन्न आयोजन

**बेमेतरा,** 31 जुलाई (देशबन्धु)। भाजपा महिला मोर्चा शहर मंडल के तत्वधान में स्थानी सरस्वती शिशु मंदिर सिंघोरी मैं आयोजित सावन मेला के अवसर पर महिलाओं द्वारा विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया

सावन चीन लक्ष्मी साहू मटका फोड़ सोमत साहू द्वितीय गायत्री सोनी तृतीय नेमा गोली चम्मच प्रथम सुनीता सिन्हा व्दितीय चंपा यादव तृतीय श्यामा साहू खुर्शी दौड़ प्रथम शिवानी व्दितीय ममता तृतीय मीना साहू सुई धागा दौड़ प्रथम लक्ष्मी लहरें व्दितीय सीता राजपूत तृतीय गीता सेन डांस प्रथम रेखा शर्मा व्दितीय सावित्री रजक तृतीय भूपेश्वरी साहू आदि महिला बहने प्रतिभागी के रूप में चुनी गई तत्पश्चात सावन उत्सव के कार्यक्रम मैं अतिथि के रूप में अतिथि के रूप में जिला भाजपा अध्यक्ष ओम प्रकाश जोशी प्रदेश मंत्री पूर्व विधायक अवधेश चंदेल जिला महामंत्री नरेंद्र वर्मा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य संध्या परगनिया प्रदेश मीडिया सह प्रभारी निशा चौबे प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य रीना साहू लक्ष्मी साहू मधु राजपूत सजनी यादव जिला पंचायत सदस्य पुष्पा साहू जिला पंचायत सदस्य भुनेश्वरी पोषण वर्मा सांसद प्रतिनिधि अनिल महेश्वरी सांसद प्रतिनिधि राजेश दीवान पूर्व पार्षद शिव साहू मैनादेवी मांडले सुनीता यादव ममता देवांगन सावन उत्सव पर अपने विचार व्यक्त किऐ ओम प्रकाश जोशी ने सावन उत्सव की महिला मोर्चा के पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दिए महिला मोर्चा के कार्यों को प्रशंसा करते हुए कहा संगठन की रीढ़ है समाज की आधी आबादी की महिला समाज करती है आने वाला समय में भाजपा महिला मोर्चा के नेतृत्व में जिले के तीनों विधानसभा में भाजपा के विजय संकल्प का आह्वान किया पूर्व विधायक अवधेश चंदेल ने कहा राज्य सरकार की विफलताओं को जन-जन घर-घर तक पहुंचाने की आवश्यकता पर जोर दिया महिला कार्यकर्ताओं के द्वारा खेल के आयोजन सहरायनी एवं उत्कृष्ट कार्य बताते हुए महिला मोर्चा द्वारा सावन उत्सव के आयोजन की प्रशंसा की ललिता साहू ने कहा बेमेतरा शहर मंडल द्वारा सावन उत्सव का कार्यक्रम सहरानीय एवं प्रशंसनीय रहा आगामी समय में महिला मोर्चा शहर में और अधिक सशक्त एवं मजबूत बनाने पर जोर दिया आभार शहर मंडल अध्यक्ष हेमलता शर्मा ने किया संचालन महामंत्री ममता साहू सावन उत्सव कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी सावित्री रजक राजेश्वरी पांडे सुनीता यादव मैना देवी मांडले संतोषी साहू जामिन बन्छौर द्रोपति साहू पुष्पा मात्रे मंडल पदाधिकारी महामंत्री ममता साहू प्रेमलता नेमा प्रेमलता साहू सुनीता सिन्हा अनीता साहू लता साहू कमला साहू सीमा साहू रश्मि नामदेव उमा राजपूत निर्मला तिवारी ममता सोनी विमला पटेल दुर्गा राजपूत अनीता पोर्ते भाजपा महिला मोर्चा के कार्यकर्ता सैकड़ों की संख्या में उपस्थित रहे




# छुईखदान में बौद्ध समाज के तत्वाधान में माइंड ट्रेनिंग सेमिनार कार्यक्रम संपन्न

**खैरागढ़,** 31 जुलाई (देशबन्धु)। शहीद नगरी छुईखदान में भारतीय बौद्ध महासभा छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष बीएस जागृत के निर्देश पर जिला - खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई के जिलाध्यक्ष संतोष कामड़े के दारा शनिवार 29 जुलाई को छुईखदान स्थित मंगल भवन में एक दिवसीय माइंड ट्रेनिंग सेमिनार का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम डॉ.भीमराव आबेडकर के तैलचित्र पर माल्यार्पण पश्चात त्रिशरण व बुद्ध वंदना का पाठ किया गया। इस दौरान प्रमुख रूप से भारतीय बौद्ध महासभा के प्रदेश अध्यक्ष बीएस जागृत, राष्ट्रीय संगठक सीएल महेश्वरी भारतीय बौद्ध महासभा,उपाध्यक्ष एवं कानूनी सलाहकार संजय सेंद्रे भारतीय बौद्ध महासभा छत्तीसगढ़ केसीजी जिला अध्यक्ष संतोष कामडे,उत्तम बागड़े, विमल बोकर, किशोर उके, सौरभ नारकर, संदीप कोल्हाटकर, पवन सहारे, शुभम अग्रवाल सहित पदाधिकारी मौजूद रहे। माइंड ट्रेनर के मुख्य वक्ता मनुकुल जी के द्वारा लिखी गई पुस्तक च्ट्रेंड यूवर माईंड एण्ड ग्रो रिचज्ञ को एमेजॉन एवं फ्लीप कार्ड के द्वारा मंगाया जा सकता है। भारतीय बौद्ध महासभा केन्द्रीय एवं प्रांतीय बॉडी द्वारा पुस्तक का विमोचन किया गया प्रथम उद्बोधन संजय सेंद्रे के द्वारा जानकारी दी गई कि आज की परिस्थिति में अधिकारों को जानने और समझने के लिए अधिवक्ताओं की बहुत कमी है इसलिए अधिक से अधिक लोग एलएलबी, एलएलएम करे। इसके माध्यम से न्यायालयों के जज, उच्च न्यायालय व सुप्रीम कोर्ट तक मेहनत करने वाले विद्यार्थी आसानी से पहुँच सकते है। सीएल महेश्वरी ने अपने उद्बोधन में जानकारी दी कि अपने लक्ष्य और उद्देश्य को महत्वपूर्ण मानकर एकाग्र होकर अलग- अलग परीक्षाओं की तैयारी करें।बीएस जागृत भारतीय बौद्ध महासभा छत्तीसगढ़ प्रदेश के द्वारा जानकारी दी गई कि अलग-अलग परीक्षाओं में अलग-अलग किस्म के विषयों पर राज्य, केन्द्र महत्वपूर्ण विषय विज्ञान, जनरल नॉलेज, चन्द्रयान-3 मिशन आदि देश-विदेश के महत्वपूर्ण विषयों पर गहन अध्ययन करना चाहिए और उस हिसाब से परीक्षा की तैयारी की जानी चाहिए। मनुकुल माईंड ट्रेनर नई दिल्ली ने अब तक 6 लाख से अधिक विद्यार्थी, कॉलेज के छात्र, शिक्षक, प्रोफेसर, स्कूल और कॉलेजों में अपने बड़े-बड़े सेमीनार दिये है। बैंगलोर, दिल्ली, कर्नाटक, पटना, रांची, लखनऊ, मेरठ, कटक, हैदराबाद, दिल्ली विश्वविद्यालय, डीपीएस दिल्ली, कलिंगा विश्वविद्यालय, जेएनयू दिल्ली, नोएडा विश्वविद्यालय में अपने सेमीनार से लाखों लोगों को लाभ पहुंचाये है और 10 लाख से अधिक लोग निरंतर उनके विडियों, ऑनलाईन प्रोग्राम, फेसबुक से जुड़े हुए है। उनके द्वारा 3 पुस्तकें लिखी गई है। मनुकुल जी द्वारा स्थ्वश्व रूड्ड स्थ्वस्न्न पुस्तक सभी को वितरित की गई। माईड ट्रेनर सेमीनार में उन्होंने जानकारी दी कि मनुष्य के जीवन के लिए सब कुछ उनका मन है, जैसा मन कहता है वैसा होता है। मन को स्थिर रख आप जिस प्रकार से सोचेंगे, जिस प्रकार से स्वप्न देखेंगे वैसा ही होगा। आप बड़े स्वप्न देखें, अपने एक लक्ष्य और उद्देश्य को लेकर आगे बढ़े किन्तु मन में नकारात्मक भावना न लाये । हमेशा अच्छा कार्य करने, उचित शिक्षा प्राप्त करने, बड़े डॉक्टर, इंजीनियर, प्रोफेसर बनने की सोचे और हमेशा अपने मन को शांत रखे। मन जितना अधिक शांत रहेगा अपने मन में जितना दृढ़ निश्चय करेंगे और मेहनत करेंगे उतनी बड़ी सफलता मिलेगी। उन्होंने जानकारी दी कि बुद्ध के पास क्या मनी थी, वे राजा महाराजा के पुत्र थे, किन्तु उन्हें तत्कालीन समय में सत्य की तलाश, शांति की तलाश एवं जीवन में एक आदर्श के रूप में पहुंचने के लिए उन्होंने ध्यान साधना का उपयोग किया और मन को एकाग्र कर उन्हें बुद्धत्व की प्राप्ति हुई और उनका धम्म भारत ही नहीं पुरी दुनिया में फैला हुआ है। मनुकुल जी ने जानकारी दिया कि आप अपने जीवन के उद्देश्य को लेकर जितनी अच्छी बाते, जितने अच्छे लक्ष्य और उद्देश्य को प्राप्त करना चाहेंगे अच्छे सपने देखकर और मन को शांत कर सब कुछ प्राप्त कर सकते है। अपने को कभी भी कमजोर, गरीब और असहाय न समझे। हमेशा अपने काम पर विश्वास रखें और अपने उद्देश्य को प्राप्त करने का साहस बनाये रखे, आप जिस प्रकार की सफलता चाहेंगे मिल जायेगी । मनुकुल जी के द्वारा लगातार लगभग 2 घंटा 45 मिनट छात्र-छात्राओं को मोटिवेट किया। खैरागढ़ के भारतीय बौद्ध महासभा के अध्यक्ष संतोष कामड़े एवं भारतीय बौद्ध महासभा की टीम के द्वारा मनुकुल जी को मोमेन्टों देकर सम्मानित किया गया। छुईखदान के कोचिंग सेंटर चलाने वाले लोगों का भी उनके द्वारा सम्मान किया गया। बीएस जागृत के द्वारा माईंड ट्रेनर मनुकुल जी को डायरी भेंट की गई, पुस्तके भेंट की गई एवं संतोष बोरकर को लगातार अच्छे कार्य करने के लिए उन्हें भी डायरी भी भेंट की गई। कार्यक्रम में कमलेश बोमले, विमल बोरकर, सौरभ नारकर, पवन सहारे, लोकेश शर्मा, किशोर उईके, संतोष कोलाटकर, संजय हुमन उपस्थित थे। विभिन्न शहरों से अनुभूति जैन, आस्था गुप्ता, अपूर्णा यादव कोरबा, मनी जावलकर, रौनक, प्रद्युम, अखिल त्रिपाठी, संध्या प्रधान, श्रुति वैष्णव, हर्षिता यादव, गीतिका यादव, कुमनिका जंघेल, खिलाना साहू, मान्यता रंगानी, लुसिया आहूजा, तीश रंगानी, आशा रंगानी, शियोन एक्का, सोनू देवांगन, कामनी जंघेल, कैलाश कुम्भकार, टिकेन्द्र देवांगन, निरज साहू, भूमिका साहू, पायल जंघेल, मनीषा साहू, कमलेश्वरी चंदेल, दुलेश्वरी कोटले, आरती जंघेल, कुसुम जंघेल, वर्षा निषाद, पल्लवी निषाद, चन्द्रवली यादव, जया देवांगन, वर्षा जंघेल, देवेश्वरी निषाद, संतोष ध्रुव, पायल साहू, निशा साहू, रागनी जंघेल, भूमिका यादव, सुधा निषाद, ऊषा साहू, मयंक जंघेल, मोनिका साहू, लोकेश्वरी पटेल, डोमेन्द्र साहू, केशरी साहू सहित लगभग 130 बच्चों को अलग-अलग क्षेत्र एवं अलग-अलग कस्बो से आये थे उन्हें छत्तीसगढ़ जनरल नॉलेज एवं अन्य पुस्तकें वितरित की गई।



CMYK

# प्रदेश को आर्थिक और वैचारिक रूप से मजबूत बनाने के लिए युवा पीढ़ी को किया जा रहा सशक्त : बघेल

■ बेरोजगारी भत्ता योजना के तहत जिले के 5119 हितग्राहियों को 1 करोड़ 27 लाख 97 हजार रूपए की राशि उनके खाते में की गई अंतरित



**राजनांदगांव,** 31 जुलाई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले में बेरोजगारी भत्ता योजना के तहत 5119 हितग्राहियों को 2500 रूपए प्रतिमाह के मान से 1 करोड़ 27 लाख 97 हजार 500 रूपए की रशि उनके खाते में अंतरित की। जिले में अब तक कुल 4 करोड़ 37 लाख 80 हजार रूपए बेरोजगार युवाओं के खाते में अंतरित की जा चुकी है। इस अवसर पर कलेक्टर डोमन सिंह एवं जिला पंचायत सीईओ अमित कुमार एवं बेरोजगार युवा वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से जुड़े रहे।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ गढने की जिम्मेदारी युवाओं के हाथों में है। इसके लिए पूर्व प्रदेश में संभागस्तरीय युवा भेंट-मुलाकात कार्यक्रम किया जा रहा है, जिसमें युवाओं से चर्चा कर उनकी प्रतिक्रिया ली जा रही है और उसी के अनुरूप शासन की योजनाओं का क्रियान्वयन कर मूर्त रूप दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ को आर्थिक और वैचारिक रूप से मजबूत बनाने के लिए युवा पीढ़ी को हर तरह से सशक्त बनाने का प्रयास हो रहा है। उन्होंने कहा कि बेरोजगार युवाओं को रोजगार दिलाने के लिए विभिन्न विभागों में 41 हजार से अधिक पदों पर परीक्षाएं चल रही है। उन्होंने यह भी बताया कि छत्तीसगढ़ लोक सेवा परीक्षा और छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मंडल की परीक्षाओं के लिए कोई परीक्षा शुल्क नहीं लिया जा रहा है। छत्तीसगढ़ के लोगों के लिए जितनी भी योजनाएं शुरू की गई उसका समय पर फालोअप लिया जाता है। श्री बघेल ने कहा कि प्रदेश में 65 प्रकार की लघु वनोपज को समर्थन मूल्य में खरीदा जा रहा है और उसका वेल्युएडिशन भी किया जा रहा है। इसके लिए प्रोसेसिंग यूनिट भी लगाया गया है, जिससे लोगों को अच्छी आमदनी हो रही है। शासन की महत्वाकांक्षी गोधन न्याय योजना के तहत प्रदेश के सभी गौठानों में गोबर की खरीदी की जा रही है और गोपालकों को समय पर राशि का अंतरण किया जा रहा है। गोबर खरीदी से कई उत्पाद निर्मित किए जा रहे हैं। इससे जुड़े लोगों लाभ मिल रहा है और आर्थिक रूप से सशक्त हो रहे हैं।

इस अवसर पर बेरोजगारी भत्ता प्राप्त करने वाले युवाओं ने अपनी-अपनी प्रतिक्रियां दी। इसके तहत आज यहां जिला कार्यालय के सभाकक्ष में उपस्थित लाभार्थी नेहा सिन्हा ने बताया कि बेरोजगारी भत्ता प्राप्त होने से अपने अध्ययन को जारी रखने में सहूलियत हो रही हैं वहीं विभिन्न विभागों से रिक्त पदों से निकलने वाले पदों पर भर्ती के लिए आवेदन पत्र भेजने में सुविधा हो रही है। राजनंदनी यादव ने बताया कि पिछले तीन महीनों से उन्हें बेरोजगारी मिलने लगा है। वे इसका उपयोग प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए पुस्तक क्रय के साथ-साथ अपने अध्ययन में करती हैं। उन्होंने आगे बताया कि बेरोजगारी भत्ता नहीं मिलने से उन्हें इन कार्यों को करने में दिक्कत होती थी। राजरानी यादव ने अपने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि बेरोजगारी भत्ता मिलने से उन्हें अध्ययन के लिए आने जाने तथा अध्ययन जारी रखने में सहूलियत हुई है। इसी तरह उपस्थित अन्य बेरोजगारी भत्ता प्राप्त हितग्राहियों ने अपने विचार व्यक्त किया और राज्य शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर उप संचालक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र एसव्ही राजैरिया, सहायक संचालक कौशल विकास देवेन्द्र कौशिक सहित अन्य अधिकारी एवं बेरोजगार युवा उपस्थित थे।

# महिला सशक्तिकरण संघ ने जताया मणिपुर की घटना पर आक्रोश

**राजनांदगांव,** 31 जुलाई (देशबन्धु)। राष्ट्र में हो रही अमानवीय घटनाओं को लेकर लोगों में काफी आक्रोश है मणिपुर की घटना को लेकर महिला सशक्तिकरण संघ। राजनादगांव ने विगत दिनों नगर का भ्रमण कर कलेक्ट्रेट पहुंच राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा है महिलाओं के खिलाफ हो रहे अत्याचार जो मणिपुर में घटना हुई हो बाकी महिलाओं के आत्मसम्मान और मातृत्व को ललकारने वाली है नांद गांव बौद्ध समाज की जागरूक महिलाओं ने अपने जागरूकता का परिचय देते हुए आज विरोध प्रदर्शन कर घटना की घोर निंदा करते हुए ऐसी घटनाएं देश को शर्मसार करने वाली जिससे महिलाओं के मान सम्मान और महिलाओं के गौरव को कुचलने वाला है ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए केंद्र सरकार को ऐसे मामलों में चुप्पी साधे बैठे होने से नाराज महिलाओं ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर गहरा विरोध प्रदर्शित किया है। अन्याय अत्याचार के खिलाफ बहुत ही जोश के साथ जन आक्रोश प्रदर्शन किया गया इसमें भारी संख्या में बौद्ध समाज की महिलाएं व महिला सशक्तिकरण संघ की सभी महिलाएं उपस्थित रही।



वंदना मेश्राम अद्धयक्ष बीकेएस की पूरी टीम एमएमएस की पूरी टीम जिसमे-प्रदेश उपाध्यक्ष नंदा मेश्राम,प्रदेश सचिव माया वासनिक जिला अध्यक्ष बुद्धिमित्रा वासनिक,पुष्पा सावरकर,सुनीता इलमकर,छाया ऊके,सविता जमुलकर संगीता गजभिए उषा वांदिले ,माया खोबरागड़े, अंजू वासनिक रविता लकड़ा,मीना खोब्रागडे,हर्षिका गजभिये,मीनाक्षी मेश्राम सरिता वासनिक वीणा वासनिक मीना वासनिक अंजना आई अंबिका बोरकर

गीता बागड़े नीतू अनोखे ,लक्ष्मी गोंडाने रजनी बागड़े नीति दामले पूर्णिमा नागदेव चित्र रेखा दामले सविता प्रतिमा वासनिक पूनम कोल्हटकर बिंदु फूले पपीला वैदे आदि सैकड़ों की संख्या में उपस्थित हुए।

# नवगठित राजनांदगांव रेंज के पहले पुलिस महानिरीक्षक के रूप मे राहुल भगत ने किया पदभार ग्रहण

**राजनाँदगाँव,** 31 जुलाई (देशबन्धु)। छ.ग. शासन गृह पुलिस विभाग मंत्रालय महानदी भवन रायपुर के आदेश दिनांक 27.07.2023 के अनुसार 1-कबीरधाम, 2-खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई, 3-राजनांदगांव, 4-मोहला-मानपुर-अम्बागढ़चौकी कुल 04 जिलों को मिलाकर राजनांदगांव रेंज का गठन किया गया है रेंज के प्रथम पुलिस महानिरीक्षक राहुल भगत (भा.पु.से.) को नियुक्त किया गया है। राहुल भगत (भा.पु.से.) 2005 बैच के आई.पी.एस. अधिकारी हैं जो पूर्व में क्रमश: जिला नारायणपुर, कांकेर, रायगढ़ एवं कबीरधाम में पुलिस अधीक्षक के पद पर पदस्थ रहे उप पुलिस महानिरीक्षक के पद पर वे केन्द्र सरकार में प्रतिनियुक्ति पर राज्य से बाहर पदस्थ थे तत्पश्चात पुलिस महानिरीक्षक पुलिस मुख्यालय रायपुर में पदस्त थे स्थानांतरण पर आज दिनांक 31.07.2023 को नवगठित पुलिस रेंज राजनांदगांव आकर अपना पदभार ग्रहण किया। पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज के आगमन पर उन्हें सलामी दी गई एवं प्रभारी पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव राजेश कुकरेजा, पुलिस अधीक्षक कबीरधाम श्री अभिषेक पल्लव, पुलिस अधीक्षक खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई सुश्री अंकिता शर्मा द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव लखन पटले, अति.पु.अ. राजनांदगांव (आईयूसीएडब्ल्यू) श्रीमती पद्मश्री तंवर, नगर पुलिस अधीक्षक अमित पटेल, एसडीओपी डोंगरगढ़ प्रभात पटेल, डीएसपी आई.यू.सी.ए.डब्ल्यू. नेहा वर्मा, डी.एस.पी. यातायात दिलीप सिसोदिया, डी.एस.पी. ऑप्स श्री अजीत ओगरे डी.एस.पी. ऑप्स हेम प्रकाश नायक, डी.एस.पी. अजाक सुश्री तनुप्रिया एवं शहर के थाना प्रभारीगण उपस्थित थे।



■ चारों जिलों के पुलिस अधीक्षक रहे मौजूद

# विधायक छन्नी साहू ने रखी 22 लाख की लागत के विकासकार्यों की आधारशीला

**राजनाँदगाँव,** 31 जुलाई (देशबन्धु)। खुज्जी विधायक श्रीमती छन्नी चंदू साहू लगातार क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन कर रहीं हैं। सोमवार को उन्होंने ग्राम ग्राम बिटाल में स्कूल में लगभग 22 लाख रुपए की लागत से दो अतिरिक्त कक्ष के निर्माण की आधारशीला रखी। ग्रामीणों की मौजूदगी में पूजा-अर्चना कर उन्होंने भूमिपूजन संपन्न किया। उन्होंने कहा कि ङ्क कांग्रेस सरकार ने स्कूलों में निर्माण व मरम्मत के लिए अरबों रुपए का फंड आबंटित किया है। नौनिहालों की शिक्षा के साथ ही उसकी गुणवत्ता और सहूलियतों को भी प्राथमिकता दी जा रही है।



ग्राम बिटाल में स्कूल जतन योजना के अंतर्गत मिडिल स्कूल भवन में 16.20 लाख एवं प्राइमरी स्कूल भवन में 6.20 लाख की लागत से बनने वाले अतिरिक्त कक्ष निर्माण का भूमि पूजन विधायक छन्नी साहू ने किया। उन्होंने कहा कि - शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर विकास सर्वोपरि है। इस दौरान शाला शिक्षा समिति के सदस्यों सहित ग्राम पंचायत प्रतिनिधि व ग्रामीण मौजूद रहे।

यहां विधायक श्रीमती साहू ने राजीव युवा मितान क्लब व खेल विभाग के तत्वावधान में आयोजित जोन स्तरीय पारंपरिक खेलों की छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि - पारम्परिक खेलों को बढ़ावा देने में ऐसे आयोजन महती भूमिका निभा रहे हैं। छत्तीसगढ़ सरकार ने इन आयोजनों के सहारे देश में प्रदेश को नई ख्याति दिलाई है।

इस दौरान परमानंद ठाकुर, खेमुराम साहू, नारद निषाद, गणेश राम चुरेन्द्र, हीरादास साहू, गोपाल भुआर्य, अनुसूइया बाई, तुकेश्वरी साहू, सुखिया बाई, खेमिन रावटे, रूखमणी बाई सहित राजीव युवा मितान क्लब के पदाधिकारी तुलसी साहू , नारद नायक , सुमित्रा उइके , गीतेश थावरे , तोषण राणा , ज्योति साहू , बुदेश उइके , भारती साहू ,योगेश साहू , टिकेश साहू , महेंद्र चंद्रवंशी , प्रवीण रावटे, टिलेश्वर साहू , गणिता भुआर्य , पूनाराम भुआर्य , किशोयर धनसारे, पार्वती राणा , रामेश्वरी भुआर्य , रेखलाल साहू, शशिकला राणा , हुमन भंडारी व ग्रामीण भी मौजूद रहे।

# कन्हारपुरी में मन की बात कार्यक्रम में शामिल हुए भाजपा प्रदेश प्रवक्ता नीलू शर्मा

**राजनाँदगाँव,** 31 जुलाई (देशबन्धु)। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता नीलू शर्मा ने राजनांदगांव विधानसभा के बूथ क्रमांक 146, वार्ड नंबर 34, कन्हारपुरी में मन की बात का 103 वॉ संस्करण का लाईव श्रवण कर कार्यक्रम पश्चात कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने हर बार की तरह इस बार भी सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय की भावना से ओत-प्रोत विषयों पर देशवासियों का ध्यानाकृष्ट कर उन्हें देश के विकास में सहभागी बनाने का प्रयास किया है। आज के संस्करण में माननीय प्रधानमंत्री जी ने वाटर रीचार्ज सिस्टम के अनुप्रयोगों पर शहडोल जिले के पकरिया ग्राम के किये जा रहे सफल प्रयासों, उत्तरप्रदेश राज्य में एक दिन में रिकार्ड 30 करोड़ पेड़ लगाने में जनभागीदारी के प्रयासों, सावन के पवित्र महीने के आध्यामिक एवं सांस्कृतिक महत्व एवं सावन में शिव आराधना के विशेष महत्व, सहित देवभूमि उत्तराखण्ड में भोजपत्र से बनने वाले उत्पाद से पर्यटन एवं उद्योगों को जोड़ने के विषय पर, सहित अन्य विषयो पर अपने अंतर्मन के भावों को प्रकट किया। भाजपा नेता नीलू ने बताया कि 30 जुलाई के मन की बात कार्यक्रम के 103वें संस्करण का विशेष आकर्षण प्रधानमंत्री के नेतृत्व में नशा मुक्ति अभियान के तहत देश में दर्ज किये गये रिकार्ड उपलब्धियॉ एवं केन्द्र शासन द्वारा हज यात्रा की पॉलिसी में महिलाओं को राहत देते हुए साऊदी अरब सरकार के सहयोग से, उन्हें बिना महरम (पुरूष सहयोगी) के हज यात्रा पर जाने की सुविधा उपलब्ध कराने से, 4000 से अधिक मुस्लिम महिलाऍ लाभान्वित हुई हैं और अकेले हज यात्रा पर जा सकी है, जिसके लिये उन्होंने अपने प्रधानमंत्री को हज यात्रा से लौटकर आभार पत्र प्रेषित किया है, जिसका वर्णन पीएम मोदी ने अपने संस्करण में साझा किया है।



# भूपेश सरकार में किसानों का बढ़ा सम्मान

■ किसान सेवा सफ्ताह की शुरुवात, महिनेभर फिर चलेगा अभियान: नवाज

**राजनाँदगाँव,** 31 जुलाई (देशबन्धु)। किसानों की समस्या जानने, उसका निवारण करने आज उन तक प्रदेश सरकार की योजनाओं को पहुंचाने के लिए जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष नवाज खान द्वारा किसान सेवा सफ्ताह की शुरुवात की गई है। अगले एक महीने तक चलने वाले इस अभियान में डेढ़ सौ से अधिक गांव तक पहुंचकर किसानों का सम्मान भी किया जाएगा। इस अभियान की शुरुवात सोमवार को जिले के खुज्जी विधानसभा से की गई।

अभियान की शुरुवात के पहले दिन जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष नवाज खान ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा की प्रदेश सरकार किसानों के लिए लगातार काम कर रही है। किसानों की आय बढ़ाने से लेकर उनका सम्मान बढ़ाने का काम भूपेश सरकार ने किया है। कर्ज में डूबे रहने वाले किसान आज प्रदेश की बढ़ती अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे है। किसान सेवा सप्ताह की शुरुवात के मौके पर बैंक अध्यक्ष नवाज खान के साथ राम छत्री चंद्रवंशी,चुम्मन साहु,लादूराम तुमरेकी,सोनू खान,सलमान खान,अमित अग्रवाल सहित अन्य उपस्थित रहे।

किसान सेवा सफ्ताह के तहत आयोजन में शामिल होने पहुंचे अन्नदताओं का जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष नवाज खान ने भी तिरंगा गमछा पहनकर स्वागत किया।



इस दौरान नवाज ने किसानों से उनको होने वाली परेशानी के बारे में भी जानकारी ली और उसके समाधान को लेकर भी तत्काल प्रयास किए गए। इसके साथ ही फसल को लेकर भी जानकारी ली गई।

अभियान के पहले दिन जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अध्यक्ष नवाज खान ने खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बम्हनी,आमगांव, बीजेपार, जोब, मरकाकासा, भर्रीटोला, बखरुटोला,मोरकुटुमंब, जैतगुंडरा, तेलीनबंधा, सड़क चिरचारी, भर्रीटोला का दौरा कर के किसानों व क्षेत्रवासियों से चर्चा कर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी भी दी।

किसान सेवा सफ्ताह के तहत अलग-अलग गांव में पहुंचे बैंक अध्यक्ष नवाज खान को किसानों ने बताया कि सरकार द्वारा किए गए कामों की वजह से उनकी हालत सुधरी है। किसानों ने 26 सौ रुपए धान की कीमत, न्याय योजना से मिलने वाली राशि के साथ ही 20 चिंटल धान खरीदी के निर्णय से उनको सीधा फायदा मिला है। किसानों से संवाद स्थापित करने वाली सरकार को लेकर भी उनमें उत्साह नजर आया।



राजनाँदगाँव, 31 जुलाई । प्रधान आरक्षक चेतन भारती सेवानिवृत्ति होने पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय राजनांदगांव में डी.एस.पी श्रीमती नेहा वर्मा द्वारा शाल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट् कर उनके उज्जव भविष्य की कामना कर विदाई दी गई। इस अवसर पर पुलिस कार्यालय के मुख्यलिपिक श्री दरवेश कामड़े एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय/रक्षित केंन्द्र के अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# भाजपाइयों की संवेदनशीलता मर चुकी है: मोहिनी सिन्हा

**राजनाँदगाँव,** 31 जुलाई (देशबन्धु)। शहर कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी सदस्य मोहिनी सिन्हा ने भाजपाइयों को असंवेदनशील बताया है। जारी विज्ञपती में मोहिनी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के लोग बलात्कार जैसे गंभीर मुद्दे पर भी राजनीति करने से बाज नहीं आ रहे हैं ।मोहिनी ने कहा कि पिछले दिनों सुकमा के पोटा केबिन में हुई बच्ची से बलात्कार के मामले में भाजपाई प्रदर्शन करने का दिखावा कर रहे थे जबकि उन्हें इस बात का कोई दु:ख नहीं था ।मोहिनी ने कहा कि यदि उस बच्ची के लिए भाजपाइयों के मन में ज़रा से भी संवेदनशीलता होती तो उसी कार्यक्रम स्थल पर वो हंसी ठिठोली करते हुए अपने किसी कार्यकर्ता का जन्मदिन नहीं मनाते ।इस तरह की हरकत से सपषट होता है कि भाजपा के मुंह में राम और बगल में छुरी है ।



■ बलात्कार के विरोध का दिखावा, कार्यक्रम में जन्मदिन मना रही भाजपा

मोहिनी ने मणिपुर की घटना पर बात करते हुए कहा कि वहां पर भाजपा की सरकार है लेकिन अब तक वहां के मुख्यमंत्री बीरेन सिंह हिंसा पर काबू नहीं पा सके हैं और ना ही केंद्र में बैठी मोदी सरकार ने अब तक कोई माकूल एक्शन लिया है ।

मोहिनी ने भाजपा को घेरते हुए कहा कि बच्चियों के बलात्कार जैसे संवेदनशील मामले में भी भाजपा राजनीति करने से बाज नहीं आ रही है और दिखावा करने के लिए इस तरह के कार्यक्रम किये जा रही हैं जबकि बलात्कार के आरोपी को जल्द ही प्रदेश की पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है । मोहिनी सिन्हा ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि पंद्रह सालों तक प्रदेश में भाजपा की सरकार थी तब बलात्कार के मामले कितने ज्यादा बढे हुए थे लेकिन अब जब भूपेश सरकार के राज में बलात्कार के घटनाओं में कमी आयी है तो भाजपा को दु:ख हो रहा है

मोहिनी सिन्हा ने कहा कि जिन भाजपाइयों ने ऐसे संवेदनशील मामले के बीच जन्मदिन मनाया उन्हें सार्वजनिक रूप से माफ़ी मांगनी चाहिए ।

# संगठन के प्रति समर्पित नेता थे उदय मुदलियार: पाटिला

■ कांग्रेस संगठन की मजबूती के लिए सदैव प्रयासरत रहे उदय भैया : कुलबीर

■ शहर जिला कांग्रेस ने मनाई शहीद स्व . उदय मुदलियार जी की जयंती पर उनके विचारों को किया याद

**राजनाँदगाँव,** 31 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज जी के निर्देशानुसार शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में 31 जुलाई सोमवार को स्थानीय कांग्रेस भवन में शहीद स्व.उदय मुदलियार जी की जयंती पर संगोष्ठी सभा आयोजित कर पुष्पाजंलि अर्पित करते हुए उनके योगदानों को याद किया गया।

संगोष्ठी सभा का संचालन करते हुए शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि संगोष्ठी सभा में सर्वप्रथम शहीद स्व.मुदलियार जी की तैलचित्र पर माल्यापर्ण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर स्व.मुदलियार अमर रहे के नारे लगाते हुए संगोष्ठी सभा की शुरूआत हुई। इस दौरान अंत्याव्यवसायी सहकारी वित्त एवं विकास निगम बोर्ड के अध्यक्ष धनेश पाटिला ने शहीद स्व. उदय मुदलियार को नमन करते कहा कि स्व.उदय जी छात्र जीवन से राजनीति की शुरूआत करते हुए लगातार संगठन के प्रति समर्पित रहे। संगठन ने जो भी उन्हें जिम्मेदारी दी वह बखूबी निभाया। हमने एक निष्ठावान साथी खो दिया जो गरीब किसानों के हक के लिए हमेशा संघर्ष करते रहे। एक विधायक के तौर अपनी अमित छाप छोड़ी है वे सैदव युवाओं को संगठित व आगे बढ़ाने प्रयासरत रहे हैं।



हमने आज यह संकल्प लिया है कि उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाकर उनके सपनों को साकार करेंगे।

खादी एवं ग्रामोद्योग के सदस्य श्रीकिशन खंडेलवाल ने अपने साथ बिताएं पलों को याद करते हुए कहा कि छात्रजीवन से राजनीति शुरू करते हुए ब्लॉक अध्यक्ष फिर शहर अध्यक्ष उसके बाद अविभावित मध्यप्रदेश के विधायक बनकर सबके चहते हुए। उदय जी का सबसे बड़ी खासियत यह रही कि लोगों की अलग-अलग विचार, मतभेद होने के बाद भी उसे संगठित करने की बेजोड़ रणनीति की परख थी।

संगोष्ठी सभा को शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस के पूर्व बस्तर प्रभारी एवं विधायक शहीद स्व. मुदलियार सफल राजनेता एवं कुशल नेतृत्व के धनी थे। श्री छाबड़ा ने कहा कि वे युवाओं के प्रेरणास्तोत्र थे तथा उनकी कांग्रेस संगठन के प्रति अटूट आस्था थी। उनके बताएं हुए मार्ग पर सभी को साथ लेकर चलने की आवश्यकता है। स्व.मुदलियार जी की कही हुई बातें अविस्मरणीय है। श्री छाबड़ा ने 25 मई 2013 के झीरम घाटी की घटना को याद करते हुए कहा कि यह हमारे लिए दुर्भाग्यपूर्ण दिन रहा है ऐसे कांग्रेस के नेता को हमने खोया है जो दिन रात कांग्रेस संगठन को मजबूत करने में लगे रहते थे। जिसे हम कांग्रेसजन कभी भूला नहीं पाएंगे।

संगोष्ठी सभा पश्चात कांग्रेसजनों ने गायत्री मंदिर स्थित स्व. उदय मुदलियार की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।

संगोष्ठी सभा को कमलजीत सिंह पिन्टू, रमेश डाकलिया, प्रदेश महासचिव थानेश्वर पाटिला, अल्पसंख्यक उड़िसा प्रभारी अब्दुल कलाम, उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली, दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन ने संबोधित किया।

इस दौरान प्रमुख रूप से छग युवा आयोग के अध्यक्ष जितेन्द्र मुदलियार, छग अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष हफीज खान, शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष विकास त्रिपाठी, महामंत्री नरेश शर्मा, रौशनी सिन्हा, सेवादल अध्यक्ष अमित खंडेलवाल, मोहिनी सिन्हा, योगेन्द्र प्रताप सिंह, पार्षद सिद्धार्थ डोंगरे, दुलारी साहू, पूर्णिमा नागदेवे, एल्डरमेन मामराज अग्रवाल, गेमु कुंजाम, प्रज्ञा गुप्ता, मनीष गौतम, अब्बास खान, अतुल शर्मा, नरेश साहू, अरशद खान, भोला यादव, शैलेन्द्र ठावरे, सुरेन्द्र देवांगन, संदीप सोनी, चेतन भानुशाली, आशीष सोनकर, फरमान अली, दुर्गा देवांगन, खिलेश बंजारे, मोहन चुनुरकर, अभिमन्यु मिश्रा, नासिर खां, संदीप जायसवाल, सालिकराम कोसा, चंद्रशेखर वैष्णव, संदीप शर्मा, रेखा घोड़के, गिरधारी कौशिक सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे। संगोष्ठी सभा में उपस्थित रहे कांग्रेसजनों का शहर कांग्रेस महामंत्री झम्मन देवांगन ने आभार व्यक्त किया।

देशबन्धु | रायपुर, मंगलवार, 1 अगस्त 2023 | 3
# प्रादेशिकी
महासमुंद-धमतरी-बलौदाबाजार-बागबाहरा-पिथौरा-गरियाबंद

संपादकीय

## नई महत्वाकांक्षी बिजली परियोजना

छत्तीसगढ़ में 1320 मेगावाट क्षमता के दो पावर प्लांट आने वाले 5 वर्षों में और लग जाएंगे। इसके साथ ही राज्य में 4000 मेगावाट से अधिक बिजली का रोज उत्पादन होने लगेगा। अभी राज्य में 2980 मेगावाट बिजली का उत्पादन हो रहा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कोरबा में इस नई बिजली परियोजना की आधारशिला रखी। इस मौके पर उन्होंने पं.जवाहर लाल नेहरू को याद किया, जिन्होंने यहीं राज्य की पहली बिजली परियोजना की शुरूआत की थी। बिजली आर्थिक विकास के लिए एक अनिवार्य और महत्वपूर्ण साधन ही नहीं है बल्कि आम जीवन के लिए भी उतना ही महत्वपूर्ण है। नवम्बर 2000 में पृथक छत्तीसगढ़ राज्य बनाने के बाद यहां पहले से स्थापित 1320 मेगावाट बिजली संयंत्र हिस्से में आए। ये राज्य की तात्कालिक खपत और मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त थे। इसके बाद कुछ नए संयंत्रों की स्थापना हुई और इस समय राज्य में 2980 मेगावाट बिजली का उत्पादन हो रहा है। राज्य में बिजली उत्पादन ही नहीं बढ़ा है गांव-गांव में बिजली पहुंचाने की कोशिशें भी हुई हैं। इससे बिजली की खपत भी बढ़ी है और राज्य बिजली की प्रति व्यक्ति खपत के मामले में पूरे देश में सबसे ऊपर पहुंच गया है। जाहिर है जैसे-जैसे आर्थिक-सामाजिक विकास होगा वैसे-वैसे बिजली की भी खपत बढ़ती जाएगी। पिछले दो दशक में ही बिजली की खपत बढ़कर दोगुनी हो गई है। ऐसे में बिजली की भविष्य की जरूरतों को देखते हुए उत्पादन बढ़ाने की राज्य सरकार की परियोजना बेहद महत्वाकांक्षी है। नए उद्योगों की स्थापना के लिए भी बिजली की उपलब्धता जरूरी है। इस क्षेत्र में निवेशकों को आकर्षित करने का यह एक बड़ा साधन भी है। ताप बिजली परियोजनाओं के लिए कोयला और पानी चाहिए, जिसकी फिलहाल छत्तीसगढ़ में कोई कमी नहीं है। इस नई बिजली परियोजना के लिए कोयले की आपूर्ति की मंजूरी पहले ही ले ली गई है। आने वाले वर्षों में विद्युत ऊर्जा के उत्पादन के दूसरे और पर्यावरण की दृष्टि से सुरक्षित विकल्पों पर भी ध्यान देना होगा। हाल ही में कोयले की आपूर्ति प्रभावित होने से देश के कई बिजलीघर बंद होने की स्थिति में पहुंच गए थे। कई बिजली घरों को छत्तीसगढ़ से ही कोयले की आपूर्ति हो रही है। कोयले की आपूर्ति बढ़ाने के लिए विशेष मालगाड़ियां चलानी पड़ी थी, जिसके लिए कई ट्रेनों को रद्द करना पड़ा था। छत्तीसगढ़ राज्य वितरण कंपनी कुछ पनबिजली परियोजनाओं पर भी काम कर रही है। आने वाले वर्षों में इस विकल्प पर भी सोचा जा सकता है। सौर ऊर्जा आधारित बिजली परियोजनाओं के लिए भी छत्तीसगढ़ का मौसम बेहद अनुकूल है। बारिश के मौसम को छोड़ दें तो यहां हमेशा धूप खिली रहती है। राज्य की भौगोलिक स्थिति में पवन ऊर्जा पर भी काम किया जा सकता है।

उल्टा पुल्टा

टीचर- पानी मे रहने वाले 5 जीवों के नाम बताओ ?
पप्पू- मेंढक
टीचर- व्हेरी गुड, बाकी चार बोलो..
पप्पू - उसकी मां, उसका बाप, उसकी बहन और

## संगम के मध्य स्थित कुलेश्वर महादेव और राजीव लोचन भगवान के दर्शनार्थ उमड़े श्रद्धालु



**राजिम,** 31 जुलाई (देशबन्धु)। रविवार होने के कारण सुबह से ही नेशनल हाईवे 130 सी पर चारपहिया वाहनों की रेलम पेल लगी रही। दोपहर को भी भीड़ कम ना हुई और देर रात तक सड़कें गाड़ियों से गुलजार रहा। उल्लेखनीय है कि रविवार छुट्टी का दिन होने के कारण बड़ी संख्या में प्रदेशभर के लोग राजिम पहुंचते हैं और यहां पहुंचकर त्रिवेणी संगम स्नान करते हैं तथा संगम के मध्य में स्थित बाबा कुशेश्वर नाथ महादेव का दर्शन करने के लिए लक्ष्मण झूला का उपयोग करते हे। श्रद्धालुओं ने भगवान राजीवलोचन के दर्शन किए। बताना जरूरी होगा कि पुरुषोत्तम मास में भगवान विष्णु का दर्शन अत्यंत शुभ माना गया है इस लिहाज से भी दूर दूर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु गण पहुंच रहे हैं और दर्शन पूजन तथा कीर्तन में समय गुजार रहे हैं। राजिम पुल में दोपहर 12रू00 से 1रू00 के बीच एक महिला नदी में कूद गई जिसकी जानकारी होने पर पुल में बड़ी भीड़ हो गई थीं। ट्रैफिक्र जाम की स्थिति निर्मित हो रही थी लेकिन कुछ समय बाद यातायात मे सुधार होता हे और यातायात का सिलसिला शुरू हो जाता हे । पंडित सुंदरलाल शर्मा चौक से लेकर चौबे बांधा तिराहा तक सड़कों पर गाड़ी ही गाड़ी दिखाई दे रही थी। टूरिस्ट गरियाबंद जिला में स्थित देवी स्थल दर्शन परिवार सहित पहुंच रहे थे तथा वाटरफॉल में मौज मस्ती के लिए युवक युवतियां बड़ी संख्या में बड़े शहरों से पहुंचे हुए थे। पूरा गरियाबंद सड़क मार्ग में अच्छी खासी भीड़ रही। गनीमत शहर में कोई दुर्घटनाएं नहीं घटी। जिस तरह से चार पहिया वाहनों की भीड़ लगी हुई थी उसको व्यवस्थित करने के लिए ट्रैफिक्र पुलिस की नितांत आवश्यकता थी लेकिन कहीं भी पुलिस बल की व्यवस्था नहीं देखी गई इससे लोगों में पुलिस विभाग की कार्यशैली पर चिंतन किया गया। भीड़ को देखते हुए राजिम पुल, बस स्टैंड, गोवर्धन चौक, महामाया चौक, राजिम भक्ति माता चौक, चौबेबांधा तिराहा में एक भी पुलिस वाला दिखाई नहीं दिए। यह चर्चा का विषय बना रहा। ज्ञातव्य हो कि जब से सावन मास लगा हुआ है तब से लेकर अच्छी बरसात हो रही है और रविवार को लोग एंजॉय करने के लिए बड़ी संख्या में गरियाबंद जिले के पर्यटन क्षेत्रों में पहुंच रहे हैं। उस लिहाज से यात्रियों एवं पर्यटकों सुरक्षा की पूरी जिम्मेदारी जरूरी हो जाता है।

## हजारों कांवरियों ने किया गंधेश्वनाथ का जलाभिषेक





### बम्हनी में हुआ कपूर युक्त जल से अभिषेक

**महासमुंद,** 31 जुलाई (देशबन्धु)। सावन के चौथे सोमवार को शिव भक्तों का रेला शिवालयों में लगा रहा। दिनभर जयघोष से मंदिर परिसर गुंजायमान होता रहा, नगर समेत आसपास के प्रसिद्ध शिव मंदिरों में यह नजारा दिनभर दिखाई देता रहा। बम्हनी स्थित सेतगंगा से जल लेकर सिरपुर पहुंचे कांवरियों ने गंधेश्वर महादेव का जलाभिषेक कर अपनी यात्रा पूर्ण की। यहां हजारों की संख्या में कांवड़ यात्री जलाभिषेक करने पहुंचे थे। जिनकी भोजन प्रसादी की व्यवस्था मां महामाया मंदिर समिति महासमुंद व दीपक सोनी की ओर से की गई थी। अनुमान है कि 5 हजार से अधिक कांवरिए जलाभिषेक करने पहुंचे थे। मंदिर के पुजारी अमन धर्मेंद्र गिरी गोस्वामी ने बताया कि अनेक कांवरिया पट खुलते ही जलाभिषेक के लिए पहुंच गए। इसके बाद दोपहर तक कांवरियों की कतारें जलाभिषेक के लिए लगी रही। बावजूद देर शाम तक दूर.दूर से कांवरिया व श्रद्धालु दर्शन लाभ करने यहां पहुंचते रहे ट्रस्ट कमेटी के दाऊलाल चंद्राकर, मंगलू राम ढीमर ने बताया कि प्रतिदिन श्रावणी पूजा अभिषेक किया जा रहा है, ट्रस्ट कमेटी की ओर से नचकेश चंद्राकर, बाबूलाल ध्रुव, सुखीराम हिरवानी, मोहन वर्मा अभिषेक में शामिल हुए। वहीं दर्शन पूजन करने पूर्व राज्य मंत्री पूनम चंद्राकर व लघु वनोपज यूनियन के अध्यक्ष प्रमोद चंद्राकर भी परिवार सहित पहुंचे थे इसके अलावा दूर.दूर से श्रद्धालुओं का जत्था दर्शन लाभ लेते रहे। इस बार जलाभिषेक के लिए कांवरिया केवल सेतगंगा बम्हनी से ही नहीं बल्कि महादेव घाट रायपुरए छत्तीसगढ़ के प्रयाग कहे जाने वाले त्रिवेणी संगम राजिम, पटेवा के पास स्थित सिद्ध बाबा कुंड से भी कांवरिया जल लेकर पहुंचे थे। आमतौर पर कांवरियों की वेशभूषा भगवा वस्त्र होता है किंतु इस बार कान कांवर यात्री महाकाल के कपड़ों में दिखाई दे रहे हैं, जिसमें महिलाएं भी शामिल हैं। बम्हनी में भी दिनभर दर्शनार्थियों का तांता लगा रहा। श्रावणी पूजन ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

## कबीर पंथ समाज बलौदाबाजार ने राज्यपाल के नाम कलेक्टर, एसपी को सौंपा ज्ञापन



**बलौदाबाजार,** 31 जुलाई (देशबन्धु)। कबीर पंथ समाज बलौदाबाजार ने पंथ श्री हुजूर प्रकाश मुनी नाम साहेब के फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर चरित्र हनन करने वालों के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही कर तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है। कबीर पंथ समाज के आचार्य पंथ श्री हूजूर प्रकाश मुनिम नाम साहेब कबीर धर्म नगर दामाखेडा के नाम सोशल मीडिया फेसबुक में फर्जी आईडी बनाकर अश्लील फोटो अपलोड करने के मामले पर आज कबीर पंथी समाज बलौदाबाजार के लोगों द्वारा बलौदाबाजार कलेक्टर तथा पुलिस अधिक्षक को आरोपी पर कडी कार्यवाही हेतु महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा।

इस दौरान कबीर पंथ समाज से जुडे लोगों ने बताया कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा प्रकाश मुनी नाम साहेब के नाम फेसबुक में फर्जी आईडी बनाकर लगातार उस आईडी से साहेब के मान प्रतिष्ठा को बदनाम करने की मंशा से अश्लील फोटो अपलोड की जा रही है। इस दौरान कबीर पंथियों द्वारा जल्द से जल्द इस मामले पर कार्यवाही करने की मांग की। वही कार्यवाही नही होने की स्थिति में उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। इस दौरान प्रमुख रूप से केन्द्रीय अध्यक्ष के.के. साहू, संयोजक टेसूलाल धुरंधर, अध्यक्ष रामुराम साहू, सचिव केशव राम साहू, कोषाध्यक्ष सी आर साहू, संरक्षक सुखी राम साहू, प्रेम नारायण साहू, सोहन साहू, बिहारी साहू, रमेश, उमेश, आसाराम, हेमंत, महिला मंडल अध्यक्ष उर्मिला साहू एवं ग्राम लाहोद, कारी, कंजी, कोनारी, भोथाडीह, ससहा, धोधा, भाटापारा, खरोरा, सीतापार, सोनारदेवरी, सुढेला के समस्य कबीर पंथी समाज सहित हजारों की संख्या में उपस्थित रहें।

## तुमगांव में उप तहसील कार्यालय का शुभारंभ



### नागरिकों को अब समय पर राजस्व की सुविधा होगी

**महासमुंद,** 31 जुलाई (देशबन्धु)। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने नगर पंचायत तुमगांव में उप तहसील कार्यालय का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि नागरिकों को अब समय पर राजस्व की सुविधा सुनिश्चित होगी और इससे प्रशासनिक कार्य को मजबूती मिलेगी। सोमवार को नगर पंचायत तुमगांव में उप तहसील कार्यालय का शुभारंभ समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संसदीय व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर थे। अतिथि के रूप में कृषि उपज मंडी अध्यक्ष हीरा बंजारे, बीज अनुसंधान समिति के संचालक दाउलाल चंद्राकर, अरूण चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य अमर चंद्राकर, जनपद उपाध्यक्ष त्रिलोकी राधेश्याम ध्रुव उपस्थित थे। संसदीय सचिव व विधायक श्री चंद्राकर ने उप तहसील के शुभारंभ पर क्षेत्रवासियों को बधाई देते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि अब नागरिकों अपने राजस्व मामलों को सुलझाने के लिए लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी। लोगों को समय पर राजस्व की सुविधा यहां मिलेगी। संसदीय सचिव व विधायक श्री चंद्राकर ने कहा कि भेंट मुलाकात में पहुंचे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने तुमगांव में उप तहसील कार्यालय खोले जाने की घोषणा की थी। भेंट मुलाकात के दौरान की गई घोषणा को जल्द से जल्द पूरा करना सर्वोच्च प्राथमिकता में है। उप तहसील कार्यालय का आज शुभारंभ हो रहा है। वहीं यहां स्वामी आत्मानंद स्कूल भी प्रारंभ हो गया है। संसदीय सचिव व विधायक श्री चंद्राकर ने कहा कि सार्वजनिक सुविधाओं तक पहुंच में सुधार और सभी क्षेत्रों का संतुलित विकास सुनिश्चित करने की हरसंभव पहल की जा रही है। उप तहसील कार्यालय के शुरू होने से लोगों ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

## सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन



### 10 लाख की लागत पिटियाझर में बिछेगा सड़कों का जाल

**महासमुंद,** 31 जुलाई (देशबन्धु)। पिटियाझर वार्ड नंबर 12 में विभिन्न गली मौहल्ले में 10 लाख की लागत से कांक्रीटीकरण सड़क निर्माण कार्य का नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने पार्षद की मौजूदगी में भूमि पूजन किया। शहर में सड़क, नाली जैसे मूलभूत सुविधाओं का विस्तार करते हुए सोमवार को पिटियाझर वार्ड नंबर 12 के विभिन्न गलियों में 10 लाख की लागत से कांक्रीटीकरण सड़क का नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने वार्ड पार्षद डमरूधर मांझी की मौजूदगी में भूमि पूजन किया। इस मौके पर पालिकाध्यक्ष श्रीमती महिलांग ने कहा कि शहर में पक्की सड़कों का जाला बिछ रहा है, और लोगों को आवागमन की सुविधाएं मिलेगी। भूपेश बघेल सरकार शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में विकास हुआ है। सरकार ने सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और पेयजल की समुचित व्यवस्था की है। इस अवसर पर देवदास, अंटा बाबू, रेखा बाई, संगीता बाई, प्रकाश ठाकुर, रामानन्द चंद्राकर, चंद्रिका माँझी आदि लोग उपस्थित थे।

## पारंपरिक खेलों के प्रति बढ़ रहा रुझान : होरा



**धमतरी,** 31 जुलाई (देशबन्धु)। इस वर्ष छत्तीसगढ़िया ओलंपिक की शुरुआत हरेली त्योहार के पावन अवसर से की गई. तब से लेकर प्रत्येक ग्रामो में जबरदस्त उत्साह का वातावरण बना हुआ है। छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक के आयोजन का दायित्व ग्रामीण क्षेत्रों के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को मिली है. वहीं नगरीय क्षेत्रों के लिए नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग को जिम्मेदारी सौंपा गया है. इसी कड़ी में ग्राम देवपुर में जोन स्तरीय खेलकूद का आयोजन किया जा रहा है जिसमे लगभग 8 ग्रामो के खिलाड़ी अपना दमखम आजमा रहे है। छत्तीसगढ़ प्रदेश कॉंग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष ,पूर्व विधायक गुरूमख सिंग होरा जी ग्रामवासियों के विशेष बुलावे पर खेल कूद प्रतियोगिता का आनद लेने ग्राम देवपुर पहुंचे । मुख्य अतिथि श्री होरा ने कहा कि हमारे लोकप्रिय सीएम भूपेश बघेल जी का छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल को आरंभ करने का मुख्य उद्देश्य प्रदेश में स्थानीय और पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देना है। साथ ही राज्य में छिपी खेल प्रतिभा को उजागर करना है। इस ओलंपिक खेल में ग्रामीण एवं शहरी इलाकों के सभी आयु वर्ग के नागरिक हिस्सा ले सकेंगें। यह खेल आयोजन राज्य में छिपी हुई खेल प्रतिभा को खेल के मैदान तक लाने में अपना एक महत्वपूर्ण योगदान देगा। जिसके माध्यम से राज्य के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की पहचान हो सकेगी और उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धाओं के लिए तैयार किया जा सकेगा। यह खेल आयोजन राज्य के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को खेल में केरियर बनाने का एक सुनहरा मौका भी प्रदान करेगा।. इस साल टीम और सिंगल श्रेणी में 16 तरह के पारंपरिक खेलों को शामिल किया गया है. लगभग 2 माह 10 दिन तक चलने वाली यह खेल प्रतियोगिता 6 चरणों में आयोजित होगी. इस खेल प्रतियोगिता में बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक हिस्सा ले ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

## प्रेमचंद की कहानी, उपन्यास के पात्र आज भी लोगों के ज़ेहन में जिंदा : साहिर



### मुंशी प्रेमचंद जयंती पर प्रयाग साहित्य समिति ने किया साहित्यिक संगोष्ठी

**राजिम,** 31 जुलाई (देशबन्धु)। गायत्री मंदिर सभागृह में स्थानीय प्रयाग साहित्य समिति के तत्वाधान में मुंशी प्रेमचंद जयंती के अवसर पर साहित्यिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें विद्वान वक्ताओं ने अपने -अपने विचार रखें। सर्वप्रथम मुंशी प्रेमचंद की छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर श्रद्धा सुमन समर्पित किया गया। पश्चात लेखक संतोष मंडल ने अपने विचार रखते हुए कहा कि मुंशी प्रेमचंद की भाषा शैली बहुत ही सरल थी। आम पाठकों तक उनकी कहानी सहज भाव से पहुंच जाती। उन्होंने पूस की रात, बड़े घर की बेटी, कफ़न, पंच परमेश्वर, दो बैलों की कथा, बूढ़ी काकी जैसे 300 से भी अधिक कहानियां लिखी। उनकी पहली कहानी संग्रह साजे वतन प्रकाशित हुआ तो अंग्रेजों ने उनके प्रतियां जप्त कर ली तथा आगे और लिखने के लिए मना कर दिया, चूंकि इस कहानी संग्रह में देशभक्ति की भावना छुपी हुई थी। उसके बाद उन्होंने अपना नाम बदलकर मुंशी प्रेमचंद लिखा तथा लगातार साहित्य पर कलम चलाते रहे। कवि नूतन साहू ने कहा कि मुंशी प्रेमचंद का असली नाम धनपत राय था। इनका जन्म 31 जुलाई 1880 तथा मृत्यु 8 अक्टूबर 1936 को हुई थी यह हिंदी तथा उर्दू के प्रसिद्ध और सर्वाधिक लोकप्रिय उपन्यासकार तथा कहानीकार थे।

हास्य कवि गोकुल सेन ने कहा कि गोदान, गबन, कर्मभूमि रंगभूमि, प्रेमाश्रम, सेवा सदन, निर्मला जैसे लगभग डेढ़ दर्जन उपन्यास लिखे हैं। उनके द्वारा ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

## कलेक्टर ने जन-चौपाल में सुनी ग्रामीणों की समस्याएं



### दिव्यांग को मिला मोटराइज्ड सायकल

**बलौदाबाजार,** 31 जुलाई (देशबन्धु)। कलेक्टर चंदन कुमार ने आज आयोजित साप्ताहिक जनचौपाल में लगभग 74 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। इनमें से गंभीर किस्म के 28 प्रकरणों की जांच कर समय-सीमा की बैठक में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है। इसके साथ ही जनचौपाल में इस सप्ताह कुल 25 आवेदनों का पूर्णत: निराकरण कर दिया गया है। आज जनचौपाल में सिमगा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम ढेकुना से पहुंचे दिव्यांग दिलीप साहू ने मोटराइज्ड सायकल के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। जिस पर कलेक्टर ने कार्रवाई करते हुए दिव्यांग सब्जी विक्रेता दिलीप साहू को मोटराइज्ड सायकल प्रदान करने के निर्देश समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों को दिए। इसके साथ ही समाज कल्याण विभाग द्वारा मौके पर ही उन्हें मोटराइज्ड सायकल प्रदान की गई। दिलीप साहू ने मोटराइज्ड सायकल मिलने पर जिला ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

## नपा अध्यक्ष चित्तावर एवं पार्षदों ने किया पिपराहा तालाब के जीर्णोद्धार का भूमिपूजन



### राज्य प्रवर्तित योजना की राशि 83 .35 लाख की लागत से कराया जायेगा कार्य

**बलौदाबाजार,** 31 जुलाई (देशबन्धु)। नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत नगर के सर्वाधिक पूराने एवं निस्तारी योग्य वार्ड क्रमांक 6 स्थित पिपराहा तालाब का सौंदर्यीकरण जीर्णोधार कार्य का श्रीफल तोड़कर भूमि पूजन नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल एवं पार्षद व सभापति रीटा केशरवानी के द्वारा किया गया। नगर पालिका द्वारा राज्य प्रवर्तित मद से 83.35 लाख की लागत से उक्त पिपराहा तालाब में पार के पिचिंग कार्य गहरीकरण सौंदर्यीकरण के अंतर्गत लाईट लगाये जाने का कार्य किया जाना प्रस्तावित किया गया हैं। पिपराहा तालाब के सौंदर्यीकरण व अन्य जीर्णोधार के कार्य को कराये जाने भूमि पूजन के अवसर पर सहायक कलेक्टर एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी नम्रमा चौबे, उप अभियंता स्वाति दुबे सहित पार्षद गण अमितेश नेताम, गौतम ठेठवार, श्रीमति अंजनी भारद्वाज, सतीश पटेल, श्रीमति मंजित कौर सलूजा, डिगेश्वरी नामदेव, मनोजकांत पुरैना, पंकज मरैया गोल्डी, जितेन्द्र महाले, रोहित साहू एल्डरमेन हेमचंद केशरवानी के द्वारा पूजा अर्चना की गई।

नगर पालिका द्वारा स्थानीय पुराना बस स्टैण्ड पिपराहा तालाब शिव मंदिर के समीप समारोह आयोजित कर भूमि पूजन का कार्यक्रम सम्पन्न कराया गया, इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष के द्वारा अतिशीघ्र कार्य प्रारंभ किये जाने व कार्य की गुणवत्ता बेहतर रखे जाने हेतु आवश्यक निर्देश दिया गया, इस दौरान वार्डवासियों से चर्चा करते हुये पिपराहा तालाब के सौंदर्यीकरण में कराये जाने वाले कार्यों से अवगत कराया गया जिस पर वार्डवासियों द्वारा इस कार्य के लिए नगर पालिका अध्यक्ष श्री जायसवाल एवं परिषद के कार्यों की सराहना करते हुये अभार व्यक्त किया गया।

भूमि पूजन कार्यक्रम के अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधि खोड्स राम कश्यप, राजनारायण केशरवानी, अधिवक्ता अलोक अग्रवाल, धनंजय साहू, अमन तिवारी, राजेश पाढ़ी, श्रीमति रजनी केशरवानी, अनामिका अग्रवाल, सीमा केशरवानी, संध्या तिवारी, नीलम सोनी, सरिता मार्के, निर्मल सिंग सलूजा, अभिषेक ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

**बैठक आज**

**महासमुंद**,31 जुलाई (देशबंधु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक के निर्देशानुसार आगामी विधानसभा निर्वाचन.2023 मे स्वीप गतिविधियों एवं फ़ोटो युक्त निर्वाचक नामावली के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 के क्रियान्वयन मे स्वीप गतिविधियो की समीक्षा बैठक 1 अगस्त को जिला पंचायत के सभाकक्ष में सुबह 10 बजे आयोजित होगी। बैठक में स्वीप कार्यक्रम से जुड़े महासमुंद विकासखंड के नोडल अधिकारी एवं प्राचार्य गण जिला पंचायत के सभाकक्ष में एवं अन्य विकासखंड के नोडल अधिकारी एवं प्रचार गण अपने विकासखंड के जनपद पंचायत के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष में अब तक की गई गतिविधियों की जानकारी के साथ उपस्थित होने को कहा गया है।



# आदिवासी समाज की बैठक में सालडबरी गांव में हटाए गए अतिक्रमण के मामले में चर्चा कर निंदा प्रस्ताव पारित

**बागबाहरा** , 31 जुलाई (देशबन्धु)। क्षेत्र के अमात गोंड़ समाज सर्कल दाईजबांधा (साल्हेभांठा) की बैठक ग्राम डोंगरगांव में सालडबरी मे बेजा कब्जा हटाए जाने की मामले को लेकर सर्कल अध्यक्ष मनोहर ठाकुर की अध्यक्षता में हुई। महिला आदिवासी जुगबाई सहित कंवल सिंग, किशन,बहुरसिंग आदिवासी किसानों को पचासों वर्षों से अधिक से काबिज भूमि पर काश्त करते आ रहे को कोमाखान तहसीलदार ममता ठाकुर, अतिरिक्त तहसीलदार जुगल किशोर पटेल, राजस्व अमला, पुलिस बल व जेसीबी मशीन के साथ पहुंचे सालडबरी ग्राम में आदिवासियों को काबिज भूमि से बेदखल करने का निर्देश जनपद अध्यक्ष श्रीमती स्मिता चन्द्राकर एवं भाजपा नेता हितेश चन्द्राकर को देखा गया है। जो कि तहसील न्यायालय का तौहीन है। तहसीलदार ममता ठाकुर,जनपद अध्यक्ष श्रीमती स्मिता चन्द्राकर एवं भाजपा नेता हितेश चन्द्राकर द्वारा संयुक्त रूप से दो सौ मठ को उखाड़ कर अतिक्रमण करने की झूठी खबर अखबार में छपवाकर केवल आदिवासी किसानों ? का ही नहीं, बल्कि पूरे स्वाभिमानी आदिवासी समाज का अपमान किया है। अमात गोंड़ समाज के बैठक में आदिवासियों के हित के खिलाफ एवं आदिवासियों को अपमानित करने वाली कृत्य में लिप्त नेतृत्व करने वाले जनपद अध्यक्ष श्रीमती स्मिता चन्द्राकर एवं भाजपा नेता हितेश चन्द्राकर के विरुद्ध निंदा प्रस्ताव पारित किया गया है।

छ.ग. सर्व आदिवासी समाज के जिलाध्यक्ष एवं अमात गोंड़ समाज के सर्कल अध्यक्ष मनोहर ठाकुर ने बैठक में लिए गए निर्णय की जानकारी देते हुए बताया कि सालडबरी मे बेजा कब्जा हटाने की मामले को लेकर आदिवासी समाज बहुत ही आक्रोशित हैं। ग्राम सालडबरी के आदिवासियों का हुक्का-पानी बंद कर गांव से बहिष्कृत कर दिया गया है। जिससे आदिवासी समाज बहुत ही प्रताड़ित व अपमानित है। गरीब आदिवासी किसान कंवल



सिंग एवं उनकी पत्नी झोपड़ीनुमा खपरैल के एक कच्चा घर में निवास कर रहे थे। जिसे तहसीलदार एवं जनपद अध्यक्ष श्रीमती स्मिता चन्द्राकर, भाजपा नेता हितेश चन्द्राकर द्वारा उस झोपड़ी से कंवलसिंग के सामान को बाहर फेंकवा दिया गया है। तथा ताला लगाकर चाबी को उपसरपंच को सौंप दिया गया है।इस तरह से आदिवासी कंवलसिंग एवं उनकी पत्नी को भरे बरसात में मुसाफिर की तरह दर-दर भटकने के लिए मजबूर कर दिया है। कोमाखान तहसीलदार ने दबंगई दिखाते हुए धान के फसल को जेसीबी मशीन से रौंदवा दिया है। तथा लगानी जमीन में प्लींथ तक बना लिये निर्माणाधीन मकान के आधे भाग को भी जेसीबी मशीन से तोड़वा दिया है। इस तरह से गरीब आदिवासियों को 24 घंटे में बेदखल करवाने वाली तहसीलदार अपनी दबंगई का परिचय बहुत से रसूखदारों ने शासकीय भूमि को कब्जा किये हुए हैं। उसे भी 24 घंटे में बेदखल करने की कार्यवाही कर दिखावें। अन्यथा आगामी नौ अगस्त विश्व आदिवासी दिवस को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के समक्ष इस मामले को रखा जावेगा। बैठक में आक्रोशित आदिवासियों ने यह भी कहा है कि आदिवासी समाज विरोधी, आदिवासी स्वाभिमान के खिलाफ दो सौ मठ को उखड़वाने की झूठी खबर छपवाकर सस्ती लोकप्रियता हासिल करने की राजनीतिक रोटियां सेंकने वाले भाजपा नेता स्मिता हितेश चन्द्राकर के विरुद्ध निंदा प्रस्ताव पारित किया गया है। तथा ऐसे भाजपा नेताओं से आदिवासी समाज को दूर रहने का भी प्रस्ताव पारित किया गया है। श्री ठाकुर ने यह भी बताया है कि नल-जल योजना के अंतर्गत पानी टंकी निर्माण के लिए स्थल चिन्हांकित ग्राम सालडबरी में ग्राम पंचायत खाड़ादरहा द्वारा निर्विवाद भूमि पर किया जा चुका था। परन्तु 29 जुलाई को अंधेरे में पानी टंकी निर्माण के लिए उसी विवादित भूमि को सरपंच प्रतिनिधि द्वारा पानी टंकी निर्माण एजेंसी के अधिनस्थ अधिकारी को ले जाकर दिखाया गया है।अगर उस विवादित भूमि पर पानी टंकी निर्माण किया जाता है, तो किसी तरह की विवाद भड़केगा तो उसकी पूरी जिम्मेदारी सरपंच, तहसीलदार,जनपद अध्यक्ष श्रीमती स्मिता चन्द्राकर,भाजपा नेता हितेश चन्द्राकर होंगे। सर्कल अध्यक्ष मनोहर ठाकुर के सभापतित्व बैठक में महिला प्रकोष्ठ सर्कल अध्यक्ष एवं जनपद सदस्य श्रीमती डुमरौतीन ठाकुर, संरक्षक कंवल सिंह भारती,संयोजक जगदेव ठाकुर, सचिव कंवल सिंह ठाकुर, कोषाध्यक्ष हेमसिंग ठाकुर, महिला प्रकोष्ठ सचिव पावित्री ठाकुर,दशोदा ठाकुर,नीरा ठाकुर,गंगा ठाकुर,रजेलाल ठाकुर,ईश्वर ठाकुर, मुकेश ठाकुर,भोगसिंग ठाकुर,गनपत ठाकुर,केशव ठाकुर सहित बड़ी संख्या में आदिवासी महिलाएं एवं पुरुष उपस्थित थे।

# छुईहा के किसान आत्महत्या मामले की जाँच करने भाजपाई पहुंचे

## भाजपा नेताओं ने मृतक किसान के परिजनों से मुलाक़ात कर पूछताछ की

**बागबाहरा,** 31 जुलाई (देशबंधु)। जनपद पंचायत बागबाहरा के अंतर्गत ग्राम पंचायत छुईहा (सम्हर) के निवासी कन्हैया लाल सिन्हा के द्वारा गत गुरुवार को किए गए आत्महत्या मामले में जाँच करने के लिए भाजपा की 5 सदस्यीय टीम कल शनिवार को ग्राम छुईहा में मृतक किसान के घर पहुंची। इस जाँच टीम में शामिल प्रदेश के पूर्व गृह मंत्री ननकी राम कंवर, महासमुंद के सांसद चुन्नी लाल साहू, भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता संदीप शर्मा, किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू एवं खल्लारी क्षेत्र के पूर्व विधायक प्रीतम सिंह दीवान ने मृतक के परिजनों से मुलाक़ात कर हालचाल जाना।

मृतक किसान की पत्नी मिलवंतिन बाई सिन्हा, पुत्र भागीरथी सिन्हा , पौत्री अहिल्या सिन्हा एवं पौत्र तोष कुमार सिन्हा ने बताया कि खेती-किसानी से परिवार का पालन-पोषण होता है। लेकिन कभी पानी की कमी , कभी बीमारी से 8-9 साल से फसल नुकसान हो रहा था। हर साल फसल बर्बाद होने से घाटा हो रहा था। इस साल भी गर्मी सीजन में रबी फसल का धान बिजली के लो वोल्टेज एवं अघोषित कटौती की समस्या के चलते फसल बर्बाद



हो गई। शासन से कोई लाभ नहीं मिला, न तो कृषि एवं ? सहकारी विभाग से कोई छुट मिली। इसी के चलते उन्हे आत्महत्या मजबूरी में करनी पड़ी। पूर्व गृह मंत्री ननकी राम कंवर ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार वास्तव में किसान विरोधी है। फसल बीमा से वंचित रखने, क्षेत्र में बिजली की बेजा कटौती व लो-वोल्टेज की समस्या से किसान जुझते नजर आ रहे है। महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के सांसद चुन्नी लाल साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल दूसरे राज्यों में जाकर किसानों को 50-50 लाख देते हैं, तो क्षेत्र के किसान को राशि देने में क्या हर्ज है। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य अलका नरेश चंद्राकर , जनपद पंचायत अध्यक्ष स्मिता हितेश चंद्राकर, सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष मोनिका साहू, दुबे लाल साहू, भुवन लाल साहू, संजय मालवे आदि मौजूद थे।

### पीड़ित परिवार को मिले 50 लाख की सहायता राशि

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता संदीप शर्मा ने कहा कि छुईहा के मृतक किसान ने एक्सिस बैंक से लोन लिया था। इनका कर्ज माफ़ न होने के कारण किसान की हालत काफी दयनीय हो गई थी। वे आर्थिक संकट से जूझ रहे थे। इसी परेशानी के चलते उन्होंने आत्महत्या कर ली। उन्होंने मृतक किसान कन्हैया लाल सिन्हा की आत्महत्या की न्यायिक जाँच कर पीड़ित परिवार को 50 लाख रुपये का मुआवजा एवं सरकारी नौकरी दिए जाने की मांग छत्तीसगढ़ शासन से की है।

### जाँच के लिए टीम गठित करने की मांग

छत्तीसगढ़ राज्य के आंदोलनकारी एवं किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अनिल दुबे ने कहा है कि मृतक किसान कन्हैया लाल सिन्हा को राज्य सरकार से मदद नहीं मिलने के कारण आत्महत्या की है। इसी तरह बागबाहरा ब्लॉक के ग्राम कन्हारपुरी (खल्लारी) निवासी किसान कांतिलाल साहू ने भी जहर सेवन कर आत्महत्या की थी। भूपेश बघेल सरकार ने आज तक पीड़ित किसान परिवार को मुआवजा राशि नहीं दी है। जबकि उत्तरप्रदेश के किसानों को 50-50 लाख रुपए का मुआवजा दिया गया है। मृतक किसान कन्हैया लाल सिन्हा के सुसाइट नोट का मुख्यमंत्री जनता को जवाब दे। उन्होंने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को पत्र लिखकर 50 लाख रुपए का मुआवजा राशि देने की मांग की है। जाँच के लिए टीम गठित कर दशगात्र तक रिपोर्ट सौंपने को कहा है।

# राज्य सरकार को खरीदना होगा 1 लाख 30 हजार मेट्रिक टन धान

**बागबाहरा,** 31 जुलाई (देशबंधु)। केंद्र सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस वर्ष धान के समर्थन मूल्य में 143 रुपया वृद्धि के साथ बिना भेदभाव किसानों के हित सत्र 2023 -24 में केन्द्रीय पूल मे छत्तीसगढ़ से 86 लाख टन चांवल खरीदने का दिशानिर्देश जारी कर दी है इससे छत्तीसगढ़ का लाभ होगा।



■ केंद्र सरकार छत्तीसगढ़ से 86 लाख टन चांवल खरीदी का आदेश जारी कर दी: स्मिता चंद्राकर

जनपद अध्यक्ष स्मिता हितेश चंद्राकर ने नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री के इस निर्णय का स्वागत करते एवं साधुवाद देते हुये कहा किसानों की आय को दोगुनी करने कटिबद्ध प्रधानमंत्री इस वर्ष समर्थन मूल्य में प्रति चिंटल 143 रुपए वृद्धि के बाद किसानों के एक एक दाना धान को खरीदने राज्य सरकार से 86 लाख मेट्रिक टन चावल खरीदने का इतिहासिक निर्णय लिया है अब राज्य सरकार को 1लाख 30 हजार मेट्रिक टन धान खरीदना पड़ेगा जिससे किसानों का एक-एक दाना धान समर्थन मूल्य में बिक जाएगा।

उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने गत वर्ष 61 लाख टन चांवल छत्तीसगढ़ से खरीदी किया था उसमें इजाफा करते हुए इस वर्ष प्रधानमंत्री मोदी ने 86 लाख टन चांवल खरीदने का फरमान जारी कर दी है यह पहला अवसर है जब प्रधानमंत्री ने धान खरीदी के पूर्व चांवल की खरीदी करने का आदेश छत्तीसगढ़ शासन को भेज दिया गया है।केन्द्रीय पुल में चांवल खरीदी को लेकर राज्य सरकार केन्द्र सरकार पर दोष रोपण करता रहा है। प्रधानमंत्री के निर्णय से छत्तीसगढ़ केन्द्रीय पूल में चांवल देने वाला दूसरा सबसे बडा राज्य बनने जा रहा है।केन्द्र सरकार के निर्णय से छत्तीसगढ़ को बहुत बडा राहत मिलने जा रहा है।साथ ही छत्तीसगढ़ सरकार को राजकोषीय घाटा से भी पूर्ण रूप से छुटकारा मिलेगी।

गांव गरीब किसानों के लिए महान चोच रखने वाला देश के प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी चांवल खरीद कर देश भर के सभी राज्यों में सभी जरुरत मंद लोगों को मुफ्त राशन वितरण को निरंतर जारी रखेगी ताकि देश में कोई भी इंसान भूखे पेट न सोये इस कार्यक्रम को सुनिश्चित करते हुये सभी गरीब परिवार की चींता को दूर करने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी राज्यों से चांवल खरीदी की सीमा को बढा कर राज्य सरकार को बहुत बडी राहत दी है।

प्रधानमंत्री ने कहा है कि देश में गरीबों के विकास के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं,इन योजनाओं के संचालन के लिए भी यह मददगार साबित होगा।

# पूर्व विधायक होरा ने जरूरतमंदों को किया चेक वितरण

**धमतरी,** 31 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष एवं धमतरी के पूर्व विधायक गुरमुख सिंह पूरा की मांग पर छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डा चरण दास महंत की अनुसंसा से स्वीकृत धमतरी विधानसभा क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों को स्वेच्छा अनुदान की राशि का चेक वितरण सानिध्य भवन में 28 व 29 जुलाई को किया गया। गुरमुख सिंह होरा जी निरंतर धमतरी विधानसभा क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों को समय-समय पर स्वेच्छा अनुदान राशि के माध्यम से आर्थिक सहयोग प्रदान कर रहे हैं । श्री होरा प्रत्येक वित्तीय वर्ष में शासन स्तर पर क्षेत्र के लोगो की समस्याओं को रख कर लगातार स्वेच्छानुदान राशि स्वीकृत कराकर जरूरतमंदो के साथ खड़े रहते है । चेक वितरण के दौरान मुख्य रूप से जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री नरेश जसुजा अमरदीप साहू ,विशाल शर्मा, विक्रांत शर्मा दयाराम साहू घमेश्वरी साहू,



पार्षद लुकेश्वरी साहू ,टीका राम साहू ,मुकेश साहू,सहित शहर एवम ग्रामीण क्षेत्र के अन्य कांग्रेसी नेतागण उपस्थित थे । आर्थिक सहयोग प्राप्त करने वालो ने श्री होरा का आभार एवं उनका धन्यवाद किया । जरूरतमंदों में मुख्य रूप से ग्राम नवागांव कंडेल निवासी ज्ञान दास गिलहरे, ग्राम श्यामतराई निवासी बालक राम बठेना वार्ड निवासी ममता यादव ,डुबान प्रभावित क्षेत्र के ग्राम माटेगहन के कई हितग्राही सहित स्वालंबी बनने ,नवाचार हेतु प्रयासरत महिला समूह ,स्वास्थ्यगत समस्याओं के कारण आर्थिक समस्याओं को सामना करने वाले धमतरी विधानसभा क्षेत्र के जरूरतमंद शामिल है ।

# 12 जनजातियों को अनुसूचित जाति में शामिल किए जाने पर तुमगांव के सांवरा डेरा पहुंचे चोपड़ा

**महासमुंद,**31 जुलाई (देशबंधु)। पूर्व विधायक एवं चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक व भारतीय जनता पार्टी के नेता डॉ विमल चोपडा ने 12 जनजाति समुदायो को अनुसूचित जनजाति सूची में शामिल करने संवैधानिक अधिकार व लाभ प्रदान करने कानून बनाने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होने कहा कि आजादी के बाद से लिपिकीय त्रुटि के कारण 70 वर्ष से अपने संवैधानिक अधिकारो और आरक्षण के लाभ से वंचित 12 प्रमुख समुदाय को अनुसूचित जनजाति में शामिल कर लिया गया । राज्यसभा से भी यह विधेयक पारित होने के बाद अब कानून बन गया है। छत्तीसगढ में निवासरत आदिवासी समुदायों के लिए अपितु देशभर में निवासरत 700 जनजाति समुदायो के लिए ऐतिहासिक है। जिन 12 जातियो को सूची में लाने के लिए यह संशोधन प्रस्ताव लाया गया है, उनमें से 10 जातियां लिपिकीय त्रुटियो के कारण वंचित थी । छत्तीसगढ में राष्ट्रपति का दत्तक पुत्र कही जाने वाली विशेष पिछडी पण्डो जनजाति भी शामिल है। 12 जनजातियो को मोदी सरकार द्वारा अनुसूचित जाति में शामिल किए जाने पर डॉ चोपडा ने तुमगांव के वार्ड क्रण् 02 संवारा डेरा बस्ती में जाकर उन सभी का अभिनंदन किय गया । इस अवसर पर



मंडल अध्यक्ष पप्पू पटेल ,किसान मोर्चा महामंत्री द्रोणाचार्य साहू, मीडिया प्रभारी डोमार पटेल, पूर्व पार्षद पुष्कर यादव ,युवा नेता भुनेश्वर साहू, पवन निषाद ,शोभा देवार, कृष्णा नेताम, गंगा संवारा उपस्थित थे। डॉ चोपडा ने सूची में शामिल जातियो का विवरण दिया । भारिया भूमिया के समानार्थी भूईया ,भूईयाएँ भूयाएं धनवार के समानार्थी धनुहार, धनुवार ,नगेसिया नागासिया के समानार्थी किसान, सावर, सवरा के समानार्थी सौंरा ,संवरा, धांगड के साथ प्रतिस्थापित करते हुए सुधार बिझियाएं कोडाकू के साथ साथ कोडाकू, कोध के साथ साथ कोंद ,भरिया, भारिया ,पंडाऐ पण्डाऐ पन्डो को जनजाति वर्ग में शामिल किया गया है।

# सीसी रोड के लिए भूमिपूजन



**महासमुंद,**31 जुलाई (देशबंधु)। शहर के मूलभूत सुविधाओं का विस्तार करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने वार्ड नंबर 12 और 29 सड़क कांक्रीटीकरण का भूमि पूजन किया। नगर पालिका अंतर्गत वार्डों निरंतर विकास कार्य जारी है। इसी कड़ी में पिटियाझर वार्ड क्रमांक 12 और ए वार्ड क्रमांक 29 केन्द्रीय विद्यालय पहुंच मार्ग पर कांक्रीटीकरण सड़क का नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने पार्षदों की मौजूदगी में भूमि पूजन किया। इस दौरान नपाध्यक्ष ने कहा शहर की मूलभूत सुविधाओं को और बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ का चहुंमुखी विकास हुआ है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ में लोगों का जीवन स्तर उठाने के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही है। मुख्यमंत्री ने शहरी विकास पर जोर दिया है। इसी लिए शहर के वार्डों में सड़क, नाली, पेबर ब्लाक बिछाया जा रहा है। इस अवसर पर पार्षद निखिलकांत साहू, डमरूधर मांझी सहित वार्डवासी मौजूद रहे।

# पेंड्रावन जलाशय मे 13 फीट पानी

**खरोरा,** 31 जुलाई (देशबन्धु)। पेंड्रावन जलाशय बंगोली मे बारिश से 13 फीट पानी जलभराव हुआ है। जलाशय से दर्जन भर से अधिक ग्रामों मे सिंचाई होती है । यह जलाशय बंगोली क्षेत्र के जीवनदायिनी है जिसके बदौलत अकाल दुकाल समय मे भी इस जलाशय से पानी मिला है तथा किसानों ने धान की पैदावरी ली है। इस वर्ष भी किसानों को चिंता करने की जरुरत नही है ,पेंड्रावन जलाशय व गंगरेल बॉध दोनों बॉध से कृषि कार्य समय पर पूरा होंगे ।



# नामावली के प्रारंभिक प्रकाशन हेतु 2 को विशेष ग्राम सभा

**महासमुंद,**31 जुलाई (देशबंधु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक ने आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2023 की तैयारियों के तहत फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियो का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अहर्ता तिथि 1 अक्टूबर 2023 के संदर्भ में तिथियां निर्धारित की है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन के लिए 2 अगस्त निर्धारित है। दावा आपत्ति प्राप्त करने की तिथि 2 अगस्त से 31 अगस्त तक और मतदान केंद्र स्तर पर विशेष शिविरों का आयोजन 12, 13, 19 एवं 20 अगस्त निर्धारित है। निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन 4 अक्टूबर निर्धारित है। कलेक्टर श्री मलिक ने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायतों को परिपत्र जारी कर नामावली के प्रारंभिक प्रकाशन 2 अगस्त को ग्राम स्तर पर ग्राम सभा का आयोजन कर निर्वाचक नामावली के सभी संबंधित भागों का वाचन बूथ लेवल अधिकारियों के माध्यम से करने कहा है। साथ ही पुनरीक्षण अंतर्गत निर्धारित कार्यक्रम का व्यापक प्रचार.प्रसार कर जागरूकता बढ़ाने कहा है। जिससे कि निर्वाचक नामावलियों को शुद्ध एवं त्रुटिरहित बनाया जा सके। उन्होंने सभी जनपद सीईओ को अपने क्षेत्र के सभी ग्रामों में 2 अगस्त को विशेष ग्राम सभा का आयोजन हेतु अपने स्तर से निर्देश प्रसारित करते हुए आयोजित ग्राम सभा में की गई कार्यवाही का पालन प्रतिवेदन से अवगत कराते हुए उपलब्ध कराने सुनिश्चित करने कहा है। मुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देशानुसार 2 अगस्त विशेष ग्राम सभा में मतदाता जागरूकता अभियान हेतु संकल्प लिया जाएगा ।अपने आसपास 18 वर्ष हो चुके और जिनका नाम मतदाता सूची में छूट गया है उन्हें जोड़ने के लिए संकल्प लिया जाएगा ।

# बेल्दार सिवनी में 51 पार्थिव शिवलिंग का किया रूद्राभिषेक



**खरोरा,** 31 जुलाई (देशबन्धु)। दीदी मां प्रज्ञा भारती ने महा रुद्राभिषेक करवाया। बेल्दार सिवनी। मैं इस भक्ति में आयोजन में पूरे ग्रामवासी मौजूद थे । यह महादेव की प्राचीन मूर्ति है जिसका साल में तीन बार रूप बदलता है। इस भक्तिमय आयोजन में पूरे स्वागत भी किया गया। प्रदेश मंत्री ग्रामवासी मौजूद थे। यहां महादेव की बबलू शर्मा ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने पूर्व चला रहे तीर्थयोजना को बंद करके बहुत गलत किया है । जिसका साल में 3 सरकार ने पूर्व में चल रहे तीर्थ बार रूप बदलता है। यहां दीदी मां प्रज्ञा भारती के सानिध्य में 51 पार्थिव का अभिषेक भक्तों ने किया । ग्राम के सरपंच मुकेश वर्मा के साथ सभी पंच भी मौजूद थे । शोभा यात्रा को पूरे गांव में भ्रमण करवाया गया । बेल्दार सिवनी का महादेव प्राचीन काल का है। । ग्राम के बुजुर्ग और किसानों का साफि गमछा से स्वागत भी किया गया । प्रदेश मंत्री खिलावन बबलू शर्मा ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने पूर्व में चल रहे तीर्थ योजना को बंद करके बहुत गलत किया है । लोग महा रुद्राभिषेक में शामिल होकर बहुत खुश हैं । आयोजन में राजकुमार ठाकुर , रूपेण कटरिया, सरजू साहू, नद पाल, खेमनाथ नायक, शामिल थे।

प्रादेशिकी
रायपुर मंगलवार, 1 अगस्त 2023

**कलेक्ट्रेट सारंगढ़ में कल से होगी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक**

**बिलाईगढ़,** 31 जुलाई। मतदान केंद्रों के युक्तियुक्तकरण विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम एवं मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन के संबंध में 2 अगस्त 2023 को शाम 4 बजे कलेक्ट्रेट सारंगढ़ के सभाकक्ष में सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई है।

देशबन्धु 

# सरयू साहित्य द्वारा अखंड मानस पाठ रामचरित गुणगान

## पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में एक दिवसीय अखंड मानस पाठ, लक्ष्मीनारायण मंदिर में अनुष्ठान



**भाटापारा,** 31 जुलाई (देशबन्धु)। परम पावन मास पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य मे भाटापारा मे विभिन्न आयोजनों की श्रृंखला निरंतर जारी है,इसी कड़ी मे सर्व सरोकारों से जुडी हुई रचनात्मक आयोजनों के माध्यम से विविध संदेश का प्रसार करने वाली संस्था सरयू साहित्य परिषद द्वारा श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर मे भव्य धार्मिक अनुष्ठान किया गया।

**अखंड मानस पाठ का आयोजन**

एक दिवसीय अखंड मानस का शुभारंभ पूजन अर्चन से हुआ जिसके तहत पं दुर्गा प्रसाद तिवारी के सानिध्य मे परिषद के अध्यक्ष गौरीशंकर जी शर्मा, प्रवक्ता मुकेश शर्मा दिनेश शर्मा सहित उपस्थित समस्त जनों द्वारा भगवान का पूजन अर्चन किया गया, उसके बाद विधिवत ढंग से श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर मे मानस का सस्वर पाठ प्रारंभ हुआ।

**बड़ी संख्या में रही भागीदारी**

शनिवार को प्रारंभ हुआ मानस पाठ अनवरत दूसरे दिन रविवार तक जारी रहा,चहुंओर भक्तिमय वातावरण निर्मित करते हुए इस आयोजन मे महिलाओं की भी बड़ी संख्या मे भागीदारी रही, संगीत के साथ मानस के दोहा चौपाई के पठन से समूचा वातावरण राममय रस मे सराबोर नजर आया,रविवार को मानस पाठ का समापन भगवान राम दरबार के पूजन आरती से हुआ,उसके उपरांत प्रसादी वितरण किया गया।

**मानस गान आख्यान प्रश्नावली**

अखंड मानस पाठ के समापन के पश्चात प्रत्येक रविवार को आयोजित मानस गान एवं आख्यान की कड़ी प्रश्नावली पर चर्चा प्रारंभ हुई जिसके तहत परिषद के प्रवक्ता मुकेश शर्मा द्वारा प्रश्नों की त्रिवेणी को रखा गया,जिसके तहत मानस किंकर पं राम प्रताप शुक्ला एवं विमल तिवारी चित्रकूट द्वारा प्रस्तुत किये गये चिंतन शील विचार को मद्देनजर करते हुए परिषद के अध्यक्ष गौरीशंकर जी शर्मा द्वारा निष्कर्ष प्रस्तुत किये गये जिसके तहत नाग पंचमी में भगवान भोलेनाथ के गले में स्थित नागदेव की पूजा की जाती है जिससे शिव जी प्रसन्न होते हैं और पूजा करने वाले भक्तों को सुख शांति समृद्धि प्रदान करते हैं। इसके अलावा अनेकानेक पौराणिक कथायें है। द्वापर में इसी दिन जमुना में स्थित जानक नाग को उनकी पत्नी के कहने पर इस शर्त पर छोड़ा था कि आज से किसी को नुकसान नहीं पहुचायेगा।तभी से नाग पंचमी मनाई जाती हैं।भगवान शिव सती के वियोग में विवाह नहीं करना चाहते थे। विवाह प्रभु श्री राम जी के कहने पर किया। माता पार्वती को देवर्षि नारद द्वारा मंत्र दिये जानें के संबंध मे विभिन्न धारणाएं है,जिसके तहत यह भी माना जाता है कि माता पार्वती को नारद जी द्वारा ऊं नमः शिवाय का मंत्र प्राप्त हुआ।

# विभिन्न ग्रामों की बैठक में शामिल हुए सतीश



भाटापारा, 31 जुलाई। भाटापारा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बिनैका, अवरेठी एवं लांजा में बूथ कांग्रेस कमेटी पदाधिकारी,सदस्यों, कांग्रेसजन के साथ बैठक में शामिल हुए श्री सतीश अग्रवाल जी, (सदस्य निगम मंडल छत्तीसगढ़ शासन), श्री अग्रवाल जी द्वारा बूथ स्तर पर जाकर कार्यकर्ताओं की बैठक ले रहे हैं7एक एक बूथ के कार्यकर्ताओं से सभी प्रभारियों से मुलाकात और उनसे बात किये, जिससे कांग्रेस बूथ स्तर पर और मजबूत हो सके ताकि आगामी भाटापारा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी की विजय हो7बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं ने कुछ समस्याएं भी बताई है7 जिनके निराकरण का आश्वासन दिया गया है, कार्यकर्ताओं ने प्रदेश में दोबारा कांग्रेस की सरकार बनाने के लिए जी तोड़ मेहनत करने का वादा किया है7 इस दौरान सिमगा ब्लॉक अध्यक्ष के.के नायक,लखन वरिष्ट कांग्रेसी,दाऊराम यदु,झाड़ूराम साहू,धरम वर्मा, हृदय ध्रुव, बलदाऊ चंद्रवंशी,राधेश्याम वर्मा,शिव चंद्रवंशी,होरीलाल ध्रुव,परदेशी ध्रुव,चैतु राम,अशोक वर्मा,आनंदी ध्रुव,नीलकंठ वर्मा,भूषण यादव,देवेन्द्र ध्रुव,बसंत वर्मा,रोहन वर्मा,गणेश साहू,रवि साहू,अजय जोशी,कान्हा जोशी,दानेश्वर जोशी,रवि कुमार जोशी,अमन कुमार जोशी,मनोज कुमार साहू,लिकेश जोशी,धर्मेन्द्र सोनी,मनीष यादव,राजा जोशी,अनिल यादव,पंकज,विक्रम जोशी,आदित्य जोशी,योगेश जोशी,बैशाखू साहू, अर्जुन साहू,हरिराम साहू,राजकुमार साहू,नरेश कुमार साहू,दिनेश साहू,प्रह्लाद साहू,रोशन यादव,सोहन वर्मा,छविराम साहू,समेलाल साहू,तोरण साहू ,नरेश लहरे,बेनीराम साहू,गोपाल साहू,अशोक रात्रे,भरत यादव,चंद्रशेखर साहू,केदार मिश्रा, तिलक लहरे,जिनेन्द्र भारती व अन्य कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# मतदाता महासंपर्क अभियान के तहत भाजपा कार्यकर्ता बांट रहे हैं अभिनंदन पत्र



**लवन,** 31 जुलाई। प्रदेश भाजपा के आदेश अनुसार जिलाध्यक्ष एवं मंडल अध्यक्ष निर्देशन एवं मार्गदर्शन में भारतीय जनता पार्टी मंडल लवन के कार्यकर्ताओं द्वारा शक्ति केंद्र ग्राम डोंगरीडीह बूथ सिंघारी गांव में नव मतदाता महासंपर्क अभियान के तहत नया मतदाताओं से उनके घर घर जाकर मिलकर उन्हें अभिनंदन पत्र देकर सम्मानित किये इस दौरान कार्यकर्ताओं द्वारा उन्हें केंद्र के भाजपा सरकार के जन कल्याणकारी योजनाओं से भी अवगत कराए इस अवसर पर महामंत्री पंकज अग्रवाल ,शक्ति केंद्र प्रभारी एवं युवा मोर्चा मंत्री सर्वेन्द्र साहू ,चक्रधारी वर्मा, कार्तिक मानिकपुरी ,रूपलाल, सहसंयोजक सम विवेक दास बूथ अध्यक्ष फुलसाय, दिल चंद साहू,योगेश साहू, उपस्थित रहे।

# प्रदेश अल्पसंख्यक विभाग की नई कार्यकारिणी की घोषणा

**भाटापारा**, 31 जुलाई (देशबन्धु)। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस अध्यक्ष, मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ प्रभारी कुमारी सैलजा जी, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी, अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, उपमुख्यमंत्री टी.एस.सिंहदेव, छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, सहप्रभारीगण चंदन यादव, सप्तगिरी उल्का, विजय जांगिड़ जी, प्रभारी महामंत्री (संगठन/प्रशासन) रविघोष के आदेशानुसार एवं अल्पसंख्यक विभाग छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी निज़ामुद्दीन राईन, सहप्रभारी रउफ मो. आसिफ पाशा तथा छत्तीसगढ़ प्रदेश अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष श्री अमीन मेमन जी के अनुमोदन से छत्तीसगढ़ प्रदेश अल्पसंख्यक विभाग की नई कार्यकारिणी की घोषणा कर सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों की नियुक्ति के आदेश जारी कर दिए गए है, जो तत्काल प्रभाव से लागू होंगे ।

प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक विभाग अमीन मेमन ने सूची जारी करते हुए सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई सन्देश दिया एवं मिशन 2023-24 में अब की बार 75 पार का लक्ष्य लेकर विधानसभा चुनाव में पूरी ताकत के साथ कार्य करने की अपील की है ।


अभिषेक मोदी जसकरण राणा सरीफ खान आदील चनिजा

छत्तीसगढ़ जैन समाज एवं युवाओ में विशेष स्थान रखने वाले युवक कांग्रेस के पूर्व प्रदेश प्रभारी महासचिव अभिषेक मोदी को जिला अध्यक्ष के स्थान पर नियुक्त किया गया है और पूर्व में जिला अध्यक्ष के पद पर रहे जसकरण सिंह राणा को प्रदेश महासचिव, पूर्व पार्षद सरीफ अब्बास खान को प्रदेश महासचिव एवं मो. आदील चनिजा को प्रदेश सचिव का दायित्व सौपा गया है । प्रदेश अध्यक्ष ने यह नियुक्ति शीर्ष नेताओ से राय सुमारी व जमीन स्तर में दौरा कर किया है ,वही जिले में इस संगठनात्मक फैसेले से हर वर्ग के युवाओ में, कांग्रेस जनों में हर्ष व्याप्त करते सभी ने खुशी जाहिर की है। जहाँ जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री हितेन्द्र ठाकुर, पूर्व विधायक श्री चैतराम साहू, कृषक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष श्री सुरेंद्र शर्मा, पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष श्री शैलेश नितिन त्रिवेदी, अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य गणेश सिंह ध्रुव,निगम मण्डल आयोग के सदस्य सतीश अग्रवाल,विधायक प्रत्याशी रहे सुनील महेश्वरी, कृषिउपज मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा, निगम मण्डल सदस्य श्री आलोक मिश्रा, सिंधी अकादमी बोर्ड के सदस्य श्री रोशन हबलानी, जिला कांग्रेस पदाधिकारी, ब्लॉक कांग्रेस पदाधिकारी, युवा कांग्रेस, एन एस यू आई ,महिला कांग्रेस आदि समस्त प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं देते संगठन के प्रति ऊर्जा के साथ कार्य करने कांग्रेस पार्टी को मजबूती प्रदान करने की बात कही। वही नव नियुक्त पदाधिकारियों ने प्रदेश के शीर्ष नेताओ का व प्रदेश अध्यक्ष श्री अमीन मेमन का,सभी जिले के मार्गदर्शकों का, सभी शुभ चिंतक व पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओ एवं का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## सार-संक्षेप

### विधि विभाग प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने दीपक बैज का स्वागत किया



**पिथौरा,** 31 जुलाई। प्रदेश कांग्रेस कमेटी विधि विभाग के प्रदेश महामंत्री अधिवक्ता शिवेश सिंह भैया मीडिया प्रभारी रमेश शर्मा भैया प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अधिवक्ता सगा राम कोर्राम जिला कांग्रेस कमेटी विधि विभाग कोंडागांव के अध्यक्ष वलय राहा एवम में स्वयम अधिवक्ता गौरव जैन प्रदेश सचिव प्रदेश कांग्रेस कमेटी विधि विभाग को कल दीपक बैज भैया अध्यक्ष प्रदेश कांग्रेस कमेटी छ ग से मुलाकात कर संगठन और एकता पर चर्चा की। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज जी से संसदीय सचिव एवं खल्लारी विधायक आदरणीय द्वारिका धीश यादव जी उनके निवास पहुच कर प्रदेश अध्यक्ष बनने पर बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किए।

## निधन

### विमलचंद तिवारी



**दुर्ग**, 31 जुलाई। केलाबाड़ी निवासी शहर जिला कांग्रेस महामंत्री विमल चंद तिवारी का आज सुबह निधन हो गया। अंतिम संस्कार कर दिया गया। वे अंजल व अंशुल के पिता थे।

# भूतेश्वरनाथ मंदिर में चौथे सोमवार को उमड़ी भीड़

**गरियाबंद,** 31 जुलाई (देशबन्धु)। जिले के प्रसिध्द धार्मिक स्थल भूतेश्वरनाथ मंदिर में सावन के चौथे सोमवार को पूरे दिन शिव भक्तों और श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी है। सुबह पांच सुर्यास्त की पहली किरण के साथ गरियाबंद सहित प्रदेश के दूरस्थ जिलो से हजारो की संख्या में पहुँचे कावरियो, शिव भक्तो और श्रद्धालु यहां श्रध्दाभाव भगवान शिव का जलाभिषेक किया। भगवान शिव के अर्धनारेश्वर रूप के दर्शन कर आस्था और विश्वास के इस मंदिर मे अपने मनोकामना पूर्ति की प्रार्थना की। इस दौरान भगवान शिव को प्रसन्न करने भक्तो बेल पत्र, दूध, दही, घी, पंचमेवा का अर्पण किया। मालूम हो कि इसके पहले रविवार को भी यहां ऐतिहासिक भीड़ रही। इसके पहले सोमवार को पूरे दिन भूतेश्वरनाथ मंदिर सहित सभी शिवालयो में शिव भक्तो की भीड़ रही। विशेषकर भूतेश्वर मंदिर मार्ग में लगातार श्रध्दालु और कावरियो का जत्था देखने को मिला है। बोल बम के जयकारो और भगवान शिव की अराधना करते कावरिया जल लेकर आगे बढ़ते दिखे। इस बीच कई श्रध्दालु भगवान शिव की तरह वेशभूषा धारण किए नजर आए। सोमवार को भी यहां रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, नागपुर, धमतरी, महासमुंद, कोरबा, जांजगीर चापा सहित कई जिलो से शिव भक्त दर्शन हेतु पहुँचे थे। दूसरी ओर यातायात वं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूरे दिन पुलिस प्रशासन यहां तैनात रहा। वाहनो की सुव्यस्थित पार्किंग, भीड़ को नियंत्रण करने और आवाजाही को सुलभ करने में पुलिस ने अहम भूमिका निभाई। थाना प्रभारी राजेश मिश्रा भी पूरे दिन अपने टीम के साथ तैनात रहे। जिसके चलते यहां शातिमय वातावरण रहा। किसी प्रकार की अप्रिय घटना नही हुई। इधर दूर दराज से आए कांवरियो के लिए भूतेश्वरनाथ सेवा समिति ने प्रसादी की व्यवस्था की। समिति के दीप सिन्हा, अजय सिन्हा, पंकज सिन्हा, गौरव पटेल, सूरज सिन्हा, प्रीत सोनी, विक्की सिन्हा, क्षितिज गुप्ता, अनुराग केला, सिनु ठाकुर, नमन सेन, तरुण देवांगन, रिक्की गुप्ता, कमलेश कक्कु, गोलू सोनी, तनमय साहू, राहुल सोनी, पीयूष सिन्हा, आकाश सिन्हा, विक्की साहू, आदित्य साहू, भानु राजपूत, सौरभ पांडे, टिकम सिन्हा, प्रतीक्षा यादव, मिन्नी यादव, तरुण यादव, अंकित यादव, नमन सिन्हा, पूनम देवांगन, सौरभ साहू, तुलसीराम, श्रीजल गुप्ता, शानू निकेश सिन्हा, लक्ष्य साहू सहित अन्य युवाओ ने चाय, पोहे और प्रसाद का वितरण कियां। समिति द्वारा बुजुर्ग और दिव्यांगो के लिए निशुल्क ऑटो की भी व्यवस्था की गई।



# अनियमितता पाए जाने पर तीन व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को जारी किए गए नोटिस

**बिलाईगढ़,** 31 जुलाई (देशबंधु)। कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी के निर्देशानुसार जिले के किसानों को सुगमतापूर्वक एवं गुणवत्तायुक्त कृषि आदान बीज, उर्वरक, कीटनाशक औषधि की उपलब्धता सुनिश्चित करने जिला स्तरीय निरीक्षण दल गठन किया गया है। उप संचालक कृषि ने बताया कि निरीक्षण दल के द्वारा जिले में संचालित अनुज्ञप्ति धारी विक्रेताओं के अलग-अलग 5 प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में अनियमितता पाए जाने पर 3 प्रतिष्ठानों को नोटिस जारी किया है तथा तीन दिवस में जवाब प्रस्तुत करने हेतु निर्देश किया गया है।



बिलाईगढ़ में मेसर्स मनोज किराना के नाम से रासायनिक खाद एवं कीटनाशी का व्यापार किया जा रहा था। पीओएस एवं भौतिक स्टॉक में अंतर, समस्त प्रकार की पंजी, सही फॉर्मेट में संधारित नहीं होना, मूल्य स्टॉक सूची प्रदर्शित नहीं करना, पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध नहीं होना, कीटनाशी संबंधित कैश मेमो, स्टॉकबुक, प्रदर्शन बोर्ड आदि नहीं होना पाया गया। इसी तरह सारंगढ़ के ग्राम छिन्द में मेसर्स पटेल कृषि केंद्र में कीटनाशी व्यापार संबंधी आवश्यक दस्तावेज निरीक्षण के दौरान प्रस्तुत नहीं कर पाए, जिस कारण तीन दिवस में सभी दस्तावेज तैयार कर प्रस्तुत करने निर्देशित किया गया। उन्होंने बताया कि जिले में उर्वरक निरीक्षक एवं निगरानी दल द्वारा सतत औचक निरीक्षण किया जा रहा है, अनियमितता पाये जाने पर एफसीओ 1985, कीटनाशी अधिनियम 1968 एवं 1971 तथा बीज अधिनियम 1966 के तहत कार्यवाही की जाएगी। निरीक्षण दल में जिला निरीक्षक जयप्रकाश गुप्ता, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी सुलेमान एक्का सहित कृषि विस्तार अधिकारी शामिल थे।

## प्रादेशिकी का शेष...

### हजारों कांवरियों ने किया ...

के मुख्य जजमान होली लाल पांडे ने बताया कि अधिमास के दूसरे सोमवार व सावन मास के चौथे सोमवार को बाबा बम्हनेश्वृ नाथ का कपूर युक्त जल से अभिषेक किया गया। यहां आज के जजमान के रूप में महासमुंद निवासी द्वारका चंद्राकर सपरिवार पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि पांचवे सोमवार को गंगाजल से अभिषेक किया जाएगा। सावन माह में प्रत्येक सोमवार को अलग.अलग सामग्रियों से भोलेनाथ का अभिषेक किया जा रहा है। अब तक गन्नारस, भांग व दूध से अभिषेक किया जा चुका है। कनेकेरा, दलदली समेत नदी व तालाब किनारे स्थित शिव मंदिरों में भी शिव भक्तों का रेला दिन भर लगा रहा।

### तुमगांव में उप तहसील...

के समय और पैसे दोनों की बचत होगी। साथ ही इस क्षेत्र के लोगों को अपने राजस्व मामलों को सुलझाने में सुविधा होगी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ओमप्रकाश यादव, कपिल यादव, राधेलाल सिन्हा, गौतम सिन्हा, मानिक साहू, विजय बांधे, पोखन साहू, गजेंद्र साहू, शैलेंद्र सेन, बीआर नायक, राजेश चंद्राकर, सिद्वांत साहू, थानूराम साहू, रविंद्र चंद्राकर, ममता अहिरवार, हेमिन धीवर संतोष धीवर सहित अधिकारी.कर्मचारी मौजूद थे।

### पारंपरिक खेलों के प्रति...

सकेंगे.

श्री होरा ने राजीव युवा मितान क्लब के युवाओं से संवाद भी किया। उन्होंने कहा कि आप सभी सांस्कृतिक कार्यक्रम करें, साथ ही शासकीय योजनाओं का प्रचार प्रसार भी करें ताकि अधिकतम लोगों तक इसकी जागरूकता हो और वे इसका लाभ ले सकें। कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से वसीम कुरैशी, घमेश्वरी साहू,अमरदीप साहू,दयाराम साहू,विशाल शर्मा, अभिमन्यु सिन्हा, विक्रांत शर्मा, गजेंद्र कुम्भकार, राम स्वरूप साहू,देवलाल साहू,चेतन यदु,हरीश चंद्राकर,पन्ना लाल साहू राजेंद्र साहू,राजीव युवा मितान क्लब के सदस्य गण,8 ग्रामो से आये खिलाड़ी,दर्शक गण एवम ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम को वसीम कुरैशी, दया राम ,घमेश्वरी साहू एवम अभिमन्यु सिन्हा ने भी संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेलों को प्रोत्साहित करने, खेलों के प्रति जागरूकता फैलाने, खिलाड़ियों को मंच प्रदान करने और खेल भावना का विकास करना इसका उद्देश्य है.

### प्रेमचंद की कहानी...

लिखित उपन्यास समाज में उर्जा दे रही है।

शायर जितेंद्र सुकुमार साहिर ने अपने वक्तव्य में कहा आज देश और दुनिया जिसे हिंदी उपन्यास का सम्राट मानती है कभी उसने शुरुआत उर्दू साहित्य से नवाब राय के नाम से लिखना शुरू किया बाद में उनकी मुलाकात मुंशी दयानारायण निगम से हुई फिर दोनों ने मिलकर पत्रिका का संपादन भी करने लगे। दोनों की जोड़ी ने साहित्य में नया कीर्तिमान रचा। कई बार पाठकों को धोखा हुआ मुंशी प्रेमचंद एक है। प्रेमचंद ने ग्रामीण परिवेश को अपनी कहानी के माध्यम से बहुत ही शानदार चित्रित किया है। उसके द्वारा लिखित पूस की रात,बूढ़ी काकी को पढ़ने से ही चित्र मस्तिष्क पटल पर अंकित हो जाता है। उनकी कहानी एवं उपन्यास के पात्र आज भी लोगों के जेहन में जिंदा है।

प्रसिद्ध व्यंग्यकार संतोष सेन ने कहा कि जीवन एक बराबर नहीं रहता। प्रेमचंद के जीवन भी कई बार विवादों से घिरा रहा। लेकिन उनकी साहित्य साधना अनवरत चलती रही। उनकी लेखनी में संस्कृति और संस्कार पर भी फोकस किया गया है। आभार प्रकट साहित्यकार तुकाराम कंसारी ने किया।

### कलेक्टर ने जन-चौपाल...

प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। साथ ही उन्होनें कहा कि इससे मुझे आवागमन में काफी राहत मिलेगी। इसी तरह आज साप्ताहिक जन चौपाल में कसडोल विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम परसदा एवं ग्राम पंचायत चिखली के सरपंच एव ग्रामीणों द्वारा सीसी रोड निर्माण के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। इसी तरह ग्राम पंचायत कंजिया के आश्रित ग्राम पठियापाली के सरपंच द्वारा अहाता निर्माण की जरूरत बताई जिस पर कलेक्टर श्री कुमार ने जांच कर कार्रवाई के आश्वासन दिए है।

### नपा अध्यक्ष चित्तावर एवं पार्षदों...

तिवारी मिक्की, राजू सलूजा, रविन्द्र नामदेव, संतोष साहू, पप्पू सलूजा, अधिवक्ता डी.आर. साहू, रामनरेश मिश्रा व नगर पालिका के कर्मचारीगण गणेश पाड़े, कैलाश सोनी, रजनीश मिश्रा, सालिक राम वर्मा, गैंदकुमार विश्वकर्मा, गुरूदत्त तिवारी सहित वार्डवासी एवं नागरीकगण उपस्थित थे।

# जिला संगठन मंत्री बने युवराज सिन्हा



**फिंगेश्वर,** 31 जुलाई। स्थानीय सिन्हा भवन नगर पंचायत फिंगेश्वर जिला गरियाबंद सिन्हा समाज भवन में जिला स्तरीय कार्यकारिणी बैठक आयोजित किया गया ।बैठक में युवा मंच के प्रदेश अध्यक्ष डागेश्वर सिन्हा, महामंत्री तेखन सिन्हा के निर्देश पर समाज के जिलाध्यक्ष अवध राम सिन्हा की अनुमति से कलार समाज युवा मंच जिला कार्यकारिणी का गठन युवा मंच जिलाध्यक्ष वंश गोपाल सिन्हा द्वारा किया गया ।कार्यकारिणी उपाध्यक्ष दयाशंकर सिन्हा ,पीलेश्वर सिन्हा राजीम ,जिला मंत्री मोहेंद्र सिन्हा छुरा,कोषाध्यक्ष सुरेंद्र सिन्हा देवभोग ,प्रचार मंत्री यूगेंद्र सिन्हा गरियाबंद,जिला संगठन मंत्री युवराज सिन्हा को गरियाबंद पदाधिकारी बनाया गया ।जिसमें सिन्हा समाज भवन फिंगेश्वर मंडलेश्वर श्री ओम प्रकाश सिन्हा, हुकुम लाल सिन्हा सरपंच प्रतिनिधि ,नीरज गजेंद्र जिलाध्यक्ष महासमुंद सिन्हा समाज ,मनोज सिन्हा पिछड़ा वर्ग आयोग सदस्य छुई खदान, उमेश न शीनें महासमुंद समाजसेवी ने युवराज सिन्हा फिंगेश्वर को पुष्प माला पहनाकर स्वागत कर प्रशस्ति पत्र सम्मान दिया गया।

# गोस्वामी समाज सामुदायिक भवन का भूमिपूजन संपन्न



**राजिम,** 31 जुलाई। समीपस्थ ग्राम नांगझर में सनातन दशनाम गोस्वामी समाज सामुदायिक भवन हेतु भूमि पूजन संपन्न हुआ। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ सनातन दशनाम गोस्वामी समाज जिला गरियाबंद के लिये सामुदायिक भवन निर्माण हेतु राज्यसभा सांसद सुश्री सरोज पांडेय ने श्रीदत्तात्रेय जयंती समारोह में 05 लाख रुपए देने की घोषणा की थी।उक्त राशि जनपद पंचायत छुरा के माध्यम से ग्रामपंचायत को मिल गई है। जिसके लिये सामुदायिक भवन निर्माण हेतु छत्तीसगढ़ सनातन दशनाम गोस्वामी समाज के जिलाअध्यक्ष काशीपुरी कुंदन, प्रांतीय उपाध्यक्ष रामकुमार गोस्वामी ग्राम पंचायत घटकर्रा के सरपंच प्रेमसिंह ध्रुव, एवं प्रदेश मिडिया प्रभारी कामेश्वर गोस्वामी द्वारा भूमि पूजन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। तत्पश्चात आधार शिला रखी गई। जिसमें प्रमुख रुप से गोस्वामी समाज जिला संरक्षक श्याम गिरी गोस्वामी, उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम गिरी, हरीश पुरी कोषाध्यक्ष संजय पुरी, गोस्वामी, महासचिव भूपेंद्र पुरी गोस्वामी, तथा मीडिया प्रभारी कामेश्वर पुरी गोस्वामी, लवकिशन पूरी, भगवानपुरी, पुखराज पूरी, प्रमोद पुरी, ज्ञानिक सहित अन्य स्वजातीय बंधू मौजूद थे।

# स्वप्न देकर पीपल वृक्ष के गर्भ से प्रकट हुए है आरंग के पीपलेश्वर महादेव





## भक्तों की सभी मनोकामना होती है पूरी

**आरंग,** 31 जुलाई (देशबन्धु)।सावन के पवित्र महीने में देश-प्रदेश के सभी शिवालयों में भक्तों की भीड़ उमड़ती है।वही राजा मोरध्वज की नगरी आरंग में भी शिव मंदिरों पर भक्तों की भारी भीड़ से पूरा आरंग शिवमय हो गया है।आज हम आपको बताते है आरंग के पीपलेश्वर महादेव के बारे में जो 27 फीट की मोटाई वाले पीपल वृक्ष के गर्भ से निकले है।

मंदिरों की नगरी के नाम से विख्यात नगर है आरंग। जहां जगह जगह मंदिर देवालय है। नगर के चारों दिशाओं में अनेक प्राचीन शिवलिंगों का दर्शन होता है। किवदंती अनुसार पहले यहां 107 शिवलिंग होने की चर्चा यहां हर लोगों की जुबान से सुनने को मिलती है।वहीं नगर के उत्तर दिशा में खरोरा मार्ग पर स्थित है पंचमेश्वर पंचमुखी महादेव। जहां भगवान शिव की पांच प्राचीन विशाल स्वयंभू शिवलिंग विद्यमान है। एक ही स्थान पर पांच शिवलिंग होने के कारण यह स्थान पंचमुखी महादेव के नाम से भी जाना जाता है। जो श्रद्धालुओं के लिए जन आस्था का केन्द्र है।

**ऐसे हुआ स्वयंभू पीपलेश्वर महादेव की उत्पत्ति**-स्थानीय लोगों के अनुसार सत्तर साल पहले फिरंता लोधी नाम का एक शिवभक्त व किसान था।जो पंचमुखी महादेव स्थल पर पूर्व से स्थापित चार शिवलिंगों की पूजा अर्चना करता था।और वहीं पर स्थित एक विशाल पीपल में प्रतिदिन जल चढ़ाता था।तभी पीपल वृक्ष के गर्भ में स्थित भगवान शिव ने भक्त फिरंता लोधी को बाहर निकालने के लिए बार बार स्वप्न देने लगा। उन्होंने लोगों को इसकी जानकारी दी तो किसी ने उनकी बातों पर ध्यान नही दिया। बल्कि उन्हे बुरा भला व अपशब्द कहने लगे। उन्होंने इस बात की जानकारी अपने गुरु गोपाल दास को दिया तो उसने बाबा बागेश्वर को पूर्व मुखी होने की बात कहते हुए पीपल के पूर्व दिशा को खोदने का सुझाव दिया। उनके आज्ञानुसार फिरंता ने विशाल पीपल वृक्ष के पूर्व दिशा की खोदाई शुरु कर दिया जहां 11 नवम्बर सन 1952 को भगवान स्वयंभू प्रगट हो गए।तब से यह स्थान पंचमेश्वर पीपलेश्वर महादेव के नाम से विख्यात है।

27 फिट मोटी विशाल पीपल वृक्ष के गर्भ से प्रगट शिवलिंग श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केन्द्र है। इतना विशाल पीपल वृक्ष और उनके गर्भ से प्रगट शिवलिंग कहीं और देखने सुनने को नही मिलता।इस कारण इसका महत्व और भी बढ़ जाता है। भगवान शिव के साथ साथ पीपल का वृक्ष भी लोगों के लिए कौतूहल व आकर्षण का केन्द्र है।मंदिर परिसर में विशाल प्राचीन बाऊली है जिसमें वर्ष भर जल भरा रहता है।जिसमें का जल सदैव ठंडा रहता है। स्थानीय लोग बताते है फिरंता लोधी ही यहां पीपल से भगवान शिव के प्रगट होने के पश्चात् जल अर्पण हेतु यहां कुंआ खोलने लगे।तभी खोदाई के दरम्यान चालीस फिट गहरी विशाल बावली निकल गई। जिसमें नीचे तक सीढ़ी बना हुआ है।यहां आने वाले श्रद्धालु जल से शुद्ध होकर भगवान शिव का दर्शन करते है।

मंदिर के संचालक और पुजारी शत्रुघ्न लोधी ने बताया की पांचों शिवलिंग काले पत्थरों से निर्मित है। पीपल के नीचे स्थित शिवलिंग के ऊपरी भाग गोलाकार व नीचे का भाग अष्टकोणीय है।सभी शिवलिंगो का आकार विशाल है। परिसर में ही तीन शिवलिंग एक जगह पर स्थापित था। जहां वर्तमान में जनसहयोग से मंदिर का निर्माण किया गया है। एक शिवलिंग कुछ ही दूर में मंदिर में स्थापित है।यह स्थान आरंग से खरोरा मार्ग पर स्थित होने के कारण हर दिन श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है।हर साल बसंत पंचमी को यहां मेला भी लगता है।

# मुस्लिमजनों ने ताजिया बनाकर हजरत इमाम हुसैन को किया याद



## सादगी पूर्वक मनाया मोहर्रम का त्यौहार

**सरायपाली,** 31 जुलाई (देशबन्धु)।हजरत मोहम्मद साहब के नवासे एवं हजरत अली के बेटे इमामे हुसैन के पूरे परिवार द्वारा हक और इंसाफ के लिए दी गई कुर्बानी को याद करते हुए प्रतिवर्ष मुस्लिमजनों के द्वारा पवित्र माह मोहर्रम में ताजिया बनाया जाता है। इसी कड़ी स्थानीय मुस्लिम जनों के द्वारा सादगी पूर्वक मोहर्रम का त्यौहार मनाया गया। मुस्लिम जमात सरायपाली के अध्यक्ष शाहिद हुसैन ने बताया कि आज से लगभग 1400 वर्ष पूर्व दसवीं मोहर्रम को कर्बला के मैदान में इमामे हुसैन एवं उनके 72 साथियों को शहीद कर दिया गया था। उनकी इस कुबार्नी की वजह से पूरे विश्व के मुस्लिम जन 10 दिनों तक उनकी याद में अपने शहरों व गांवों में उनके बताए हुए बातों का जिक्र करते हैं और उनके बताए मार्ग पर चलने की कोशिश करते हैं। इसी माह से प्रतिवर्ष इस्लामिक नये वर्ष की शुरूवात भी होती है।

दसवें मोहर्रम को मस्जिद में सुबह 9.30 बजे एक विशेष नमाज अदा की गई, जिसे आशुरा की नमाज कहते हैं। उसके बाद पूरे मुल्क में अमन-ओ-शांति और खुशहाली की दुआ मांगी गई एवं कब्रिस्तान जाकर कुरआन शरीफ की तिलावत करके फातिहा देकर सभी मरहूमों को याद किया गया। दोपहर 3 बजे मदरसा निजामिया में जिक्रे शोहदाए कर्बला की महफिल में मुंबई से आये हुए मेहमान हजरत मौलाना मोईनुद्दीन अशरफी साहब के द्वारा हजरत इमामे हुसैन की जीवनी पर आखिरी तकरीर की गई। उक्त कार्यक्रम विगत 10 दिनों से प्रतिदिन रात्रि के समय चल रहा था, जिसका कल समापन हुआ।

इसके पूर्व रहनुमा कमेटी के अध्यक्ष आबिदा खानम की अध्यक्षता में समाज की महिलाओं द्वारा प्रतिदिन 10 दिनों तक मदरसा निजामिया में हजरत इमामे हुसैन की याद में कुरआन ख्वानी की गई।

# सड़क हादसे में कांग्रेस नेता जस प्रतिनिधि की मौत



**पलारी,** 31 जुलाई (देशबन्धु)। पलारी के समीप ग्राम घोटीया के पास सड़क हादसे मे काँग्रेस नेता जनपद सदस्य प्रतिनिधी और छग मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के केन्द्रीय युवा सदस्य नरेश वर्मा का मौत हो गई है।जानकारी के मुताबिक जर्वे निवासी मृतक नरेश वर्मा जस प्रतिनिधि 45 वर्ष दोपहर करीब 1 बजे अपने एक साथी के साथ स्कूटी से किसी काम को लेकर पलारी आ रहा था कि घोटीया के पास अनियंत्रित होकर स्कूटी सहित सड़क किनारे मुह के बल गिर गया जिससे मृतक के सिर और सिने पर चोटे आई है वही उनके साथी विक्रम साहू को भी चोटे आई है।घटना के पता चलते ही घटना स्थल से उन्हे आनन फानन अस्पताल पँहूचाया गया जहाँ इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई मृतक क्षेत्र में काँग्रेस का कद्दावर नेता था उनके मौत की खबर पाकर काँग्रेस जनो ने गहरा दुख व्यक्त किया है।

# राष्ट्रपति व राज्यपाल पीड़ित कौम से ताल्लुक रखते हैं : जीवराखन



**कुरुद,** 31 जुलाई (देशबन्धु)।राष्टपति प्रधानमंत्री पर और राज्यपाल मुख्यमंत्री पर एक्शन ले सकते हैं,लेकिन मणिपुर जघन्य हिंसा पर यह चारों चुप्पी साधे हुए हैं,जबकि राष्टपति और राज्यपाल दोनों ही पीड़ित कौम से ताल्लुक रखते हैं. और दोनों महिला भी हैं. इन पदों की निंदा तो नहीं की जाती,लेकिन आग्रह तो किया जा सकता है. आखिर मणिपुर में इतनी जघन्य हत्याएं और मानवता का बलात्कार होने के बावजूद भी राष्टपति शासन या राज्यपाल शासन क्यों नहीं लगाया गया ?इस मामले में राष्टपति राज्यपाल वर्सेस प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री नजर नहीं आते है .

उपरोक्त बातें सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष जीवराखन लाल मरई ने पत्रकारों से एक मुलाकात में कही है. उन्होंने कहा है कि महामहिम राष्टपति महोदय को जगन्नाथ मंदिर ले जाकर उनकी परीक्षा ले ली थी कि गर्भ गृह में प्रवेश नहीं देने से क्या एक्शन ले सकती है. कुछ भी एक्शन नहीं आया, तो मणिपुर में हिंसा करवाया जा सकता है और वहां राज्यपाल भी राष्टपति की ही कौम से आती है. जीवराखन लाल मरई ने कहा है कि राष्टपति का अधिकार बनता है कि वह मुख्यमंत्री को बर्खास्त कर राष्टपति शासन लागू कर सकते हैं राज्यपाल राष्टपति के प्रतिनिधि हैं वहां राज्यपाल प्रशासन संभालते. आज तीन महीना से भी अधिक हो गए प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री और उसके अमले मानवता को तार-तार होते देख रहे हैं. राष्टपति और राज्यपाल को ऐसी क्या मजबूरी है मणिपुर हिंसा पर एक्शन नहीं ले पा रहे हैं मरई ने कहा है कि बड़े दुख की बात है यह कि वहां सेना भी आतंकियों, हत्यारों और दरिंदों के साथ है उन्हीं कहीं हथियारों से मासूमों को भुना जा रहा है. इससे यह स्पष्ट है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वोटिंग मशीन का खेल समझ चुके हैं,इसलिए तो जनता का तनिक भी भय नहीं है.

# सोशल मीडिया पर प्रकाशमुनि साहेब के नाम फर्जी आईडी से अश्लील फ़ोटो अपलोड

## कबीर पंथियों ने थाना में सौंपा ज्ञापन, कार्यवाही की माँग



**खरोरा,** 31 जुलाई (देशबन्धु)।कबीर पंथ समाज के आचार्य श्री प्रकाशमुनि नाम साहेब कबीर धर्म नगर दामाखेडा के नाम सोशल मीडिया फ़ेसबुक में फ़र्ज़ी आईडी बनाकर अश्लील फ़ोटो अपलोड करने के मामले पर आज कबीर पंथ समाज खरोरा कनकी परिक्षेत्र के लोगों व्दारा थाना पहुँचकर आरोपी पर कार्यवाही हेतू ज्ञापन सौपा गया।

इस दौरान कबीर पंथ समाज से जुड़े लोगों ने बताया की किसी अज्ञात व्यक्ति व्दारा प्रकाशमुनि नाम साहेब के नाम फ़ेसबुक में फ़र्ज़ी आईडी बनाकर लगातार उस आईसी से प्रकाशमुनि साहेब के मान प्रतिष्ठा को बदनाम करने की मंशा से अश्लील फ़ोटो अपलोड कि जा रही हैं। इस दौरान कबीर पंथियों व्दारा जल्द से जल्द इस मामले पर कार्यवाही की माँग कि गईं, वही कार्यवाही नहीं होने की स्थिति में उग्र आंदोलन की चेतावनी दी गईं। इस दौरान प्रमुखरूप से चरण वर्मा, महंत श्री डा संतोष साहेब, लालू साहू, रामनाथ साहू, जीवन वर्मा, संतोष (लालू )वर्मा, राजेंद्र वर्मा, गणेश साहू, महंत नीलकंठ साहेब, दाऊ लाल वर्मा, महेश वर्मा, अशोक वर्मा, आत्मा वर्मा, मोहन साहू, सुनील वर्मा, गैद राम वर्मा, अगेश्वर वर्मा, दुर्गेश वर्मा, धर्मेंद्र चौहान।

# नगर अध्यक्ष ने किया दुग्धाभिषेक



**पलारी,** 31 जुलाई (देशबन्धु)। आज सावन मास के चौथा सोमवार के पावन पर्व पर नगर पंचायत पलारी अध्यक्ष यशवर्धन मोनू वर्मा ने नगर के प्राचीन एवम ऐतिहासिक मंदिर श्री सिद्धेश्वर महादेव जी का दुधाभिषेक कर नगर में सुख शांति और समृद्धि हेतु पूजा अर्चना किए, तथा लड्डू का प्रसाद वितरण किए, इस अवसर पर नगर पंचायत पलारी के पार्षद गण ताजेन्द्र कनौजे, श्रीमति टुकेश्वरी वर्मा, डा जाल, संतोष देवांगन, श्रीमति पुष्पा मोहन बंजारे, श्रीमति सेवती धीवर,रवि ध्रुव, पार्षद प्रतिनिधि कुमार धीवर, पुजारी महाराज एवं नगर वासी गण उपस्थित रहे। आज सावन सोमवार पर दिन भर श्रद्धालुओं का ताता लगा रहा। लोगो ने जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की।

# ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डॉक्टर नायक ने 66 छात्राओं को किया सायकल वितरण



**सिमगा,** 31 जुलाई (देशबन्धु)। स्वामी आत्मानंद उतकृष्ट विघालय हिन्दी माध्यम शा. उ. मा. विघलाय मोहभट्ठा में सरस्वती निशुल्क सायकल योजना वितरण के अंतर्गत शिक्षा सत्र 2023 - 2024 के लिए अनुसूचित जाति 10 अनुसूचित जनजाति के 08 एवं अन्य पिछड़ा वर्ग 48 कुल 66 पात्र कक्षा 9 वीं की छात्राओं को सायकल वितरण किया गया । इस अवसर पर कांग्रेस नेता चंद्रकुमार साहू लखनलाल वर्मा सरपंच अमरीका महिलांग उपसरपंच मनोज वर्मा शाला के प्राचार्य सुन्दर लाल बंजारे कार्यक्रम के संचालक डी सेन व्याख्याता शिक्षक एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे ।

# फुलझर के राजाताजिया पर माथा टेक कर मांगी अमन चैन की दुआ



**सरायपाली,** 31 जुलाई (देशबन्धु)। मोहर्रम के अवसर परफुलझर के राजा बसना विधायक व वन विकास निगम के अध्यक्ष देवेन्द्र बहादुर सिंह अपने परिवार व पुत्रों के साथ मदरसा निजामिया में शाही ताजिया पर माथा टेकने पहुँचे। श्री सिंह ने ताजिया पर नारियल चढ़ाकर सरायपाली, बसना क्षेत्र सहित पूरे प्रदेश में अमन चैन के लिए दुआ मांगी। उन्होंने सामाजिक जनों से अपने पुत्रों का परिचय करवाया और विभिन्न मुद्दों पर समाज हित के लिए चर्चा की। उनके साथ बसना ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय साहू, कांग्रेस नेता अब्दुल नईम लखानी, बाबू भाई जमील हुसैन, शेख वहीद नियारिया, जनाब खान, इसराइल खान, तबारक हुसैन, अय्युब हुसैन, कय्युम हुसैन, शहादत हुसैन, मुकीम हुसैन, आबिद हुसैन, मो. जाहिद रजा, आफताब हुसैन, फारूख हुसैन, शकील हुसैन, अल्ताफ हुसैन, अनीस हुसैन, अल्जार हुसैन, अरबाज हुसैन, अन्शाद हुसैन, अजमल हुसैन, अजमत हुसैन, अल्काश हुसैन, मो. शहीर सहित बड़ी संख्या में सामाजिक जन उपस्थित थे। बुजुर्गों का कहना है कि विगत कई वर्षों से राजमहल सरायपाली की ओर से मुजावर अय्यूब हुसैन व उनके परिवार के द्वारा स्व. वीरेन्द्र बहादुर सिंह व स्व. महेन्द्र बहादुर सिंह के नाम से प्रतिवर्ष जुड़वां ताजिया बनाया जाता है।

# अनिल को मिला उपाध्यक्ष का नियुक्ति पत्र



**खरोरा,** 31 जुलाई (देशबन्धु)। विगत दिनों पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम रायपुर में छ. ग. प्रदेश साहू संघ युवा प्रकोष्ठ एवं रायपुर संभाग युवा प्रकोष्ठ का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन संपन्न हुआ जिसमें पूर्व में मनोनीत पदाधिकारियों को शपथ एवं नियुक्ति पत्र दिया गया अनिल साहू को मिले सामाजिक दायित्वो का समाज के प्रति उनके समर्पण, कर्मठता, निष्ठा एवं जागरूकता को देखते हुए रायपुर संभाग युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष प्रफुल्ल साहू ने उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी प्रदान की हैं द्य गौरतलब हो कि अनिल सोशल मीडिया में काफी सक्रिय रहते हुए समाज की आवाज उठाते रहते हैं इनके इसी समाज के प्रति समर्पण को देखते हुए उपाध्यक्ष बनाया गया है द्य अनिल को उपाध्यक्ष बनाए जाने पर धरसींवा क्षेत्र में खुशी की लहर है साथ ही समाज के लोगों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं द्य बधाई देने वालों में टहल सिंग साहू , संदीप साहू , पवन साहू , प्रफुल्ल साहू , चूड़ामणि साहू , गुलशन साहू, लखेश्वर साहू, मिथलेश साहू, सुखुराम साहू, लक्ष्मण साहू, दुर्गेश साहू, गौरव साहू, नीलकंठ साहू, मुकेश साहू, दिलीप साहू, नोहर साहू, थलेश्वर साहू शामिल है।

# आपदा पीड़ित 2 परिवारों को 8 लाख की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार,** 31 जुलाई (देशबन्धु)। प्राकृतिक आपदा से मृत 2 लोगों के निकट परिजनों के लिए 8 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। प्रत्येक व्यक्ति के लिए 4-4 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। कलेक्टर चंदन कुमार ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत 27 जुलाई 2023 को ये स्वीकृतियां प्रदान की हैं। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार लाभान्वित हितग्राहियों में चित्ररेखा पति स्व. एकादशिया निवासी ग्राम कटगी, तहसील कसडोल एवं चन्द्रशेखर महिलांग पिता मुनिराम महिलांग निवासी ग्राम पेण्ड्री तहसील सुहेला शामिल हैं। हितग्राहियों के निकट परिजनों के तालाब में डूबने, आग में जलने से मौत हो गई थी। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदारों को आरटीजीएस के जरिये पीड़ित लोगों के खाते में राशि जमा करने के निर्देश दिये हैं।

# लाखों वर्ष पूर्व जब भगवान इस पथ पर चले थे तब यह कैसा रहा होगा : राजेश्री महन्त

## राम वन गमन परिपथ समूह के सदस्यों के बलौदा बाजार आगमन पर स्वागत



**पलारी,** 31 जुलाई (देशबन्धु)।राम वन गमन परिपथ के समूह के सदस्यों का आगमन जिला बलौदा बाजार भाटापारा क्षेत्र में हुआ, यहां बलौदाबाजार के स्वामी आत्मानंद विद्यालय परिसर में इनका अभिनंदन महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज, छत्तीसगढ़ कृषक कल्याण परिषद के अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा ,जीव जंतु कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष विद्या भूषण शुक्ला तथा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर सहित अनेक गणमान्य की उपस्थिति में संपन्न हुआ इस अवसर पर भगवान राम, सीता, लक्ष्मण तथा हनुमानजी के प्रतीकात्मक झांकी के रूप में विद्यार्थियों का श्रृंगार किया गया इनका स्वागत करने के पश्चात उपस्थित लोगों को अपना आशीर्वचन प्रदान करते हुए राजेश्री महन्त जी महाराज ने कहा कि राम वन गमन परिपथ का अवलोकन वर्तमान युग में हम सभी कर रहे हैं जिस पथ से होकर भगवान आज से लाखों वर्ष पूर्व गुजरे होंगे तब यह कैसा रहा होगा ? यह विचारणीय तथ्य है ।बलौदा बाजार भाटापारा जिला के इस अंचल में तुरतुरिया नामक स्थान है यहां माता सीता ने लव और कुश को जन्म दिया था क्षेत्रवासियों की मान्यता है कि लव के नाम पर लवन तथा कुश के नाम पर कसडोल नगर की स्थापना हुई। लोगों को कृषक कल्याण परिषद के अध्यक्ष शर्मा जी ने संबोधित करते हुए कहा कि भगवान राम को जब राजा दशरथ ने वनवास दे दिया तब माता कौशल्या से रघुनाथ जी ने यह कहा कि- तात दिन्ह मोहि कानन राजू। अर्थात मुझे पिताजी ने जंगल का राज्य प्रदान किया है उन्होंने यह नहीं कहा कि मुझे बनवास दे दिया गया है ।भगवान ने वन गमन करके निषादराज को गले लगाया, सुग्रीव की पीड़ा का हरण किया, माता शबरी का उद्धार किया उनके द्वारा किया गया कार्य तब जितना प्रासंगिक था उससे ज्यादा प्रासंगिक अब है। लोगों को संबोधित करते हुए जीव जंतु कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष शुक्ला जी ने कहा कि -जब हम महापुरुषों के पद चिन्हों का स्मरण करते हैं तब हमारे अंतर्मन में सद्भावना उत्पन्न होती है भगवान रामचंद्र जी का जन्म ही इस धरती पर जन जागृति उत्पन्न करने के लिए हुआ था। इस अवसर पर विशेष रुप से विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती शुक्ला जी, पलारी से पार्षद प्रतिनिधि भूषण ठेठवार, वरिष्ठ पत्रकार रामाधार पटेल रज्जाक खान,तथा प्रवीण धुरंधर, प्रेमदास बघेल नीलकंमल आजाद, सुमित तिवारी, लाला वर्मा, मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित थे। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया कार्यक्रम की समाप्ति के पश्चात राजेश्री महन्त जी महाराज शिव दर्शन के कार्यक्रम के लिए रवाना हुए उल्लेखनीय है कि 2 अगस्त को उनका प्रवास जांजगीर-चांपा जिले में निर्धारित है वे इस प्रवास के दौरान दोपहर 2ः00 बजे नवागढ़ विकासखंड अंतर्गत स्थित ग्राम कांसा के युवा मितान क्लब के सदस्यों के सम्मान समारोह में एवं ग्राम कुकदा के सेवानिवृत्त सैनिक के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे।